भारत में 1.17 करोड़ से अधिक पाठक (IRS 2019)
PUNJAB KESARI, JAIPUR
# पंजाब केसरी
जयपुर
शुक्रवार, 20 जून , 2025
तदनुसार आषाढ़ 9, विक्रमी सम्वत 2082
वीर सम्वत 2551
वर्ष 11, अंक 161
पृष्ठ 16+4(नारी)=20
मूल्य ₹ 3.00
Friday, 20 June 2025 www.punjabkesari.in जयपुर • अजमेर • जोधपुर • उदयपुर • जालंधर • चंडीगढ़ • लुधियाना • बठिंडा • पानीपत • हिसार • शिमला • पालमपुर • जम्मू से प्रकाशित ऑफिस : 0141-2709856, सर्कुलेशन : 8829000021

## विचार



हम अहिंसा में आस्था रखते हैं और चाहते हैं कि विश्व के संघर्षों का समाधान शांति और समझौते के मार्ग से हो।
-अटल बिहारी वाजपेयी




# 67 हजार से अधिक युवाओं को मिली सरकारी नौकरी

- अगले माह आयोजित होगा मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव



जयपुर,19 जून (ब्यूरो): मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के युवाओं को रोजगार के समुचित अवसर उपलब्ध कराने के लिए कार्ययोजना के तहत भर्तियां आयोजित कर रही है।

मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव के तहत प्रदेश के 67 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान कर उनका सरकारी नौकरी का सपना पूरा किया गया है। उन्होंने अधिकारियों को लम्बित भर्तियां समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। शर्मा गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास पर मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को जुलाई माह में आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव के आयोजन की सुनियोजित तैयारियां करने के निर्देश प्रदान किए। उन्होंने विभागवार लंबित भर्ती प्रक्रियाओं की समीक्षा करते हुए विभागीय अधिकारियों को नियुक्ति प्रदान करने से पूर्व शेष प्रक्रिया को त्वरित गति से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भर्ती परीक्षा कैलेण्डर के अनुसार आयोजित कर युवाओं को समयबद्ध रूप से रोजगार उत्सव के तहत नियुक्तियां दी जा रही हैं। शर्मा ने कहा कि युवाओं को पूर्ण पारदर्शिता एवं त्वरित गति से विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। इस अवसर पर मुख्य सचिव सुधांश पंत सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### लंबित भर्ती प्रकरणों में मजबूती से पैरवी करें: सीएम

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को न्यायालय में विभिन्न कारणों से लंबित भर्ती प्रकरणों की मजबूती से पैरवी करवाने के निर्देश प्रदान किए। उन्होंने प्रदेश में युवाओं के लिए संचालित की जा रही विभिन्न योजनाओं को मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव से जोड़ने के भी निर्देश दिए जिससे पात्र युवाओं को इन योजनाओं का लाभ मिल सके।

## बारां की अंता सीट पर होगा उप चुनाव निर्वाचन आयोग को अनुशंसा भेजी

जयपुर,19 जून (ब्यूरो): बारां जिले की अंता विधानसभा सीट पर उप चुनाव होंगे। राज्य निर्वाचन विभाग ने भारत निर्वाचन आयोग को इसके लिए अनुशंसा भेजी है। अब आयोग तय करेगा चुनाव की तारीख क्या होगी। विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी। जिले में ईवीएम के पहले फेज की चेकिंग भी पूरी हो गई है। गौरतलब है कि कंवरलाल मीणा को अयोग्य करार देने के बाद सीट खाली हुई है। मीणा को 2005 में उपसरपंच चुनाव में एसडीएम पर पिस्तौल तानने और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के मामले में 3 साल की सजा सुनाई गई थी।

### सजा के बाद स्पीकर ने की थी सदस्यता समाप्त

स्पीकर वासुदेव देवनानी ने विधायक कंवरलाल मीणा की सदस्यता समाप्त कर दी थी। यह कार्रवाई जनप्रतिनिधित्व जनता अधिनियम 1951 की धारा 8(3) में थी, जो दो साल या अधिक की सजा पर स्वतः अयोग्यता लागू करती है।

**अपने-अपने इलाके में हैं कांग्रेस के मजबूत चेहरे**

# घर वापसी के इंतजार में हैं बागी नेता, हाईकमान से संपर्क साधा

## निकाय व पंचायतीराज चुनावों के मद्देनजर हो सकता है फैसला



जयपुर,19 जून (ब्यूरो): विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव में कांग्रेस से बगावत व पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त रहने के कारण बाहर हुए दिग्गज नेता अब घर वापसी के इंतजार में है। इनमें अधिकांश नेताओं ने हाईकमान से सम्पर्क साधा है, जिसके चलते इनकी घर वापसी की चर्चा जोरों पर है। खास बात है कि अधिकांश नेताओं ने दूसरी पार्टी का दामन नहीं थामा।

कांग्रेस से बाहर हुए नेताओं में पूर्व मंत्री अमीन खान, मेवाराम जैन, गोपाल गुर्जर, रामचंद्र सराधना, बलराम यादव, कैलाश मीणा और खिलाड़ी लाल बैरवा जैसे प्रमुख नाम शामिल हैं। ये सभी नेता कभी अपने इलाकों में कांग्रेस के मजबूत चेहरे रहे हैं। बगावत कर निर्दलीय या अन्य रूप से चुनाव लड़ने पर इन्हें पार्टी से बाहर कर दिया गया था। कांग्रेस प्रदेश नेतृत्व ने स्पष्ट कहा है कि कोई भी नेता बिना शर्त लौटना चाहता है, तो उसका स्वागत है, बशर्ते वह पार्टी की विचारधारा और हाईकमान के निर्देशों पर चले।

गौरतलब है कि विधानसभा चुनाव में बागी बनकर चुनाव लड़ने वाले कुछ नेताओं को हाल ही में पार्टी में वापस ले लिया गया था। इनमें पूर्व मंत्री वीरेंद्र बेनीवाल, बाड़मेर के पूर्व जिला अध्यक्ष फतेह खान, ओम बिश्नोई, सुनील परिहार और कामां से निर्दलीय प्रत्याशी रहे मुख्तार जैसे नाम शामिल हैं। तत्कालीन परिस्थितियों व संगठन की मजबूती को देखते हुए प्रदेश नेतृत्व ने इन्हें वापस शामिल कर लिया था। अमीन खान और हरीश चौधरी में पुरानी राजनीतिक अदावत हैं। विधानसभा चुनाव में चौधरी के नजदीकी फतेह खान ने अमीन के खिलाफ निर्दलीय चुनाव लड़ा था, जिससे अमीन को हार का सामना करना पड़ा। अमीन ने इसकी पूरी जिम्मेदारी हरीश चौधरी पर डालते हुए खुलकर विरोध भी किया।

### अमीन खान व मेवाराम जैन की चर्चा जोरों पर

कांग्रेस की सियासी हलचल में सबसे चर्चित नाम अमीन खान और मेवाराम जैन के हैं। अमीन खान जहां कई बार विधायक और मंत्री रह चुके हैं, वहीं मेवाराम जैन लगातार तीन बार विधायक रह चुके हैं। अमीन खान को पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त पाए जाने के बाद बाहर किया गया था, जबकि मेवाराम जैन का अश्लील वीडियो वायरल होने पर उन्हें निष्कासित कर दिया गया।

> कांग्रेस में बहुत सारे नेता वापसी का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन इसका फैसला तो पार्टी हाई कमान के स्तर पर ही होगा, जिसको हाईकमान चाहेंगे उसी की वापसी होगी। प्रदेश कांग्रेस इस बारे में कोई निर्णय नहीं ले सकती है।
> **-स्वर्णिम चतुर्वेदी**, प्रदेश कांग्रेस के महासचिव और प्रवक्ता

### दूसरी पार्टी में नहीं हुए शामिल



कांग्रेस के बागी अमीन खान और मेवाराम पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत समेत कई वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं से लगातार मुलाकात कर रहे हैं। खास बात यह है कि ये किसी दूसरी पार्टी में शामिल नहीं हुए। अमीन खान का यह कोई पहला विवाद नहीं है। गहलोत सरकार के दूसरे कार्यकाल में राष्ट्रपति पर टिप्पणी करने के कारण उन्हें मंत्री पद से हटाया गया था हालांकि बाद में माफी मांगने पर उन्हें फिर से मंत्री बना दिया गया। तीसरे कार्यकाल में मंत्री न बनाए जाने से वह नाराज हो गए थे और कई बार सार्वजनिक रूप से बयान देकर सरकार को निशाने पर लिया था।

### बाड़मेर में विरोध शुरू, खेमाबंदी भी तेज

पिछले दिनों कांग्रेस के एक मंच पर अमीन खान और मेवाराम जैन की मौजूदगी के बाद बाड़मेर में विरोधी गुटों ने इनकी वापसी के खिलाफ मुखर विरोध शुरू कर दिया। अमीन खान को लेकर बाड़मेर में पहले से गुटबाजी चली आ रही है, खासकर हरीश चौधरी खेमे के साथ उनके मतभेद जगजाहिर हैं। अमीन खान फिलहाल जयपुर में डेरा डाले हुए हैं। उन्होंने मीडिया से खुलकर बातचीत नहीं की लेकिन अनौपचारिक बातचीत में अपने 50 साल के कांग्रेस सफर का हवाला देकर अपनी वापसी को जायज ठहराया।

**देवनानी ने फ्रांस की नेशनल असेंबली का किया अवलोकन**

# भारत और फ्रांस मैत्री आयामों में समानता और भाईचारा : देवनानी

- फ्रांस के दौरे पर हैं राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी
- भारत-फ्रांस मैत्री समूह के अध्यक्ष और अन्य से किया औपचारिक संवाद

जयपुर,19 जून (ब्यूरो): विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि भारत-फ्रांस के दीर्घकालिक और बहुआयामी रणनीतिक संबंधों से दोनों देशों में स्वतंत्रता समानता और भाईचारे की भावना का विकास हुआ है। देवनानी ने पश्चिमी यूरोप में स्थित फ्रेंच रिपब्लिक की राजधानी पेरिस में स्थित संसदीय और प्रशासनिक संस्थानों का दौरा किया।

उन्होंने नेशनल असेंबली का अवलोकन किया। देवनानी ने 551,695 वर्ग किमी क्षेत्रफल वाले इस देश की भौगोलिक स्थिति, बहुसांस्कृतिक समाज और विभिन्न क्षेत्रों की भूमिका को समझा।

इस अवसर पर देवनानी ने पेरिस में फ्रांस की नेशनल असेंबली के वरिष्ठ सांसद और भारत फ्रांस मैत्री समूह के अध्यक्ष थिएरी टेशन और अन्य प्रतिनिधियों से औपचारिक संवाद में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अन्य देशों से आतंकवाद के खिलाफ सहयोग और काउंटर टेररिज्म पर एक मत होने की आवश्यकता प्रतिपादित की है। देवनानी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की 10 से 12 फरवरी को हुई फ्रांस यात्रा के दौरान भारत और फ्रांस के मध्य परमाणु और एआई से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर 10 एमओयू हुए हैं। देवनानी ने बताया कि फ्रांस में भारत के दस हजार छात्र-छात्राएं अध्ययन कर रहे हैं, अब दोनों देशों के मध्य तय हुआ है कि यह संख्या अब बढ़कर 30 हजार की जाएगी।

### रक्षा, साइबर सुरक्षा जैसे क्षेत्रों हो रहा है सहयोग



देवनानी ने कहा कि भारत और फ्रांस के बीच 1998 से स्थापित रणनीतिक साझेदारी अब एक परिपक्व और बहुविषयी साझेदारी का स्वरूप ले चुकी है, जिसमें रक्षा, साइबर सुरक्षा, परमाणु ऊर्जा, अंतरिक्ष विज्ञान और काउण्टर टेररिज्म जैसे क्षेत्रों में निरंतर सहयोग हो रहा है।

देवनानी ने यह भी रेखांकित किया कि अप्रैल 2025 में भारत द्वारा 26 राफेल लड़ाकू विमानों के नए समझौते से यह स्पष्ट होता है कि दोनों देशों के मध्य रक्षा सहयोग नई ऊंचाइयों पर पहुंच चुका है। उन्होंने यह भी बताया कि फ्रांस में नियमित रूप से हो रहे संयुक्त सैन्य अभ्यास दोनों सेनाओं की संयुक्त क्षमताओं को मजबूत कर रहे हैं। यात्रा के दौरान देवनानी ने फ्रांसीसी सांसदों, शिक्षाविदों, और प्रवासी भारतीय समुदाय से भी संवाद किया, जिससे भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी- विशेषकर शिक्षा, विज्ञान, तकनीक, और संसदीय आदान-प्रदान के क्षेत्र में नई दिशा प्राप्त कर सके।

## NHAI पर फास्टैग का स्टीकर ही करेगा पास का काम

- स्टेट हाई वे पर इसी फास्टैग से कटेगा टोल

जयपुर,19 जून (ब्यूरो) : केन्द्र सरकार ने दो दिन पूर्व फास्टैग और रोज के टोल कलेक्शन के झंझट से लोगों को मुक्ति दिलानें के लिए सालाना पास बनाने की घोषणा की है। इसके तहत 15 अगस्त से पास बनाने के बाद वर्ष में 200 बार निजी वाहन टोल से निकल सकते हैं।

खास बात यह है कि आपकी गाड़ी पर लग रहा फास्टैग,पास का काम करेगा लेकिन जब स्टेट हाईवे से गाड़ी गुजरेगी तो यह फास्टैग से पहले के समान राशी कट जाएगी। फास्टैग में अलग से पैसे ड़लवाने होंगे जो स्टेट हाईवे में टोल चुकाने के काम आएगा। एनएचएआई के अधिकारियों ने बताया कि फास्टैग का स्टीकर स्टेट हाई वे पर पास के जैसे काम नहीं करेगा।

गौरतलब है कि इस समय प्रदेश में 300 से अधिक स्टेट हाई वे के टोल है। जिनमें से सर्वाधिक 200 राजस्थान सड़क विकास और निर्माण निगम लिमिटेड (आरएसआरडीसी)के है और शेष पीडब्ल्यूडी, रिडकोर और राजस्थान स्टेट हाई वे अथोरिटी (आरएसएचए) के है। हालांकि फास्टैग का काम अभी पूरा नहीं हुआ है,पीडब्ल्यूडी के करीब 50 प्रतिशत टोलों में काम होना बाकी है।

### यूं समझें



15 अगस्त से एक साल के लिए पास बनाते वक्त रिचार्ज के जैसे ही मासिक पास का ऑप्शन सॉफ्टवेयर में आएगा,लेकिन इसके लिए अलग से पास नहीं मिलेगा। गाड़ी पर जो फास्टैग का स्टीकर लग रहा है वो ही पास का काम करेगा। मासिक पास के ऑप्शन पर क्लिक करते ही 3000 हजार रुपए कट जाएंगे लेकिन यह राशी सालाना पास की होगी या फिर अधिकतम 200 बार इस पास का उपयोग हो सकेगा। लेकिन जब उसी फास्टैग से स्टेट हाई के टोल से गाड़ी गुजरेगी तो टोल राशी के बराबर बैलेंस कटेगा और इसके लिए अलग से चार्ज करवाना जरूरी होगा।

## रेजीडेंट आत्महत्या मामले में गतिरोध बरकरार

जयपुर, 19 जून (ब्यूरो) : जोधपुर के रेजीडेंट चिकित्सक डॉ. राकेश विश्नोई की आत्महत्या के बाद गुरुवार को भी गतिरोध बरकरार रहा और परिजन एसएमएस अस्पताल की मोर्चरी के बाहर धरने पर रहे। इस दौरान आरएलपी और कांग्रेस के कई नेता धरने में शामिल हुए। मामले में अब तक कोई वार्ता नहीं किए जाने से खफा सांसद हनुमान बेनीवाल ने शुक्रवार को सीएम हाउस कूच की घोषणा की है। वहीं, जोधपुर में भी रेजीडेंट्स ने सांकेतिक कार्य बहिष्कार के बाद अब पूर्ण कार्य बहिष्कार का ऐलान किया है।

**बेनीवाल ने की सीएम आवास कूच की घोषणा**

सांसद बेनीवाल ने अपने आधिकारिक ट्वीट में लिखा है कि 20 जून को दोपहर 1 बजे जयपुर स्थित एसएमएस अस्पताल की मोर्चरी के बाहर धरने पर बैठे स्वर्गीय डॉ. राकेश बिश्नोई के परिजन न्याय की मांग को लेकर मोर्चरी से मुख्यमंत्री आवास के लिए कूच करेंगे। चूंकि सरकार संवेदनहीन हो गई है और एक चिकित्सक का शव मोर्चरी में रखा हुआ है। उनके परिजन भूखे-प्यासे आंदोलन कर रहे हैं मगर सरकार को इससे कोई फर्क नहीं पड़ रहा।

## हनुमान सहाय कुमावत अध्यक्ष निर्वाचित



- राजस्थान शासन सचिवालय सहायक कर्मचारी संघ के चुनाव

जयपुर,19 जून (ब्यूरो): राजस्थान शासन सचिवालय सहायक कर्मचारी संघ जयपुर के अध्यक्ष पद के लिए गुरूवार को हुए चुनावों में हनुमान सहाय कुमावत ने 94 मत लेकर जीत दर्ज की है। निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र सिंह शेखावत मतदान के बाद परिणाम जारी करते हुए बताया कि कुल 206 वोटिंग हुई जिसमें सर्वाधिक मत हनुमान सहाय कुमावत को 94, नरपत सिंह को 80 और कालूराम को 31 वोट मिले। एक मत निरस्त हुआ। मतगणना के बाद निर्वाचन अधिकारी ने हनुमान कुमावत को अध्यक्ष पद की शपथ दिलाई।

हनुमान कुमावत के अध्यक्ष बनाए जाने की घोषणा के साथ ही सचिवालय में समर्थकों में जोश देखने को मिला। माला पहनाकर स्वागत किया।

### मतदान में दिखा जोश

चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए तीन प्रत्याशी मैदान में रहे। सचिवालय में स्वागत कक्ष में मतदान करवाया गया और अंदर की तरफ प्रत्याशियों के काउंटर लगाए जहां पर वोटर्स को पर्ची देकर अपने अपने पक्ष में वोटिंग की अपील की जा रही थी।

### वसुंधरा ने दिवंगत पायलट के परिजनों को ढांढस बंधाया



*जयपुर,19 जून (ब्यूरो): पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने केदारनाथ के समीप हुई हेलिकॉप्टर दुर्घटना में जयपुर निवासी पायलट स्व.राजवीर सिंह चौहान के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की। गुरूवार को राजे उनके घर पहुंची और परिवारजनों से मिली। इस अपूरणीय क्षति पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाया और संवेदना व्यक्त की। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने व परिजनों को यह असहनीय दुःख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की।*

## मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर लगाई अल्पसंख्यक चौपाल



जयपुर,19 जून (ब्यूरो): भारतीय जनता पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चा की ओर से जयपुर में हजरत मौलाना जियाउद्दीन साहब की दरगाह परिसर के बाहर गुरूवार को संकल्प से सिद्धि तक अल्पसंख्यक चौपाल का आयोजन किया गया। दरगाह में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने खादिम मोइन मियां द्वारा चादर पेश कर देश और प्रदेश के लिए अमन चैन भाईचारे की दुआ की। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष हमीद खान मेवाती ने की।

**केंद्र सरकार की योजनाओं का दिया संदेश**

भाजपा अलपसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष हमीद खान मेवाती ने केंद्र सरकार की ओर से अल्पसंख्यकों के सशक्तिकरण के लिए चलाई जा रही नई रोशनी, सीखो और कमाओ, पढ़ो परदेस, मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह विधेयक वक्फ संपत्तियों के बेहतर प्रबंधन एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने में सहायक सिद्ध होगा। मेवाती ने तीन तलाक कानून को मुस्लिम महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और न्याय की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया। चौपाल से सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की भावना को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया गया।

मोर्चा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एम.सादिक खान, राजस्थान स्टेट हज कमेटी अध्यक्ष फिरोज खान, पूर्व नायक सदर दरगाह अजमेर मुनव्वर खान, मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष एडवोकेट जंग बहादुर, प्रदेश मंत्री एडवोकेट मुराद अली शेख, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष फरीदुद्दीन शेख,मोर्चा जयपुर शहर अध्यक्ष अब्दुल अज़ीज़ हाथी वाले, जयपुर शहर महामंत्री एम. परवेज़ खान, माजिद खान पठान की गरिमामय उपस्थिति रही। इस अवसर पर जिला मंत्री नदीम अंसारी जुनैद अख्तर शरीफ पठान जिला कोषाध्यक्ष हाजी जमालुद्दीन रंगरेज पार्षद प्रत्याशी मो सलीम हस्सानी वार्ड अध्यक्ष हाजी जफर अहमद जिला सह कोषाध्यक्ष यूनुस मौलाना पूर्व मंडल अध्यक्ष हनीफ खान, मंडल महामंत्री हाशिम खान, नईम खान पहलवान, अरशद खान आदि मौजूद थे।

**सियासी टून**




# राहुल से मिले पायलट-जूली, जन्मदिन की बधाई दी

## गहलोत बोले- न्याय के लिए संघर्ष में हम सब आपके साथ, आपके प्रयास सराहनीय

जयपुर,19 जून (ब्यूरो): लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के जन्मदिन पर कांग्रेस नेताओं ने बधाई दी है। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट ने राहुल गांधी को गुलदस्ता भेंट कर जन्मदिन की बधाई दी।

वहीं, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने दिल्ली में राहुल गांधी से मुलाकात कर उन्हें लड्डू खिलाकर शुभकामनाएं दीं। राहुल गांधी ने जन्मदिन के मौके पर दिल्ली में पुराने कांग्रेस मुख्यालय 24 अकबर रोड पर पहुंचकर कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। राहुल गांधी से मिलने के दौरान राजस्थान के कई कांग्रेस नेता मौजूद रहे। राहुल गांधी से मुलाकात के बाद जूली ने एक्स पर लिखा- देश के जनप्रिय नेता राहुल गांधी के जन्मदिन पर आज एआईसीसी मुख्यालय में उनका मुंह मीठा करवाकर जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

संविधान की रक्षा, सामाजिक न्याय, आदिवासी अस्मिता और दलितों, वंचितों और कमजोर वर्ग के अधिकारों के लिए राहुल जी के प्रयास सराहनीय हैं।



### जूली बोले- वंचित तबकों की आवाज हैं राहुल गांधी

राहुल गांधी से मुलाकात के बाद टीकाराम जूली ने कहा कि राहुल गांधी देश भर में कमजोर, वंचित वर्गों की आवाज हैं। कमजोर तबके के हक अधिकारों के लिए वे सजग प्रहारी बनकर उभरे हैं। देश के संविधान की रक्षा हो या कमजोर तबके के अधिकारों का मुद्दा राहुल गांधी हमेशा आगे रहे हैं।

### 'फुले' के विशेष शो में शामिल हुए पायलट


राहुल के जन्मदिन के मौके पर सचिन पायलट फुले फिल्म के विशेष शो में शामिल हुए। पायलट ने एक्स पर लिखा- राहुल गांधी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में एनएसयूआई द्वारा फुले फिल्म के विशेष शो में शामिल हुआ। महात्मा ज्योतिबा फुले और सावित्री बाई फुले ने आजीवन सामाजिक भेदभाव के खिलाफ बदलाव लाने के लिए संघर्ष किया। उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणादायी है।

### गहलोत-डोटासरा ने भी दीं शुभकामनाएं

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राहुल गांधी को जन्मदिन की बधाई देते हुए एक्स पर लिखा है कि राहुल गांधी देशभ में दलित, आदिवासी, पिछड़ा वर्ग, गरीब तबके लिए संघर्ष कर रहे है। न्याय के लिए संघर्ष में हम सब उनके साथ है। उन्होंने कहा कि मुझे पूरी उम्मीद है कि संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए आपके दृढ संकल्प और पूरे देश में शांति और प्रेम का संदेश सफल होगा।

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए एक्स पर लिखा है कि आपका नेतृत्व सदैव देश को न्याय, समानता और सत्य के पथ पर अग्रसर करता रहे।

## नए शैक्षणिक सत्र से पहले नहीं होगा शिक्षकों का ट्रांसफर : दिलावर



जयपुर, 19 जून, (ब्यूरो): प्रदेश के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने गुरुवार को स्पष्ट कर दिया कि नए शैक्षणिक सत्र से पहले शिक्षकों का ट्रांसफर नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राजस्थान में विधायकों से टीचर्स के ट्रांसफर को लेकर किसी तरह की डिजायर नहीं मांगी गई है। इस तरह के सभी मामले फर्जी है। उनके बयान से तबादले का इंतजार कर रहे शिक्षकों का इंतजार थोड़ा और बढ़ गया है।

जयपुर स्थित शिक्षा संकुल में पत्रकार वार्ता में मंत्री ने कहा कि राजस्थान में फिलहाल शिक्षकों के तबादलों को लेकर कोई तैयारी नहीं है। विधायकों से टीचर्स के तबादलों को लेकर डिजायर भी नहीं ली गई है। इस दौरान जब शिक्षा मंत्री से पूछा गया कि नया शैक्षणिक सत्र शुरू होने में महज कुछ दिनों का ही वक्त बचा है। ऐसे में क्या अब नए शैक्षणिक सत्र के शुरू होने के बाद टीचर्स के ट्रांसफर होंगे। उन्होंने कहा कि इस बात का जवाब उचित वक्त आने पर दिया जाएगा।

भारत में 1.17 करोड़ से अधिक पाठक (IRS 2019)
PUNJAB KESARI, JAIPUR

# पंजाब केसरी

जयपुर
शुक्रवार, 20 जून, 2025
तदनुसार आषाढ़ 9, विक्रमी सम्वत 2082
वीर सम्वत 2551
वर्ष 11, अंक 161
पृष्ठ 16+4(नारी)=20
मूल्य ₹ 3.00

Friday, 20 June 2025 www.punjabkesari.in जयपुर • अजमेर • जोधपुर • उदयपुर • जालंधर • चंडीगढ़ • लुधियाना • बठिंडा • पानीपत • हिसार • शिमला • पालमपुर • जम्मू से प्रकाशित ऑफिस : 8003050505, सर्कुलेशन : 9649646667

## सोनिया गांधी को अस्पताल से छुट्टी

नई दिल्ली, 19 जून (प.स.): कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी को पेट से जुड़ी समस्या के उपचार के बाद सर गंगाराम अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। गत 15 जून को 78 वर्षीय सोनिया गांधी को इस अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सोनिया गांधी की हालत अब स्थिर है।

## कैश कांड : जस्टिस वर्मा को हटाने का प्रस्ताव

नई दिल्ली, 19 जून (एजैंसी) : दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के सरकारी आवास से जले नोटों की बरामदगी की जांच कर रही समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि न्यायमूर्ति वर्मा और उनके परिवार के सदस्यों का उस स्टोर रूम पर गुप्त या सक्रिय नियंत्रण था, जहां से बड़ी मात्रा में अधजली नकदी मिली थी। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि इससे न्यायमूर्ति वर्मा के कदाचार का पता चलता है, जो इतना गंभीर है कि उन्हें (न्यायाधीश को) हटाया जाना चाहिए।



पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश शील नागू की अध्यक्षता वाली तीन-सदस्यीय समिति ने 10 दिनों तक मामले की पड़ताल की, 55 गवाहों से पूछताछ की और न्यायमूर्ति वर्मा के आधिकारिक आवास पर 14 मार्च को रात करीब 11:35 बजे लगी आग के परिप्रेक्ष्य में घटनास्थल का दौरा भी किया। न्यायमूर्ति वर्मा उस समय दिल्ली हाईकोर्ट के मौजूदा न्यायाधीश थे और उनका तबादला इलाहाबाद उच्च न्यायालय में कर दिया गया था। समिति ने कहा कि जब उच्चतर न्यायपालिका के कार्यालय सवालों के घेरे में होते हैं तो ईमानदारी का तत्व प्रमुख, प्रासंगिक और अपरिहार्य हो जाता है। तीन-सदस्यीय समिति में न्यायमूर्ति नागू के अलावा हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश जी.एस. संधावालिया और कर्नाटक उच्च न्यायालय की न्यायमूर्ति अनु शिवरामन भी शामिल थे।

### महाभियोग चलाने की सिफारिश

रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए भारत के पूर्व प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर न्यायमूर्ति वर्मा के खिलाफ महाभियोग चलाने की सिफारिश की है।

जांच समिति ने 64-पृष्ठ की अपनी रिपोर्ट में कहा है, इस प्रकार समिति का मानना है कि नकदी राशि राष्ट्रीय राजधानी के 30 तुगलक क्रीसेंट स्थिति आवास के भंडार कक्ष में पाया गया था, जो आधिकारिक तौर पर न्यायमूर्ति वर्मा के कब्जे में था। सशक्त अनुमानात्मक साक्ष्य के माध्यम से यह स्थापित होता है कि जले हुए नोट 15 मार्च 2025 को तड़के 30 तुगलक क्रीसेंट स्थित आवास के भंडार कक्ष से निकाले गये थे।

### कदाचार पाया गया : रिपोर्ट

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि रिकॉर्ड पर मौजूद प्रत्यक्ष और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए, यह समिति दृढ़ता से इस बात पर सहमत है कि भारत के प्रधान न्यायाधीश के 22 मार्च के पत्र में वर्णित आरोपों में पर्याप्त तथ्य है और कदाचार साबित पाया गया है। यह कदाचार इतना गंभीर है कि न्यायमूर्ति वर्मा को हटाने की कार्यवाही शुरू करने की आवश्यकता है...।

# इजराइल में अस्पताल पर हमला

## ईरान के परमाणु केंद्र पर फिर बमबारी

तेल अवीव/ तहरान, 19 जून (एजैंसियां) : ईरान की ओर वीरवार को इजराइल की ओर से मिसाइल हमले किए गए। इनमें से एक मिसाइल बीरशेबा के सोरोका अस्पताल से टकराई, जिसके बाद उसमें आग लग गई। इसके अलावा स्टाक एक्सचेंज के पास की इमारत को भी क्षति पहुंची। वीरवार सुबह हुए इन हमलों 240 लोग घायल हुए हैं।

**240 लोग घायल हुए**

इजराइली स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार अस्पताल पर हुए हमले में 70 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं और इनमें 4 की हालत गंभीर है। दो डॉक्टरों ने बताया कि जैसे ही हमले के सायरन बजने के तत्काल बाद ही मिसाइल आकर टकरा गई और एक बड़े धमाके के बाद आग लग गई। एक अन्य मिसाइल तेल अवीव के रामत गन में डायमंड एक्सचेंज से 200 मीटर की दूरी पर एक बहुमंजिला इमारत के तल के पास आकर गिरी। पास के ही ब्लाक में रहने वाले अशेर अदोव का कहना है कि इससे एक बड़ा धमाका हुआ और भूकंप आ गया।

**अराक हैवी वाटर रिएक्टर पर हमला:** उधर, इजराइली सेना ने वीरवार को ईरान के अराक हैवी वाटर रिएक्टर पर फिर हवाई हमला किया। इस हमले से रिएक्टर को नुकसान पहुंचने और किसी रेडिएशन की कोई खबर नहीं है। हमले से पहले ही इस जगह को खाली करा लिया गया था। इसलिए यहां किसीके हताहत होने की भी खबर नहीं है।



बीरशेबा : सोरोका अस्पताल से उठता धुएं का गुबार।

### हवाई हमलों से परमाणु केंद्र नष्ट करना संभव नहीं

तेल अवीव: ईरान के फोर्डो स्थित परमाणु ठिकाने को नष्ट करने के लिए कई हवाई हमले कर चुका है। यह परमाणु ईंधन संवर्धन संयंत्र है। इसे पहाड़ियों के बीच जमीन से 285 फीट नीचे बनाया गया है। इजराइल की कोई भी हवाई बमबारी इसे नुकसान नहीं पहुंचा सकती। ऐसे में इजराइल जमीन पर उतरकर यहां कमांडो ऑपरेशन कर सकता है। पिछले साल सितम्बर में इजराइल के विशेष बलों ने सीरिया के मसयाफ में एक भूमिगत मिसाइल निर्माण केंद्र को नष्ट किया था।

### खामेनेई जिंदा नहीं बचेंगे : इजराइल



इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल कैट्ज ने कहा है कि इजराइल को बर्बाद करने के मंसूबे रखने वाले ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह अली खामेनेई जिंदा नहीं बचेंगे। बीरशेबा में सोरोका मेडिकल सेंटर पर हमले के बाद कैट्ज ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि ईरान के सुप्रीम लीडर को रोकने का बस एक ही तरीका है कि उन्हें खत्म कर दिया जाए। इजराइल का लक्ष्य ईरान में सत्ता परिवर्तन है।

### अमरीकी सेना में हलचल

कतर के दोहा में अमरीकी सैन्य हवाई अड्डे अल उदईद में टारमैक से सभी अमरीकी विमान हटा लिए गए हैं। सेटेलाइट तस्वीरों में दिखाई दिया कि हवाई अड्डे का टारमैक पूरी तरह से खाली है। आमतौर पर यह बहुत सैन्य मालवाहक जहाजों, लड़ाकू जैट और ड्रोन से भरा रहता है। इतना ही नहीं बहरीन से अमरीकी नौसेना ने अपना पांचवां बेड़ा भी हटा लिया है। इन सबको किसी हमले की आशंका से हटाया गया है।



### ईरान से सुरक्षित लौटने की खुशी

नई दिल्ली : आर्मेनिया होते हुए ईरान से लौटे भारतीय छात्र परिजनों के साथ खुशी व्यक्त करते हुए।

## ईरान से लौटे 110 भारतीय छात्र

**ऑपरेशन सिंधु**

- विदेश राज्य मंत्री बोले- एक और विमान भेजेंगे


नई दिल्ली, 19 जून (एजैंसी) : युद्धग्रस्त ईरान से निकाले गए 110 भारतीय छात्रों को लेकर पहला विमान वीरवार तड़के दिल्ली पहुंचा।

इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते संघर्ष के बीच, 'ऑपरेशन सिंधु' के तहत तेहरान से भारतीय छात्रों को निकाला गया और भारतीय दूतावास ने मंगलवार को 110 छात्रों को सुरक्षित रूप से आर्मेनिया में प्रवेश कराने में सहायता की। इसके बाद उन्हें दिल्ली लाया गया। सभी छात्र ईरान के उर्मिया मेडिकल यूनिवर्सिटी में पढ़ते थे। इन्हें आर्मेनिया और दोहा के रास्ते भारत लाया गया। विमान 3 घंटे की देरी से पहुंचा। विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह

(शेष पृष्ठ 11 कालम 1 पर)

## अब व्लादिमीर पुतिन आगे आए मध्यस्थता के लिए

सेंट पीटर्सबर्ग : रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने इजराइल और ईरान के बीच संघर्ष में मध्यस्थता की पेशकश की है। पुतिन ने कहा कि मॉस्को एक ऐसा समझौता कराने में मदद कर सकता है, जिसके तहत ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम पर शांतिपूर्वक आगे बढ़ सकता है और इजराइल की सुरक्षा चिंताएं भी कम हो सकती हैं। पुतिन ने पत्रकारों से कहा कि यह एक संवेदनशील मुद्दा है। मेरे विचार से, एक समाधान निकल सकता है। पुतिन ने कहा कि उन्होंने रूस का प्रस्ताव ईरान, इजराइल और अमरीका से साझा किया है।



### बुशहर रिएक्टर निर्माण में लगे हैं 200 रूसी

पुतिन ने सेंट पीटर्सबर्ग अंतरराष्ट्रीय आर्थिक मंच के अवसर पर कहा कि रूस का ईरान के साथ भरोसेमंद संबंध है और रूस ने ईरान के दक्षिण में फारस की खाड़ी के बुशहर में उसके पहले परमाणु ऊर्जा संयंत्र के निर्माण में मदद की थी। बुशहर में दो और रिएक्टरों के निर्माण में 200 से अधिक रूसी श्रमिक लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि रूस ने अतीत में ईरान को कुछ हवाई रक्षा प्रणाली प्रदान की थी, इसके अलावा उसने पहले भी व्यापक हवाई सुरक्षा में मदद की पेशकश की थी, लेकिन तेहरान ने इसे स्वीकार नहीं किया।

### ईरान-इजराइल युद्ध पर सूचना साझा करने को सहमत हुए पुतिन और शी

रूसी राष्ट्रपति कार्यालय 'क्रेमलिन' ने वीरवार को कहा कि पुतिन और उनके चीनी समकक्ष शी जिनपिंग ने ईरान-इजराइल युद्ध पर संवेदनशील जानकारी एक दूसरे को मुहैया करने के लिए सहमत हुए हैं। क्रेमलिन के विदेश नीति सलाहकार यूरी उशाकोव ने कहा कि राष्ट्रपति पुतिन और जिनपिंग ने फोन पर घंटे भर हुई बातचीत के दौरान अपनी-अपनी एजेंसियों को ईरान के बारे में जानकारी साझा करने के आदेश जारी करने पर सहमति जताई। क्रेमलिन के अनुसार, राष्ट्रपति पुतिन ने यूएई के अपने समकक्ष मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ टेलीफोन पर बातचीत के दौरान इस मुद्दे पर चर्चा की।



## ब्रेन ट्यूमर से हारी बाघिन एरोहेड, निधन



सवाईमाधोपुर, 19 जून (अभिनव अग्रवाल) : रणथम्भौर नेशनल पार्क की प्रसिद्ध बाघिन एरोहेड (टी-24) का गुरुवार को ब्रेन ट्यूमर के चलते निधन हो गया। गुरुवार शाम नाका राजबाग पर खुले में पोस्टमार्टम किया गया। पोस्टमार्टम के दौरान पर्यटक कटे हुए शरीर का वीडियो बनाते नजर आए। 20 मिनट बाद सीसीएफ अनूप केआर लोगों से वीडियो न बनाने की अपील की। इस घटनाक्रम ने वन विभाग की संवेदनहीनता को उजागर कर दिया। रणथम्भौर नेचर गाइड एसोसिएशन अध्यक्ष यादवेन्द्र सिंह सहित कई वन्यजीव प्रेमियों ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कुछ दिनों पहले ही उसका वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें वह मगरमच्छ का शिकार करती नजर आई थी। वह बाघिन चर्चित 'मछली' की बेटी थी, जिसे 'क्वीन ऑफ रणथंभौर' कहा जाता था। (संबंधित खबर पेज-9)

## मानसून मल्हार : जयपुर में छितराए तो भीलवाड़ा में जमकर बरसे बदरा

- ज्यादातर जिले भीगे पर धोरे अब भी तप रहे

जयपुर,19 जून (ब्यूरो) : प्रदेश में मानसून के दूसरे दिन भी मेघों ने जमकर पानी बरसाया। अधिकांश जिलों में अच्छी बारिश हुई। जयपुर में गुरुवार को छितराई बारिश हुई।

वहीं, गुरुवार सुबह 8:30 बजे समाप्त हुए 24 घंटों में प्रदेश में भीलवाड़ा में सर्वाधिक 40 मिलीमीटर पानी बरसा। इसी तरह, डूंगरपुर और माउंट आबू में 20-20 मिलीमीटर बरसात हुई। दूसरी ओर, प्रदेश के पश्चिमी इलाकों में रेत के धोरे अब भी तप रहे हैं।

(शेष पृष्ठ 11 कालम 2 पर)



@ बांसवाड़ा

### जालोर में 1 की मौत, बांसवाड़ा में नदी में बहा युवक

जालोर के भाद्राजून तहसील इलाके में बिजली गिरने से 52 वर्षीय किसान की मौत हो गई। वहीं, बांसवाड़ा में ट्रैक्टर सहित एक व्यक्ति नदी में बह गया। जालोर में गुरुवार सुबह 6 बजे के आसपास 20 मिनट तक रुक-रुककर बारिश हुई। झालावाड़ में गुरुवार को मानसून की पहली तेज बारिश हुई। सुबह साफ मौसम के बाद 11 बजे अचानक तेज बरसात शुरू हुई, जो एक घंटे तक चली।

### वागड़ और हाड़ौती में भी हुई बरसात

हाड़ौती, वागड़ और दक्षिण राजस्थान में भी गुरुवार को अच्छी बारिश दर्ज की गई। बूंदी के सरकारी अस्पताल में बरसाती पानी भर गया। इसी तरह भीलवाड़ा के शाहपुरा में पुलिस चौकी में पानी भर गया। टोंक के मालपुरा कस्बे में दोपहर करीब 3 बजे बारिश हुई। आधा घंटे तक तेज बारिश से नालियों का पानी सड़कों पर बहने लगा। कस्बे के महावीर मार्ग में बरसाती पानी दुकानों में घुस गया।

## बिहार, यूपी और कोलकाता में ईडी की छापेमारी

नई दिल्ली, 19 जून (अनस): ईडी ने बिहार में 2023 में कांस्टेबलों की भर्ती में कथित घोटाले की धनशोधन जांच के सिलसिले में कई राज्यों में छापेमारी की। सूत्रों ने बताया कि बिहार के पटना और नालंदा, रांची (झारखंड), लखनऊ (उत्तर प्रदेश) और कोलकाता (पश्चिम बंगाल) में कम से कम एक दर्जन स्थानों पर पी.एम.एल.ए. के तहत कार्रवाई की जा रही है। ये ठिकाने एजैंटों, प्रश्नपत्र लीक कराने वाले गिरोह के सदस्यों और उनके सहयोगियों से जुड़े हैं।

सूत्रों के अनुसार कोलकाता में एक प्रेस पर भी छापा मारा गया, जहां प्रश्नपत्रों की छपाई हुई थी। उन्होंने बताया कि इस कथित घोटाले को अंजाम देने वाले लोग वही हैं, जो 2024 में नीट यू.जी. के प्रश्नपत्र लीक घोटाले के आरोपी हैं।

**क्विक रीड**


## बेंगलुरु एयरपोर्ट पर बम की धमकी

**बेंगलुरु :** कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु एयरपोर्ट पर बम होने की धमकी मिलने के बाद सुरक्षा बढ़ा दी गई है। बुधवार रात को एक आतंकवादी के नाम से भेजे गए ई-मेल में हवाई अड्डे पर 2 बम रखे होने की धमकी दी गई थी। ई-मेल में यह दावा भी किया गया था कि हवाई अड्डे के शौचालय में पाइपलाइन के अंदर एक विस्फोटक उपकरण रखा गया है। सुरक्षा एजैंसियों ने परिसर का व्यापक निरीक्षण किया। अधिकारियों ने विस्तृत जांच के बाद पुष्टि की कि कोई विस्फोटक नहीं मिला है और धमकी झूठी थी। इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।

## सोनम और राज का रिमांड 2 दिन बढ़ा

**शिलांग :** शिलांग की एक अदालत ने सोनम रघुवंशी और उसके प्रेमी राज कुशवाहा की पुलिस हिरासत 2 दिन के लिए बढ़ा दी। कथित तौर पर इंदौर के व्यवसायी राजा रघुवंशी की हत्या में शामिल 3 आरोपियों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। राजा और उनकी पत्नी 23 मई को मेघालय के सोहरा क्षेत्र में हनीमून मनाते समय 'लापता' हो गए थे। राजा का शव 2 जून को खड्ड में पाया गया था। राज समेत चारों हत्या आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद सोनम रघुवंशी ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया।

## कर्नाटक : आवास योजनाओं में अल्पसंख्यकों को अब 15% आरक्षण



**मंत्रिमंडल की बैठक में पांच फीसद कोटा बढ़ाने का फैसला**

बेंगलुरु, 19 जून (एजैंसी) : कर्नाटक मंत्रिमंडल ने वीरवार को राज्य में विभिन्न आवास योजनाओं में अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षण 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत करने का निर्णय लिया।

मंत्रिमंडल की बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए राज्य के कानून एवं संसदीय कार्य मंत्री एचके पाटिल ने कहा, 'राज्य भर में शहरी और ग्रामीण, दोनों क्षेत्रों में आवास विभाग द्वारा लागू की जा रही विभिन्न आवास योजनाओं के तहत अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षण 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत करने का निर्णय लिया गया है।' उन्होंने कहा कि राज्य में अल्पसंख्यकों में बेघरों की बड़ी संख्या को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया।

## दिनेश के. पटनायक हो सकते हैं कनाडा में भारत के अगले उच्चायुक्त

नई दिल्ली, 19 जून (एजैंसी): भारत और कनाडा के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाने की हालिया पहल की पृष्ठभूमि में अनुभवी राजनयिक दिनेश के. पटनायक को वहां नया उच्चायुक्त नियुक्त किए जाने की संभावना है।

सिख अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की 2023 में हुई हत्या के बाद भारत और कनाडा के बीच राजनयिक संबंधों में बहुत ही गिरावट दर्ज की गई थी। प्रधानमंत्री मोदी और उनके कनाडाई समकक्ष मार्क कार्नी ने मंगलवार को भारत-कनाडा संबंधों में स्थिरता लाने के लिए रचनात्मक कदम उठाने पर सहमति व्यक्त की।

## परिचालन समस्या और विमान खराबी से तीन उड़ानें रोकीं

नई दिल्ली, 19 जून (नवोदय टाइम्स/एजैंसियां) : विमान में खराबी और परिचालन संबंधी दिक्कतों की वजह से वीरवार को तीन उड़ानें रोकी गईं। इनमें तिरुपति के लिए स्पाइसजेट की उड़ान को विमान में खराबी की वजह से और इंडिगो की लेह उड़ान को तकनीकी खराबी की वजह से वापस लौटना पड़ा। वहीं एअर इंडिया ने मंगलुरु और दुबई के बीच एक दैनिक उड़ान परिचालन कारणों से अस्थायी रूप से निलंबित कर दी।

**तिरुपति जा रहे विमान में खराबी:** हैदराबाद से तिरुपति के लिए रवाना हुआ स्पाइसजेट का



विमान वीरवार को उड़ान भरने के कुछ समय बाद ही किसी खराबी के कारण वहां हवाईअड्डे पर लौट आया। उड़ान संख्या एसजी 2696 ने सुबह 6:19 बजे उड़ान भरी और विमान को सुबह 7:40 बजे तिरुपति में उतरना था। स्पाइसजेट ने एक बयान में कहा कि क्यू400 विमान में उड़ान भरने के बाद एएफटी बैगेज डोर

(शेष पृष्ठ 11 कालम 1 पर)

**अच्छी खबर** — सोशल मीडिया खाते 'अनलॉक' रखने होंगे

## अमरीका में विदेशी छात्रों के लिए वीजा प्रक्रिया फिर शुरू

वाशिंगटन, 19 जून (एजैंसी) : अमरीका के विदेश विभाग ने बुधवार को कहा कि वह छात्र वीजा के लिए आवेदन करने वाले विदेशी विद्यार्थियों के लिए निलंबित प्रक्रिया को फिर से शुरू कर रहा है, लेकिन अब सभी आवेदकों को सरकारी समीक्षा के लिए अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'अनलॉक' रखने होंगे।

विभाग ने कहा कि वाणिज्य दूतावासों के अधिकारी उन पोस्ट और संदेशों पर नजर रखेंगे जिन्हें अमरीका, उसकी सरकार, संस्कृति, संस्थानों या संस्थापक सिद्धांतों के लिए शत्रुतापूर्ण माना जा सकता है।

**दूतावास अधिकारी आवेदकों की पोस्ट पर रखेंगे नजर**

बुधवार को सार्वजनिक किए गए एक नोटिस में, विभाग ने कहा कि नए आवेदक जो अपने सोशल मीडिया अकाउंट को 'सार्वजनिक' करने और उनकी समीक्षा करने की अनुमति देने से इनकार करते हैं, उनके आवेदन को



खारिज किया जा सकता है। ऐसा करने से इनकार करना इस बात का संकेत हो सकता है कि वे बचने या अपनी ऑनलाइन गतिविधि को छिपाने की कोशिश कर रहे हैं।

अधिकारियों ने कहा कि ट्रम्प प्रशासन ने पिछले महीने अमरीका में अध्ययन करने की उम्मीद कर रहे विदेशी छात्रों के लिए नए वीजा साक्षात्कारों की समय-सारणी को अस्थायी रूप से रोक दिया था, क्योंकि वह सोशल मीडिया पर उनकी गतिविधि पर निगरानी का विस्तार करने की तैयारी कर रहा था। दुनिया भर के छात्र अमरीकी वाणिज्य दूतावासों द्वारा वीजा साक्षात्कार के लिए समय देने की प्रक्रिया फिर से शुरू होने का इंतजार कर रहे हैं, क्योंकि शिक्षण वर्ष की शुरुआत से पहले यात्रा की बुकिंग करने और आवास की व्यवस्था करने के लिए कम समय बचा है।

## प्रेमी संग मिल पति को कत्ल कर जंगल में फेंका, गिरफ्तार

पौड़ी, 19 जून (ब्यूरो): उत्तराखंड के पौड़ी जिले के दुगड्डा क्षेत्र में पांच जून को संदिग्ध हालात में मिले अज्ञात शव के पीछे का रहस्य पुलिस ने 15 दिनों की जांच के बाद सुलझा लिया। मामला किसी सामान्य दुर्घटना का नहीं, बल्कि एक पूर्व नियोजित जघन्य हत्या का निकला है, जिसे पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर रचा। पौड़ी पुलिस ने वारदात को अंजाम देने वाली महिला और उसके प्रेमी को उत्तर प्रदेश के बिजनौर से गिरफ्तार कर लिया है। दिल्ली के वसंत कुंज के निवासी रविंद्र (शेष पृष्ठ 11 कालम 3 पर)

## उदयपुर : डॉ. किरोड़ी की 5 खाद फैक्ट्रियों पर रेड



- एसएसपी खाद में मिलावट की शिकायत पर पहुंचे कृषि मंत्री

उदयपुर, 19 जून (ब्यूरो): कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने गुरुवार को जिले की 5 खाद फैक्ट्रियों पर छापा मारा। यहां से लिए गए 11 सैंपल जांच में फेल हो गए थे।

बताया जा रहा है कि इन फैक्ट्रियों की सिंगल सुपर फॉस्फेट एसएसपी खाद में मिलावट करके बेचने की शिकायत मंत्री को मिली थी। इसके बाद खुद मंत्री डॉ. मीणा ने फैक्ट्रियों पर पहुंचकर औचक निरीक्षण कर सैंपल लिए और गुणवत्ता की जांच की। मीणा सबसे पहले उमरड़ा स्थित पटेल फास्फोरस कंपनी पहुंचे। यहां एसएसपी खाद के सैंपल हाथ में लेकर उन्होंने कहा कि इसमें साफतौर पर मिलावट है। इसके बाद वे रामा फास्फेट, प्रेम सखी, अदिशा आईपीएल और खींचा फैक्ट्रियों (शेष पृष्ठ 11 कालम 3 पर)

### सब्सिडी सस्पेंड की पर नहीं सुधरे

डॉ.किरोड़ी ने बताया कि भारत सरकार एसएसपी खाद के 50 किलो के बैग पर 388 रुपए की सब्सिडी देती है। बावजूद इसके फैक्ट्रियां मिलावटी और घटिया गुणवत्ता का खाद तैयार कर रही हैं। इन कंपनियों की छह माह की सब्सिडी पहले ही निलंबित की जा चुकी है, लेकिन फिर भी कोई सुधार नहीं हुआ।

### जांच में 11 सैंपल फेल पाए गए

मंत्री ने बताया कि अप्रैल और मई में फैक्ट्रियों के 11 सैंपल जांच में फेल पाए गए। 12 मई को लिए सैंपल में फास्फोरस 14.5% की जगह 8.5% मिला। 14 मई के सैंपल में यह 6% और 30 अप्रैल के सैंपल में 7.2 प्रतिशत ही थी। फैक्ट्रियां घटिया क्वालिटी के रॉक फॉस्फेट और सल्फ्यूरिक एसिड का उपयोग कर रही हैं, जिससे खाद पत्थर की तरह हो जाता है।

# जरा झूम के बरसो...



*जयपुर : दिनभर मौसम सुहाना रहा। शाम होते ही शहर को काली घटाओं ने घेर लिया। फोटो अल्बर्ट हॉल का है, जहां काले घने बादल छा गए और उसके बाद यहां जोरदार बारिश हुई। (फोटो : संजय कुमावत)*

## राजधानी में जमकर बरसे मेघ, दिन में हो गई रात

### दोपहर और शाम को हुई झमाझम

जयपुर, 19 जून (ब्यूरो) : प्रदेश मानसून की बारिश में तेजी आती जा रही है। अधिकांश जिलों में झमाझम हो रही है। राजधानी जयपुर में गुरुवार शाम को घटाएं घिर कर गईं और चारदीवारी में लगभग एक घंटे मूसलाधार बरसात हुई। इस दौरान परकोटे के बाहर के क्षेत्रों में छितराई बारिश दर्ज हुई।

टोंक फाटक,गोपालपुरा और इसके आस-पास के क्षेत्रों में रिमझिम या फिर मामूली बरसात रिकॉर्ड हुई। आगे मानसरोवर और अजमेर रोड पर भी कमोबेश यही स्थिति थी। चारदीवारी के बाजारों की बात की जाए तो बादल जमकर बरसे। सड़कों पर नदी की तरह पानी बहने लगा। रामगंज स्थित मेहरों की नदी में बारिश का पानी भर गया जो सुभाष चौक तक पहुंच गया। इससे प्रशासन की भी पोल खुल कर सामने आ गई। नाले चोक होने से पानी बाहर निकल कर सड़कों पर जमा हो गया। इससे पूर्व गुरूवार दिन में करीब 2 बजे सोड़ाला, अजमेर रोड और इसके आस-पास के क्षेत्रों में पानी बरसा लेकिन उस दौरान चारदीवारी में मामूली बरसात हुई।







*जयपुर : तेज बारिश के बाद शहर में जगह-जगह जलजमाव की स्थिति हो गई। इससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। (फोटो : दिनेश बगड़ा)*

## सजायाफ्ता कैदी ने जेल के बाथरूम में की आत्महत्या

जयपुर, 19 जून (ब्यूरो) : लालकोठी थाना इलाके में स्थित जयपुर केंद्रीय कारागृह में बंद सजायाफ्ता कैदी ने जेल के बाथरूम में सुसाइड कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को मुर्दाघर पहुंचाया, जहां से पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा।

एसआई बन्नालाल ने बताया कि आत्महत्या करने वाला नरेश मूलानी उर्फ नीलू (34) पुत्र गोविंद बगरू वालों का रास्ता नाहरगढ़ रोड का रहने वाला था। उसने नाहरगढ़ थाना इलाके में किन्नर की हत्या की थी। इस संबंध में उसे आजीवन कारावास की सजा हुई थी। वह बैरक नंबर आठ में बंद था। उसने गुरुवार शाम करीब 5 बजे जब दूसरा बंदी इधर-उधर हो गया तो जेल की बाथरूम की खड़की से कपड़े की रस्सी बनाकर फंदा लगा लिया। जब अन्य बंदी वहां पहुंचे तो उसे फंदे पर लटका देख जेल प्रशासन को सूचना दी।

**क्विक रीड**

### हुक्का बार से मैनेजर सहित चार काबू, प्रतिबंधित सामग्री बरामद

जयपुर, (ब्यूरो) : शिप्रापथ थाना पुलिस ने हुक्का बार पर छापा मारकर मैनेजर सहित 4 जनों को गिरफ्तार किया है। तलाशी के दौरान भारी संख्या में हुक्का सहित प्रतिबंधित फ्लेवरयुक्त तंबाकू बरामद कर जब्त की है। एसएचओ राजेन्द्र गोदारा के अनुसार कोलवा कैफे के नाम पर यहां युवक-युवतियों से मोटी रकम वसूलकर प्रतिबंधित हुक्का परोसा जा रहा था। पुलिस ने दबिश मारी तो मीरा मार्ग पर चल रहे कोलवा कैफे का मैनेजर मोहम्मद नासिर (24) पुत्र नजीर मोहम्मद निवासी इंद्रा कॉलोनी पचपहर भवानी मंडी झालावाड़, दीपक (24) पुत्र रमेश चौहान निवासी रामपार्क लोनी गाजियाबाद यूपी, सुरेश मीणा (26) पुत्र रामरतन निवासी बडागांव पुनराडा मानपुर दौसा और मोहन मीणा (37) पुत्र बहादुर सिंह निवासी गांव चितोस बनैडा राजगढ़ अलवर युवक-युवतियों को हुक्का परोसते मिले।

### मानसिक बीमार युवक का सुराग नहीं

जयपुर, (ब्यूरो) : वैशाली नगर से लापता हुए मानसिक रूप से कमजोर युवका सुराग नहीं लगा है। पुलिस ने उसके परिजनों के साथ तलाशने की कवायद शुरू की है। जानकारी के अनुसार मूलतः झुंझुनूं का रहने वाला 32 वर्षीय अतुल शर्मा मानसिक रूप से बीमार है। वह यहां 22 मई को



अपनी बहन प्रियंका शर्मा के पास वैशाली नगर आया था। अतुल 25 मई को सुबह करीब 7 बजे घर से निकला था। उसके रहस्यात्मक तरीके से लापता होने पर परिजनों ने तलाशा मगर सुराग नहीं लगा। साफ रंग का अतुल शरीर से दुबला-पतला है जिसकी लंबाई करीब 5 फीट 8 इंच है। उसने क्रीम कलर की पैंट और ब्लू कलर की लाइनदार शर्ट पहन रखी है। पुलिस ने अपील की है कि उसके मिलने पर वैशाली नगर थाना या फिर प्रियंका के मोबाइल नंबर-89494-40647 और 86199-21338 सूचना दे सकते हैं।

**खरी-खरी**




# अजमेर रोड, दिल्ली रोड, आगरा रोड और ओवरब्रिज पर अब नो ई-रिक्शा

## जेडीए-निगम बनाएंगे मल्टी लेवल पार्किंग, 5 हजार ऑटो रिक्शों का स्कोप बढ़ाया

जयपुर, 19 जून (ब्यूरो): अजमेर रोड, दिल्ली रोड और आगर रोड सहित शहर के ओवरब्रिज पर अब ई-रिक्शा नहीं चलेंगे। इस संबंध में गुरुवार को जेडीए के मंथन सभागार में आयोजित ट्रैफिक कंट्रोल बोर्ड की बैठक में निर्णय लिया गया है। साथ ही पांच हजार (सीएनजी/एलपीजी) ऑटो रिक्शों का स्कोप में वृद्धीकरण किया गया है। बैठक में जेडीए और नगर निगम मिलकर मल्टी लेवल पार्किंग के लिए जमीन चिन्हित करेंगे। जेडीसी ने आनंदी ने बताया कि बैठक में विश्वकर्मा औद्योगिक क्षेत्र में ट्रैफिक सिग्नल लाइट पर ही यातायात व्यवस्था के सुगम संचालन के लिए ट्रैफिक पुलिस कर्मी तैनात रहेंगे। त्रिवेणी नगर आरओबी से गुर्जर की थड़ी के पास गोपालपुरा बाईपास पर एलिवेटेड रोड निर्माण की जीएडी का अनुमोदन पीडब्ल्यूसी की बैठक में अप्रैल को किया गया था, जिसका अनुमोदन टीसीबी ने कर दिया है।

**इन रूटों पर चलेंगे ऑटो :** बीलवा चौराहे से खोले के हनुमान जी मंदिर तक टेम्पो 8 से 10 सीटर चौपहिया वाहनों के नवीन मार्ग खोले जाने एवं स्कोप निर्धारण का प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। महापुरा से जीवन रेखा अस्पताल एवं सरना डूंगरी औद्योगिक क्षेत्र से मानसरोवर मेट्रो स्टेशन तक टेम्पो चौपहिया वाहनों के नवीन मार्ग खोले जाने एवं वृद्धिकरण/स्कोप निर्धारण होगा।

### यहां नहीं चलेंगे ई-रिक्शा

*अजमेर रोड पर पुरानी चुंगी नाका से प्रस्तावित हीरापुरा बस टर्मिनल तक, आगरा रोड घाट की घूणी से 52 फीट हनुमान जी तक, दिल्ली रोड पर रामगढ़ मोड से आमेर घाटी दिल्ली रोड पर, मैट्रो स्टेशन मानसरोवर से 200 फीट बाई पास अजमेर रोड पर एवं जयपुर शहर के ओवर ब्रिज-भारत जोड़ो सेतु, अजमेर पुलिया, टोंक रोड पुलिया, गोपालपुरा पुलिया, दुर्गापुरा पुलिया, सांगानेर पुलिया पर जयपुर शहर के ई-रिक्शा/ई-कार्ट संचालन को प्रतिबंधित किया गया। सुगम यातायात हेतु ई-रिक्शा/ई-कार्ट चालकों को दस दिवस की ट्रेनिंग दिए जाने के निर्देश दिए।*



### सुलभ संचालन के लिए एप बनेगा

*शहर में ई-रिक्शा के सुलभ संचालन के लिए एप तैयार करने के लिए परिवहन आयुक्त को पत्र लिख कर, एप सूचना प्रौधौगिकी और संचार विभाग, राजस्थान जयपुर से पत्र प्रेषित किया गया। ई-रिक्शा द्वारा क्यूआर कोड का उल्लंघन कर एक जोन से दूसरे जोन में जाने की स्थिति में पेन्ल्टी 5000 रुपए लगाने का प्रावधान है।*

### 40 हजार ऑटोरिक्शों का स्कोप निर्धारण

*जयपुर नगर निगम सीमा क्षेत्र में वर्तमान में एलपीजी/सीएनजी/डीजल चलित 35,000 वाहनों (ऑटोरिक्शा) का स्कोप निर्धारण किया हुआ है। जिसे बढ़ाकर अब 40,000 किया गया है। यह आमजन को यातायात की सुविधा और पर्यावरण की दृष्टि से एक उपयोगी साधन है।*

### चौराहों पर लगेंगे इलूमिनेशन पोल

*यातायात अनुशासन एवं शहरी सौंदयिकरण हेतु रामबाग चौराहे पर ट्रैफिक पोल इलूमिनेशन का प्रायोगिक परीक्षण किया गया है, जिसमें ट्रैफिक सिग्नल के साथ ट्रैफिक पोल भी उसी रंग की लाइट में दिखाई देने से वाहन चालकों को दूर से ही सिग्नल नजर आने से यातायात अनुशासित हुआ है। इसे अन्य चौराहों/तिराहों पर लगाए जाने की मंजूरी दी गई।*

### इन्हें भी मिली मंजूरी

- *शहर में पानी भराव वाले स्थानों हेतु संबंधित विभाग/अभियंताओं को उचित प्रबंधन एवं समस्त जेब्रा कॉसिंग से अवरोधकों को हटाने के निर्देश दिए।*
- *बैठक में मल्टी लेवल पार्किंग के लिए भूमि चिन्हित की जाएगी।*
- *अजमेर रोड स्थित हीरापुरा बस टर्मिनल से बसों का संचालन शीघ्र कराने के लिए क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी जयपुर को निर्देश दिए।*
- *राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर गोनेर पुलिया कोटा से जयपुर आने वाले वाहनों हेतु कमला नेहरू पुलिया की तर्ज पर ओवरब्रिज बनाये जाने हेतु एनएचएआई के अधिकारियों को निर्देश दिए।*
- *सरस पुलिया एवं ओटीएस चौराहे के मध्य पुलिया की चौड़ाई बढ़ाने, ओटीएस चौराहे से केवी-3 तिराहा के मध्य, अंबाबाडी तिराह से अंबाबाड़ी सर्किल तक, खातीपुरा पुलिया से लता सर्किल तक, दूध मंडी से संजय सर्किल तक एवं मालवीय नगर पुलिया पर रोड मीडियन बनाने रो मीडियन की ऊंचाई बढ़ाने के निर्देश दिए।*

## स्टेट ओपन स्कूल परीक्षा का परिणाम घोषित



*जयपुर : परिणाम जारी करने के बाद टॉपर्स को फोन पर बधाई देते शिक्षा मंत्री मदन दिलावर।*

### 10वीं में 46% तो 12वीं में 49% हुए उत्तीर्ण

जयपुर, 19 जून (ब्यूरो) : राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल, जयपुर ने कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा का परिणाम गुरुवार को जारी किया। शिक्षा संकुल में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने परिणाम घोषित किया।

परीक्षा में कक्षा 10वीं के लिए 53 हजार 498 में से 35 हजार 575 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी और 16 हजार 400 छात्र सफल रहे। इसमें परिणाम का औसत उत्तीर्ण प्रतिशत 46.1 प्रतिशत रहा। कक्षा 12वीं के लिए 49 हजार 499 विद्यार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 38 हजार 289 ने परीक्षा दी और 18 हजार 800 छात्र सफल रहे।

12वीं कक्षा का औसत परिणाम 49.1 प्रतिशत रहा। वहीं, कक्षा 10वीं में जोधपुर जिले के अमान खान ने 85.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर छात्र वर्ग में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया, जबकि जयपुर जिले की हीना ने 89.8 प्रतिशत अंकों के साथ छात्रा वर्ग में प्रथम स्थान हासिल किया।

सिरोही जिले के गजेन्द्र सिंह देवड़ा ने 83.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर छात्र वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है, जबकि फलौदी की ममता और जैसलमेर की चंदू कंवर ने समान रूप से 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर छात्रा वर्ग में द्वितीय स्थान साझा किया है। कक्षा 12वीं में बालोतरा जिले के सुमित ने 86 प्रतिशत अंक प्राप्त कर छात्र वर्ग में टॉप किया है, जबकि चूरू जिले की रुखसाना बानो ने 88.6 प्रतिशत अंकों के साथ छात्रा वर्ग में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है।

## सत्संग में नृत्य कर रही दो महिलाओं के गले से चेन-मंगलसूत्र झटके



जयपुर, 19 ब्यूरो (ब्यूरो) : आदर्श नगर इलाके में सत्संग में श्रद्धालू बनकर घुसी महिला चोर गैंग ने दो महिलाओं के गले से सोने की चेन और मंगलसूत्र तोड़ लिए। इसका पता चलते ही सत्संग में हंगामा हो गया। सीसीटीवी में दो संदिग्ध महिला गले से गहने झटकते हुए कैद हुई हैं। पुलिस पुलिस उन्हें तलाश रही है।

पुलिस के अनुसार घटना आदर्श नगर स्थित खंडेवाल सेवा सदन में चल रहे सत्संग की है। बुधवार को यहां सत्संग के बाद शाम करीब 7 बजे आरती की जा रही थी। इस दौरान शातिर महिला चोर गैंग ने दो महिलाओं के गले से सोने की चेन और मंगलसूत्र झटक लिए। फुटेज के अनुसार शातिर महिला ने भजनों पर नृत्य कर रही एक बुजुर्ग महिला के गले पर खुद की साड़ी का पल्लू डाल दिया और चेन तोड़ ली। पुलिस इसी फुटेज के आधार पर महिला गैंग को तलाश रही है। जानकारी के अनुसार दोनों वारदात महज 5 मिनट के अंतराल में हुईं, जिसके पीछे पेशेवर गैंग का हाथ बताया जा रहा है।

**इनके साथ हुई वारदात :** चेन लुटेरी गैंग ने कैलाश कुमार निवासी शिल्प कॉलोनी झोटवाड़ा की पत्नी के गले से 3 तोले का मंगलसूत्र चोरी हुआ है। दूसरी वारदात अशोक कुमार शर्मा निवासी जनता कॉलोनी की मां के साथ हुई। उसके गले से करीब 2 तोले सोने की चेन चोरी हुई है।

**योगाभ्यास**



*जयपुर : सवाई मानसिंह स्टेडियम में योग दिवस के लिए योगाभ्यास करते हुए।*

## सावधान : घर बैठे कमाई का लालच देकर सायबर ठग कर रहे खाते खाली

जयपुर, 19 जून (ब्यूरो) : सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर लिंक लाइक शेयर कर घर बैठे पैसे कमाने के मैसेज से सावचेत हो जाएं। सायबर ठगों ने नए ठगी के तरीके से लोगों के खाते खाली करने का षडयंत्र रचा है। लालच में दनादन लाइक-शेयर करने वालों खाते में कुछ पैसा डालकर शातिर बैंक जानकारी लेकर झटके से खाते साफ कर रहे हैं।

जानकारी के अनुसार सायबर क्रिमीनलों की नई चाल में पार्ट टाइम नौकरी ढूंढ़ने वाले और घर बैठे पैसे कमाने का लालच रखने वाले आसानी से फंस रहे हैं।

सायबर गैंग के नए तरीके से पुलिस मुख्यालय की सायबर क्राइम ब्रांच भी अलर्ट हो गई है। गिरोह सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर किसी भी वीडियो या फिर अन्य विषय को शेयर और लाइक करने का टास्क देता है। गैंग टॉस्क पूरा करने पर जाल में फांसने के लिए ऑनलाइन खाते में पैसा जमा करता है। ठगों की करतूत को वास्तविक कमाई समझकर लोग बैंक खातों की डिटेल ठगों से शेयर करते हैं तो बदमाश उनके बैलेंस साफ कर देते हैं।



### फर्जी स्क्रीन शॉर्ट

लोगों का विश्वास जीतने बाद ठग उनसे यूपीआई आईडी, फोन नंबर सहित अन्य गोपनीय जानकारी लेते हैं। सोशल मीडिया ग्रुप पर गैंग लाइक, शेयर और रेटिंग करने वालों को होने वाली कमाई का फर्जी स्क्रीन शॉट डालते हैं। ऐसे में लोग ज्यादा कमाई के लालच में ताबड़-तोड़ लाइक-शेयर और रेटिंग में जुट जाते हैं। टास्क पूरा होने पर लोग पैसा मांगते हैं तो गैंग कमीशन या टैक्स के नाम पर रकम की मांग करना शुरू कर उनकी कमाई सुरक्षित जमा होने का झांसा देते हैं। अंत में ठग उनके खातों में पैसा जमाने का झांसा देकर जुटाई जानकारी से मेहनत की कमाई भी साफ कर देते हैं।

**इनका कहना है**

*ऑनलाइन प्लेटफार्म पर किसी भी वीडियो या अन्य सामग्री को लाइक-शेयर और रेटिंग देने से पैसे नहीं मिलते। ठगों के प्रलोभन से बचने की जरूरत है। ऑनलाइन ग्रुप पर दिखाए गए कमाई के स्क्रीन शॉट फर्जी होते हैं। किसी प्रकार की ठगी होने पर साइबर हेल्पलाइन नंबर-1930 पर शिकायत करें। ठग व्यापारिक बेवसाइटों का दुरुपयोग कर लोगों को जाल में फंसा रहे हैं।*

-**शांतनु कुमार** (एसपी सायबर क्राइम)

## जाम से निजात को उठी मांग

# न्यू सांगानेर रोड बीआरटीएस कॉरिडोर जब तक ना हटे, तब तक ट्रैफिक के लिए खोल दें

### चार महीने पहले सीकर रोड और न्यू सांगानेर रोड से बीआरटीएस कॉरिडोर हटाने की मिल चुकी मंजूरी, एक्सीडेंट के खतरों को देखते हुए जेडीए खोलने के पक्ष में नहीं

जयपुर, 19 जून (ब्यूरो) : शहर में ट्रैफिक जाम की समस्या नासूर बनकर उभर रही है। इस समस्या से निजात दिलाने के लिए ट्रैफिक पुलिस, जेडीए और नगर निगम के पास कोई योजना नहीं है। हालात ऐसे हैं कि टोंक रोड और जेएलएन मार्ग के अलावा अन्य सड़कों पर ट्रैफिक दबाव बढ़ता जा रहा है। न्यू सांगानेर रोड भी इसी श्रेणी में शामिल हो गया है, इसलिए यहां बने बीआरटीएस कॉरिडोर को यातायात के लिए खोलने की मांग की जा रही है ताकि जब तक कॉरिडोर ना हटे तब तक उसे उपयोग में लिया जाए।

दरअसल, राज्य सरकार ने जेडीए की सिफारिश पर बीआरटीएस कॉरिडोर को हटाने की घोषणा की थी, जिसके तहत पहले फेज में सीकर रोड से बीआरटीएस कॉरिडोर हटाया



जा रहा है। वहीं, न्यू सांगानेर रोड से बीआरटीएस कॉरिडोर हटाने का काम मानसून के बाद शुरू होगा, इसलिए जब तक इसे ट्रैफिक के लिए खोलने की मांग की जा रही है। हालांकि एक्सीडेंट के खतरों को देखते हुए जेडीए इससे सहमत नहीं है।

**9 किलोमीटर तक मिल सकती है राहत :** न्यू सांगानेर रोड पर 9 किलोमीटर लंबाई तक बीआरटीएस कॉरिडोर बना हुआ है। इसे हटाने की मंजूरी मिल चुकी है। इस कारण फिलहाल यहां वाहनों की आवाजाही बंद है। बढ़ते ट्रैफिक को देखते हुए जब तक कॉरिडोर हटाने का काम शुरू नहीं होता तब तक इसे शुरू करने की आवाज उठ रही है। इस कारण सुबह-शाम पीक आवर्स में चौराहों पर भारी जाम लग जाता है। बता दें कि साल 2007 में परिवहन प्रणाली की आवश्यकता के बाद जयपुर में बीआरटीएस कॉरिडोर की कल्पना की गई थी। जिसके बाद जवाहरलाल नेहरू नेशनल अरबन रिन्यूअल मिशन के तहत 170 करोड़ रुपए की लागत से सीकर रोड और न्यू सांगानेर रोड पर बीआरटीएस कॉरिडोर का निर्माण किया गया था। जिसके लिए 50 फीसदी राशि केंद्र सरकार, 20 फीसदी राज्य सरकार और 30 फीसदी जेडीए द्वारा खर्च की गई थी।

गौरतलब है कि 4 महीने पहले सीकर रोड और न्यू सांगानेर रोड से बीआरटीएस कॉरिडोर हटाने की मंजूरी मिल चुकी है। अप्रैल में सीकर रोड से बीआरटीएस कॉरिडोर हटाने का काम शुरू हो चुका है। न्यू सांगानेर रोड से कॉरिडोर 3 महीने बाद हटेगा।

## 'गोपालगढ़ हिंसा मामले में आरोपी को घटना की सीडी और कैसेट मुहैया कराए सीबीआई'

जयपुर, 19 जून (ब्यूरो) : अतिरिक्त सत्र न्यायालय क्रम-4 ने सीबीआई को निर्देश दिए हैं कि वह भरतपुर के गोपालगढ़ में सितंबर-2011 में हुए सांप्रदायिक दंगे के दौरान बनाई सीडीए डीवीडी और कैसेट आरोपी को मुहैया कराए। अदालत ने यह आदेश गोपी गुर्जर के प्रार्थना-पत्र पर सुनवाई करते हुए दिए।

मामले से जुड़े अधिवक्ता अश्विनी बोहरा ने अदालत में प्रार्थना-पत्र पेश कर बताया कि दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 207 के तहत प्रार्थी को चालान के साथ कैसेट, सीडी व डीवीडी नहीं दिलाई गई है, जबकि सीबीआई इन साक्ष्यों को डवलप कराकर कोर्ट में प्रदर्शित कराना चाहती है, इसलिए उन्हें भी इन इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों को मुहैया कराया जाए। कोर्ट ने आरोपी के प्रार्थना पत्र पर सीबीआई को इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य कैसेटए सीडी व डीवीडी उसे मुहैया कराने के लिए कहा। भरतपुर के गोपालगढ़ कस्बे में 14 सितंबर 2011 को मेव समाज और गुर्जर समाज के आमने-सामने होने के कारण सांप्रदायिक दंगे हुए थे। घटना में 10 लोगों की मौत और 45 लोग घायल हुए थे।

## क्विक रीड

### जयपुर एयरपोर्ट पर 20 मिनट तक लैंड नहीं कर पाई फ्लाइट

जयपुर, (ब्यूरो) : स्टार एयरलाइंस की फ्लाइट गुरुवार को जयपुर एयरपोर्ट पर 20 मिनट तक लैंड नहीं कर पाई। बताया जा रहा है कि खराब मौसम के कारण ऐसा हुआ। पायलट ने एयर ट्रैफिक कंट्रोल यूनिट से संपर्क कर फ्लाइट की सफल लैंडिंग करवाई। इससे पहले एक यात्री की फ्लाइट में तबीयत बिगड़ने के कारण कोलकाता से जयपुर आ रही इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट की वाराणसी एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग करवानी पड़ी। यहां यात्री को उतारने के बाद फ्लाइट ने जयपुर के लिए उड़ान भरी।

### नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले चचेरे भाइयों सहित 3 को सजा

जयपुर, (ब्यूरो) : पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत क्रम-1 महानगर द्वितीय ने नाबालिग के साथ कई बार दुष्कर्म करने वाले दो चचेरे भाइयों सहित एक अन्य अभियुक्त संजय को बीस साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने प्रत्येक अभियुक्त पर दो लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। पीठासीन अधिकारी विकास कुमार खंडेलवाल ने अपने आदेश में कहा कि पीड़िता के पिता ने अपने भतीजे को फ्लैट में रहने की अनुमति दी और उसे पढ़ा लिखाकर टैक्सी चलाने का काम सिखाया, लेकिन अभियुक्त भतीजे ने बहन के रिश्ते को कलंकित करते हुए उसके साथ कई बार न सिर्फ खुद दुष्कर्म किया बल्कि अपने दोस्त के साथ मिलकर उसका गैंगरेप भी किया। ऐसे में अभियुक्तों के प्रति नरमी का रुख नहीं अपनाया जा सकता।

### पेपरलीक में कटारा के खिलाफ अभियोजन स्वीकृति की प्रति पेश

जयपुर, (ब्यूरो) : द्वितीय श्रेणी शिक्षक भर्ती-2022 पेपर लीक मामले में गुरुवार को एसओजी की ओर से ईडी मामलों की विशेष अदालत में आरपीएससी के पूर्व सदस्य बाबूलाल कटारा के खिलाफ अभियोजन स्वीकृति की प्रति पेश की गई है। एसओजी की ओर से विशेष लोक अभियोजक बीएस चौहान की ओर से अदालत में प्रार्थना-पत्र पेश कर आरोपी के खिलाफ अभियोजन स्वीकृति जारी करने वाले कार्मिक विभाग के अधिकारी को भी अभियोजन पक्ष का गवाह बनाने की अनुमति मांगी। अदालत मामले में 30 जून को सुनवाई करेगी। गौरतलब है कि 24 दिसंबरए 2022 को उदयपुर के बेकरिया थाना पुलिस ने परीक्षा पूर्व चलती बस से 49 अभ्यर्थियों को पेपर हल करते पकडा था। मामले में जांच एजेंसी ने माना की आरपीएससी के तत्कालीन चेयरमैन ने कटारा को पेपर और उत्तर कुंजी तैयार करने का दायित्व दिया था। वहीं, कटारा ने प्रश्न पत्र घर लाकर उसकी रजिस्टर में नकल उतारी थी। वहीं प्रकरण में अन्य आरोपियों ने भी मिलीभगत कर पेपर को अगली कडी तक पहुंचाया था। जांच एजेंसी को जांच के दौरान बाबूलाल कटारा के घर से करीब 51 लाख रुपए की नकदी सहित करीब आधा किलोग्राम सोने के आभूषण भी बरामद मिले थे।

### युवक का अपहरण किया, छोड़ा

जयपुर, (ब्यूरो) : मोतीडूंगरी थाना इलाके में दीपक मार्ग पर बुधवार देर रात चौपहिया वाहन से आए बदमाश एक युवक का अपहरण कर ले गए। उसके साथ मारपीट कर जेब से पैसे निकाल लिए। गुरुवार सुबह 4 बजे उसे एक अन्य गाड़ी से खानिया बंदा इलाके में छोड़ गए। पुलिस ने बताया कि दीपक मार्ग निवासी असलम को बुधवार रात 9.30 बजे घर के बाहर से 3 बदमाश एक चौपहिया वाहन में जबरन बिठाकर कानोता की ओर ले गए। रास्ते में उन्होंने पीड़ित से मारपीट की और उसकी जेब से पैसे भी निकाल लिए। आरोपियों ने उस पर दबाव बनाते हुए कहा कि तू पैसे वाला है, हम सब जानते हैं तेरे बारे में। इस दौरान आरोपियों ने असलम के मोबाइल से ऑनलाइन पैसे ट्रांसफर करवाने की भी नाकाम कोशिश की और सुनसान जंगल ले जाकर जान से मारने की धमकी दी। गुरुवार तड़के करीब 4 बजे बदमाशों ने उसे एक अन्य गाड़ी से खानिया बंदा इलाके में छोड़ दिया। साथ ही कहा कि किसी को बताया तो तेरे घर वालों को भी मार देंगे। वारदात के बाद से असलम के परिवार में भय का माहौल है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

# सेक्सटॉर्शन का शिकार बनाने वाली गैंग की दो महिलाएं काबू

### 50 लाख से की थी डिमांड शुरू, धनाड्य लोगों को किया ब्लैकमेल

#### पुलिस को नेटवर्क की तलाश, 2 लाख 22 हजार रुपए हुए बरामद

जयपुर, 19 जून (ब्यूरो) : संबंध बनाकर बलात्कार के केस में जेल भेजने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने वाली सेक्सटॉर्शन गैंग की दो महिलाओं को चित्रकूट पुलिस ने गिरफ्तार किया है। महिलाओं के पास से पीड़ित को धमकी देकर ऐंठे करीब सवा दो लाख रुपए बरामद हुए हैं। पुलिस इनसे पूछताछ कर गिरोह का पता लगा रही है।

एसीपी वैशाली नगर आलोक गौतम के अनुसार सेक्सटॉर्शन गैंग की मीतू पारीक (47) पत्नी रवि पारीक निवासी विद्युत नगर चित्रकूट और इंदू वर्मा (47) पत्नी प्रशांत गुप्ता निवासी चंद्रबरदाई नगर रामगंज अजमेर को गिरफ्तार किया है। इनसे पीड़ित को बलात्कार के केस में जेल भेजने की धमकी देकर ऐंठे गए 2 लाख 22 हजार रुपए बरामद किए गए हैं। गिरोह की महिलाओं ने ब्लैकमेलिंग की रकम वैशाली नगर स्थित कॉफी सूत्रा कैफे में वसूली थी। इससे पहले भी पीड़ित से 5 लाख रुपए ऐंठे जा चुके हैं।



#### ऐसे किया सेक्सटॉर्शन का शिकार

*सेक्सटॉर्शन के शिकार दो पीड़ितों के दोस्त ने 13 जून को शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके दोनों मित्रों ने 22 मई को मीतू पारीक को 5 लाख रुपए देने घर भेजा था। मीतू और इंदू उसके दोस्तों के साथ 21 मई को कूकस स्थित होटल हिल्टन में ठहरी थीं। महिलाओं ने अगले दिन से दोनों युवकों को बलात्कार केस में फंसाने की धमकी देकर सेक्सटॉर्शन का शिकार बनाना शुरू कर दिया था। उनकी ब्लैकमेलिंग की पहली किश्त वह 5 लाख रुपए थी, जिसे वह उन्हें देकर आया था। इंदू इससे पहले पीड़ित से 2 लाख रुपए आरटीजीएस के जरिए खाते में ले चुकी है।*

#### पीड़ितों से स्टाम्प भी लिखवाती थीं

*सेक्सटॉर्शन गैंग ने पीड़ितों से सीधे 50 लाख रुपए की डिमांड की थी। पीड़ित ने 5 लाख रुपए दे दिए थे, जबकि बाकी पैसों के लिए महिलाओं ने चैक मांगे थे। पुलिस से बचने के लिए ब्लैकमेलिंग की लेन-देन के भुगतान का पीड़ितों से स्टांप भी लिखवाती थीं। गैंग टारगेट हिट होने पर दूसरे शिकार की तलाश में जुट जाती थीं। पुलिस ने डिटेल खंगाली तो उनके मोबाइलों में 4 अन्य लोगों के साथ भी वारदात करने का खुलासा हुआ है। दोनों महिलाएं पीड़ित से कैफे में चैक लेने आई थीं, जिन्हें पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ लिया। मीतू के पर्स में 2 लाख 22 हजार रुपए मिले हैं। उसने बताया कि पीड़ित से लिए 7 लाख रुपए में से उसे इंदू को हिस्सा देना था।*

## सचिवालय के डीआईपीआर ऑफिस में आग से हड़कंप

#### कर्मचारियों ने फायर फाइटिंग सिस्टम से पाया काबू

जयपुर, 19 जून (ब्यूरो) : सचिवालय स्थित सूचना एवं जन संपर्क निदेशालय कार्यालय में गुरुवार सुबह आग लगने से अफरा-तफरी के साथ हडकंप मच गया।

समय रहते हरकत में आए कर्मचारियों ने फायर फाइटिंग सिस्टम चालू कर आग पर काबू पाया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

जानकारी के अनुसार हादसा सुबह करीब 5 बजे हुआ। अचानक सचिवालय का फायर अलार्म एक्टिव हुआ तो खतरा भांपकर दौड़े सुरक्षाकर्मियों ने मोर्चा संभाला। सुरक्षाकर्मियों सचिवालय में लगे फायर फाइटिंग सिस्टम का ऑपरेट कर करीब आधा घंटे में आग बुझाई, जिसके चलते दमकलों को नहीं बुलाया गया।

जानकारी के अनुसार जिस कमरे में आग लगी, उसमें रखे कुछ दस्तावेजों के साथ फर्नीचर और इलैक्ट्रोनिक सामन जले हैं। प्रारंभिक जांच में आग का कारण बिजली का शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। सचिवालय पहुंचे अधिकारी-कर्मचारियों ने आग के कारणों की जांच कराने की बात कही है।

#### विवाह स्थलों पर लगाम की तैयारी, नियमन के साथ पार्किंग एनओसी जरूरी

जयपुर, 19 जून (ब्यूरो) : राज्य में अवैध रूप से चल रहे विवाह स्थलों पर सरकार ने लगाम लगाने की तैयारी शुरू कर दी है। अब प्रत्येक विवाह स्थल को नियमन के साथ पार्किंग एनओसी लेनी होगी। इस संबंध में नगरीय विकास विभाग ने आदेश जारी किया है। इसके साथ ही निकायों की आय बढ़ाने के लिए लैंड यूज में भी सरलीकरण किया गया है। दरअसल, इस आदेश में शहरों में लागू डवलपमेंट एंड प्रमोशन कंट्रोल रेगुलेशन में जोड़े नए प्रावधान मास्टर प्लान में दर्शाए हैं, जिसके तहत कई लैंड यूज वाली जमीनों पर संचालन किया जा सकेगा। इन विभिन्न लैंड यूज वाली जमीनों पर विवाह स्थल संचालित किए जा सकेंगे। बता दें कि अब तक केवल कॉमर्शियल लैंड यूज की भूमि पर ही विवाह स्थल का संचालन हो सकता था। इसके चलते विभिन्न लैंड यूज पर अवैध रूप से विवाह स्थल संचालित हैं। नए फरमान के अनुसार निर्धारित मापदंड पूरा करने पर इन्हें निकाय पट्टा जारी कर सकेंगे।

## गुरुग्राम की फैक्ट्री से 20 हजार का ईनामी दबोचा

#### पॉक्सो एक्ट का आरोपी 4 साल से फरार था



जयपुर, 19 जून (ब्यूरो) : पॉक्सो एक्ट के चलते 4 साल से फरार चल रहे 20 हजार रुपए के ईनामी को प्रताप नगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी पहचान बदलकर गुरुग्राम की एक फैक्ट्री में नौकरी कर रहा था। पुलिस उससे पूछताछ कर फरारी में मदद करने वालों सहित ठिकानों का पता लगा रही है।

एसएचओ प्रताप नगर मनोज बेरवाल के अनुसार गिरफ्तार आरोपी मोहन सिंह (27) पुत्र विजेंद्र सिंह डूगरी की ढाणी गणेश्वर नीमकाथाना सीकर का रहने वाला है। उसके खिलाफ वर्ष-2019 में किशोरी से दुष्कर्म के चलते पॉक्सो एक्ट का मामला दर्ज हुआ था। पुलिस ने उसे मुकदमे में गिरफ्तार कर न्यायालय पॉक्सो एक्ट क्रम-2 जयपुर महानगर प्रथम में पेश किया। बाद में वह कोर्ट पेशी से फरार हुआ तो न्यायालय के स्थाई वारंट जारी करने के बाद पुलिस ने गिरफ्तारी पर 20 हजार रुपए का ईनाम रखा था।

**भाई के नाम से फरारी :** शातिर के बारे में बेगमपुर खटौला बादशाहपुर गुरुग्राम स्थित औद्योगिक क्षेत्र में संचालित फैक्ट्रियों में काम करने की जानकारी मिली। थाने के एएसआई अशोक सिंह और सिपाही बिरदीचंद के साथ वेदप्रकाश गुरुग्राम में भेष बदल कर रहे। उसकी पहचान होने पर पकड़ा तो पूछताछ में चौकाने वाला खुलासा हुआ। शातिर आरोपी अपने भाई दीपक की मौत के बाद उसके आधार-पहचान कार्ड से नाम बदलकर नौकरी कर रहा था।

## पुलिस के स्वास्थ्य पर लिखी किताब का विमोचन



जयपुर, 19 जून (ब्यूरो) : हॉर्ड ड्यूटी के चलते सेहत खो रहे पुलिसकर्मियों के स्वास्थ्य को लेकर डायटीशियन की लिखी किताब का आरपीए में विमोचन किया गया। 'फ्यूलिंग द फोर्स न्यूट्रिशन एंड फिटनेस फॉर पुलिस' को देश की ऐसी पहली किताब बताया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार डायटीशियन रजत जैन की लिखी इस किताब के विमोचन के मौके पर राजस्थान पुलिस अकादमी के निदेशक एडीजीपी एस सेंगथिर और एडीजीपी लता मनोज कुमार मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इनके अलावा पुस्तक विमोचन समारोह में कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और प्रशिक्षु जवान सहित करीब 400 पुसिकर्मी मौजूद रहे। पुस्तक में पुलिसकर्मियों की दैनिक चुनौतियों से लेकर अनियमित कार्य और तनावपूर्ण जीवन साथ खान-पान की गलत आदतों पर दिखाया गया है। पुस्तक को पूरी हेल्थ स्ट्रैटेजी कर पुलिस के काम करने के तरीके को देखते हुए हिंदी-अंग्रेजी संस्करण में निकाला गया है। जिसमें शिफ्ट वाइज डाइट प्लानिंग, तनाव कम करने का तरीका, कम बजट में फिटनेस ट्रेनिंग और दैनिक हैल्थ से जुड़े मिथकों की सच्चाई।

## एसएमएस के वरिष्ठ चिकित्सकों में छिड़ी जंग

जयपुर, 19 जून (ब्यूरो) : सवाई मानसिंह चिकित्सालय में दो वरिष्ठ चिकित्सकों डॉ. बीपी मीणा और डॉ. राजेश शर्मा के बीच छिड़ी जंग समाप्त होने का नाम नहीं ले रही है। इन दोनों चिकित्सकों की लड़ाई में इमरजेंसी मेडिसिन के 9 पीजी छात्र संकट में फंस गए हैं। हालात ये हैं कि वरिष्ठों की इस लड़ाई में रेजीडेंट छात्र वार्ड में ही क्लास लेने को मजबूर हैं, जिसके कारण उनकी पढ़ाई नहीं हो पा रही। वहीं, इस जंग के समाधान के लिए मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. दीपक माहेश्वरी ने चिकित्सा शिक्षा सचिव को पत्र लिखकर पूरे मामले की जानकारी दी है।

#### मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल ने शिक्षा सचिव को लिखा पत्र

बता दें कि राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी) की गाइडलाइन के अनुसार इमरजेंसी मेडिसिन विभाग का एचओडी केवल मेडिसिन, सर्जरी, ऑर्थोपेडिक या एनेस्थीसिया विभाग के वरिष्ठ चिकित्सक को ही बनाया जा सकता है। ऐसे में एनएमसी ने एक वरिष्ठ डॉक्टर को विभाग के लिए अयोग्य माना और दूसरे चिकित्सक को इस पद की जिम्मेदारी दे दी। इसके बाद लड़ाई छिड़ गई। मामले में डॉ. माहेश्वरी ने स्पष्ट किया है कि डॉ. राजेश शर्मा को विभाग का चार्ज सौंपा गया है। पिछले 2 माह से यह पद खाली था। यहां जल्द एनएमसी का इंस्पेक्शन भी होना है।

## एसएमएस में बत्ती गुल, रजिस्ट्रेशन काउंटर पर लगीं लाइनें



जयपुर, 19 जून (ब्यूरो) : सवाई मानसिंह अस्पताल में मानसून की पहली बरसात ने ही मरीजों की परेशानी बढा दी। सुबह ओपीडी में आए मरीजों और उनके परिजनों को अस्पताल में बत्ती गुल होने के कारण आधे घंटे तक परेशान होना पड़ा। इस दौरान रजिस्ट्रेशन काउंटर पर लंबी लाइनें लग गईं और बिजली आने के 2 घंटे बाद भी हालात सामान्य नहीं हो पाए।

बता दें कि गुरुवार सुबह करीब 10 बजे धन्वन्तरी ब्लॉक की अचानक बत्ती गुल हो गई। इस दौरान राजधानी सहित आसपास के क्षेत्र से हजारों मरीज और उनके परिजन चिकित्सकों के पास दिखाने के लिए पहुंचे थे, लेकिन बिजली चले जाने के कारण रजिस्ट्रेशन काउंटर बंद हो गए और वहां तैनात कर्मचारी भी गर्मी से बचने के लिए बाहर आ गए। इसके कारण रजिस्ट्रेशन ब्लॉक में भारी उमस के बीच ही काउंटर के सामने लोगों की लंबी लाइन लग गई। इधर, आधा घंटे की मशक्कत के बाद बिजली सप्लाई को दुरुस्त कर दिया गया और लोगों को रजिस्ट्रेशन पर्ची मिलनी शुरू हो गई, लेकिन काउंटर के सामने लंबी लाइन लगी रही। इस दौरान जरूरी जांचें भी बाधित हुईं और जांच काउंटर के सामने भी भारी भीड़ नजर आई।

इस बारे में अस्पताल के अतिरिक्त अधीक्षक डॉ. मनीष अग्रवाल ने बताया कि बिजली गुल हुई थी और दूसरी लाइन पर शिफ्ट करने के दौरान इनवर्टर भी शुरू नहीं हो पाया। इसके कारण कुछ देर तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। हालांकि आधे घंटे बाद बिजली व्यवस्था दुरुस्त कर दी गई।

## पत्नी का अपहरण कर पति को बनाया बंधक

जयपुर, 19 जून (ब्यूरो) : मालपुरा गेट इलाके में पत्नी का अपहरण कर पति को बंधक बनाकर धमकाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक पड़ताल में पीड़ित ने प्रेम विवाह किया था, जिसके चलते उसकी पत्नी के परिजन नाराज चल रहे थे। वाटिका सांगानेर के रहने वाले 25 वर्षीय युवक ने आधा दर्जन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

#### युवती के प्रेम विवाह से खफा थे परिजन

प्रकरण के मुताबिक पीड़ित ने एक युवती से 30 अप्रैल को लालकोठी स्थित आर्य समाज में प्रेम विवाह किया था। दोनों की शादी का पता चलने पर युवती के परिजन-रिश्तेदारों ने दोनों को वाटिका स्टेंड पर घेरकर जान से मारने की धमकियां दीं। गुस्साए लोगों से बचकर दोनों यूपी घूमने चले गए।

रिपोर्ट में बताया गया है कि युवती के परिजनों ने शिकायत दर्ज कराई तो 3 मई को शाम करीब 4 बजे यूपी की सिंदोली थाना पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। सिंदोली थाने में सांगानेर सदर जयपुर पुलिस युवती के परिजन-रिश्तेदारों के साथ पहुंची। सिंदोली से दोनों को अलग-अलग वाहनों से जयपुर लाया गया।

आरोप है कि युवक के साथ युवती के परिजन-रिश्तेदारों ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित को एक मकान में बंधक बनाकर रखा, जहां से देर शाम सांगानेर सदर थाने ले गए। आरोप है कि थाने में युवती के बालिग होने और उसकी मर्जी से युवक के साथ रहने की बात कही तो पुलिस ने दोनों को रवाना कर दिया।

## आरजीएचएस में जरूरी बदलाव कर बनाया जाए बेहतर : खींवसर

#### चिकित्सा मंत्री ने की आरजीएचएस की समीक्षा गड़बड़ी पर होगा सख्त एक्शन

जयपुर, 19 जून (ब्यूरो) : राजस्थान गवर्नमेंट हैल्थ स्कीम (आरजीएचएस) में विभिन्न बदलाव करते हुए इसे और बेहतर बनाया जाएगा ताकि अनियमितता की कोई गुंजाइश न रहे। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने गुरुवार को स्वास्थ्य भवन में राजस्थान गवर्नमेंट हैल्थ स्कीम की समीक्षा करते हुए इस संबंध में निर्देश दिए।

उन्होंने कहा, ऐसा सिस्टम विकसित करें, जिससे किसी भी स्तर पर गड़बड़ी की कोई गुंजाइश न रहे। इसके बाद भी अनियमितता पाई जाएगी तो विभाग सख्त एक्शन लेगा।

खींवसर ने कहा, राजस्थान स्टेट हैल्थ एश्योरेंस एजेंसी के माध्यम से संचालित मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना की बेस्ट प्रैक्टिसेज को आरजीएचएस में भी शामिल किया जा सकता है। योजना में अस्पतालों और दवा दुकानों का एम्पेनलमेंट, रोगियों का ओपीडी एवं आईपीडी में रजिस्ट्रेशन, टीआईडी जनरेशन, उपचार की एप्रूवल सहित सभी प्रक्रियाओं को पहले से बेहतर बनाएं। बैठक में बताया गया कि योजना के सुचारू संचालन के लिए एक ग्रिवांस रिडरेसल सिस्टम विकसित किया जाएगा। साथ ही, पोर्टल पर भी फीडबैक का ऑप्शन उपलब्ध कराया जाएगा। इससे योजना के क्रियान्वयन या इसका लाभ लेने में आ रही समस्याओं का तत्काल निस्तारण किया जा सकेगा।

# आरयूएचएस में शुरू हुई स्पोर्ट्स इंजरी और लिगामेंट सर्जरी

#### चाकसू निवासी युवती की सफलता पूर्वक की पहली लिगामेंट सर्जरी कर पूरा

जयपुर, 19 जून (ब्यूरो) : राजस्थान यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज (आरयूएचएस) अस्पताल में अब स्पोर्ट्स इंजरी और लिगामेंट सर्जरी की आधुनिक सुविधाएं शुरू कर दी गई हैं। इससे प्रदेश के उन युवाओं और खिलाड़ियों को बड़ी राहत मिलेगी, जो खेल के दौरान चोटिल हो जाते हैं और इलाज के लिए निजी अस्पतालों या अन्य राज्यों का रुख करते हैं।



स्पोर्ट्स इंजरी यूनिट के इंचार्ज डॉ. सिद्धार्थ शर्मा ने बताया कि इस सुविधा की शुरुआत एक 23 वर्षीय युवती की सफल सर्जरी के साथ हुई। चाकसू निवासी युवती को घुटने के लिगामेंट की गंभीर चोट से लगी थी, जिससे वह लंबे समय से घुटने में सूजन, दर्द और चलने में तकलीफ से जूझ रही थी। इसके कारण उसका दैनिक जीवन भी प्रभावित हो रहा था।

जांच में सामने आया कि उसके घुटने में लिगामेंट की चोट है, जिसके लिए सर्जरी आवश्यक थी। आरयूएचएस के ऑर्थोपेडिक विभागाध्यक्ष डॉ. अनिल गुप्ता के निर्देशन में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने इस जटिल सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। ऑपरेशन के बाद युवती की हालत में तेजी से सुधार हो रहा है और वह जल्द दोबारा सामान्य गतिविधियां शुरू कर सकेंगी।

अस्पताल अधीक्षक डॉ. महेश मंगल ने बताया कि इस नई सुविधा के तहत खिलाड़ियों की खेल से जुड़ी चोटों का नि:शुल्क इलाज अब अस्पताल में ही किया जाएगा। यह सुविधा मा योजना के तहत उपलब्ध कराई जा रही है। सर्जरी टीम में डॉ. सुनील रावत, डॉ. राकेश और डॉ. मुनिराज के साथ ही एनेस्थीसिया विभाग से डॉ. अधोक्षज जोशी, डॉ. वरुण कुमार सैनी, डॉ. संदीप, डॉ. मनीष और डॉ. प्रियंका ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। डॉ. सिद्धार्थ ने पूर्व में भी कई राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों की स्पोर्ट्स इंजरी की सर्जरी की हैं। चिकित्सकों का कहना है कि इस नई शुरुआत से न केवल खिलाड़ियों को त्वरित और गुणवत्तापूर्ण इलाज मिलेगा बल्कि प्रदेश में स्पोर्ट्स मेडिसिन के क्षेत्र में भी नया आयाम स्थापित होगा।

# एनआईए से बड़ी चौपड़ तक आयोजित हुई 'रन फॉर योगा'

## बादाम खाने से योग अभ्यास और भी सशक्त बन सकता है

जयपुर, 19 जून (ब्यूरो): हर साल 21 जून को मनाया जाने वाला अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस हमें योग के शारीरिक, मानसिक और आत्मिक लाभों की याद दिलाता है। योग अपने आप में सेहत के लिए बेहद फायदेमंद है, लेकिन जब इसे संतुलित और पोषक आहार के साथ जोड़ा जाए तो इसका असर और भी बेहतर होता है। ऐसे आहार में कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, विटामिन और मिनरल जैसे जरूरी पोषक तत्व होने चाहिए। इनमें से प्रोटीन शरीर की मजबूती और मांसपेशियों की देखभाल के लिए सबसे अहम है। प्रोटीन के प्राकृतिक स्रोतों में बादाम एक आसान, स्वादिष्ट और सेहतमंद विकल्प है, जो योग अभ्यास के दौरान शरीर की ऊर्जा बनाए रखने और थकान कम करने में मदद करता है।

मैक्स हेल्थकेयर नई दिल्ली की रीजनल हेड ऑफ डायटेटिक्स रितिका समद्दार ने कहा कि योग सिर्फ एक व्यायाम नहीं, बल्कि एक जीवनशैली है, जो शारीरिक और मानसिक दोनों ही स्तर पर संतुलन और ऊर्जा प्रदान करती है। योग शरीर और मन दोनों को बेहतर बनाने वाला प्रभावशाली अभ्यास है। इसका पूरा लाभ तभी मिलता है, जब इसे संतुलित और पौष्टिक आहार के साथ जोड़ा जाए। मैं नियमित रूप से योग करने वालों को बादाम जैसे प्रोटीन से भरपूर खाद्य पदार्थों को रोजाना के भोजन में शामिल करने की सलाह देती हूं। बादाम न सिर्फ मांसपेशियों की रिकवरी में मदद करते हैं, बल्कि यह एलडीएल कोलेस्ट्रॉल को कम करने और ब्लड शुगर को स्थिर रखने में भी कारगर हैं।

## आयकर और जीएसटी नियमों पर हुई विस्तृत चर्चा

कोटपूतली-बहरोड़, 19 जून (आनंद पंडित): कोटपूतली कर सलाहकार संघ की एक बैठक संघ अध्यक्ष अशोक बंसल की अध्यक्षता में होटल आरटीएम में आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य आयकर और वस्तु एवं सेवा कर के नए नियमों और संशोधित फॉर्मों पर विस्तार से चर्चा करना था। बैठक में प्रवक्ता एडवोकेट अविनाश तिवारी ने बताया कि आयकर विभाग ने फॉर्म 1 और फॉर्म 4 में कई अहम संशोधन किए हैं, जो करदाताओं और कर सलाहकारों के लिए महत्वपूर्ण हैं।

## कल होगा जंतर-मंतर पर योग संगम

जयपुर, 19 जून (ब्यूरो): आयुष मंत्रालय, भारत सरकार और राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान (एनआईए) के संयुक्त तत्वावधान में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को जंतर-मंतर पर योग संगम का आयोजन किया जाएगा। इस विशेष आयोजन में एनआईए में अध्ययनरत देश के सभी राज्यों से आए विद्यार्थियों के साथ अन्य देशों के विद्यार्थी भी सक्रिय रूप से भाग लेंगे।

योग संगम से अधिक से अधिक आमजन को जोड़ने के उद्देश्य से एनआईए द्वारा गुरुवार को रन फॉर योगा का आयोजन किया गया। जो एनआईए से परिसर से शुरू होकर बड़ी चौपड़ होते हुए पुन: संस्थान परिसर में संपन्न हुई। संस्थान परिसर में सामूहिक योगाभ्यास एवं जुम्बा डांस भी किया गया। कुलपति प्रो. संजीव शर्मा ने कहा योग केवल शारीरिक अभ्यास नहीं, यह जीवन का दर्शन है।

इस अवसर पर योग बंधन कार्यक्रम के अंतर्गत महामंत्री आयुष मंत्रालय द्वारा विशेष रूप से आमंत्रित विदेशी पर्यवेक्षक श्रीलंका, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका से आएंगे। विशाखापट्टनम में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित हो रहे राष्ट्रीय कार्यक्रम में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर के 12 देशों के विदेशी छात्र-छात्राएं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ योग अभ्यास करेंगे।



## योग को लेकर आमजन में दिख रहा उत्साह, कर रहे योगाभ्यास



जयपुर, 19 जून (ब्यूरो): 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' थीम पर मनाए जा रहे 11वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयुष विभाग एवं विभिन्न योग संस्थानों के तत्वावधान में जयपुर महानगर के 13 प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटक स्थलों एसएमएस स्टेडियम, अल्बर्ट हाल, हवामहल, आमेर महल, बिरला मंदिर, श्रीगोविंददेवजी मंदिर, श्री गलताजी मंदिर, जलमहल, सिटी पार्क, सेंट्रल पार्क, सिटी पैलेस, जयगढ़ पर प्रात: 7 बजे योग का पूर्वाभ्यास कार्यक्रम करवाया गया, जिसमें लगभग 7 हजार स्थानीय लोगों ने उत्साह के साथ भाग लिया।

इसके पश्चात अतिरिक्त निदेशक आयुर्वेद विभाग, जयपुर संभाग ने आयुष भवन, प्रताप नगर में योग दिवस के सफल आयोजन के लिए सभी समितियों की बैठक ली।

## श्रीगोविंददेवजी मंदिर में गीतामय योग शिविर आयोजित

जयपुर, 19 जून (ब्यूरो): नगर निगम जयपुर हेरीटेज की ओर से श्रीगोविंददेवजी मंदिर में गुरुवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के परिपेक्ष्य अंतर्राष्ट्रीय संत गीता मनीषी महामंडलेश्वर ज्ञानानंद महाराज (कुरुक्षेत्र) की प्रेरणा से जीओ गीता परिवार राजस्थान के सहयोग से गीता प्रचारक योगाचार्य योगी मनीष के सानिध्य में 'गीतामय योग शिविर' संपन्न हुआ।

इस अवसर परहेरिटेज निगम महापौर कुसुम यादव ने बताया कि योग क्रिया का भगवान श्री कृष्ण से सीधा संबंध है। श्रीमद्भगवद्गीता को 'समस्त योगों की जननी' कहा जाता है।

नगर निगम हेरिटेज की ओर से भी योग दिवस पर विभिन्न स्थानों पर योग के कार्यक्रम आयोजित कराए जा रहे है। 21 जून को हेरिटेज निगम ऐतिहासिक स्थलों पर शहरवासियों के साथ योग करेगा।

**ये भी रहे उपस्थित :** इस अवसर पर आयुक्त अरुण हसीजा, अतिरिक्त आयुक्त सुरेंद्र सिंह यादव, उपायुक्त सतर्कता पुष्पेंद्र सिंह राठौड़, चेयरमैन हेमेंद्र शर्मा, रजत विश्नोई, पवन शर्मा नटराज, ज्योति चौहान, अंशु शर्मा, धीरज शर्मा, रवि प्रकाश सैनी आदि मौजूद रहे।



## सेंट्रल पार्क में नि:शुल्क सरस योग संगम आज

जयपुर, 19 जून(ब्यूरो): अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व संध्या पर राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फैडरेशन की ओर से शुक्रवार शाम 5:30 बजे सेंट्रल पार्क में सरस योग संगम का आयोजन होगा। योग साधकों और आमजन को नि:शुल्क योगाभ्यास कराया जाएगा। साथ ही नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाया जाएगा जिसमें आमजन अपने स्वास्थ्य की जांच के साथ-साथ बीपी, शुगर जैसी जांच भी नि:शुल्क करा सकेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े होंगे। खेल एवं युवा मामलात विभाग के मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ और संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल के अलावा सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा भी कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फैडरेशन की प्रशासक एवं प्रबन्ध संचालक श्रुति भारद्वाज ने बताया कि आमजन को स्वास्थ्य के प्रति जागरुक करने और व्यवहारिक जीवन में योग की उपयोगिता को रेखांकित करने के उद्देश्य से सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। सरस योग संगम के अन्तर्गत डॉ. महेन्द्र सिंह राव के नेतृत्व में सामूहिक योग का आयोजन किया जाएगा।

केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने नवनिर्मित लेक्चर हॉल कॉम्प्लेक्स का किया उद्घाटन

# वैश्विक समाधानों का केंद्र बनेगा एमयूजे : धर्मेन्द्र प्रधान

जयपुर, 19 जून (ब्यूरो): केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने गुरुवार को मणिपाल यूनिवर्सिटी जयपुर (एमयूजे) के नवनिर्मित लेक्चर हॉल कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि एमयूजे को केवल अकादमिक और शोध संस्थान ही नहीं, वैश्विक चुनौतियों के समाधान का केंद्र बनना चाहिए। यहां से जॉब सीकर्स नहीं, जॉब क्रिएटर्स तैयार होने चाहिए। इस अवसर पर प्रधान ने विश्वविद्यालय परिसर में सिंदूर के पौधे का रोपण किया।



**ये भी रहे उपस्थित :** समारोह में युवा मामले एवं खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़, स्कूल शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भगीरथ चौधरी, जयपुर सांसद मंजू शर्मा, बगरू विधायक डॉ. कैलाशचंद वर्मा, मणिपाल एजुकेशन एंड मेडिकल ग्रुप के चेयरमैन डॉ. रंजन पई, सलाहकार अभय जैन, एमयूजे के प्रेसिडेंट डॉ. नीति निपुण शर्मा, प्रो.प्रेसिडेंट डॉ. करुणाकर, कोटेगर और रजिस्ट्रार डॉ. अमित सोनी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। स्वागत भाषण डॉ. करुणाकर, कोटेगर ने दिया व धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अमित सोनी ने किया।

**ये रहेगी इसमें सुविधा :** विशेष रूप से निर्मित लेक्चर हॉल कॉम्प्लेक्स आधुनिक स्थापत्य कला का उत्कृष्ट उदाहरण है, जिसमें जयपुर, जोधपुर और जैसलमेर की स्थापत्य विरासत की झलक दिखाई देती है। चार मंजिला भवन में सभी आधुनिक सुविधाओं से लैस आठ बड़े व्याख्यान कक्ष हैं, जिनमें प्रत्येक की क्षमता 180 विद्यार्थियों से अधिक है। इसके साथ ही विशाल फूड कोर्ट, कैफेटेरिया, सेमिनार हॉल, कॉन्फ्रेंस रूम और फैकल्टी ऑफिस भी हैं।

## जयपुर डिस्कॉम में बिजली चोरों के खिलाफ विशेष अभियान

जयपुर, 19 जून (ब्यूरो) : जयपुर डिस्कॉम के भवानी मंडी, बूंदी, सवाई माधोपुर, अलवर, भिवाड़ी में बिजली चोरी होने की सूचना पर सतर्कता शाखा की ओर से 18 व 19 जून को विशेष सतर्कता जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान टीमों ने 300 जगह छापे मारे, जिसमें 288 परिसरों में उपभोक्ताओं, गैर उपभोक्ताओं को मौके पर बिजली चोरी करते रंगे हाथ पकड़कर करीब 83 लाख का जुर्माना लगाया है।

अभियान में सतर्कता शाखा से भवानी मंडी, बूंदी, सवाई माधोपुर, अलवर, भिवाड़ी से 5 टीमों का गठन किया गया था। टीमों ने भवानी मंडी, बूंदी, सवाई माधोपुर, अलवर, भिवाड़ी के विभिन्न होटल, रेस्टोरेंट, ढाबे, पेट्रोल पंप एवं लोकल एरिया में विद्युत चोरी करने वालों को चिन्हित कर उनके परिसरों की जांच की।

# जेडीए की तीन आवासीय योजनाओं में वकीलों को आरक्षण से इनकार

## रेफरेंस याचिका खारिज

जयपुर, 19 जून (ब्यूरो): जेडीए अपीलीय अधिकरण ने जेडीए की तीन आवासीय योजनाओं गंगा विहार, यमुना विहार व सरस्वती विहार में वकीलों को 5 प्रतिशत आरक्षण का लाभ देने का आग्रह करने वाली रेफरेंस याचिका को खारिज कर दिया। अधिकरण ने कहा कि यह रेफरेंस याचिका पूरे अधिवक्ता समुदाय के लाभ व हित के लिए दायर हुई है और इसमें वकीलों के लिए आवास नीति को लागू करने का आग्रह किया है। ऐसे में यह याचिका जनहित याचिका की श्रेणी में है। इसलिए रेफरेंस याचिका को जनहित याचिका के तौर पर नहीं सुना जा सकता और ना ही अधिकरण को इसकी सुनवाई का ही क्षेत्राधिकार है। पीठासीन अधिकारी राजेश जैन ने यह आदेश गुरुवार को चंद्रहास सिंह की रेफरेंस याचिका खारिज करते हुए दिया।

प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता साकेत पारीक ने कहा कि राज्य सरकार की आवास नीति-2013 के तहत वकीलों को भी आरक्षण का लाभ देने के लिए कहा था, लेकिन जेडीए ने 2013 के बाद की किसी भी आवासीय योजना में वकीलों के लिए 5 फीसदी भूखंड आरक्षित नहीं रखे हैं। इसलिए राज्य सरकार से 2013 की नीति की क्रियांविति करवाई जाए और इन तीनों आवासीय योजनाओं में भी वकीलों के लिए भूखंड आरक्षित किए जाएं।

इसके जवाब में जेडीए के अधिवक्ता अमित कुड़ी ने कहा कि आवासीय नीति के तहत ग्रुप हाउसिंग के प्रोजेक्ट में वकीलों के लिए 5 फीसदी आरक्षण का प्रावधान किया था, ना कि सभी आवासीय योजनाओं में। इसके अलावा रेफरेंस पीड़ित व्यक्ति ही दायर कर सकता है, जबकि यह रेफरेंस याचिका पूरे वकील समुदाय को लाभांविति करने के लिए पीआईएल की तौर पर दायर हुई है। अधिकरण को ऐसी रेफरेंस याचिका को पीआईएल के तौर पर सुनवाई का ही क्षेत्राधिकार नहीं है। इसलिए रेफरेंस याचिका खारिज की जाए। अधिकरण ने जेडीए की दलीलों से सहमत होकर रेफरेंस याचिका खारिज कर दी।

## 50 दिवसीय जयपुर फुट शिविर में 1200 लोग होंगे लाभांवित

जयपुर, 19 जून (ब्यूरो): दक्षिण पूर्वी अफ्रीकी देश मोजाम्बिक की राजधानी मोपूता में विश्व प्रसिद्ध जयपुर फुट की 50 दिवसीय विशेष शिविर लगाकर 1200 मोजम्बिक विकलांगों को लाभांवित किया जाएगा।

**मोजाम्बिक की राजधानी मोपूता में लगेगा शिविर**

भारत सरकार के विदेश मंत्रालय और जयपुर फुट की निर्माता संस्था भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति (बीएमवीएसएस) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस शिविर का विधिवत उद्घाटन 24 जून को विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्द्धन सिंह करेंगे। इस अवसर पर मोजाम्बिक में भारत के उच्चायुक्त राबर्ट शेटकिनटांग और बीएमवीएसएस के अध्यक्ष सतीश मेहता भी उपस्थित रहेंगे। बीएमवीएसएस का 13 सदस्यीय तकनिकी दल मोपूता रवाना हो गया। इस शिविर के विष्णुकांत शर्मा प्रशासनिक अधिकारी हैं।

बीएमवीएसएस के संस्थापक और मुख्य संरक्षक डीआर मेहता ने बताया कि मोजाम्बिक ऐसा 45वां देश हैं, जहां इस तरह के विशेष शिविर का आयोजन किया गया हैं। अब तक तीस वर्षों में बीएमवीएसएस एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका के देशों में एक लाख लोगों को चलने फिरने योग्य बना चुका है।

## अनंतपुरा गांव में अतिक्रमण हटाने पर ग्रामीणों का हंगामा

हरमाड़ा, 19 जून (ब्यूरो):चौमूं उपखंड के अनंतपुरा गांव में बुधवार को अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान हंगामा हो गया। तहसीलदार विजयपाल विश्नोई के नेतृत्व में प्रशासनिक और पुलिस टीम गांव पहुंची, जहां रास्ते पर किए गए अतिक्रमण को हटाने की प्रक्रिया शुरू की गई। लेकिन स्थानीय ग्रामीणों ने इस कार्रवाई का विरोध करते हुए विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में कुछ ग्रामीण तहसीलदार और पुलिस अधिकारियों के सामने हाथ जोड़कर कार्रवाई रोकने की विनती करते नजर आ रहे हैं।

ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासन द्वारा भेदभावपूर्ण रवैया अपनाया जा रहा है और चुनिंदा लोगों के खिलाफ ही कार्रवाई की जा रही है। चौमूं थाना प्रभारी प्रदीप शर्मा ने बताया कि कार्रवाई में बाधा डालने और शांतिभंग करने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि यह कार्रवाई पूरी तरह से नियमानुसार की गई है और गांव के सार्वजनिक रास्ते को अवैध अतिक्रमण से मुक्त कराया गया है। इस घटनाक्रम के बाद गांव में कुछ समय के लिए तनाव का माहौल रहा, हालांकि मौके पर मौजूद पुलिस बल ने स्थिति को संभाल लिया। फिलहाल गांव में शांति बनी हुई है लेकिन स्थानीय लोगों में प्रशासन के प्रति नाराजगी देखी जा रही है। प्रशासन की ओर से यह स्पष्ट किया गया है कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी और किसी भी प्रकार की बाधा या विरोध करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# स्काउटिंग तैयार करती है राष्ट्र के सच्चे सेवक : कसाना

## स्काउट गाइड संघ का अभिरुचि शिविर जारी

कोटपूतली-बहरोड़, 19 जून (आनंद पंडित): स्काउट व गाइड संघ कोटपूतली द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन कौशल विकास एवं अभिरुचि शिविर लगातार जारी है। इस दौरान पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरुप कसाना मुख्य अतिथि के रुप में शामिल हुए। स्काउट्स की सलामी के साथ उनका भव्य स्वागत किया गया। कसाना ने स्काउट्स एवं गाइड्स को संबोधित करते हुए कहा कि स्काउटिंग केवल एक गतिविधि नहीं, बल्कि यह एक ऐसी पाठशाला है, जो देश के लिए समर्पित सुनागरिकों को तैयार करती है। यहां बच्चों को अनुशासन, आत्मनिर्भरता और राष्ट्र सेवा का जो संस्कार दिया जाता है, वही आने वाले भारत की नींव है। शिविर संचालक अतुल कुमार आर्य ने शिविर की गतिविधियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। सह-संचालक हरसहाय गुर्जर ने आभार प्रकट किया। सीताराम गुप्ता ने भी स्मृति चिन्ह भेंट कर विशिष्ट अतिथियों का अभिनंदन किया। संचालन सचिव रामबीर यादव द्वारा किया गया। इस दौरान आदित्य सिंह, अजय छीपी, जयसिंह यादव, पप्पू यादव, सुरेन्द्र सैनी, संदीप जांगिड़, देवराज कुमावत सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने मंत्रमुग्ध कर दिया।



*कोटपूतली: शिविर का उद्घाटन करते पूर्व संसदीय सचिव कसाना।*

## मारपीट, लूट और धोखाधड़ी के मामले में एक आरोपी दबोचा

सीकर, 19 जून (मुकेश पारीक): सीकर जिले की दादिया थाना पुलिस ने कार्रवाई करते मारपीट, लूट और धोखाधड़ी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने शिकायतकर्ता को गाड़ी में बैठाकर पैसे छीन लिए और मारपीट कर भाग गए थे। पुलिस ने बताया कि 11 जनवरी 2025 को झुंझुनूं के बडा गांव निवासी विजेश कुमार ने दादिया थाने में शिकायत दर्ज कराई थी।

उन्होंने बताया कि वह अपने दोस्त विनोद से मिलने जगमालपुरा गए थे। वहां विनोद के साथी अनिल उर्फ भोला ने उन्हें दिनारपुरा चलने को कहा। इसके बाद भोला और दयानंद उर्फ कालु ने साजिश रचकर विनोद को कैम्पर गाड़ी में बिठाया और विजेश के फोन-पे से 30 हजार रुपए कालू, राजेश के नंबर पर ट्रांसफर करवा लिए। जब विनोद ने विजेश को फोन कर मारपीट की जानकारी दी तो विजेश और उनका दोस्त सचिन मौके पर पहुंचे। वहां कालु, राजेश, ओमप्रकाश और तीन-चार अन्य लोगों ने उनकी पिकअप गाड़ी में टक्कर मारकर तोड़फोड़ की और जानलेवा हमला किया। आरोपियों ने विजेश की जेब से 14 हजार रुपए कैश भी छीन लिए। विजेश और उनके साथी किसी तरह जान बचाकर भागे।

मामले की गंभीरता को देखते हुए थानाधिकारी अशोक कुमार के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने तकनीकी सहायता से जांच शुरू की। मुखबिर की सूचना पर आरोपी राजेश कुमार (48) को दिनारपुरा से गिरफ्तार किया गया।

## परिवार को कमरे में बंद कर लाखों की चोरी

सीकर, 19 जून (मुकेश पारीक) : जिले के खंडेला थाना क्षेत्र में चोरी की बड़ी वारदात का खुलासा करते हुए पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर रात के समय एक घर में पीछे से खिड़की तोड़कर घुसकर लाखों की चोरी की थी। चोरों ने घर के सदस्यों को एक कमरे में बंद कर बाहर से कुंडी लगा दी थी।

पुलिस के अनुसार, सुहागपुरा निवासी मोहनलाल महरिया ने 4 जुलाई 2024 को रिपोर्ट दी थी कि चोरों ने उनके घर के पीछे का जंगला उखाड़ा और अलमारी का ताला तोड़कर सोने की चैन, हमैल, चूड़ियां, नथ, चांदी की पायजेब, सिक्के, मंगलसूत्र, 1.50 लाख रुपए नकद और करीब 20 जोड़ी लहंगे सहित अन्य कीमती सामान चुरा लिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने जांच शुरू की और तकनीकी साक्ष्य व मुखबिर की सूचना के आधार पर मुख्य आरोपी हजारीलाल मीणा (55) निवासी नयाबास, नीमकाथाना को गिरफ्तार कर लिया।

## खैरथल में बिजली चोरों पर बड़ी कार्रवाई, 28 लाख का जुर्माना

खैरथल, 19 जून (दिनेश माखीजा): विद्युत चोरी के खिलाफ जयपुर डिस्कॉम ने बुधवार सुबह एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। अधीक्षण अभियंता जे.पी. बैरवा के निर्देशन एवं अधिशाषी अभियंता राम रतन के नेतृत्व में प्रात: 4 बजे शुरू हुए इस विशेष छापेमारी अभियान में खैरथल कस्बा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली चोरों की धरपकड़ की गई।

इस दौरान विभाग की अलग-अलग टीमों ने विभिन्न स्थानों पर दबिश दी और कुल 35 मामलों में विद्युत चोरी पकड़ी गई। इन मामलों में अवैध रूप से बिजली का उपयोग करते पाए गए उपभोक्ताओं के कनेक्शन तुरंत काट दिए गए और मौके से उपयोग में ली गई अन्य सामग्री भी जब्त की गई।

# रेनबो राएट फेस्ट: पहले दिन निकाली एलजीबीटीक्यू कार रैली

जयपुर, 19 जून (ब्यूरो): देश की पहली प्राइड एलजीबीटीक्यू प्लस कार रैली जयपुर में निकाली गई। इसमें प्राइड रेनबो थीम पर सजी 50 से अधिक कारें शामिल हुईं। इसी के साथ रेनबो राएट व वसुधा जन विकास संस्थान द्वारा आयोजित तीन दिवसीय रेनबो राएट फेस्ट-2025 की विधिवत शुरुआत हुई। राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) से शुरु हुई यह रैली मालवीय नगर, महल रोड होते हुए प्रताप नगर के एनआरआई सर्किल पहुंची और इसी रूट से वापस होते हुए आरआईसी पहुंचकर समाप्त हुई।

ट्रांसजेंडर कम्युनिटी के सर्जन डॉ. नकुल सोमानी ने रैली की फ्लैग ऑफ कर शुरूआत की। गेस्ट ऑफ ऑनर एंट्रप्रिन्योर अदिति शर्मा और एनसीसी ऑफिसर पूजा शेखावत रहे। वसुधा जन विकास संस्थान की डायरेक्टर मोना शर्मा ने बताया कि रैली में विभिन्न स्लोगन और एलजीबीटीक्यू के प्रतीक रेनबो फ्लैग लिए कम्युनिटी से जुड़े लोग व विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

**रैली में ये भी रहे मौजूद :** रैली में एलजीबीटीक्यू प्लस कम्युनिटी से प्रथम पासपोर्टधारी ट्रांसजेंडर रोजी बरोलिया, नंदिनी सिंह, रितिका सिंह, ट्रांस एक्टिविस्ट नूर शेखावत, शानू टिंबोली, फ्लोरिया, गौरीक, मानव जोशी, तानिष्क सोनी, प्रिया शर्मा के साथ एलजीबीटीक्यू राइट एक्टिविस्ट सुधांशु, दिव्या शर्मा, रान्या अग्रवाल, सौम्या शर्मा, रागिनी अग्रवाल सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।






*जयपुर : कार रैली में शामिल महिलाएं व झण्डी दिखाकर रवाना करते अतिथि।*

## सोशल मीडिया फ्रेंड से मिलने 2500 किमी दूर नवलगढ़ पहुंची मेघालय की युवती

नवलगढ़/झुंझुनूं, 19 जून (राजकुमार/अमित भारद्वाज): क्या आप कल्पना कर सकते हैं कि सोशल मीडिया पर हुई एक दोस्ती किसी लड़की को 2500 किलोमीटर दूर ले जा सकती है? वो भी बिना किसी जानकारी और सुरक्षा के। राजस्थान में झुंझुनूं जिले के नवलगढ़ कस्बे में ऐसी ही एक सनसनीखेज घटना सामने आई, जब मेघालय की एक 18 वर्षीय युवती अपने इंटरनेट वाले लवर फ्रेंड के झांसे में आकर अकेली ही यहां पहुंच गई। लेकिन कहानी में ट्विस्ट तब आया, जब युवक की नीयत पर शक होने पर युवती ने रात के अंधेरे में खेतों से भागकर जान बचाई।

एसपी देवेन्द्रसिंह राजावत ने बताया कि गुरुवार सुबह 8 बजे पुलिस को सूचना मिली कि नवलगढ़ के बावड़ी गेट बस स्टैंड के पास स्थित मिठूका धर्मशाला में एक युवती लगातार रो रही है। पास में मौजूद लोगों ने उससे बात की तो उसने जो आपबीती सुनाई, उससे हर कोई दंग रह गया। युवती बोली कि मेरे इंस्टाग्राम और फेसबुक पर एक युवक से दोस्ती हुई। उसने शादी का वादा किया और मिलने के लिए नवलगढ़ बुलाया। लेकिन यहां आकर उसकी नीयत पर शक हुआ, तो रात में मौका देखकर भाग गई।

**गुमशुदगी मेघालय में दर्ज पाई गई:** नवलगढ़ थाना प्रभारी सीआई सुगन सिंह बिजारणिया ने महिला कांस्टेबल के साथ तुरंत मौके पर पहुंचकर युवती से पूछताछ की। नाम श्रीदेवी (बदला हुआ) और निवास अपर बागान, देहल री भोई, मेघालय बताया। पुलिस ने जब मेघालय पुलिस और युवती के परिजनों से संपर्क किया, तो पता चला कि गुमशुदगी की रिपोर्ट पहले ही दर्ज है।

● कोटपूतली ● पावटा ● शाहपुरा ● सांभर ● फुलेरा ● मनोहरपुर ● चाकसू ● बस्सी ● दूदू ● चौमूं ● फागी

# नकली नोटों का गोरखधंधा करने वाले गिरोह का भंडाफोड़, एक काबू

## 500-500 के 4 लाख 3 हजार नकली नोट बरामद, एसओजी जयपुर व अमरसर पुलिस की संयुक्त कार्रवाई

शाहपुरा, 19 जून (गोपाल शर्मा): शाहपुरा उपखंड के ग्राम करीरी के पास एओजी जयपुर व अमरसर पुलिस ने कार्यवाही करते हुए एक व्यक्ति से 500-500 रुपए के 4 लाख 3 हजार के नकली नोट बरामद कर आरोपी को बाइक सहित गिरफ्तार कर लिया।

जयपुर ग्रामीण एसपी आनन्द शर्मा ने बताया कि उप महानिरीक्षक एसओजी पारिस देशमुख द्वारा गठित एसओजी टीम के सदस्य सीआई विजय कुमार राय को अमरसर थाना क्षेत्र में नकली नोटों की सप्लाई व छपाई बाबत सूचना के बाद थानाधिकारी अरूण सिंह, एसओजी व डीएसटी टीम जयपुर ग्रामीण के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने सूचना के बाद करीरी सती माता मंदिर के पास नाकाबंदी शुरू की। नाकाबंदी के दौरान मोटरसाइकिल सवार श्याम मोहल्ला बिलान्दरपुर निवासी रघुविन्द्र सिंह उर्फ राघवेन्द्र (28) के पास 500-500 रुपए के 4 लाख 3 हजार रुपए नकली नोट मिले जिसके बाद नकली नोटों को बरामद कर आरोपी को बाईक सहित गिरफ्तार कर लिया।



*शाहपुरा : पुलिस गिरफ्त में नकली नोट का आरोपी (इनसेट में) नकली नोट।*

विगत 14 मार्च को भी अमरसर थाना क्षेत्र के धानोता में एक बीएड कॉलेज के छात्र सचिन यादव निवासी ढ़ाणी हरदाकावाली बिलांदरपुर के पास को गिरफ्तार कर उसके पास से 1 लाख 5 हजार के नकली नोट और नकली नोट बनाने के काम आने वाला प्रिंटर, अलग अलग रंगो की स्याही व पेपर सहित अन्य सामग्री बरामद की थी और उससे पुछताछ के बाद सुरेन्द्र सैन नांगल कोजू (गोविंदगढ़) को भी गिरफ्तार किया था।

## सोशल मीडिया पर की हथियारों की पोस्ट, आरोपी दबोचा

कोटपूतली-बहरोड़, 19 जून (आनंद पंडित): सोशल मीडिया पर हथियारों के साथ रोबिनहुड जैसी पोस्ट डालने वालों के खिलाफ पुलिस ने कड़ा रुख अपनाते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई विशेष अभियान के तहत कोटपूतली थाना पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने की। कोटपूतली-बहरोड़ एसपी राजन दुष्यंत के आदेश पर एएसपी वैभव शर्मा, डीएसपी राजेन्द्र बुरड़क और थानाधिकारी राजेश शर्मा के निर्देशन में गठित विशेष टीम ने सोशल मीडिया पर असामाजिक तत्वों की निगरानी शुरू की। बीट कांस्टेबलों, सूचना अधिकारियों और मुखबिरों की सहायता से इंस्टाग्राम पर अवैध हथियारों के साथ पोस्ट करने वालों की पहचान की गई। जांच के दौरान एक अकाउंट में अवैध हथियार के साथ फोटो और वीडियो अपलोड करने वाला युवक सचिन सामने आया। पुलिस ने उस पर मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू की और उसे तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर गिरफ्तार कर लिया। अब आरोपी से सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए हथियार के स्रोत और उद्देश्य को लेकर गहन पूछताछ की जा रही है।

## कार और बाइक की भिड़ंत में दो घायल


चाकसू, 19 जून (आमीन खान): गुरुवार दोपहर को चाकसू के कोटखावदा रोड स्थित कृषि मंडी के पास एक दर्दनाक हादसा हो गया। मंडी के कांटे के सामने कार और मोटरसाइकिल की आमने-सामने भिड़ंत में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तेज रफ्तार कार और बाइक की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि आवाज सुनते ही आसपास के लोग मौके पर दौड़ पड़े। लोगों ने तुरंत एंबुलेंस और पुलिस को सूचना दी। थोड़ी ही देर में पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए उपजिला अस्पताल भिजवाया। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि कोटखावदा मोड़ से मंडी तक का रास्ता अत्यधिक व्यस्त हो चुका है।


**पश्चिम मध्य रेल**

कैटलॉग न. : DKNT-PKG-2025
अनुबंध का प्रकार : पार्किंग, ई-नीलामी की तिथि एवं समय : 04.07.2025 समय 12.00 बजे, कैटलॉग की विस्तृत जानकारी वेबसाईट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। (हस्ता)
वरि. मंडल वाणिज्य प्रबंधक
पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा
स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर



**शहीद परिवार फंड-दानियों की सूची**
20.06.2025

सोपोर (जम्मू एवं कश्मीर) में शहीद हुए मोहम्मद अमीन की विधवा शमीमा बेगम को 1 लाख रुपए की एफ.डी.आर. देते हुए ट्रस्टी मंगत राम पासला।



स्व. श्रीमती सुरेन्द्र कौर की पहली पुण्यतिथि पर पति कैप्टन हरभजन सिंह रूपराय ने नवांशहर से 11000/- रुपए भेजे।



स्व. श्रीमती सुशीला रानी शर्मा की 18वीं पुण्यतिथि पर उनके पुत्र शशि कुमार शर्मा और शशि भूषण शर्मा ने धर्मशाला से 4100/- रुपए भेजे।

| | |
|---|---|
| हरभजन राय रूपराय, नवांशहर (रसीद न. 95239) | 11000.00 |
| शशि कुमार, धर्मशाला (रसीद नं. 95240) | 4100.00 |
| रसीद नं. 96988 से 97055 दिनांक 18.06.2025 तक तमुदान | 2785.00 |
| आज का योग | 17,885.00 |
| पिछला योग | 45,92,194.61 |
| कुल योग | 46,10,079.61 |
| आज शमीमा बेगम को दी गई एफ.डी.आर. | 1,00,000.00 |
| इस वित्त वर्ष 6 परिवारों को दी एफ.डीज | 5,50,000.00 |
| शेष योग | 39,60,079.61 |
| बैंक में पड़ी एफ.डीज + ब्याज | 2,66,58,613.70 |
| 10627 पीड़ित परिवारों को दी गई राशि | 19,29,04,900.00 |
| कुल राशि | 22,35,23,593.31 |

1. फोटो 4100 रुपए या अधिक देने वालों की छपेगी।
2. नकद व ड्राफ्ट कार्यालय में 12 से 8 PM. तक दें।
3. NEFT के लिए-यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, सिविल लाइंस, जालंधर। A/c. No. 308302010024188, IFSC Code: UBIN0530832.
4. दानी सज्जन राशि ट्रांसफर करके 9872457650 पर व्हाट्सएप करें तथा अपना आधार या पैन नंबर साथ जरूर भेजें।

दान यहां भेजें : शहीद परिवार फंड
पंजाब केसरी ग्रुप, सिविल लाइंस, जालंधर-144001
Donation Eligible U/s 80G Income Tax

## भामाशाह द्वारा दान दी जमीन पर ट्रोमा सेंटर व अस्पताल बनाने की मांग

शाहपुरा, 19 जून (गोपाल शर्मा): कस्बें के राजकीय उप जिला अस्पताल व ट्रोमा सेंटर का निर्माण ग्राम बिदारा में भामाशाह द्वारा दी गई जमीन पर बनाने की मांग को लेकर गुरूवार को ग्रामीणों ने एसडीएम संजीव कुमार खेदड़ को ज्ञापन सौंपा।

पीसीसी सचिव प्रवीण व्यास, पूर्व पार्षद रामावतार गुर्जर, रोहिताश भडाणा, गोपाल रावत, विशाल पलसानिया, रोहिताश खोस्या सहित अनेक लोगो ने ज्ञापन द्वारा बताया कि ट्रोमा सेंटर व अस्पताल निर्माण के लिए ग्राम बिदारा में आरटीओ आफिस के पास एक दानदाता द्वारा जमीन दी गई थी और चिकित्सा विभाग द्वारा भवन निर्माण के लिये टैंडर प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई। लेकिन कुछ लोगों द्वारा राजनैतिक कारणों व निजी स्वार्थ के लिए भवन को अन्यत्र स्थान पर ले जाना चाहते है जो जनभावनाओं के खिलाफहै जिस पर एसडीएम खेदड़ ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## अचरोल से प्रॉपर्टी व्यवसायी का अपहरण

### दो घंटे में पुलिस ने करवाया मुक्त, तीन आरोपी गिरफ्तार, कार जब्त



मानपुरा माचेड़ी, 20 जून (ब्यूरो): चंदवाजी थाना क्षेत्र के अचरोल कस्बे में बुधवार शाम उस समय सनसनी फैल गई जब एक प्रॉपर्टी व्यवसायी का अपहरण कर लिया गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मात्र दो घंटे के भीतर व्यवसायी को मुक्त करवा लिया और तीन अपहरणकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने अपहरण में प्रयुक्त कार को भी जब्त किया है।

जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक आनंद शर्मा ने बताया कि बुधवार शाम कंट्रोल रूम के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि राहुल यादव के चाचा गोपाल यादव (उम्र 50 वर्ष), निवासी ढाणी तेजाला वाली, अचरोल, को 3-4 अज्ञात व्यक्ति जबरन गाड़ी में डालकर अपहरण कर ले गए हैं। सूचना मिलते ही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रजनीश पूनियां, वृत्ताधिकारी जमवारामगढ़ प्रदीप यादव के सुपरविजन में थानाधिकारी हीरालाल सैनी के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम गठित की गई। टीम ने तकनीकी सहायता और स्थानीय सूचना तंत्र की मदद से संदिग्ध वाहन की तलाश शुरू की। पुलिस टीम ने जमवारामगढ़, आंधी और रायसर क्षेत्र में पीछा करते हुए दौसा रोड स्थित पंडित होटल के पास एक संदिग्ध कार को रोका। जांच में कार से अपहृत गोपाल यादव के साथ तीन आरोपी - विक्की उर्फ विक्रम चौधरी निवासी नारदपुरा (थाना आमेर), नेत्रपाल सिंह निवासी नांगल बानी (थानागाजी, जिला अलवर), तथा विपिन उर्फ विभूत सिंह जाट निवासी जयसिंहपुरा खोर को गिरफ्तार कर लिया गया।


**आम सूचना** यह कि एक आवासीय भुखण्ड सख्या. 1-ए, बुद्धा विहार, रामनगरिया, सांगानेर, जयपुर क्षे. 102.22. वर्ग गज सर्व प्रथम शिवशंकर हाउसिंग को-आपरेटिव सोसायटी लि द्वारा श्री श्रीनारायण मीणा को जरिये आवंटन पत्र दिनांक 17.07.2006 द्वारा आवंटित की गई थी। ततपश्चात् समिति द्वारा उक्त का हस्तांतरण दिनांक 01.02.2020 को श्री प्रभूदयाल यादव पुत्र स्व. बद्री प्रसाद यादव को किया गया। ततपश्चात् श्री प्रभूदयाल यादव का निधन दिनांक 10.11.2023 को हो जाने पर उनके विधिक वारिसान जिसमें श्रीमती सुरमा देवी (पत्नी), श्री जितेन्द्र यादव (पुत्र) तथा श्रीमती सुनीता यादव (पुत्री) द्वारा उक्त भुखण्ड सख्या. 1-ए, क्षे. 102.22 वर्ग गज में निहित अपने हिस्से का त्याग श्री विक्रम यादव पुत्र स्व. प्रभूदयाल यादव को किया जा रहा है। अब श्री विक्रम यादव, श्रीमती सुरमा देवी एंव उनकी संस्थान M/s Jaipur Tiles and Sanitary Wares के द्वारा उक्त खण्ड सख्या. 1-ए, क्षे. 102.22 वर्ग गज को बंधक रख कर Aditya Birla Capital Ltd से ऋण लिया जा रहा है। यदि उक्त भूखण्ड के स्वामित्व अथवा स्व. श्री प्रभूदयाल यादव के वारिसान तथा किये जा रहे हक त्याग के सम्बंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज सात दिन में पेश करें। बाद मियाद Aditya Birla Capital Ltd द्वारा उक्त को बंधक कर लिया जावेगा तथा आपत्ति अमान्य होगी। **वास्ते आर.एम.वी.लॉ एसोसिएट्स**
**मनोज कुमार शर्मा, एडवोकेट-9660333985,9079815511**



**कार्यालय अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त, लाईसेन्सिग एवं लीगल, जयपुर**
**NOTICE**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री श्याम शरण कूलवाल पुत्र श्री चिरंजीलाल कूलवाल निवासी वार्ड नम्बर 09 तहसील के पास चाकसू जिला जयपुर को प्रस्तावित स्थल प्लॉट नं. 16,17,18,19,20 व 21 मंगल विहार गांव चाकसू जिला जयपुर पर विस्फोटक आतिशबाजी (विनिर्मित आतिशबाजी-300 कि.ग्रा. व स्पार्कलर्स-1200 कि.ग्रा.) भण्डारण एवं विक्रय हेतु दुकान का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है, दुकान निर्माण से पूर्व अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किया जाना प्रस्तावित है। यदि लोक हित में किसी को कोई आपत्ति हो तो लिखित रूप में अपनी आपत्ति दिनांक 12.07.2025 तक इस कार्यालय में पेश करे। उक्त अवधि तक कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर आवेदक को उक्त स्थल पर विस्फोटक आतिशबाजी भण्डारण एवं विक्रय हेतु दुकान निर्माण हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किये जाने की अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।
**(प्यारे लाल मीना) अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त, लाईसेन्सिग एवं लीगल, जयपुर**



**कार्यालय नगर परिषद् कोटपूतली (कोटपूतली-बहरोड़)**
क्रमांक: न.प.कोट./भूमि/2025/979 दिनांक: 19.06.25
प्रारूप-10 (नियम 6 (7)
-: लोक सूचना :-
आवेदनकर्ता श्री बबलू राम पुत्र श्री कैलाश चन्द्र जाति गुर्जर निवासी नांगल चेचीका, कोटपूतली, श्री मुकेश चनेजा पुत्र श्री ख्यालीराम जाति गुर्जर निवासी अमाई, तहसील कोटपूतली व श्री महेन्द्र सराधना पुत्र श्री बुलाराम जाति गुर्जर निवासी कोटपूतली ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर-कृषित **प्रयोजन (आवासीय)** उपयोग हेतु ऐसी भूमि अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है। अर्थात:-

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा नंबर | क्षेत्र | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|
| कोटपूतली-बहरोड़, कोटपूतली | बूचाहेड़ा (कोटपूतली) | 2525/2517, 2527/685, 2529/686 | 0.7312 है. | आवासीय |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 1963 के अधिनियम पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन कर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर किसी कार्यालय दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अद्योहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थन दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।
उपर्युक्त वर्णित समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निस्तारण किया जाएगा।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर मुहर के अधीन ......... को जारी की गई है।
**ह./- प्राधिकृत अधिकारी, नगरपरिषद् कोटपूतली**



**कार्यालय नगर परिषद् कोटपूतली (कोटपूतली-बहरोड़)**
क्रमांक: न.प.कोट./भूमि/2025/982 दिनांक: 19.06.25
प्रारूप-10 (नियम 6 (7)
-: लोक सूचना :-
आवेदनकर्ता श्री मुकेश चनेजा पुत्र श्री ख्यालीराम जाति गुर्जर निवासी अमाई, तहसील कोटपूतली ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर-कृषित **प्रयोजन (आवासीय)** उपयोग हेतु ऐसी भूमि अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है। अर्थात:-

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा नंबर | क्षेत्र | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|
| कोटपूतली-बहरोड़, कोटपूतली | पूतली (कोटपूतली) | 1178/24 | 0.1500 है. | आवासीय |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 1963 के अधिनियम पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन कर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर किसी कार्यालय दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अद्योहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थन दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।
उपर्युक्त वर्णित समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निस्तारण किया जाएगा।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर मुहर के अधीन .......... को जारी की गई है।
**ह./- प्राधिकृत अधिकारी, नगरपरिषद् कोटपूतली**



**कार्यालय नगर परिषद् कोटपूतली (कोटपूतली-बहरोड़)**
क्रमांक: न.प.कोट./भूमि/2025/976 दिनांक: 19.06.25
प्रारूप-10 (नियम 6 (7)
-: लोक सूचना :-
आवेदनकर्ता श्री मुकेश कुमार गुर्जर पुत्र श्री ख्यालीराम गुर्जर जाति गुर्जर निवासी अमाई, तहसील कोटपूतली व श्री लालाराम पुत्र श्री छाजूराम यादव जाति अहीर निवासी ढाणी सूरज सेठ की, नांगल पंडितपुरा, कोटपूतली ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर-कृषित **प्रयोजन (आवासीय)** उपयोग हेतु ऐसी भूमि अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है। अर्थात:-

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा नंबर | क्षेत्र | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|
| कोटपूतली-बहरोड़, कोटपूतली | बूचाहेड़ा (कोटपूतली) | 2503/1644 | 1.3560 है. | आवासीय |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 1963 के अधिनियम पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन कर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर किसी कार्यालय दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अद्योहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थन दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।
उपर्युक्त वर्णित समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निस्तारण किया जाएगा।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर मुहर के अधीन .......... को जारी की गई है।
**ह./- प्राधिकृत अधिकारी, नगरपरिषद् कोटपूतली**



**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी :- नगर परिषद शाहपुरा (जयपुर)**
सं. 979 दिनांक : 19.06.2025
**लोक सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है ने निम्नांकित भूमि का गैर कृषिक प्रयोजन आवासीय के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात् :-

| क्र. सं. | खातेदार/आवेदक का नाम | तहसील का नाम | राजस्व ग्राम | खसरा नं. | ऑन लाईन आवेदन क्रमांक | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री तिलक वर्मा पुत्र श्री नाथू लाल वर्मा, निवासी-श्री राम नगर कॉलोनी वार्ड नं. 39 सांगानेर बाजार, जयपुर। | शाहपुरा | घासीपुरा | राजस्व ग्राम घासीपुरा खसरा नं. 74/1271,75 | 2025 26/105096 | आवासीय प्रयोजन वर्गमीटर 16500 |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक.......को जारी की गयी।
**ह./-प्राधिकृत अधिकारी**
**आयुक्त, नगर परिषद शाहपुरा, जयपुर**



**Rajasthan State Road Development And Construction Corporation Ltd.,JAIPUR.**
**No.** NIT/2025-26/9380-93 **Date:** 19.06.2025
निविदा सूचना/2025-26
निम्नलिखित कार्यों के लिए केन्द्र/राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागों एवं उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत एवं अनुभवी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है:

| कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत (रु.) | निविदा सूचना संख्या |
|---|---|---|
| Treatment of CC Road on Jodhpur-Osian-Phalodi Road. **UBN: RRC2526WSOB00315** | **12.91 Lakh** | ई-170/ 25-26 |
| SITC of Fire Fighting, MGPS and Bed Elevator work in CCB at District Nagaur. **(03 No. worksh) UBN : (1)RRC2526WSOB00318 (2)RRC2526WSOB00319 (3)RRC2526WSOB00320** | **236.89 Lakh** | ई-171/ 25-26 |
| SITC of Fire Fighting, MGPS and Bed Elevator work in CCB at District Bhilwara. **(03 No. works) UBN: (4)RRC2526WSOB00321 (5)RRC2526WSOB00322 (6)RRC2526WSOB00323** | **124.78 Lakh** | |
| Electrification and ELV, Air conditioning, Fire Fighting and Bed Elevators work in CCB at Bharatpur. **(04 No. works) UBN : (1)RRC2526WSOB00327 (2)RRC2526WSOB00330 (3)RRC2526WSOB00331 (4)RRC2526WSOB00332** | **388.39 Lakh** | ई-172/ 25-26 |

निविदा से सम्बन्धित प्रपत्र में निविदा शुल्क, धरोहर राशि, डाउनलोड करने व खोलने की तारीख सहित सम्पूर्ण विवरण एवं संशोधन वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.nic.in तथा http://pwd.rajasthan.gov.in/rsrdc पर देखा जा सकता है। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है। **महाप्रबंधक**


## सामोद अस्पताल में डॉक्टरों की हड़ताल जारी

हरमाड़ा, 19 जून (ब्यूरो): सामोद के सरकारी अस्पताल में डॉक्टरों की हड़ताल तीसरे दिन भी जारी रही। यह हड़ताल अस्पताल परिसर में मरीज के परिजनों द्वारा किए गए हंगामे और डॉक्टरों से दुर्व्यवहार के विरोध में की जा रही है। घटना को एक सप्ताह से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन अब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से चिकित्सा कर्मियों में आक्रोश है। घटना के तुरंत बाद डॉक्टरों ने सामोद थाने में राजकार्य में बाधा और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का मामला दर्ज करवाया था। बावजूद इसके, पुलिस की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इससे नाराज होकर डॉक्टरों ने हड़ताल का रुख अपनाया। हड़ताल के चलते अस्पताल में केवल आपातकालीन सेवाएं ही संचालित की जा रही हैं।


**Classified Ads**

**जन्मतिथि- नाम-परिवर्तन**

मेरे पुत्र आदेश यादव के शैक्षणिक दस्तावेजों में गलती से उसकी माता का नाम अनिता यादव दर्ज हो गया, जबकि सभी दस्तावेजों के अनुसार उसका वास्तविक नाम अनिता देवी है। अत: मेरे पुत्र आदेश यादव के सभी शैक्षणिक दस्तावेजों में उसकी माता का नाम अनिता देवी लिखा, पढ़ा व समझा जावे। -प्रकाश चंद यादव पुत्र श्री जगदेव यादव निवासी फतेहपुरा कलां तहसील- कोटपूतली, जिला-जयपुर, हाल जिला-कोटपूतली-बहरोड़ (राज.)।

मैं, नं 16034866K रैंक राइफल मैन नितिन देवडा17 राज रिफ सवाईमान मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरे पिताजी का नाम Bhupendra singh गलत दर्ज है जबकि सही नाम Bhupendr Singh है वाया शपथ पत्र नोटरी पब्लिक जयपुर।

I, DURGAWATI DABI Mother of Army No. 19001421A Rank L/HAV, Name- Bharat Singh Yadav R/o Nuwan, Alawalpur Afga, Ghazipur, Uttar Pradesh-233222 in my son service record my name is DURGAWATI DABI and DOB 10.07.1968 wrongly mentioned. Whereas Correct Name is DURGAVATI DEVI and DOB 01.01.1970 Vide Affidavit No.IN-RJ13101125072254X Dt. 19.06.2025 Notary Public Jaipur.

I have Change my name Shanaz Parveen to Shehnaz Parveen for all purpose add. 1415, Surya Bhawan, choukdi Ghatgate, Ramganj Bazar, Agrwal Dharmshala ke pas, Jaipur (Raj) 302003.

We Ali Hassan Sirajuddin/ Fatima Hassan parents of MAHREEN. We have changed name our's daughter MAHREEN to MAHREEN HASSAN for all purpose. Address. 1739, takiya adam shah ghat gate Jaipur. Rajasthan -302003.


## बिना लाइसेंस बेचा जा रहा 120 बैग यूरिया जब्त

कोटपूतली-बहरोड़, 19 जून (आनंद पंडित): राज्य सरकार द्वारा किसानों को निर्धारित दरों पर गुणवत्तायुक्त उर्वरक और कृषि आदान उपलब्ध कराने के उद्देश्य से चलाए जा रहे गुणवत्ता नियंत्रण अभियान के तहत बुधवार को बड़ी कार्रवाई की गई। बानसूर के ग्राम महनपुर में अवैध रुप से विक्रय के लिए लाए गए 120 यूरिया बैग कृषि विभाग ने जब्त किए। कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक महेंद्र जैन ने बताया कि विभाग को सूचना मिली थी कि स्थानीय व्यक्ति बंशीधर सिलाई का काम करता है और वह बिना लाइसेंस के यूरिया बैग किसानों को बेचने के लिए लाया है। सूचना मिलते ही विभागीय उर्वरक निरीक्षकों की टीम को मौके पर भेजा गया, जहां जांच के दौरान उक्त बैग अवैध पाए गए।

उप निदेशक उद्यान और कृषि अधिकारी यादराम के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए सभी 120 बैग जब्त कर उन्हें बानसूर स्थित जीएसएस में सुरक्षित रखा गया।

## मंदिर भूमि पर कब्जे को लेकर कलेक्टर से शिकायत

### नागाजी की गौर से भी उठी जनसमस्याओं की आवाज

कोटपूतली-बहरोड़, 19 जून (आनंद पंडित): शहर की ढाणी डासावाली में मंदिर की भूमि पर अवैध कब्जे को लेकर वार्डवासियों में आक्रोश व्याप्त है। इसी को लेकर महात्मा ज्योतिबा फूले संस्था के अध्यक्ष हनुमान सैनी के नेतृत्व में ढाणीवासियों का एक प्रतिनिधिमंडल जिला कलेक्टर के समक्ष पहुंचा और ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि लगभग 20 वर्ष पूर्व समस्त ढाणीवासियों ने एक खातेदारी भूमि मंदिर को समर्पित कर दी थी, लेकिन अब कुछ भू-माफिया कथित रुप से फर्जी खसरे के माध्यम से रजिस्ट्री कर उस भूमि पर जबरन कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। वार्डवासियों ने यह भी आरोप लगाया कि भू-माफिआओं द्वारा उन्हें धमकाया जा रहा है और मारपीट तक की धमकियां दी जा रही हैं। इस मौके पर नवरतन ठेकेदार, बाबूलाल सैनी, पूर्व पार्षद सुंदरलाल सैनी, पूर्व पार्षद सुशीला देवी, पार्षद बनवारीलाल, दयाराम कुमावत सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।



*कोटपूतली : अवैध कब्जे की शिकायत लेकर पहुंचे लोग।*

### गंदे पानी निकासी की मांग

नागाजी की गौर वार्ड नंबर 36 स्थित मेघवाल बस्ती की विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर भी कलेक्टर की जनसुनवाई में आवाज उठी। सामाजिक कार्यकर्ता प्रफुल्ल रमन तथा भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष प्रवीण कुमार बंसल ने जनसुनवाई में ज्ञापन सौंपते हुए बस्ती में टूटी हुई नालियों की मरम्मत, गंदे पानी की निकासी, नियमित सफाई व्यवस्था, कचरा संग्रहण के टैंपो की उपलब्धता सहित अन्य समस्याओं के समाधान की मांग की। दोनों ही मामलों में जिला प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की उम्मीद जताई जा रही है, ताकि मंदिर की जमीन की रक्षा हो सके और बस्तीवासियों को मूलभूत सुविधाएं मिल सके।

## जनसुनवाई में कलेक्टर ने दिए सख्त निर्देश



कोटपूतली-बहरोड़, 19 जून (आनंद पंडित): आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान की दिशा में जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट भवन में जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस जनसुनवाई में कुल 86 मामले प्राप्त हुए, जिनमें से कई मामलों में तुरंत कार्यवाही के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि अधिकारी आमजन की शिकायतों को संवेदनशीलता से सुनें और उनका समाधान स्थानीय स्तर पर ही करें, ताकि नागरिकों को बार-बार सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने कहा कि यह समय पेयजल, बिजली, चिकित्सा और सफाई जैसी बुनियादी सेवाओं की दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील है, इसलिए सभी अधिकारी आपसी समन्वय से कार्य करें और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## प्रतिभावान विद्यार्थियों का किया सम्मान

कोटपूतली-बहरोड़, 19 जून (बालकृष्ण शुक्ला): सैनी समाज अधिकारी कर्मचारी विकास संस्था कोटपूतली की टीम ने जिला अध्यक्ष ख्यालीराम सैनी व ब्लाक अध्यक्ष डा.धर्मवीर सैनी के नेतृत्व में इस सत्र नीट व जेईई-एडवांस में सफल हुए प्रतिभावान अभ्यर्थियों को सम्मान किया। सदस्यों ने उनके घर जाकर माता-पिता सहित इस उपलब्धि के लिए प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

# झमाझम बारिश से राहत, लेकिन कस्बा जलमग्न

## रेलवे के अंडरपास में करीब 3 से 4 फीट तक भरा पानी , वाहनों की लगी लंबी कतार

फुलेरा, 19 जून (ब्यूरो): गुरुवार दोपहर 2 बजे के बाद फुलेरा कस्बे में हुई झमाझम बारिश ने जहां मौसम को खुशनुमा बना दिया, वहीं तेज उमस से भी लोगों को राहत मिली। लेकिन भारी बारिश के चलते कस्बा पूरी तरह जलमग्न हो गया।

सब्जी मंडी स्थित गोविंदजी के मंदिर के पास का क्षेत्र पूरी तरह पानी से भर गया, जिससे स्थानीय लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई घरों में करीब दो फीट तक पानी घुस गया, जिससे लोगों को घरेलू सामान बचाने में मशक्कत करनी पड़ी। कस्बे की कॉलोनियों की सड़कें भी पानी में डूब गईं।



रेलवे के अंडरपास में करीब 3 से 4 फीट तक पानी भर गया, जिससे दोपहिया और चार पहिया वाहनों की लंबी कतार लग गई। कुछ समय के लिए यातायात भी ठप हो गया। इधर, बारिश का असर ग्रामीण क्षेत्रों में खेतों पर भी देखने को मिला। आसपास के गांवों में खेतों में पानी भर जाने से मूंगफली, मूंग, ग्वार, बाजरा, चवला, ज्वार जैसी फसलों के खराब होने की आशंका जताई जा रही है।

## वर्षा से खिले किसानों के चेहरे, खेतों में हल चले

चाकसू, 19 जून (आमीन खान): क्षेत्र में बीते दो दिनों से हो रही लगातार रिमझिम बारिश ने किसानों के चेहरों पर मुस्कान ला दी है। लंबे समय से बारिश की प्रतीक्षा कर रहे किसान अब खेतों में हल चला रहे हैं। मौसम की नरमी और पर्याप्त नमी के कारण फसल की जुताई और बुवाई का कार्य तेजी से शुरू हो गया है। किसानों का कहना है कि यह बारिश बुवाई के लिए अनुकूल है, जिससे फसलों की अच्छी शुरुआत होगी और भूजल स्तर भी बढ़ेगा। वहीं, बारिश से सूखे पड़े तालाबों और बांधों में पानी की आवक शुरू हो गई है। मौसम के सुहावना होने से आमजन को भी गर्मी से राहत मिली है। खेतों में हरियाली लौटने से मवेशियों के लिए चारे की समस्या भी कुछ हद तक कम हुई है, जिससे चारे के दामों में भी गिरावट आई है।







**बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda**
महेश नगर शाखा, मोबाइल:8094001089, ई-मेल: mahesh@bankofbaroda.com
एम.आई. रोड शाखा, मोबाईल: 8094018321, ईमेल: miroad@bankofbaroda.co.in

**अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस "परिशिष्ट-IVक" (अचल सम्पत्तियों के लिए नियम 8(6) का परन्तुक देखें)**

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस।
आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले, गिरवी रखने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास दृष्टिबंधक/प्रभारित है, का सांकेतिक/भौतिक कब्जा बैंक ऑफ बड़ौदा, प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, नीचे दिये गये खाते में बकाया की वसूली के लिए बैंक ऑफ बड़ौदा, प्रतिभूत लेनदार द्वारा "जहां है, जैसी है और जो कुछ भी है" के आधार पर निम्नवर्णित दिनांक को बेचा जाएगा। प्रत्याभूति-दाता का विवरण, गिरवी रखने वाले, गारन्टर, सुरक्षित सम्पत्ति, बकाया, आरक्षित मूल्य, ई-नीलामी की दिनांक व समय, अग्रिम धन राशि एवं बोली वृद्धि राशि का विवरण निम्न तालिका अनुसार होगा।

| ऋणियों/जमानतदारों/बंधककर्ताओं के नाम एवं पते | अचल सम्पत्ति का विस्तृत विवरण, ज्ञात भारों सहित, यदि कोई हो | कुल बकाया | ई-नीलामी दिनांक / ई-नीलामी का समय | आरक्षित मूल्य, धरोहर राशि (ईएमडी) एवं बोली वृद्धि राशि | कब्जे की स्थिति (सांकेतिक/भौतिक) | सम्पत्ति निरीक्षण की दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| मैसर्स आवरण फूड्स (ऋणी) ए. दुकान नंबर 02 वर्धमान होराइजन 200 फीट बाईपास नांगल झोटिंग जयपुर, राजस्थान-302012 बी. श्रीमती वर्षा विधानी पत्नी जी डी विधानी (प्रोपराइटर) दुकान नं. जी-18 ग्राउंड फ्लोर बालाजी टावर प्रथम प्लॉट नं. 3 सोनी हॉस्पिटल के पास विद्याधर नगर जयपुर, राजस्थान-302039 श्रीमती वर्षा विधानी पत्नी श्री जी डी विधानी (प्रोपराइटर); निवासी: फ्लैट नंबर 809, आठवी मंजिल, वर्धमान होरिजन, 200 फीट बाईपास, झोटवाड़ा, जयपुर 302012 श्री जी डी विधानी पुत्र मेघराज मल विधानी (गारंटर); फ्लैट नंबर 809 आठवी मंजिल वर्धमान होरिजन 200 फीट बाईपास नांगल झोटिंग झोटवाड़ा जयपुर, राजस्थान-302012 शाखा: महेश नगर, जयपुर। संपर्क: टेलीफोन नंबर 0141-2504402, मोबाइल 8094001089 | सम्पत्ति के सभी अंश व हिस्से जिसमें फ्लैट नं. 809 जो आठवी मंजिल जिसका कारपेट एरिया 1037.39 वर्गफीट है, साथ ही बालकनी का कारपेट एरिया 65.01 वर्गफीट है एवं विक्रय योग्य क्षेत्रफल 1535 वर्गफीट है, जो 'वर्धमान होरिजन' में, जो कि खसरा नंबर 43/3, 200 फीट बायपास, नांगल झोटिंग, ग्राम झोटवाड़ा, जयपुर में स्थित है जो श्रीमती वर्षा विधानी पत्नी श्री जी. डी. विधानी के नाम पर है। CERSAI चार्ज केवल बैंक ऑफ बड़ौदा के साथ पंजीकृत है। ऋणभार: ज्ञात नहीं | 22.12.2024 तक बकाया रुपये 1,24,60,187.62 तथा 23.12.2024 से आगे ब्याज लागत, शुल्क एवं अन्य वसूली व्यय आदि | 24.07.2025 दोपहर 02.00 बजे से सांय 06.00 बजे (प्रत्येक 10 मिनट के असीमित विस्तार के साथ) | आरक्षित मूल्य रूपये 47,70,000/- धरोहर राशि रूपये 4,77,000/- बोली वृद्धि राशि- रूपये 10,000/- | सांकेतिक | 16.07.2025 प्रातः 11.00 बजे से दोपहर 03.00 बजे |
| | सम्पत्ति के सभी अंश व हिस्से जिसमें दुकान नं. जी-18, ग्राउंड फ्लोर पर स्थित, बालाजी टॉवर-1, प्लॉट नं.3, कमर्शियल ब्लॉक, सेक्टर-5, सोनी अस्पताल के पास, विद्याधर नगर जयपुर, राजस्थान-302039 में स्थित है कुल सुपर बिल्ट अप एरिया 253 वर्गफीट है। CERSAI चार्ज बैंक के साथ पंजीकृत है। ऋणभार: ज्ञात नहीं | | 24.07.2025 दोपहर 02.00 बजे से सांय 06.00 बजे (प्रत्येक 10 मिनट के असीमित विस्तार के साथ) | आरक्षित मूल्य रूपये 36,00,000/- धरोहर राशि रूपये 3,60,000/- बोली वृद्धि राशि- रूपये 10,000/- | सांकेतिक | 17.07.2025 प्रातः 11.00 बजे से दोपहर 03.00 बजे |
| 1. मैसर्स ज़ीरज़ा (Zaarza) मैनेजमेंट, पार्टनरशिप फर्म, पता: प्लॉट नंबर 108, मां हिंगलाज नगर-बी, गांधी पथ वेस्ट, लालरपुरा, जयपुर 302020 2. श्री सिद्धांत वर्मा पुत्र श्री वीरेन्द्र कुमार वर्मा (पार्टनर एवं गारंटर); 3. श्रीमती उषा वर्मा पत्नी श्री वीरेन्द्र कुमार वर्मा (पार्टनर एवं गारंटर); 4. मैसर्स सिद्धांत एंटरप्राइजेज प्रोप. श्री सिद्धांत वर्मा (गारंटर); पता: प्लॉट नं. 36, आनंद विहार विस्तार, गोकुलपुरा बाईपास, सिरसी नगर, जयपुर-302018 शाखा: एम.आई. रोड, जयपुर। संपर्क: टेलीफोन नं. 0141-2378361, 2375878, मोबाइल 8094018321 | वाणिज्यिक संवाद औद्योगिक सम्पत्ति जो खसरा नंबर 967/738, गांव- [illegible], मंडा औद्योगिक क्षेत्र के पास, तहसील- किशनगढ़-रेनवाल, जिला- जयपुर में स्थित जिसका क्षेत्रफल 4046 वर्गमीटर है जो मैसर्स सिद्धांत एंटरप्राइजेज प्रोप. श्री सिद्धांत वर्मा के नाम से है। | 15.01.2025 तक बकाया रुपये 3,04,77,903.36 तथा 16.01.2025 से आगे ब्याज लागत, शुल्क एवं अन्य वसूली व्यय आदि | 24.07.2025 प्रारम्भ समय दोपहर 02 बजे से समाप्ति समय सांय 06 बजे | आरक्षित मूल्य रूपये 1,35,00,000/- धरोहर राशि रूपये 13,50,000/- बोली वृद्धि राशि- रूपये 10,000/- | भौतिक | 17.07.2025 प्रातः 11.00 बजे से दोपहर 03.00 बजे |

विक्रय के नियमन और शर्तों के ब्योरे के लिए कृपया नीचे दिए गए वेबसाइट अर्थात https://www.bankofbaroda.in/e-auction एवं https://Baanknet.com को देखें। इसके अलावा संभावित बोलीदाता प्राधिकृत अधिकारी से उपरोक्त वर्णित नम्बरों पर पर संपर्क कर सकते हैं। अधिक विवरण हेतु स्कैन करें
प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा
दिनांक: 17.06.2025 स्थान: जयपुर

## क्विक रीड

### बाइक चोर गिरफ्तार, चोरी की बाइक बरामद

सीकर, (मुकेश पारीक) : सीकर की कोतवाली थाना पुलिस ने 11 जून को भैरूपुरा रोड स्थित सुभानअल्लाह मस्जिद के पास हुई बाइक चोरी के मामले में आरोपी सलमान (19) को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने मोहल्ला कारीगरान निवासी शकील अहमद की हीरो होंडा स्प्लेंडर चोरी की थी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपी को पकड़ा और बाइक बरामद की। पूछताछ में आरोपी ने चोरी स्वीकार कर ली है।

### सांसद अमराराम धोद में आज करेंगे जनसुनवाई

लोसल ; नंदलाल गौड़ द्ध सीकर सांसद अमराराम शुक्रवार को धोद विधानसभा क्षेत्र के धोद मुख्यालय पर जनसुनवाई करेंगे। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के प्रवक्ता रामरतन बगडिया ने बताया कि सांसद अमराराम शुक्रवार को धोद तहसील कार्यालय में दोपहर ग्यारह बजे से एक बजे तक करेंगे। इस दौरान आमजन अपनी समस्या 20 जून को सांसद अमराराम के समक्ष रख सकेंगे। जनसुनवाई के बाद सांसद उपखंड कार्यालय के सामने मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी का तहसील कार्यालय का शुभारंभ करेंगे।

### नाबालिग को किडनैप कर रेप, आरोपी दबोचा

झुंझुनूं, (अमित भारद्वाज): नाबालिग लड़की को किडनैप कर रेप करने के मामले में झुंझुनूं जिले की गुढ़ागौड़जी थाना पुलिस ने फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक देवेंद्र सिंह राजावत ने बताया कि गुढ़ागौड़जी थाना में नाबालिग लड़की के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज हुई थी। रिपोर्ट में बताया गया था कि अजय (20) खाचरियावास बहला कर लड़की को अपने साथ ले गया। प्रकरण में गुढ़ागौड़जी थानाधिकारी राममनोहर के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। इस टीम ने नामजद आरोपी अजय मेहरा की तलाश शुरू की। आरोपी के लगातार अपनी लोकेशन बदलने से पकड़ना चुनौतीपूर्ण हो रहा था। आखिरकार डीएसपी राजवीर सिंह चंपावत के सुपरविजन में टीम ने आरोपी अजय को दबोचने में सफलता हासिल की। आरोपी को सीकर के खाचरियावास से पकड़ लिया गया।

### कल मनेगा योग दिवस

दौसा, (संतोष तिवाड़ी): 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को जिला मुख्यालय दौसा में जिला स्तरीय योग कार्यक्रम का आयोजन श्री रामकरण जोशी उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं धार्मिक स्थल गेटोलाव धाम पर सुबह 6 से 8 बजे तक किया जाएगा। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. ओमप्रकाश चतुर्वेदी ने बताया कि योग दिवस पर जिला मुख्यालय से लेकर ग्राम पंचायत स्तर तक योगाभ्यास सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिसमें उच्च प्रशिक्षित योग प्रशिक्षक लोगों को योगाभ्यास कराएंगे। जिले के सभी ब्लॉक – बांदीकुई, बसवा, नांगल राजावतान, लवाण, बैजूपाड़ा, सिकन्दरा, सिकराय, महवा, लालसोट व मण्डावर – सहित प्रमुख धार्मिक स्थलों जैसे मेहंदीपुर बालाजी (मीना सीमला), आभानेरी की चांद बावड़ी, करनावर का सांवरिया सेठ, झांझीरामपुरा, खुर्रा की बीजासन माता, बिनौरी बालाजी, पपलाज माता (कुटक्या) आदि पर भी योग दिवस कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### हादसे में एक की मौत दूसरा गंभीर, 3 घायल

सीकर, (अमित भारद्वाज/ मुकेश पारीक): सीकर जिले के लोसल कस्बे से है जहां पर डीडवाना रोड पर एक बाइक, स्कूटी और ट्रक के बीच भयंकर टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी की स्कूटी टक्कर लगने के बाद पूरी तरह से बिखर गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार हादसे में जिलिया गांव निवासी स्कूटी सवार महावीर की मौत हो गई। वही गुनाठू गांव निवासी बाइक सवार विजय कुमार गंभीर घायल होने पर उसे सीकर रैफर किया गया है । वही, हादसे में घायल अन्य तीन लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी।

# एटीएम चोरी मामले में दो ईनामी बदमाश दबोचे

## पीएनबी की खैरथल शाखा से 27 लाख की लूट में थे वांछित, दोनों हरियाणा निवासी

खैरथल, 19 जून (दिनेश माखीजा): पंजाब नेशनल बैंक शाखा खैरथल में अप्रैल माह में हुई बड़ी एटीएम चोरी की गुत्थी को पुलिस ने सुलझाते हुए दो इनामी बदमाशों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी हरियाणा के नूंह जिले के रहने वाले हैं और उन पर 20-20 हजार रुपए का ईनाम घोषित था।

घटना 21 अप्रैल 2024 की रात की है, जब पंजाब नेशनल बैंक की इस्माईलपुर रोड स्थित शाखा के एटीएम को अज्ञात चोर उखाड़कर ले गए थे। एटीएम में करीब 27 लाख रुपए की नकदी थी। इस मामले में थाना खैरथल में प्रकरण संख्या 139/2024, धारा 457 और 380 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।

पुलिस महानिरीक्षक जयपुर रेंज अजयपाल लांबा, पुलिस अधीक्षक



खैरथल.तिजारा मनीष कुमार के निर्देशन में व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतनलाल भार्गव एवं राजेन्द्र सिंह के पर्यवेक्षण में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम को आरोपियों की तलाश में हरियाणा के नूंह, मेवात, झिरका और फिरोजपुर में लगातार कैंप करना पड़ा। टीम को 18 जून 2025 को मुखबिर से सूचना मिली कि एटीएम चोरी के आरोपी मसिउल्ला और सलीम हरियाणा के हिरवाड़ी गांव में सड़क किनारे एक चाय की दुकान पर बैठे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दोनों को पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपी मसिउल्ला पुत्र साहुन निवासी रायपुरी थाना नूंह, हरियाणा तथा सलीम पुत्र सईद निवासी मलाई थाना उटावड, जिला नूंह हरियाणा के रहने वाले है। पुलिस दोनों को दस्तयाब कर थाना खैरथल लाया गया और थानाधिकारी को सुपुर्द किया गया। पुलिस टीम में एएसआई करण सिंह, सददीक खान, हैड कांस्टेबल सत्यपाल सिंह, कृष्ण कुमार, कांस्टेबल महेश और धनपाल शामिल रहे। पुलिस अब इनसे चोरी गई रकम और अन्य साथियों के बारे में पूछताछ कर रही है।

# कोचिंग छात्रा से सहेली के भाई ने किया दुष्कर्म

## इंस्टाग्राम पर वीडियो अपलोड कर धमकी देकर ऐंठे 60 हजार रुपए, गांव से पीछा करते हुए जयपुर भी पहुंचा

अलवर, 19 जून (सुनील जैन): अलवर जिले के टहला पुलिस थाना अंतर्गत कोचिंग कर रही छात्रा ने एक युवक के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया है। साथ ही रिपोर्ट में बताया है कि उसने दबाव बनाकर पीड़िता के साथ संबंध स्थापित किया। इसकी गोपनीय तरीके से फोटो और वीडियो बनाई और वायरल करने की धमकी देकर अब तक कोई 60,000 रुपए ऐंठ चुका है।

पीड़ित छात्रा ने बताया कि वह रोजाना प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी के लिए अपने घर से पास के गांव पढ़ने के लिए जाती थी। वहां मेरी कोचिंग में एक लड़की और उसका भाई भी कोचिंग में पढ़ने आते थे। लड़की के जरिए मेरी उसके भाई से जान पहचान हो गई। लड़की बाद में सहेली बन गई उसके बाद वह मेरे फोन पर अपने भाई से बात करने का दबाव बनाती थी। जिस पर हमारे मध्य बातचीत होने लगी। हमारे मध्य जान पहचान ज्यादा होने के कारण मैं अपनी सहेली के बुलाने पर उसके घर आने जाने लगी। एक दिन जब मैं उनके घर गई तो लड़के के अलावा अन्य कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था तो मैं वहां से आने लगी जिस पर उसके भाई ने मौके का फायदा उठाते हुए मुझे जबरदस्ती अपने घर रोक लिया और मेरे साथ प्यार का झूठा नाटक करते हुए शारीरिक संबंध बनाए । ये बात मई 2024 की है और उस वक्त उसने फोन को छुपाकर मेरी वीडियो बनाई कुछ दिनों बाद उसने मुझसे पैसे मांगने लगा। जब मैने पैसे देने से मना कर दिया तो उसके भाई ने मुझे धमकी दी कि मैं तेरी फोटो व वीडियो वायरल कर दूंगा। जिस पर लड़के की धमकियों से डर कर मैनें अपनी छात्रवृति के पैसे 20 हजार उसके खाते में डाल दिए। जिसके पश्चात भी लड़का मेरी फोटो व वीडियो वायरल करने की धमकी देते हुऐ और पैसे की मांग की। उस दौरान मैने उसे अपने घर से निकाल कर अलग-अलग समय पर कुल 60 हजार रुपए दे दिए। किन्तु इसके बावजूद भी लड़के द्वारा मेरी फोटो इंस्टाग्राम पर अपलोड कर दी गई । जब मैने फोटोज को इंस्टाग्राम से हटाने के लिए कहा तो उसने मुझसे और पैसों की मांग की। जिस पर मैने उसे पैसे देने से मना कर दिया।

पीड़िता ने बताया कि कुछ दिनों बाद में अपने गांव से जयपुर पढ़ने के लिए आ गई तो आरोपी युवक मोहित मेरा पीछा करते हुए जयपुर मेरी कोचिंग तक भी पहुंच गया और मुझे ब्लैक मेल कर कोचिंग से बाहर बुला लिया और अपने साथ ले जाने के लिए जबरदस्ती करने लगा। जिस पर मैने उससे तंग होकर अपने परिवारजन को बताया तो मेरे परिवारजन उसके घर जाकर उसके परिवार जनों को उसके के बारे में बताया। किन्तु वह अपनी हरकतों से बाज नही आ रहा है। इंस्टाग्राम पर फोटो अपलोड करने की बात कहकर पैसे ऐंठने की धमकी दे रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कार्रवाई शुरू कर दी है।

# 500 ट्रैक्टरों के साथ अलवर पहुंचे किसान

## सिलीसेढ़ बोरिंग विवाद

### पुलिस ने रोका तो सड़क पर बैठकर किया सामूहिक भोजन



अलवर, 19 जून (सुनील जैन): सिलीसेढ़ लेक क्षेत्र में प्रस्तावित बोरवेल योजना के विरोध में किसानों का आंदोलन अब तेज हो गया है। गुरुवार को करीब 500 ट्रैक्टरों के काफिले के साथ किसान अलवर शहर की ओर कूच कर गए। जैसे ही किसान अहिंसा सर्किल पहुंचे, पुलिस ने भारी बैरिकेडिंग कर उन्हें रोक लिया। अहिंसा सर्किल पर 18 थानों की पुलिस तैनात की गई थी। सुरक्षा के मद्देनजर अलवर-जयपुर (उमरैन) रोड और अलवर-डाडीकर रोड को पूरी तरह बंद कर दिया गया। किसानों ने अलवर-उमरैन रोड पर सामूहिक भोजन (पंगत) किया।

प्रशासन द्वारा लोहे की रेलिंग, सीमेंट के पिलर और ट्रकों की मदद से सड़कों को अवरुद्ध कर दिया गया। किसानों ने स्पष्ट कर दिया है कि जब तक सरकार ठोस निर्णय नहीं लेती, वे पीछे नहीं हटेंगे। अलवर के मिनी सचिवालय में कलेक्टर की मौजूदगी में किसानों के प्रतिनिधिमंडल की बैठक हुई। प्रतिनिधि भविंद्र पटेल ने बताया कि प्रशासन ने मामले को रिव्यू के लिए सरकार को भेज दिया है और वैकल्पिक स्थान पर बोरिंग की संभावना तलाशी जा रही है। इससे किसानों को आंदोलन के समाधान की उम्मीद बंधी है। भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश सचिव भूपत सिंह बाल्यान ने कहा कि जब तक हमें लिखित में ठोस आश्वासन नहीं मिलेगा, आंदोलन जारी रहेगा। किसानों ने सरकार को 4 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। सिलीसेढ़ लेक के पास 30 बोरवेल स्वीकृत किए गए हैं, जिनका शिलान्यास 20 मई को मुख्यमंत्री ने किया था। किसानों का कहना है कि इससे उनके खेतों का भूजल खत्म हो जाएगा और उनकी फसलें चौपट हो जाएंगी। वे चाहते हैं कि शहर की जलापूर्ति के लिए नहरों का उपयोग किया जाए। सिलीसेढ़ के किसान 30 मई से बोरवेल योजना के विरोध में धरने पर बैठे हैं। उनका कहना है कि वे अपनी जमीन और जलस्रोत की रक्षा के लिए अंत तक लड़ेंगे। प्रशासन का कहना है कि बातचीत जारी है और जल्द समाधान की दिशा में कदम उठाए जाएंगे। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है।

*अलवर : अहिंसा सर्किल पर किसानों को रोकने के बाद पैदल मार्च करते तथा नीचे ट्रैक्टरों के साथ पहुंचे किसान।*



# जिला स्तरीय जनसुनवाई में पहुंचे 110 परिवादी

## कई समस्याओं का मौके पर ही हुआ समाधान

दौसा, 19 जून (संतोष तिवाड़ी): जिलेभर से आए लोगों की समस्याओं के समाधान हेतु गुरुवार को जिला कलेक्टर देवेंद्र कुमार की अध्यक्षता में डीओआईटी केंद्र दौसा में जिलास्तरीय जनसुनवाई एवं संपर्क समाधान शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में कुल 110 परिवादी अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे, जिनमें से कई मामलों का समाधान मौके पर ही कर लोगों को राहत दी गई। जनसुनवाई सुबह 11 बजे शुरू हुई, जिसमें पत्थरगढ़ी, प्रधानमंत्री आवास योजना, खाद्य सुरक्षा योजना, छात्रावास हेतु भूमि आवंटन, अतिक्रमण हटवाने, जल निकासी, हैंडपंप सुधार, विद्युत पोल स्थानांतरण, किसान क्रेडिट कार्ड, ग्राम सेवा सहकारी समिति के गोदाम के लिए भूमि, जनाधार कार्ड, सिलिकोसिस कार्ड, दिव्यांग प्रमाण पत्र एवं स्कूटी वितरण जैसी समस्याएं प्रमुख रहीं। कलेक्टर देवेंद्र कुमार ने सभी परिवादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर कई मामलों में त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि समस्याओं के प्राथमिक समाधान ग्राम और उपखंड स्तर पर ही किए जाएं, ताकि आमजन को अनावश्यक रूप से जिला मुख्यालय न आना पड़े। पत्थरगढ़ी से जुड़े मामलों में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि यह कार्य फसल कटाई से मानसून शुरू होने के बीच किया जाए, और पात्र लोगों को नियमानुसार राहत दी जाए। खाद्य सुरक्षा योजना में नाम जुड़वाने के लिए ई-मित्र के माध्यम से आवेदन करने की जानकारी भी दी गई। शिविर में उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे प्रत्येक परिवादी की समस्या को संवेदनशीलता के साथ सुनें और नियमानुसार त्वरित समाधान करें।

# भिवाड़ी में ऑटो ड्राइवर से लूटपाट

## युवती सहित तीन बदमाशों ने सिर पर बोतल और ईंट मारी, 6 हजार रुपए लूटे

भिवाड़ी, 19 जून (मनोज गुप्ता): भिवाड़ी के फूलबाग थाना क्षेत्र में बुधवार देर रात एक ऑटो चालक से लूट का सनसनीखेज मामला सामने आया है। दो युवक और एक युवती ने चालक को बुरी तरह मारपीट कर घायल कर दिया और उसके पास से 6 हजार रुपए लूटकर फरार हो गए।

घायल चालक की पहचान महेंद्रगढ़ जिले के कोटिया कनीना गांव निवासी धर्मेंद्र यादव के रूप में हुई है, जो भिवाड़ी में ऑटो चलाता है। बुधवार रात वह सोना से सवारी छोड़कर वापस लौट रहा था, तभी रीको चौक और फूलबाग के बीच रास्ते में दो युवकों और एक युवती ने लिफ्ट मांगी। धर्मेंद्र



ने मदद के इरादे से तीनों को ऑटो में बैठा लिया। करीब 10 किलोमीटर आगे बढ़ने के बाद अचानक तीनों ने धर्मेंद्र पर हमला कर दिया। पहले बीयर की बोतल से सिर पर वार किया, फिर ईंट से सिर फोड़ दिया। इसके बाद उसके पास रखे 6 हजार रुपए लूटकर फरार हो गए। लहूलुहान हालत में धर्मेंद्र किसी तरह अस्पताल पहुंचा, जहां उसकी हालत गंभीर होने पर उसे अलवर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

पुलिस ने मामला दर्ज कर तीनों अज्ञात आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। घटना के बाद से इलाके में दहशत का माहौल है और स्थानीय लोगों ने सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने की मांग की है।


### सीकर से 20 वर्षीय नर्स लापता

सीकर, 19 जून (मुकेश पारीक) : शहर के एक प्राइवेट अस्पताल में कार्यरत 20 वर्षीय नर्स संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। नर्स 17 जून की रात ड्यूटी पर थी और अगली सुबह करीब 6.15 बजे अस्पताल से घर जाने के लिए निकली, लेकिन घर नहीं पहुंची। परिजनों ने काफी तलाश के बाद भी जब उसका कोई पता नहीं चला तो कोतवाली थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई। परिजनों ने पुलिस को बताया कि लड़की सामान्यत: रोज सुबह ड्यूटी के बाद घर लौटती थी। 17 जून की सुबह भी वह अस्पताल से निकली थी लेकिन उसके बाद उसका मोबाइल बंद हो गया और वह घर नहीं पहुंची। नर्स बैंगनी रंग का सलवार सूट पहने हुए थी।

# गोवंश से भरा ट्रक पकड़ा, 7 गाय और एक सांड को कराया मुक्त, तस्कर हुए फरार

नीमराना, 20 जून (सुनील जोशी): मांढण थाना क्षेत्र में बुधवार देर रात गोरक्षकों की सतर्कता से एक बड़ा गोतस्करी मामला सामने आया। नारनौल के गोरक्षक मोनू की सूचना पर पुलिस ने एक ट्रक को पकड़ा, जिसमें अवैध रूप से 7 गायों और एक सांड को भरकर ले जाया जा रहा था। सूचना मिलने के बाद मांढण थाना पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए ट्रक का पीछा किया और सिद्धधाम के पास जंगल क्षेत्र में ट्रक को रोक लिया।

थानाधिकारी रामकिशोर शर्मा ने बताया कि हरियाणा नंबर के इस ट्रक



में गोवंश को अमानवीय तरीके से ठूंसा हुआ था। ट्रक चालक और अन्य तस्कर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है। सभी गोवंश की हालत काफी खराब पाई गई, जिन्हें तुरंत पास की गौशाला में भेजा गया। साथ ही पशु चिकित्सा विभाग की टीम को बुलाकर जानवरों की जांच और उपचार की व्यवस्था की गई।

घटना के बाद क्षेत्र में रोष फैल गया। ग्रामीणों और गोरक्षकों ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ट्रक के दस्तावेजों के आधार पर आरोपियों की पहचान में जुटी है और जल्द गिरफ्तारी की बात कही जा रही है।

# झुंझुनूं में वक्फ की जमीन पर अतिक्रमण पर बड़ी कार्रवाई

## कोर्ट के आदेश से अवैध-निर्माण ढहाए, प्रशासन की चेतावनी- शीघ्र पक्के मकानों पर चलेगा बुलडोजर

झुंझुनूं, 19 जून (अमित भारद्वाज): यहां झुंझुनूं शहर में ऐतिहासिक दरगाह कमरूद्दीन शाह की जमीन पर प्रशासनिक कार्रवाई के तहत अतिक्रमण हटाए गए। जैसे ही गुरूवार सुबह बुलडोजर ने अपना काम शुरू किया मौके पर मौजूद लोग आक्रोशित हो गए लेकिन मौके पर मौजूद तहसीलदार का कहना था कि उनके पास जमीन के कागजात हो तो दिखाए। निर्माण तोड़ा नहीं जाएगा लेकिन लोग जमीन के कागजात नहीं पेश कर पाएं। इधर, मुस्लिम महिलाएं रोते हुए कहने लगी -हमने रुपए देकर जमीन खरीदी थी। लेकिन, कोर्ट का हवाला देते हुए प्रशासन और पुलिस ने अपना काम जारी रखा। कार्रवाई की सूचना मिलते ही आसपास के इलाकों से बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए। कुछ प्रशासन के पक्ष में थे, तो कुछ प्रभावित लोगों के पक्ष में थे। माहौल कई बार तनावपूर्ण होता दिखा, लेकिन भारी पुलिस बल की मौजूदगी के कारण स्थिति नियंत्रण में रही।



कोर्ट के आदेशों का हवाला: तहसीलदार महेंद्र मुंड ने बताया- दरगाह कमरूद्दीन शाह की यह भूमि वक्फ बोर्ड के अंतर्गत आती है और हाई कोर्ट ने इस पर हुए सभी अवैध अतिक्रमणों को हटाने का स्पष्ट आदेश दिया था। हमें 339 अतिक्रमण चिह्नित कर उनके लिए नोटिस जारी किए गए हैं। आज उन्हीं मकानों पर कार्रवाई की गई जो मौके पर खाली थे। तहसीलदार ने यह भी स्पष्ट किया कि कोर्ट ने निर्देश दिए हैं कि किसी को बेघर न किया जाए। जिनके पास वैकल्पिक आवास हैं और फिर भी अतिक्रमण किया है, उनके खिलाफ भी कार्रवाई जारी रहेगी।

### 'हमने पैसे देकर घर बनाए'

पीड़ित आरिफ नाम के एक युवक ने अपनी आपबीती सुनाई। हम गरीब मजदूर हैं। दिन भर मजदूरी करते हैं, तभी चूल्हा जलता है। कई सालों की कमाई से ये आशियाना खड़ा किया था। हमने किसी की जमीन नहीं छीनी। पैसे देकर ली थी। फिर भी आज प्रशासन ने हमारा घर तोड़ दिया। हम इसके खिलाफ कोर्ट जाएंगे।

### नहीं दिखा पाए कागजात

एक मुस्लिम महिला अपनी झोपड़ी के बाहर रो-रोकर प्रशासन से गुहार लगाती रही, 'मत तोड़ो साहब, मेरा घर मत तोड़ो, अगर तोड़ना है तो सबका तोड़ो मैंने पैसे देकर ली थी ये जमीन।' करीब 15 मिनट तक महिला लगातार अधिकारियों से घर न तोड़ने की विनती करती रही, लेकिन प्रशासनिक अमला अपने आदेशों के अनुपालन में अडिग रहा। पुलिसकर्मियों ने महिला को हटाया और मकान को ढहा दिया गया। यह केवल एक महिला की कहानी नहीं थी। मौके पर कई ऐसे लोग मौजूद थे जो अपनी कमाई से खरीदी गई जमीन पर अधिकार जताते नजर आए। दीवार के आगे खड़ी महिला प्रशासन से उनका मकान न तोड़ने की गुहार लगाती नजर आई। अपने घर टूटते देख महिलाएं रो पड़ी, महिला पुलिस ने संभाला और मौके से हटाया।

# मैं गोशाला नहीं, परित्याग की संस्कृति के खिलाफ : दिलावर

## शिक्षा मंत्री ने नेता प्रतिपक्ष के बयान पर दी सफाई

### 'कहा कुछ और कांग्रेस ने अर्थ निकाला कुछ और'

सीकर, 19 जून (अमित भारद्वाज): राजस्थान की राजनीति में एक बार फिर गौमाता को लेकर बयानबाजी गर्मा गई है। इस बार कांग्रेस ने शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के एक पुराने वीडियो को आधार बनाकर उन्हें गौशाला विरोधी करार दे दिया। लेकिन मंत्री दिलावर ने सीकर जिले के लक्ष्मणगढ़ कस्बे में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान प्रेस से मुखातिब होते हुए इस पर स्पष्ट और दो टूक जवाब दिया 'मैं गौशालाओं का नहीं, उस मानसिकता का विरोधी हूं जो अपनी जिम्मेदारी से भागकर गोमाता और बुजुर्गों को छोड़ देती है।'

राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें शिक्षा मंत्री मदन दिलावर कहते हुए नजर आ रहे हैं 'मैं गौशाला के खिलाफ हूं।' इस वीडियो को लेकर



कांग्रेस ने बड़ा राजनीतिक हमला बोला और दिलावर पर गौमाता विरोधी होने का आरोप जड़ा। जवाब में पहला बयान बीजेपी प्रवक्ता लक्ष्मीकांत भारद्वाज का आया जिसमें उन्होंने कहा, 'यह कांग्रेस का क्लासिक फेक नैरेटिव है। वीडियो को काट-छांटकर प्रस्तुत किया गया है, जिससे जनभावनाओं को भड़काया जा सके।' मदन दिलावर जैसे नेता ही हैं जो भीड़ की राजनीति से हटकर सोचते हैं। गौशाला विरोध नहीं, त्याग की मानसिकता का विरोध उनका संदेश है। और यही आत्मचिंतन का विषय होना चाहिए।

# डोवठावाला पर दूसरे दिन भी कार्रवाई

## गैस सिलेंडरों मे मिली क्षमता से अधिक गैस

दौसा, 19 जून (संतोष तिवाड़ी): पंचायत समिति रोड स्थित डोवठावाला मिठाई फैक्ट्री पर बुधवार को सीज की गई कार्रवाई के बाद गुरुवार को फिर से संयुक्त विभागीय टीम ने छापा मारा। एसडीएम मूलचंद लुनिया के निर्देश पर रसद विभाग और फूड इंस्पेक्टर की टीम ने प्रतिष्ठान पर सख्त कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान रसद विभाग को दो दर्जन से अधिक कमर्शियल गैस सिलेंडर मिले, जिनमें कुल 200 किलो से अधिक गैस भरी थी। जबकि नियमानुसार किसी भी प्रतिष्ठान में 100 किलो से अधिक गैस रखना प्रतिबंधित है।

इस पर विभाग ने तुरंत नियमों के तहत कार्रवाई शुरू कर दी। फूड इंस्पेक्टर ने भी वनस्पति घी, फूड क्रीम, पनीर, मिठाई और देसी घी सहित कई उत्पादों के सैंपल लिए और जांच के लिए भेजे हैं। यदि सैंपल फेल होते हैं तो डोवठावाला के खिलाफ खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्यवाही की जाएगी।

बता दें कि बुधवार को एसडीएम शहर निरीक्षण पर थे, जब प्रतिष्ठान से उठती बदबू के चलते उन्होंने नगर परिषद के जरिए फैक्ट्री को सील करवा दिया था। गुरुवार को उसे पुन: खोलकर रसद और खाद्य विभाग की टीमों ने जांच की। नायब तहसीलदार हनुमान साइन शर्मा के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। अब सभी सैंपल रिपोर्ट पर निगाहें टिकी हैं, जिनसे यह तय होगा कि प्रतिष्ठान पर आगे और कितनी सख्त कार्रवाई होगी।

# जिला बहाली की मांग पर सीकर और लक्ष्मणगढ़ रहा बंद

सीकर, 19 जून (मुकेश पारीक/अमित भारद्वाज): राजस्थान की सियासत में एक बार फिर सीकर और नीमकाथाना को लेकर घमासान मच गया है। सीकर संभाग और नीमकाथाना को फिर से जिला घोषित करने की मांग को लेकर आज सीकर शहर और लक्ष्मणगढ़ कस्बा पूरी तरह बंद रहा। वकीलों के नेतृत्व में चल रहा यह आंदोलन आज अपने 100वें दिन में प्रवेश कर गया है, जिसके प्रतीक रूप में अभिभाषक संघ सीकर ने सीकर बंद का आह्वान किया। इस बंद को व्यापक जनसमर्थन मिला और शहर की मुख्य सड़कें, बाजार और कार्यालय पूरी तरह ठप रहे। नीमकाथाना में भी वकीलों सहित अन्य संगठनों ने









नारेबाजी कर रैली निकाल कर प्रदर्शन किया। इधर, सीकर कोर्ट परिसर के बाहर वकीलों का अनवरत धरना 100 दिन पूरे कर चुका है।

इसी कड़ी में आज अभिभाषक संघ ने 'सीकर बंद' का बिगुल फूंका। इस मौके पर संघ के अध्यक्ष भागीरथमल जाखड़ ने ऐलान किया कि जब तक सीकर को संभाग और नीमकाथाना को जिला का दर्जा वापस नहीं मिलता, आंदोलन और तेज किया जाएगा। सीकर में आज की सुबह वकीलों की आक्रोश रैली से शुरू हुई। रैली कोर्ट परिसर से रवाना होकर स्टेशन रोड, तापड़िया बगीची होते हुए जाट बाजार पहुंची। इस रैली में सांसद कॉमरेड अमराराम, पूर्व युवा बोर्ड अध्यक्ष सीताराम लांबा सहित कई जनप्रतिनिधियों, छात्र नेताओं और सामाजिक संगठनों ने सरकार के फैसले को जनभावनाओं के साथ विश्वासघात करार दिया।

**30 से अधिक संगठनों का समर्थन :** सीकर बंद को कांग्रेस, माकपा, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी, एनएसयूआई, डीवाईएफआई, व्यापार मंडल, किसान संगठनों और शिक्षक संगठनों सहित 30 से ज्यादा संगठनों का समर्थन मिला। व्यापारियों ने भी स्वेच्छा से अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर इस आंदोलन को नैतिक बल दिया।

**लक्ष्मणगढ़ रहा बंद, वकीलों ने निकाली रैली:** सीकर के साथ ही लक्ष्मणगढ़ कस्बे में भी अभिभाषक संघ के आह्वान पर बंद रखा गया। यहां भी वकीलों ने रैली निकालते हुए शांतिपूर्ण बंद का आह्वान किया जिसे स्थानीय व्यापारियों और आमजन ने भी खुलकर समर्थन दिया।

# तीन जैन संघों के सात संतों का वात्सल्य मिलन

## दुर्लभ मिलन दृश्य देखने उमड़े हजारों श्रद्धालु, मुनि आदित्य सागर मुनिराज ससंघ से लिया आशीर्वाद

जयपुर, 19 जून (ब्यूरो): प्रतापनगर सेक्टर आठ स्थित श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, सेक्टर-8 की पुण्यधरा पर गुरुवार को एक ऐतिहासिक क्षण बना, जब तीन दिगम्बर जैन संघों के सात संतों का भव्य वात्सल्य मिलन हुआ। इस अद्भुत अवसर पर श्रद्धालुओं ने जयकारों के साथ संतों का स्वागत कर धर्मलाभ लिया। सुबह श्री शांतिनाथ मंदिर में दो संघों के छह संतों का मंगल प्रवेश हुआ। इसी दौरान श्रुत संवेगी मुनि आदित्य सागर महाराज ससंघ का भी मंदिर परिसर में आगमन हुआ, जिसके साथ ही तीन संघों के सात संतों का दुर्लभ महामिलन संभव हुआ।



इस मौके पर आचार्य शशांक सागर महाराज, उपाध्याय ऊर्जयन्त सागर मुनिराज, मुनि आदित्य सागर महाराज सहित सात संतों की दिव्य उपस्थिति में धर्मसभा आयोजित हुई।

मुनि आदित्य सागर महाराज ने कहा कि अभ्यास, एकाग्रता और निरन्तरता ही जीवन की सच्ची सफलता के सूत्र हैं। उपाध्याय ऊर्जयन्त सागर ने कि गुरु की कृपा मोक्ष से कम नहीं होती। सफलता की निरंतरता ही सबसे बड़ा धर्म है। आचार्य शशांक सागर महाराज ने कहा कि सुख साधनों में नहीं, बल्कि साधना में है। संत का पंथ नहीं, पथ होता है। धर्मसभा के बाद महाआरती, आहारचर्या, सामायिक, शास्त्र चर्चा और संध्याकालीन आनंद यात्रा के आयोजन भी संपन्न हुए। समाज के विभिन्न गणमान्यजनों और पदाधिकारियों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

### श्योपुर में आज होगा मंगल प्रवेश

राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि मुनि आदित्य सागर महाराज ससंघ का शुक्रवार को श्योपुर के श्री चन्द्र प्रभु दिगम्बर जैन मंदिर में मंगल प्रवेश होगा। इस मौके पर चांदनी गार्डन में धर्मसभा, चित्र अनावरण, दीप प्रज्वलन और शोभायात्रा का आयोजन भी किया जाएगा। जुलूस में महिला मंडल की महिलाएं मंगल कलश लेकर चलेंगी। जयपुर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस आयोजन में भाग लेंगे।

# गंगा जमुनी तहजीब के साथ शास्त्रीय व राजस्थानी संगीत की बहेगी सुरों की धारा

## हजरत सैय्यद महबूब उर रहमान नियाजी रहमतुल्लाह अलैह का नवां उर्स 24 से

■ देश विदेश के कलाकार देंगे महफिल में प्रस्तुति

जयपुर, 19 जून (ब्यूरो): संसार चन्द रोड स्थित दरगाह मीर कुर्बान अली में हर साल की तरह इस बार भी हजरत महबूब उर रहमान नियाजी रहमतुल्लाह अलैह के नवें उर्स का आगाज 24 जून को होगा। उर्स में हर साल हजारों की तादाद में देश भर से मुरीदों के अलावा शहर के विधायक गण, अधिकारीगण सहित शहरभर की कई हस्तियां पहुंचेगी।

सज्जादानशीन डॉ. सैय्यद हबीबुर्रहमान नियाजी ने बताया कि तीन दिनों तक चलने वाले उर्स में गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल कायम होती है। इस बार पहले दिन विदेश में देश का नाम रोशन करने वाले कलाकार अपनी प्रस्तुति देने के लिए पहुंचेंगे। लोकगीत के अलावा मांड भी पेशी किया जाएगा।



### नामी कव्वाल करेंगे कलाम पेश

नायब सज्जादा नशीन सैय्यद फैज़ उर रहमान नियाजी ने कहा इस बार उर्स में पहली बार राजस्थानी फॉक म्यूजिक की भी प्रस्तुति देने देश-विदेश से फेम कलाकर आएंगे। इस दरगाह में हमेशा से गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल पूरी देश में रही है और बड़ी तादाद में हम वतनी भाई भी शिरकत करके अपनी मुरादे पाते है। उन्होंने कहा कि इस बार ग्यारह कलाकार प्रस्तुति देंगे, जिनमें अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सारंगीवादक साबिर खां, गुलजार हुसैन, जगदीश मोथिया सितार वादक, जावेद हुसैन, तनुजा शर्मा और पारीक ब्रदर्स के अलावा मशहूर कव्वाल सबरी ब्रदर्स, नदीम वारसी एंड पार्टी, दीन मो एंड पार्टी सहित कई कव्वाल पार्टी अपने कलाम पेश करेगी। आखरी दिन कुल की रस्म के साथ उर्स मुकम्मल होगा।

अग्नि को भोग लगाने की परम्परा को सुदृढ़ बनाने पर देंगे जोर

# एकादशी पर होगा श्रीगोविंददेवजी मंदिर में बलिवैश्व गायत्री महायज्ञ

जयपुर, 19 जून (ब्यूरो): श्रीगोविंददेवजी मंदिर में आषाढ़ कृष्ण एकादशी पर 22 जून को पंच कुंडीय बलिवैश्व गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन सुबह 8 से 10 बजे तक नि:शुल्क रूप से होगा। मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी के विद्वान इसे संपन्न कराएंगे। सेवाधिकारी मानस गोस्वामी ने बताया कि श्रद्धालुओं को आहुतियां देने का अवसर मिलेगा और यज्ञ में भाग लेने के लिए किसी सामग्री की आवश्यकता नहीं होगी।

इससे पूर्व गायत्री परिवार के वरिष्ठ सदस्यों ने पोस्टर विमोचन किया और वेदमाता गायत्री व गणपति को आमंत्रण दिया। राजस्थान प्रभारी ओमप्रकाश अग्रवाल ने बताया कि अब गैस चूल्हों पर भी अग्नि को भोग लगाने के लिए तांबे का विशेष पात्र तैयार किया गया है, जिसका लाइव प्रदर्शन आयोजन में किया जाएगा।



गायत्री परिवार के अनुसार बलिवैश्व यज्ञ पंच महायज्ञ का एक भाग है, जो परिवार और समाज में शांति व समृद्धि लाता है। इसमें पांच आहुतियां दी जाती हैं, जिससे घर में अनजाने में हुई हिंसा का प्रायश्चित होता है और सात्विकता का विकास होता है। यह यज्ञ ब्रह्मयज्ञ, देवयज्ञ, ऋषियज्ञ, नरयज्ञ और भूतयज्ञ के रूप में पांच रूपों में किया जाता है। गौरीशंकर सैनी ने बताया कि यह प्रक्रिया अत्यंत सरल है, विशेष रूप से महिलाएं इसे अपने घरों में सहजता से कर सकती हैं। यज्ञ से संस्कारित अन्न से बच्चों में सद्गुणों का विकास होता है और घर में सुख-समृद्धि के द्वार खुलते हैं।

# पाटोत्सव पर वृंदावन शैली की बधाइयों से गूंजा श्री निम्बार्क निकुंज बिहारी मंदिर



जयपुर, 19 जून (ब्यूरो): अजमेर रोड के हीरापुरा स्थित श्री निम्बार्क नगर के श्री निम्बार्क निकुंज बिहारी मंदिर के पंच दिवसीय पाटोत्सव के अंतर्गत गुरुवार को विभिन्न धार्मिक आयोजन हुए। जगद्गुरु श्री निम्बार्काचार्य पीठाधीश्वर श्री श्यामशरण देवाचार्य श्रीजी महाराज के सान्निध्य में सुबह ठाकुरजी का पंचामृत, पंचगव्य और 108 औषधियों से वेद मंत्रोच्चार के साथ अभिषेक किया गया। ठाकुरजी को नवीन पोशाक धारण कराकर ऋतु पुष्पों से मनोरम शृंगार किया गया। छप्पन भोग की झांकी आकर्षण का केन्द्र रही।

दोपहर को समाजगायन में वृंदावन के स्वामी भुवनेश्वर वशिष्ठ, स्वामी गिरिराज प्रसाद, जयपुर के संतोष व्यास सहित अन्य लब्ध प्रतिष्ठित भजन गायकों ने बधाइयां वृंदावन शैली में गाईं तो महिलाओं ने भक्तिभाव से बधाइयों पर नृत्य किया। दो दर्जन से अधिक श्रद्धालुओं ने गुरु दीक्षा ग्रहण की। इससे पूर्व यज्ञाचार्य डॉ. भास्कर श्रोत्रिय के आचार्यत्व यजमानों ने श्री गोपाल महायज्ञ में 31 हजार आहुतियां अर्पित की।

# विश्व शरणार्थी दिवस पर किया हिंदू पीड़ित शरणार्थियों का सम्मान

## निमित्तेकम पाकिस्तान से आए विस्थापित हिंदू शरणार्थियों पर कर रही काम

जयपुर, 19 जून (ब्यूरो): निमित्तेकम पाकिस्तान से आए हुए विस्थापित हिंदू शरणार्थियों की दिशा में लगातार काम कर रहा है। अब तक इसने गृह मंत्रालय और विदेश मंत्रालय नई दिल्ली की सक्रिय सहायता से सभी आयु समूहों के लगभग 17 हजार हिंदू और सिख शरणार्थियों को सफलतापूर्वक भारत में स्थानांतरित किया है। ये प्रवासी हिंदू और सिख वर्तमान में जयपुर, जोधपुर, जैसलमेर और बीकानेर शहरों में बसे हुए हैं, जहां निमित्तेकम उन्हें दैनिक आधार पर भोजन, आश्रय और बच्चों के लिए शिक्षा प्रदान करने में सहायता कर रहा है।



निमित्तेकम और धर्मांश संस्था द्वारा पाकिस्तान में हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार के कारण भारत लाने का अभियान पाकिस्तानी हिंदू सरनार्थी पुनर्निवास का कार्य करती है। डॉक्टर ओमेंद्र रत्नू और जय आहुजा जो की निमेत्तकम संस्था के सह संस्थापक है, उनकी और से गुरुवार को हिन्दू पीड़ित सरणार्थी भाइयों को विश्व हिंदू शरणार्थी दिवस के रूप में सम्मान किया।

### हवामहल के सामने व्यापारी करेंगे योग

जयपुर, 19 जून (ब्यूरो): 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रमों के पूर्वाभ्यास के तहत शुक्रवार को हवामहल के सामने सुबह आठ बजे उद्यमियों, व्यापार मंडल के पदाधिकारियों, दुकानदारों के लिए योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें ग्रेटर नगर निगम महापौर एवं योग ब्रांड एंबेसडर डॉ सौम्या गुर्जर भी शिविर में योगाभ्यास करेगी।

# अधिकारियों व कार्मिकों ने गलताजी में किया श्रमदान

## वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान: मिट्टी और कचरा हुआ साफ तो निखरा जल कुंड

जयपुर, 19 जून (ब्यूरो): वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान के तहत चिकित्सा शिक्षा विभाग की ओर से गुरुवार को गलताजी मंदिर परिसर में जल संरक्षण एवं स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसकी शुरुआत जल स्रोतों की पूजा-अर्चना के साथ की गई। चिकित्सा शिक्षा विभाग के सचिव अम्बरीश कुमार के नेतृत्व में विभाग के अतिरिक्त निदेशक मुकेश मीणा, चंचल वर्मा, नरेश गोयल एवं कार्मिकों ने श्रमदान किया।

अलसुबह कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने मानव श्रृंखला बना कर पूरे जोश के साथ सबसे ऊंचे जलकुंड से मिट्टी और कचरा निकाल कर उसे स्वच्छ बनाया। इससे जलकुंड का रूप निखर आया। साथ ही, पर्यावरण संरक्षण के संदेश को आगे बढ़ाते हुए एक पेड़ मां के नाम पहल के तहत पौधरोपण भी किया गया। पौधरोपण करते हुए सभी अधिकारियों एवं कार्मिकों ने पर्यावरण-संरक्षण का संकल्प भी लिया।

इस स्वच्छता कार्यक्रम में चिकित्सा शिक्षा विभाग, एसएमएस एवं आरयूएचएस मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों, विद्यार्थियों, कार्मिकों तथा स्थानीय स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

# सेंट सोल्जर स्कूल में योग शिविर का आयोजन

जयपुर, 19 जून (ब्यूरो): राजधानी के सी स्कीम स्थित सेंट सोल्जर पब्लिक स्कूल में गुरुवार को योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि योगगुरु पीठयोग केंद्र के अध्यक्ष ढाका राम, विशिष्ट अतिथि योग आचार्य मनीष विजयवर्गीय व पूर्वी विजयवर्गीय, सरदार जीएस होरा, भूतपूर्व न्यायधीश, सरदार बलदेव सिंह, सचिव गुरु नानक देव सत्संग सभा, शिक्षा बोर्ड को विद्यालय प्रबंधन समिति के कोषाध्यक्ष सरदार जसबीर सिंह एवं विद्यालय प्राचार्या सोनल शर्मा ने हरित स्वर्ण व दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया।

# लोक और भक्ति के संग नशा मुक्ति का संदेश

कोटपूतली-बहरोड़, 19 जून (बालकृष्ण शुक्ला): नशा मुक्त भारत अभियान को मजबूत आधार देते हुए नया सवेरा नशा मुक्ति केंद्र कोटपूतली द्वारा गुरुवार को एक प्रेरणादायक लोक एवं भक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में बालाजी धाम फूटा जोहड़ा के आचार्य बलराम दास महाराज मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित रहे। उन्होंने नशे की सामाजिक और शारीरिक हानियों को रेखांकित करते हुए उपस्थित जनों को नशा न करने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम का उद्देश्य जनमानस को नशे के विरुद्ध जागरूक करना और समाज में सकारात्मक सोच को बढ़ावा देना रहा। संस्था के निदेशक सियाराम छेपट ने कहा कि संस्था आगे भी इस तरह के जनजागरुकता अभियान जारी रखेगी।

# मुहाना मंडी में ड्रेनेज, सफाई व सुरक्षा का अभाव

## सांसद से मिले संघ पदाधिकारी

जयपुर, 19 जून (ब्यूरो): एशिया की सबसे बड़ी फल एवं सब्जी मुहाना मंडी में बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। मंडी प्रांगण



में ड्रेनेज, सीवरेज और पेयजल लाइन नहीं है। मंडी की सफाई व्यवस्था भी चरमरा गई है। इसके अलावा मंडी में सुरक्षा के इंतजाम कमजोर है, रोजाना चोरी की वारदातें सामने आ रही है। जबकि मुहाना मंडी व्यापारी और दुकानदार करोड़ों रुपए का टैक्स चुका रहे है। उसके बावजूद मंडी प्रशासन सुविधाएं महैया नहीं करवा पा रहा है।

इस संबंध में गुरुवार को जयपुर फल व सब्जी थोक विक्रेता संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने सांसद मंजू शर्मा से मुलाकात की। विक्रेता संघ के अध्यक्ष योगेश तंवर ने सांसद को मंडी परिसर में व्याप्त समस्याओं से अवगत कराया। इस पर सांसद ने त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

**तहखानों में भर रहा पानी :** अध्यक्ष योगेश तंवर ने बताया कि मंडी में ड्रेनेज नहीं होने के कारण हर साल बारिश का पानी व्यापारियों के प्रतिष्ठानों के तहखानों में भर जाता है। इस साल मानसून आ चुका है। इसलिए फिर से वहीं हालात होने का डर सता रहा है।

# 'वृक्ष भी करते हैं सैनिकों की तरह देश की रक्षा'

## वीर सैनिकों को सिंदूर का पौधा देकर किया सम्मानित, झोटवाड़ा में वृक्ष कथा-ऑपरेशन सिंदूर संपन्न

जयपुर, 19 जून (ब्यूरो): माधव जन कल्याण मंच के तत्वावधान में गुरुवार को नांगल जैसा बोहरा स्थित शिव विहार कॉलोनी में देशभक्ति और पर्यावरण संरक्षण को समर्पित एक विशेष आयोजन वृक्ष कथा-ऑपरेशन सिंदूर का आयोजन किया गया।





संत प्रकाशदास महाराज के सान्निध्य में आयोजित कार्यक्रम में सैंकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे। संत प्रकाशदास महाराज ने भजनों और देश भक्ति गीतों से माहौल में जोश भर दिया। उन्होंने कहा कि वृक्ष कथा जैसे आयोजन बहुत जरुरी है। क्योंकि वृक्षों के बिना जीवन संभव नहीं है। धन और संसाधनों का वृक्षों के बिना कोई मूल्य नहीं है।

इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की पर्यावरण गतिविधि के प्रांत पर्यावरण प्रमुख अशोक कुमार शर्मा ने वृक्षों की उपादेयता पर केन्द्रित वृक्ष कथा का संगीतयम श्रवण कराया। कथा में बताया गया कि किस प्रकार वृक्ष न केवल पर्यावरण की रक्षा करते हैं, बल्कि राष्ट्र रक्षा में भी अप्रत्यक्ष रूप से सहायक होते हैं। उन्होंने कहा कि सीमा पर हमारी रक्षा सैनिक करते हैं और सैनिकों की रक्षा वृक्ष ही करते हैं।

वृक्षों के हरे रंग ही सैनिकों की वर्दी होती है। एक तरह से वृक्ष भी हमारे वीर सैनिक है। उन्होंने कहा कि पेड़ लगाना जरुरी है, उन्हें कटने से बचाना और भी जरुरी है। सरकार हर साल करोड़ों पेड़ लगा रही है लेकिन यह भी सच है कि लाखों की संख्या में पेड़ आए दिन काटे भी जा रहे हैं।

इस मौके पर देश के 51 वीर सैनिकों को सिंदूर का पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया। सैनिक पौधे को घर में रोपित करेंगे, ताकि ऑपरेशन सिंदूर की स्मृति बनी रहे। यह पौधा जब फल देगा, तो उससे प्राप्त शुद्ध सिंदूर को हनुमानजी को अर्पित किया जा सकेगा। साथ ही सुहागिन महिलाएं भी इस सिंदूर को अपनी मांग में भर सकेंगी।

## जन्मदिन



मुकेश कुमार मीणा पुत्र-बद्री मीणा (सन्देड़ा-पीपलू)

वासुदेव कुमावत पुत्र-सत्यनारायण कुमावत (जयपुर)

पंजाब केसरी
सदा आपके साथ
जन्मदिन विवाह वर्षगांठ
बेटे/बिटिया के जन्मदिन
नव-विवाहित जोड़े की
अपने विवाह की वर्षगांठ की
फोटो हमें भेजें। प्रकाशन नि:शुल्क होगा।
newsjpr@punjabkesari.net.in
whatsapp
9887421337
नोट: मेल में नाम, माता-पिता का नाम, पता और मोबाइल नम्बर जरूर लिखें।

## क्विक रीड

### बाबा श्याम की सजेगी फूल बंगला झांकी

जयपुर, (ब्यूरो): म्हारे घरा पधारो श्याम संस्था अग्रवाल फार्म मानसरोवर की ओर से एकादशी के मौके पर 21 और 22 जून को श्री श्याम भजन संध्या चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। संस्था के अध्यक्ष रतन कट्टा ने बताया कि सेक्टर 113 अग्रवाल फार्म श्याम पार्क में 21 जून को होने वाली भजन संध्या में बाबा श्याम का फूल बंगले की विशेष श्रृंगार झांकी सजाई जाएगी। बाबा के ठंडी तासीर वाले व्यंजनों का भोग लगाया जाएगा। बाबा श्याम का चंदन से विशेष श्रृंगार होगा। भजन संध्या के अगले दिन 22 जून श्याम पार्क में म्हारे घरा पधारो श्याम संस्था, एएमआरसी हॉस्पिटल के द्वारा नि:शुल्क चिकित्सा शिविर लगाया जाएगा।

### पुरी की भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा के लिए किया आमंत्रित

जयपुर, (ब्यूरो): पुरी की विश्व विख्यात भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा के मुख्य आयोजन में शामिल होने के लिए श्री जगन्नाथ दर्शन चैरिटेबल ट्रस्ट ने अखिल राज्य ट्रेड एंड इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आरतिया) को देश के प्रमुख औद्योगिक कारोबारी संगठन के रूप में आमंत्रित किया है।

श्री जगन्नाथ दर्शन चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से आरतिया के चेयरमैन कमल कंदोई को प्रेषित आमंत्रण में कहा गया है कि इस पवित्र यात्रा में देश के प्रमुख औद्योगिक और कारोबारी संगठनों के पदाधिकारियों को आमंत्रित किया जाता है और उनके लिए यात्रा दर्शन की विशेष सुविधाएं भी प्रदान की जाती हैं। आरतिया का कहना है कि जगनाथ ट्रस्ट का यह प्रयास धार्मिक पर्यटन के विकास के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा।


आरतिया के विष्णु भूत, आशीष सर्राफ, प्रेम बियाणी, ज्ञान प्रकाश, अजय गुप्ता, ओपी राजपुरोहित, कैलाश शर्मा, दिनेश गुप्ता, तरूण सारडा, राजीव सिंहल और आयुष जैन ने सभी सदस्यों और टीम आरतिया के साथियों से अधिक से अधिक भागीदारी का आग्रह किया है।

## आज का राशिफल

20 जून 2025, शुक्रवार

आषाढ़ कृष्ण तिथि नवमी (प्रात: 9.50 तक) तथा तदोपरांत तिथि दशमी। सूर्योदय समय ग्रहों की स्थिति:

| | | |
|---|---|---|
| सूर्य मिथुन में | बुध मिथुन में | शनि मीन में |
| चन्द्रमा मीन में | गुरु मिथुन में | राहु कुंभ में |
| मंगल सिंह में | शुक्र मेष में | केतु सिंह में |




[illegible]

फ्री में दिखाएं अपनी कुंडली...

https://www.facebook.com/KundliTv

https://www.youtube.com/c/KundliTv

रोजाना दोपहर 1 बजे

मेष: [illegible]

वृष: [illegible]

मिथुन: [illegible]

कर्क: [illegible]

सिंह: [illegible]

कन्या: [illegible]

तुला: [illegible]

वृश्चिक: [illegible]

धनु: [illegible]


मकर: [illegible]

कुंभ: [illegible]

मीन: [illegible]

# अंगदान के लिए ली शपथ मनाया संकल्प दिवस

जयपुर, 19 जून (ब्यूरो): अंगदान महादान के नारों के बीच राजभवन पार्क में अंगदान संकल्प दिवस मनाया। संयोजिका भावना जगवानी ने बताया कि अतिथि विहिप के महामंत्री जुगल किशोर और समाज सेवी आरडी बाहेती थे। सुजाता बाहेती ने लोगों को अंगदान का महत्व बताया और अंगदान के लिए शपथ दिलवाई। देह दान करने वालों की याद में पार्क में बनाए स्मृति चिन्ह पर दीप प्रज्वलित किया। संचालन महेश तांबी ने किया। इस मौके पर रोटरी क्लब (अंगदान) के अध्यक्ष संजय और सचिव डॉ. तरुण सेठी भी मौजूद रहे। इससे पूर्व बाहेती ने पार्क में घूमने आने वाले बुजुर्गों का सम्मान किया।



# टेऊंराम चालिहा महोत्सव का आयोजन



जयपुर, 19 जून (ब्यूरो): सिंध के महान संत प्रेम प्रकाश मंडल के संस्थापक योगीराज 1008 आचार्य श्री सद्गुरु स्वामी टेऊंराम जी महाराज के पावन चालिहा महोत्सव (21 मई से 30 जून तक) की भक्ति ज्ञान की मौज में गुलाबी नगरी रंगी हुई है। चालिसा महोत्सव के उपलक्ष में गुरुप्रेमी विनीता, लक्षिता-मनोज लखवानी एवं समस्त परिवार द्वारा विशाल चालिसा महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। उत्सव के उपलक्ष में आचार्य श्री सद्गुरु स्वामी टेऊंराम जी महाराज की मनमोहक सुन्दर झांकी सजाई गई एवं भव्य श्रृंगार किया गया। कार्यक्रम संत मोनूराम महाराज, भगत जीतूराम, संत हरीश, अविनाश ऋषि, भरत आदि एवं पूज्य संत मंडल एवं मुकेश लखयानी, मनोज तेजवानी, संदीप, प्रदीप मालिक, ऋषि प्रेम प्रकाशी, देवांश, सोनू आदि भक्तों द्वारा आचार्य सद्गुरु स्वामी टेऊंराम जी महाराज द्वारा रचित वाणी, भजन, दोहे, पद, छंद, श्लोक एवं स्वामी टेऊंराम गुरुदेव की महिमा का गुणगान किया गया।

# मेगा राहत अभियान शुरू



जयपुर, 19 जून (ब्यूरो): सोसायटी फॉर पब्लिक ग्रिवेंसिस (एसपीजी) की ओर से राजधानी में मेगा राहत अभियान शुरू किया गया है। एसपीजी के चेयरपर्सन प्रो. बीडी रावत और एसपीजी, इंडिया के सचिव डॉ. गोविंद रावत (एडवोकेट) ने बताया कि अभियान की शुरुआत जयपुर के विभिन्न स्थानों श्रीगोविंददेवजी मंदिर, मोती डूंगरी गणेशजी मंदिर, ताड़केश्वर नाथ मंदिर, चौड़ा रास्ता, पिंजरपोल गोशाला में गायों को चारा खिलाकर की गई। उसके बाद सुबह सात बजे अल्बर्ट हॉल, मोटी डूंगरी गणेश मंदिर, काला हनुमान मंदिर के बाहर कबूतरों को दाना डाला गया और उसके बाद पक्षियों को पानी पिलाने के लिए उसी स्थान पर मिट्टी के परिंडे वितरित किए गए। उसके बाद ताड़केश्वर नाथ मंदिर, चौड़ा रास्ता में रुद्राभिषेक किया गया और गणेश जी, शिव जी और पार्वती माता, पटवारी माता, संतोषी माता, भारू जी, महाकाल का पोशक धरान ताड़केश्वर नाथ जी मंदिर में किया गया।

# दुर्गापुरा में बाल संस्कार शाला का शुभारंभ

जयपुर, 19 जून (ब्यूरो): गायत्री चेतना केन्द्र की ओर से खवास जी के बाग में बाल संस्कार शाला का शुभारंभ हुआ। गायत्री मंत्र जाप से इसकी शुरुआत हुई। बाल संस्कारशाला में बच्चों को भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों एवं जीवन कौशल पर आधारित शिक्षा प्रदान की जाएगी। इस नव आरंभित बाल संस्कार शाला का संचालन पूनम जोशी कर रही है। उन्होंने बताया कि बाल संस्कार शाला का उद्देश्य बच्चों को संस्कार, अनुशासन, सेवा भावना एवं राष्ट्रभक्ति के विचारों से युक्त कर उन्हें सशक्त एवं जागरूक नागरिक बनाना है।

# सीसी सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ



जयपुर, 19 जून (ब्यूरो): वार्ड 100 में सुंदर वाटिका कॉलोनी में इंटरलोकिंग टाइल और सीसी रोड निर्माण कार्य का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर वार्ड 100 के कांग्रेस पार्षद राजीव चौधरी (नेता प्रतिपक्ष ग्रेटर जयपुर), पार्षद प्रतिनिधि राकेश जोतड़, कांग्रेस श्योपुर मंडल अध्यक्ष हनुमान शर्मा, एसएन पंवार, प्रशांत मीना, मनीष जैन, राजपाल सिंह, घनश्याम चौधरी, नानकराम और समस्त कॉलोनी वासियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने अपने विचार व्यक्त किए और इस विकास कार्य के लिए बधाई दी। पार्षद राजीव चौधरी ने कहा कि यह विकास कार्य क्षेत्र के निवासियों के लिए एक बड़ी सौगात है और इससे क्षेत्र की तस्वीर बदलेगी।

# राजीव थानवी रचित 'योग एंथम' आज होगा रिलीज

जयपुर, 19 जून (ब्यूरो): प्रसिद्ध गायक एवं संगीतकार राजीव थानवी द्वारा रचित 'योग एंथम' को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 20 जून को सभी प्रमुख अंतरराष्ट्रीय म्यूजिक स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म्स पर रिलीज किया जा रहा है। यह एंथम पहली बार राजपथ (दिल्ली) से आयोजित भव्य योग समारोह में प्रस्तुत किया गया था। जहां योग गुरु बाबा रामदेव एवं तत्कालीन केंद्रीय मंत्रियों की उपस्थिति में लाखों लोगों के समक्ष इसकी राजीव थानवी द्वारा लाइव प्रस्तुति दी गई थी। इसके लेखक डॉ. लीला पुरुषोत्तम शर्मा है। यह योग एंथम न केवल भारतीय योग परंपरा की सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करता है, बल्कि योग के आध्यात्मिक और वैज्ञानिक महत्व को भी रेखांकित करता है।



संस्थापक : अमर शहीद लाला जगत नारायण जी

पंजाब केसरी

# 'अमरनाथ यात्रा की तैयारियां जोरों पर' श्रद्धालुओं की सुरक्षा के हों अचूक प्रबंध!

**जम्मू-कश्मीर** में स्थित 'श्री अमरनाथ जी' की यात्रा करोड़ों शिव भक्तों की आस्था का केंद्र ही नहीं, जम्मू-कश्मीर के सभी धर्मों के लोगों को एक भावात्मक बंधन में बांधने व भाईचारा मजबूत करने का माध्यम भी है। इस यात्रा का वर्णन प्राचीन ग्रंथों में भी मिलता है।

सर्दी, खराब मौसम, पहाड़ी मार्ग की कठिनाइयों, ऑक्सीजन की कमी, बरसात, फिसलन आदि समस्याओं के बावजूद श्रद्धालु भोले बाबा के दर्शन करने पहुंचते हैं। यात्रा मार्ग में 'लखनपुर' से गुफा तक 120 से अधिक स्वयंसेवी मंडलियों द्वारा लंगर लगाए जाते हैं जो रक्षाबंधन तक यहां श्रद्धालुओं के खाने-पीने, ठहरने, दवाओं आदि की सेवा करती हैं।

22 अप्रैल को 'पहलगाम' में पाकिस्तान के पाले हुए आतंकवादियों द्वारा 26 हिंदू पर्यटकों की उनका धर्म पूछ कर निर्मम हत्या के बाद इस यात्रा में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रश्न चिन्ह लग गया था, परंतु सरकार द्वारा चलाए गए 'आप्रेशन' के अंतर्गत पाकिस्तान में अनेक आतंकी अड्डों के सफाए से लोगों का डगमगाया हुआ विश्वास पुन: लौट आया है।

इस यात्रा को सुरक्षित और सुविधायुक्त बनाने के लिए जहां प्रशासन ने कमर कस ली है, वहीं इस बार यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं की रजिस्ट्रेशन भी पिछले वर्ष का आंकड़ा पार कर गई है।

पिछले वर्ष लगभग 3.5 लाख श्रद्धालुओं ने इस यात्रा पर आने के लिए एडवांस रजिस्ट्रेशन करवाई थी परंतु इस वर्ष 3 जुलाई से 9 अगस्त तक चलने वाली इस 38 दिवसीय यात्रा पर आने के लिए 17 मई तक ही साढ़े तीन लाख से अधिक श्रद्धालु रजिस्ट्रेशन करवा चुके थे।

यात्रा के लिए केंद्र सरकार ने 'सैंट्रल इंडस्ट्रीयल सिक्योरिटी फोर्स' (सी.आई.एस.एफ.) की 580 कम्पनियां भेजी हैं, जो जम्मू-कश्मीर पुलिस के अलावा यात्रा मार्ग पर भी तैनात रहेंगी। यात्रा के लिए पहला जत्था 2 जुलाई को रवाना होगा।

यात्रा के लिए एक आधार शिविर जम्मू के भगवती नगर में 'यात्री निवास' में बनाया गया है जहां 2000 श्रद्धालु एक साथ ठहर सकते हैं तथा दूसरा आधार शिविर श्रीनगर के पंथा चौक में बनाया गया है जहां 6000 से अधिक श्रद्धालुओं के एक साथ ठहरने की व्यवस्था की गई है। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के लिए मोबाइल नैटवर्क, सफाई एवं भोजन आदि की व्यवस्था भी की जा रही है।

जम्मू-कश्मीर के उप राज्यपाल 'मनोज सिन्हा' जो 'अमरनाथ श्राइन बोर्ड' के अध्यक्ष भी हैं, ने 11 जून को पवित्र गुफा में विधि-विधान पूर्वक प्रथम पूजा की। इसे वार्षिक 'अमरनाथ यात्रा' की पारंपरिक शुरूआत का प्रतीक माना जाता है।

यात्रा शुरू होने में 15 दिन से भी कम समय रह गया है, ऐसे में सभी तैयारियां युद्ध स्तर पर चल रही हैं। 'रामबन' में बाढ़ से बहे राजमार्ग को भी दुरुस्त कर दिया गया है, विशेषकर वह इलाका जो पहाड़ से आए मलबे के कारण दब गया था।


श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए प्रदेश के गृह विभाग तथा 'श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड' द्वारा 1 जुलाई से 10 अगस्त तक 'पहलगाम' व 'बालटाल' के दोनों यात्रा मार्गों को पहली बार 'नो फ्लाइंग जोन' घोषित कर देने के कारण इस बार यात्रा में 'हैलीकॉप्टर सेवा' नहीं मिलेगी।

इस दौरान मानव रहित हवाई वाहनों, ड्रोन और गुब्बारों सहित किसी भी प्रकार की हवाई उड़ान पर प्रतिबंध रहेगा तथा श्रद्धालुओं को पैदल, पालकी या घोड़े पर ही यात्रा करनी होगी।

यात्रा के आधार शिविर सुरक्षा बलों के विशेष दस्तों के अलावा सी.सी.टी.वी. कैमरों की निगरानी में रहेंगे और यात्रा मार्ग पर भी विशेष तैनाती रहेगी। यात्रियों की सुरक्षा के लिए उन्हें पहले की भांति ही 'रेडियो फ्रीक्वैंसी आईडैंटीफिकेशन' (आर.एफ.आई.डी) कार्ड से यात्रा करनी होगी जिसमें बीमा का लाभ उपलब्ध होगा और श्रद्धालुओं को 'ट्रैक' भी किया जा सकेगा।

जहां तक प्रशासन का दावा है सब कुछ ठीक प्रतीत होता है लेकिन इस बात का ध्यान रखना जरूरी है कि कहीं भी कोई कसर बाकी न रह जाए और यात्रियों की सुरक्षा के लिए अचूक प्रबंध किए जाएं ताकि वे इस यात्रा को सुरक्षित वातावरण में सम्पन्न करके अपने-अपने घरों को लौट सकें।

—विजय कुमार




## गम ज्यादा हैं लिफाफे में नहीं आएंगे

*खत के छोटे से तराशे में नहीं आएंगे,*
*गम ज्यादा हैं लिफाफे में नहीं आएंगे।*
*हम न मजनू हैं, न फरहाद के कुछ लगते हैं,*
*हम किसी दश्त तमाशे में नहीं आएंगे।*
*मुख्तसर वक्त में यह बात नहीं हो सकती,*
*दर्द इतने हैं खुलासे में नहीं आएंगे।*
*उसकी कुछ खैर खबर हो तो बताओ यारो,*
*हम किसी और दिलासे में नहीं आएंगे।*
*जिस तरह आपने बीमार से रुख्सत ली है,*
*साफ लगता है जनाजे में नहीं आएंगे।*

-खालिद नदीम शानी

## पाठकों के पत्र

## वृंदावन लीला भूमि है, पर्यटन स्थल नहीं

**वृंदावन** की गलियों का संकीर्ण, शुद्ध और भक्ति से भरा वातावरण ही उसकी आत्मा है। यह बात सत्य है कि कॉरिडोर के नाम पर सदियों से चले आ रहे मंदिरों, परिक्रमा मार्गों और गोपनीय स्थलों के साथ छेड़छाड़ करने से श्रद्धालुओं की आस्था पर आघात हो सकता है। विकास के नाम पर यदि वृंदावन की मौलिकता और राधा-कृष्ण के लीला स्थलों को ही बदल दिया जाएगा तो यह विरासत के प्रति अनादर है।

वृंदावन लीला भूमि है, पर्यटन स्थल नहीं। लेकिन एक बात विचारणीय है कि यहां जितने श्रद्धालु आते हैं उन सबको अव्यवस्था का कष्ट सहना पड़ता है। यद्यपि तीर्थ स्थलों में आरामदायक यात्रा की अपेक्षा नहीं होती, लेकिन जो असुविधाएं हैं वे मानवीय प्रयासों से ठीक हो सकती हैं।

कॉरिडोर की परिकल्पना तभी मन में आई जब मंदिर प्रबंधकों द्वारा वहां की भीड़ के अनुरूप न तो प्रबंधन को सुधारा गया और न ही किसी प्रकार की सुविधाएं विकसित की गईं।

सरकार के सशक्त निर्णय के आगे कॉरिडोर के निर्माण का विरोध अरण्यरोदन के समान है। क्या कॉरिडोर का निर्माण तुलसी के वन, ब्रज की रज, राधा का नाम, बंसी की तान और गोपियों की भावना को सुरक्षित रख पाएगा? क्या पुरानी धरोहरों की मुरम्मत, संरक्षण और उनके महत्व को संजोना भी इस योजना का हिस्सा बना रहेगा?

क्या इसकी गरिमा तीर्थ स्थल की जगह पर्यटन स्थल की तो नहीं हो जाएगी? क्या इस निर्माण से श्रद्धा, पर्यावरण, परम्परा, पुराने मंदिर, घाट, कुंड और ऐतिहासिक स्थल व स्थानीय लोगों की भावनाएं सुरक्षित रहेंगी? सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि भगवान की व्यवस्था कैसी होनी चाहिए, इस पर मनुष्य कैसे कोई निर्णय ले सकता है? यह तो भगवान ही अपनी इच्छा से मनुष्य में उस प्रकार की प्रवृत्ति पैदा कर देता है।

ईश्वर के निर्णय सदैव सही होते हैं, उन पर संदेह नहीं किया जा सकता। अगर भगवान की इच्छा होगी कि पुराना स्वरूप ही बना रहे तो निश्चित रूप से कोई न कोई कारण चमत्कार के रूप में पैदा होगा, अन्यथा जो भी होगा वह अच्छा ही होगा। उसके निर्णय को सर-माथे पर रखना चाहिए।

-प्रो. अनूप कुमार गक्खड़, हरिद्वार

# विमान दुर्घटना और हनीमून हत्या

**इस** सप्ताह दो घटनाएं समाचारों की सुर्खियां बनीं। मैं दोनों पर टिप्पणी करूंगा पहले अहमदाबाद में विमान दुर्घटना पर और फिर मेघालय में हनीमून मर्डर पर।

अहमदाबाद में बोइंग कम्पनी के ड्रीमलाइनर विमान दुर्घटना ने अंतर्राष्ट्रीय ध्यान आकर्षित किया है। आज के युग में हवाई यात्राएं उतनी ही पैदल यात्रा वाली हैं जितनी मेरे बचपन के दिनों में समुद्री यात्राएं हुआ करती थीं। बेशक, रेलगाड़ी या यात्री बस से यात्रा करना अधिक आम था क्योंकि पैर जमीन पर होते थे और इससे मानसिक आराम मिलता था।

मेरी पहली हवाई यात्रा मार्च 1973 में हुई थी। मुझे केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सी.आर.पी.एफ.) में डी.आई.जी. के पद पर नियुक्त किया गया था। मैं पुलिस विभाग में कार्यरत था, जिसका मुख्यालय हैदराबाद में है। 1 मार्च, 1973 को मैं इंडियन एयरलाइंस से बम्बई से हैदराबाद गया। वह मेरी पहली उड़ान थी लेकिन निश्चित रूप से आखिरी नहीं। दरअसल सी.आर.पी.एफ. में मुझे हर महीने एक बार या अधिकतर दो बार हवाई यात्रा करनी पड़ती थी, ताकि मैं अपने प्रभार में सौंपी गई 8 बटालियनों में से किसी एक से संपर्क कर सकूं।

बाद में 1979 में जब मैं केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से अपने मूल राज्य महाराष्ट्र लौटा तो मुझे जापानी सरकार के अतिथि के रूप में जापान में 7 सप्ताह की कार्यशाला में भाग लेने के लिए चुना गया। और इसके लिए जनवरी 1980 में जापानी एयरलाइन जे.ए.एल. द्वारा टोक्यो के लिए उड़ान भरना आवश्यक हो गया। यह विदेश की कई यात्राओं में से पहली थी।

अहमदाबाद विमान दुर्घटना के कारणों का पता विशेषज्ञों द्वारा 'ब्लैक बॉक्स' के डाटा का विश्लेषण करने के बाद लगाया जाएगा। लेकिन जो नागरिक थोड़ी-सी भी सामान्य बुद्धि से संपन्न हैं, वे मुझसे सहमत होंगे कि सत्ता में बैठी सरकारों को मुख्य रूप से सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हवाई अड्डों के पास मानव बस्तियों की अनुमति नहीं देनी चाहिए लेकिन पक्षियों को आकर्षित होने से बचाने और मानव जीवन की हानि से बचने के लिए भी ऐसा करना चाहिए जैसा



जूलियो रिबैरो
(पूर्व डी.जी.पी. पंजाब व पूर्व आई.पी.एस. अधिकारी)

कि अहमदाबाद में हुआ था, जब विमान मैडीकल इंटर्न और छात्रों के छात्रावास भवन पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। मुझे आश्चर्य है कि हवाई अड्डे के पास इन निर्माणों को बनने की अनुमति किसने दी।

दूसरा खतरा तब उत्पन्न होता है जब सरकार समुद्र तट पर 20 और 40 मंजिला इमारतें बनाने की अनुमति दे देती है। भले ही निर्माण कार्य विमानों के उड़ान भरने या उतरने की दिशा में न हो, लेकिन ये इमारतें शहर में पानी की बढ़ती मांग और घटती आपूर्ति के कारण जलापूर्ति की समस्या उत्पन्न करेंगी। आग लगने की दुर्भाग्यपूर्ण घटना में अग्निशमन कर्मियों के सामने अन्य प्रकार की कठिनाइयां आएंगी।

अहमदाबाद हमारे प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृह मंत्री का सुखद प्रवास स्थल था। मोदी को कनाडा में एक महत्वपूर्ण बैठक में भाग लेना था, जहां उनकी मुलाकात कनाडा के नए प्रधानमंत्री से होनी थी। एक महत्वपूर्ण राष्ट्रमंडल देश के साथ संबंध सुधारने के लिए तैयारी की आवश्यकता थी। विमान दुर्घटना के कारण मोदी को अपने गृह राज्य की यात्रा के लिए समय निकालना पड़ा। यदि वह घटना के तुरंत बाद वहां नहीं पहुंचते तो गुजरात में उनके असंख्य समर्थक निराश हो जाते। वह इस बात से अवगत थे।



छोटे से राज्य मेघालय की राजधानी शिलांग के उपनगरीय क्षेत्र में हुआ 'हनीमून मर्डर' अब मेरा ध्यान आकर्षित कर रहा है। यह कहना जरूरी है कि इस छोटे से राज्य की पुलिस ने राष्ट्रीय स्तर पर ध्यान आकर्षित करने वाले अपराधों की जांच करने का अनुभव न होने के बावजूद शानदार प्रदर्शन किया है।

मेघालय के निवासी, खासी और गारो दोनों, कानून का पालन करने वाले हैं। मुंबई जैसे बड़े, महानगरीय शहर में भी दुल्हन द्वारा दूल्हे की 'हनीमून' हत्या पर सभी की भौंहें तन जातीं। शिलांग में यह बात कई वर्षों तक चर्चा का विषय बनी रहेगी। लेकिन जिस बात ने मुझे सबसे अधिक प्रभावित किया, वह थी जिस गति से तुलनात्मक रूप से अनुभवहीन पुलिस जांचकर्त्ताओं ने युवा दुल्हन की घिनौनी साजिश का पर्दाफाश किया और हत्यारों को सजा दिलाई।

जिस दिन यह अपराध हुआ, उसी दिन दो अन्य घटनाएं भी हुईं जिनमें पत्नियों द्वारा पतियों की हत्या की खबरें अंग्रेजी दैनिकों के भीतर के पन्नों में छपी थीं। एक मामला तो ऐसा था जिसमें एक पत्नी किसी अन्य व्यक्ति से प्रेम करती थी जो असामान्य बात नहीं है। उसने अपने पति से छुटकारा पाने के लिए अपने प्रेमी की मदद ली जो उनकी योजना में बाधा बन रहा था।

महिलाएं हमारी रक्षा सेवाओं की लड़ाकू शाखाओं में शामिल होने के लिए भी तैयार हैं। हमारे प्रधानमंत्री लगातार हमारी बहनों और बेटियों को आगे बढ़ने और अपनी गिनती में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करते रहे हैं।

हालांकि किसी ने भी उन्हें हिंसा का सहारा लेने के लिए प्रोत्साहित नहीं किया है लेकिन हनीमून मर्डर का अध्ययन करने के बाद मुझे ऐसा लगता है कि कुछ युवतियां अपने पुरुषों की नकल करते हुए ऐसी गतिविधियां कर रही हैं जो महिला सशक्तिकरण के दायरे से बाहर हैं।

jfr5529@gmail.com

# पूर्वोत्तर के लोगों को नस्लीय पूर्वाग्रह और हिंसा का दंश झेलना पड़ रहा

**'यहां** तक कि भगवान गणेश की मूर्तियां भी विदेश से आती हैं, छोटी आंखों वाली गणेश की मूर्तियां जिनकी आंखें ठीक से खुलती भी नहीं हैं'- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, 27 मई, 2025 यदि भारत के प्रधानमंत्री पूर्वोत्तर भारत में रहने वाले 4.5 करोड़ लोगों के खिलाफ एक आहत करने वाली रूढ़िवादिता का प्रचार कर सकते हैं तो क्या आपको आश्चर्य है कि पूर्वोत्तर में रहने वाले साथी भारतीय नागरिकों पर ऐसा ही लेबल लगाया जाता है। कई लोगों को दशकों से नस्लीय पूर्वाग्रह और हिंसा का दंश झेलना पड़ रहा है।

2014 में, अरुणाचल प्रदेश के एक किशोर छात्र पर दिल्ली में हमला कर उसकी हत्या कर दिए जाने के बाद बेज बरुआ समिति का गठन किया गया था। समिति ने एक शोध रिपोर्ट का हवाला दिया जिसमें पाया गया कि पूर्वोत्तर के 10 में से 9 लोगों को भारतीय महानगरों में नस्लीय भेदभाव का सामना करना पड़ता है। उद्धृत एक अन्य रिपोर्ट से पता चला है कि पूर्वोत्तर की तीन में से दो महिलाओं को अक्सर विभिन्न प्रकार के भेदभाव का सामना करना पड़ता है।

इसका सबसे ताजा उदाहरण मेघालय हनीमून की त्रासदी थी जो अहमदाबाद में हुई हृदय विदारक दुर्घटना तक समाचारों में छाई रही। सोशल मीडिया पर अप्रमाणित तथ्य और मनगढ़ंत रिपोर्टें प्रसारित होने लगीं, जिनमें उस राज्य को बदनाम किया गया, जहां कई प्राकृतिक रत्न हैं, जैसे कि एलीफैंट फाल्स, उमियम झील, डबल डैकर लिविंग रूट ब्रिज, मावस्मई गुफा और भी बहुत कुछ, न केवल मेघालय बल्कि पूरे पूर्वोत्तर भारत को बदनाम करने के लिए एक संगठित अभियान चलाया गया। आहार संबंधी आदतों से लेकर सामाजिक रीति-रिवाजों, शारीरिक बनावट से लेकर भाषा तक को निशाना बनाने वाले घृणित संदेश, कुछ भी प्रतिबंधित नहीं था।

पूर्वोत्तर भारत के लोगों द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाने के लिए सार्वजनिक डोमेन में बहुत कम आधिकारिक आंकड़े उपलब्ध हैं, विशेष रूप से आतिथ्य, विमानन और स्वास्थ्य क्षेत्रों में। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय (एन.एस.एस.ओ.) के 2020 के आंकड़ों से पता चलता है कि पूर्वोत्तर भारत की चार में से एक महिला प्रवासी आतिथ्य क्षेत्र में कार्यरत हैं।

5 साल बाद यह आंकड़ा और भी अधिक हो सकता है। इसमें यह भी खुलासा हुआ है कि इनमें से अधिकांश लोग कम वेतन वाली, अनौपचारिक नौकरियों में लगे हैं तथा उन्हें सामाजिक सुरक्षा का लाभ नहीं मिलता।

पूर्वोत्तर से मेरा पुराना नाता और विशेष लगाव है। 1991 में मैंने [...]ी नौकरी छोड़ दी और क्विज शो की



डेरेक ओ'ब्रायन
(संसद सदस्य और टी.एम.सी. संसदीय दल (राज्यसभा) के नेता)

मेजबानी शुरू कर दी। पहले कुछ वर्षों के दौरान, ये क्विज शो पूर्वोत्तर के गुवाहाटी, शिलांग, कोहिमा, इम्फाल, दीमापुर तथा कई अन्य शहरों में आयोजित किए गए।

ये कार्यक्रम इंस्टैंट नूडल्स के एक ब्रांड को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किए गए थे, जिसकी उन इलाकों में बड़ी बाजार हिस्सेदारी थी। प्रत्येक शो के लिए मेरी प्रोफैशनल फीस 2500 रुपए थी। हवाई यात्रा, रेलगाड़ियां, बसें, अधिकतर कार की सवारी, यह बहुत कुछ जानने का एक सुंदर अवसर था। इसलिए यह देखकर बहुत दुख होता है कि लोग पूर्वोत्तर के नागरिकों को एक ही तरह से चित्रित कर रहे हैं।

यह लेख लिखते समय मैंने मणिपुर की 30 वर्षीय महिला तोनशिमला लीसन से बात की जो एक प्रतिष्ठित एयरलाइन में कैबिन क्रू के रूप में काम करती हैं। उन्होंने मुझे बताया, ''एक साल पहले, दिल्ली मैट्रो में युवाओं का एक समूह मुझे और मेरी मां को देखता रहा और हंसता रहा और मैंने उन्हें चाइनीज, चिंकीज कहते हुए सुना। कार्यस्थल पर, हमारे सहकर्मियों द्वारा हमारे अनोखे नामों का मजाक उड़ाना एक और चुनौती है जिसका हमें सामना करना पड़ता है। कई यात्री हमारी मेहनत और लचीले स्वभाव के लिए हमें प्रेरित करते हैं, लेकिन अन्य अक्सर हमें नीचा दिखाने की कोशिश करते हैं।''



एयर इंडिया की उड़ान संख्या ए.आई.171 के दो कैबिन क्रू सदस्य, लामनुनथेम सिंगसन और कोंगब्राइलाटपम नगनथोई शर्मा, मणिपुर के थे। कुकी, जो समुदाय से लैमनुनथेम, मैतेई समुदाय से कोंगब्रिलाटपम। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि कुकी कौन था और मैतेई कौन था। मणिपुर शोक में एकजुट था।

महामारी के दौरान 8 बहनों (राज्यों) के निवासियों के प्रति पूर्वाग्रह और भेदभाव कई गुना बढ़ गया। भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद द्वारा राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, दिल्ली के अपराध विज्ञान एवं पीड़ित विज्ञान केंद्र द्वारा पूर्वोत्तर के लोगों के विरुद्ध नस्लीय भेदभाव पर किए गए अध्ययन में पाया गया कि 'पूर्वोत्तर भारत भारतीयों की चीनी लोगों की कल्पना के अनुरूप है' तथा 'उन्हें अपने विरुद्ध घृणा और पूर्वाग्रहों की बढ़ती घटनाओं का सामना करना पड़ा'।

हाल ही में संसद में मणिपुर पर दो बार चर्चा हुई। एक बार जब विपक्षी दलों ने 2023 में अविश्वास प्रस्ताव लाकर केंद्र सरकार को इस मुद्दे पर चर्चा करने के लिए मजबूर किया था और एक बार, अप्रैल 2025 में पूरी रात चर्चा की गई थी। इस साल अप्रैल में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सदन में कहा था, ''13 फरवरी 2025 को राष्ट्रपति शासन लगाया गया था, नवंबर में शून्य हिंसा, दिसंबर में शून्य हिंसा, जनवरी में शून्य हिंसा, 13 मार्च तक शून्य हिंसा और तब से लेकर आज तक शून्य हिंसा हुई। इसलिए हमें गलत धारणाएं पैदा करने की कोशिश नहीं करनी चाहिए''।

गृह मंत्री के बोलने से ठीक पहले, आपके स्तंभकार ने राज्यसभा में जो कहा, वह इस प्रकार है, ''तीन लाख अस्सी हजार किलोमीटर। पिछले 22 महीनों में यह वह दूरी है जो भारत के प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तय की है। यह पृथ्वी ग्रह से चंद्रमा तक की दूरी भी है! लेकिन प्रधानमंत्री मणिपुर के लिए उड़ान नहीं भर सके जो कि केवल 2400 किलोमीटर दूर है।

हम इस पर संसद में रात के अंधेरे में, सुबह के तीन बजे चर्चा कर रहे हैं। कोई टी.वी. चैनल नहीं, कोई प्राइम टाइम नहीं। दिन में मणिपुर को सीधे आंखों में देखिए।''(अतिरिक्त शोध:आयुष्मान डे)

derek.ob@sansad.nic.in

# लोकप्रियता में सबसे आगे तेजस्वी, फिर बाधा क्या?

**बिहार** में नेताओं की एक नई पीढ़ी लालू प्रसाद यादव और नीतीश कुमार का विकल्प बन कर खड़ी हो रही है। राज्य की राजनीति पर करीब 4 दशकों से लालू और नीतीश का दबदबा रहा है। नब्बे के दशक में पिछड़ों के लिए आरक्षण की आंधी में लालू मुख्यमंत्री बने और करीब 15 सालों तक सत्ता में रहे। इस दौर में पिछड़ों, खासतौर से अपने ही समुदाय में उनकी लोकप्रियता उफान पर रही, पर बाद के दौर में बढ़ते अपराध, अपहरण के बाद उनके हिस्से में जंगलराज के अगुवा का खिताब भी आया। नीतीश कुमार ने भारतीय जनता पार्टी के साथ मिलकर जंगलराज की ध्वनि और तेज की जिससे सत्ता उनके हाथ आ गई।

2005 में लालू विरोध के साथ अति पिछड़ा और अति दलित का झंडा उठाकर नीतीश कुमार मुख्यमंत्री की कुर्सी तक पहुंचे और लगभग अब तक बने हुए हैं। उधर चारा घोटाला में सजा के चलते लालू सत्ता की कुर्सी का सपना देखते रह गए, लेकिन विरासत 10 साल पहले छोटे बेटे तेजस्वी यादव को सौंप दी।

अब नीतीश के चेहरे पर भी उम्र की समस्याएं दिखाई दे रही हैं। उनके बेटे निशांत कुमार अब तक राजनीति में नहीं आए हैं। शुरू में नीतीश ने उनको आगे नहीं बढ़ाया और बाद में इसके हालात नहीं बने। यही वजह है कि उनकी पार्टी जद-यू में भविष्य को लेकर असमंजस की स्थिति है। क्षेत्रीय दलों में जद-यू संभवत: अकेली पार्टी होगी जिसका वारिस जब भी होगा तो बाहर से होगा।

उत्तर से लेकर दक्षिण तक बाप- बेटे, बिटिया के हाथ सत्ता का समीकरण चलता रहता है। अब फिर अक्तूबर-नवम्बर की चुनावी आहट के आने के साथ ही गर्मी की लू में भी नेताओं को दिक्कत नहीं हो रही है। हां, नीतीश कुमार और उनकी पार्टी को लेकर जरूर असमंजस की स्थिति है। विधानसभा चुनावों के बाद उनकी विदाई की खबरें तेजी से चल रही हैं। नई पीढ़ी के 4-5 नेता अब उनका विकल्प बनने की तैयारी में लगे हैं।

जाहिर है उनमें सबसे आगे लालू के बेटे तेजस्वी यादव हैं, जिन्हें लालू ने अपनी विरासत 2015 में ही सौंप दी थी। बीच में जब नीतीश कुमार ने पाला बदला था तो तेजस्वी उनके साथ उपमुख्यमंत्री बन गए थे।



शैलेश कुमार

अब विपक्ष के नेता हैं।

चुनावी रणनीतिकार से नेता बने प्रशांत किशोर अपनी अलग पार्टी बनाकर लालू-नीतीश का विकल्प बनने की जंग में शिद्दत से जुटे हैं। दिक्कत सबसे बड़ी भाजपा की है। राज्य में कोई भी नेता नेतृत्व की भूमिका को लेकर तैयार नहीं हो पाया है। सुशील कुमार मोदी के निधन के बाद तो कोई एकमत नाम नहीं सामने आ पाया है। मजबूरन जद-यू, राजद पार्टियों से होते हुए 2017 में भाजपा में आए सम्राट चौधरी उनके नेता हैं और फिलहाल उपमुख्यमंत्री भी हैं। सम्राट, पूर्व समाजवादी नेता और एक समय लालू और नीतीश के सहयोगी और पिछड़ों के बड़े नेता शकुनी चौधरी के बेटे हैं।

कांग्रेस ने जे.एन.यू. के पूर्व अध्यक्ष कन्हैया कुमार को आगे किया है। राहुल गांधी उनके लिए समर्थन में भी जबरदस्त तरीके से लगे हैं लेकिन उनकी अपनी अलग दिक्कतें हैं। पिछड़ों की राजनीति के सिरमौर बिहार में वह सवर्ण भूमिहार जाति से आते हैं और दो बार लोकसभा का चुनाव हार भी चुके हैं। राहुल ने वहां दलितों का वोट बैंक अपने पास रखने के लिए राज्य कांग्रेस का नेतृत्व राजेश कुमार नाम के विधायक को दे रखा है।

**तेजस्वी-चिराग की चुनौती:** इन चार युवाओं में ही बिहार का भविष्य छिपा है। लेकिन सबसे बड़ी दुविधा तेजस्वी और चिराग की है। हाल ही में बिहार के नेताओं की लोकप्रियता को लेकर सी वोटर्स ने एक सर्वे किया था। इस सर्वे के मुताबिक मुख्यमंत्री के लिए 36.9 प्रतिशत लोगों ने तेजस्वी यादव को पसंद किया। प्रशांत किशोर 16.4, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 18.4, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी 6.6 और चिराग पासवान सिर्फ10. 6 फीसदी लोगों की पसंद हैं। सर्वे में शामिल आधे से ज्यादा लोगों ने सरकार से नाखुशी जाहिर की और चुनावों के बाद बदलाव की इच्छा जाहिर की। सी वोटर के मुखिया यशवंत देशमुख ने इस सर्वे के बाद टिप्पणी की कि ये लोगों की इस वक्त की इच्छा है लेकिन ये वोट में बदल जाएं, यह जरूरी नहीं है।



इसी सर्वे में बहुत कुछ कहानी है। 36.9 प्रतिशत लोग अगर तेजस्वी को पसंद कर रहे हैं तो सामान्य तौर पर उनके सत्ता में आने में कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। तय है कि इसका बड़ा हिस्सा उनके मुस्लिम - यादव समीकरण से आता है। अगर दो गठबंधनों में भी मुकाबला होता है तो 42.43 प्रतिशत वोट पर सत्ता आ जाती है। लेकिन यहां इतनी लोकप्रियता के बाद भी तेजस्वी बहुत भरोसे में नहीं हैं कि सत्ता उनके ही पास आएगी।

इसके पीछे कई और कारण हैं। दो सीधे गठबंधन के चुनाव में तीसरा गुट बनने की कोशिश में चल रहे प्रशांत कुमार भी हैं जो मुसलमानों का बड़ा वोट बैंक खींच ले जा सकते हैं। यही प्रशांत कुमार एन.डी.ए. गठबंधन के लिए भी सिरदर्द हैं। सवर्ण वोट बैंक भाजपा के साथ पिछले लगभग 20 साल तक जुड़ा रहा है, तो सत्ता से नाराजगी भी स्वाभाविक है। खास तौर युवाओं में।

यही नाराजगी एन.डी.ए. का वोट कम कर सकती है। दूसरी तरफ चिराग एन.डी.ए. का नेतृत्व संभालना चाहते हैं पर भाजपा खुलकर कुछ नहीं कह रही है। चिराग की इस सर्वे में लोकप्रियता सिर्फ 10.6 प्रतिशत है यानी उन्हीं का परम्परागत वोट बैंक 6 प्रतिशत से थोड़ा ज्यादा।

चुनाव के नतीजे आखिरी समय की बहुत सी परिस्थितियों पर निर्भर होते हैं। लेकिन इतना तो साफ है कि तेजस्वी और चिराग के लिए नीतीश का विकल्प बनना आसान नहीं है। ऐसी स्थिति में तय है कि कुछ समीकरण और बनने हैं। तेजस्वी के साथ कौन आएगा? प्रशांत किसको कितना बड़ा नुकसान पहुंचाएंगे? और जीत के रथ पर सवार भाजपा के लिए नरेंद्र मोदी का करिश्मा कितना आगे तक जाएगा? लेकिन तेजस्वी और चिराग की भूमिका पर नजर रखना बड़ा रोचक होगा।

# दुबई रियल एस्टेट : नई फिच रिपोर्ट पर गहन नजर डालने की जरूरत

**रेटिंग** एजैंसी फिच द्वारा दुबई रियल एस्टेट पर प्रकाशित हालिया रिपोर्ट को विक्रय पक्ष समुदाय द्वारा भारी खंडन का सामना करना पड़ा। इस तथ्य के बावजूद कि यह स्पष्ट हो गया है कि न केवल मूल्य वृद्धि का स्तर कम हो गया है और कुछ मामलों में गिर गया है, बल्कि डिलीवरी में कम 'वास्तविकीकरण दर' को भी ध्यान में रखा गया है। आपूर्ति अब क्षितिज पर बड़ी दिख रही है।

यह उस पुरानी कहावत पर आधारित है कि 'ऐसी कोई कमी नहीं रही जिसके बाद अधिशेष न हुआ हो'।

उदाहरण के लिए, 'बिजनैस बे' में कीमतें डेढ़ साल से अधिक समय से मूलत: स्थिर बनी हुई हैं जबकि नए लांच किए गए उत्पाद लगातार ऊंची कीमतों पर बिक रहे हैं। यह केवल 'बिजनैस बे' तक ही सीमित नहीं है बल्कि जे.एल.टी., ए. अल जादाफ और हाल ही में अरजान और जे.वी.सी. जैसे क्षेत्रों में भी देखा गया है।

लेकिन असली सवाल शायद यह है कि क्या मौजूदा माहौल में मूल्य सुधार वास्तव में एक बुरी बात है। यदि हम फिच के विश्लेषण को स्वीकार करें तो इसमें गिरावट की कोई बात नहीं है बल्कि एक मध्यम सुधार की बात है जो वास्तव में खरीदारों की एक नई श्रेणी को बाजार में प्रवेश करने का अवसर देगा जो अब तक बेकाबू कीमतों के कारण 'बाहर' रह गए थे।

बाजार में खरीदारों के इस बढ़े हुए समूह को प्रवेश की अनुमति देना निश्चित रूप से विनियमनों का केंद्र बिंदु होना चाहिए। 'घर के स्वामित्व में वृद्धि से धन में वृद्धि की नींव तैयार होती है।' और यदि जैसा कि फिच रिपोर्ट इंगित करती है, डिवैल्पर्स और बैंक इन अनुमानित मूल्य गिरावटों के लिए पर्याप्त पूंजीकृत हैं तो निश्चित रूप से अनुशंसित कार्रवाई यह होगी कि निवासी जनसंख्या आधार को लुभाने के लिए इस तरह की मूल्य कार्रवाई का लाभ उठाया जाए, बजाय नए प्रवासियों के आगमन पर निर्भर रहने के, जो अब तक विलासिता की ओर झुके हुए थे। जो संयोग से मूल्य कार्रवाई के लिए सबसे अधिक संवेदनशील है, खासकर इसलिए क्योंकि नए निर्माणों का बढ़ता प्रतिशत इस

समीर लखानी

उपसमूह की जरूरतों को पूरा करने पर केंद्रित है।

**स्पष्ट बात को नजरअंदाज कर रहे हैं:** इसके बजाय, विश्लेषकों और प्रभावशाली व्यक्तियों की प्रतिक्रिया यह रही है कि बिक्री पर कोई असर नहीं पड़ा है। लांचिंग तीव्र गति से जारी है और कुछ ने तो यहां तक सुझाव दिया है कि कम मूल्य अस्थिरता के कारण रियल एस्टेट, पूंजी बाजार की तुलना में 'सुरक्षित' है। और यही कारण है कि अमीर लोग कम घर खरीदने की बजाय अधिक घर खरीद रहे हैं।

इनमें से प्रत्येक बिंदु की जांच की जा सकती है लेकिन अंतर्निहित गतिशीलता अनिवार्य रूप से निम्नलिखित है :

-नए लांच और मौजूदा घरों के नवीनीकरण में मुख्य रूप से सुविधाओं पर ध्यान केंद्रित किया गया है जो महंगी हैं और इनकी वजह से बिक्री मूल्य भी अधिक होता है।

-सुविधाओं के कारण, मूल्य निर्धारण के संदर्भ में नई और पुरानी संपत्तियों के बीच स्पष्ट अंतर है।

-नए समुदायों में सेवा शुल्क अधिक है जबकि क्षेत्र छोटा हो गया है। और सबसे महत्वपूर्ण बात, अब अधिक मात्रा के साथ-साथ कम और लंबी अवधि के भुगतान के साथ-साथ निजी क्षेत्र के डिवैल्पर्स के पास स्टीकर मूल्य पर 40-50 प्रतिशत तक की छूट पर 'नकद यूनिट' की पेशकश करने की अधिक क्षमता भी आ गई है।



इन सबका तात्पर्य यह है कि बहस का ध्यान विश्लेषण को नकारने पर केंद्रित नहीं होना चाहिए (हमारे पास पहले से ही बहुत से नकारात्मक लोग हैं), बल्कि समुदाय-व्यापी दृष्टिकोण पर अधिक सूक्ष्म विश्लेषण प्रस्तुत करें, जिसमें यह देखा जाए कि कहां आपूर्ति-मांग में अधिक असंतुलन है तथा आकर्षक मूल्य निर्धारण के खुलने पर निवेशकों के लिए कहां अवसर हो सकते हैं।

यह बात खुदरा निवेशकों के साथ-साथ संस्थागत निवेशकों के लिए भी सत्य है। जहां खुदरा और आतिथ्य संपत्तियों की मांग में वृद्धि हुई है वहीं कुछ लग्जरी होटल संपत्तियों के लिए 'डच नीलामी' प्रक्रिया भी चल रही है। बाजार के आकार के तेजी से विस्तार ने यह आवश्यक कर दिया है कि आंकड़ों का विश्लेषण करने के असंख्य तरीके हों। इस दृष्टि से, फिच का विश्लेषण अंतर्राष्ट्रीय रिपोर्टों की शृंखला में मात्र पहला विश्लेषण है, जिसके गुणों तथा इसमें निहित अवसरों के आधार पर बहस होनी चाहिए।

(साभार : गल्फ न्यूज)

पंजाब केसरी
आर. एन. आई. नं. RAJHIN/2014/59277
जयपुर कार्यालय :
फोन: 0141-2709856, 0141-2707530
Email: newsjpr@punjabkesari.net.in
स्वत्वाधिकारी हिन्द समाचार लिमिटेड पक्का बाग, जालन्धर के लिए मुद्रक, प्रकाशक तथा सम्पादक रघु आदित्य* द्वारा जगत विजय प्रिंटर्स, प्लाट नं. 5-सी, झालाना डूंगरी इंस्टीट्यूशनल एरिया, जयपुर से मुद्रित तथा प्रकाशित।
* इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी।

CMYK

## क्विक रीड

### दो बाइकों की भिड़ंत में तीन लोग घायल

झालावाड़, (ओमप्रकाश शर्मा) : डग थाना क्षेत्र में दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में तीन लोग घायल हो गए। राघु सिंह पिता पर्वत सिंह डग जा रहे थे, जबकि गुमान सिंह पिता भगवान सिंह ऊंकारलाल को बैठाकर पतलाई की ओर जा रहे थे। पतलाई के पास दोनों बाइकों में टक्कर हो गई। सूचना पर 108 एम्बुलेंस से घायलों को डग अस्पताल ले जाया गया। राघु सिंह के पैर में फ्रैक्चर और गंभीर चोटों के चलते उसे झालावाड़ रेफर किया गया।

### 5.64 ग्राम स्मैक सहित आरोपी गिरफ्तार

करौली, (ब्यूरो) : श्रीमहावीरजी पुलिस और जिला स्पेशल टीम ने मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान में बड़ी सफलता हासिल की है। गांवड़ी मीना के हार में हनुमानजी मंदिर के पास नाकाबंदी के दौरान तस्कर हितेश कुमार मीना (30), निवासी बाड़रायल, सवाईमाधोपुर को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से 5.64 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने यह स्मैक धर्माबाई से खरीदी थी।

### सादगी से मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन

बूंदी, (संदीप व्यास) : युवा कांग्रेस ने जिला कार्यालय में सामाजिक न्याय संवाद रखकर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का 55वां जन्मदिन सादगी से मनाया। अहमदाबाद प्लेन हादसे में मृतकों को श्रद्धांजलि स्वरूप केक नहीं काटा गया। कार्यक्रम में नेता के विचारों को साझा किया गया।

### 140 यूनिट रक्त एकत्रित

चौमहला, (सुरेश सिंह): अखिल भारतीय जैन श्वेतांबर सोशल ग्रुप (यूनिक) द्वारा गुरुवार को रक्तदान शिविर आयोजित हुआ। जिसमें युवाओं व महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर 140 यूनिट रक्त एकत्रित हो चुका था। ग्रुप अध्यक्ष मुकेश पिछोलिया ने बताया कि सामाजिक सरोकारों के तहत इस प्रकार के शिविरों का आयोजन होता है, जिससे जरूरतमंदों को समय पर रक्त मिल सके। शिविर में ग्रुप पदाधिकारी, सदस्य, चिकित्सा विभाग की टीम व सामाजिक-धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

### जानलेवा हमले में घायल

हनुमानगढ़, (बालकृष्ण थरेजा) : हनुमानगढ़ के गांव मुंडा में प्लाट में दीवार बनाने को लेकर हुए विवाद में एक पक्ष ने मोतीराम सहारण पर गंडासी व लाठियों से हमला कर दिया। जेसीबी मशीन के जरिए दीवार तोड़ दी। गंभीर घायल को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया। इस संबंध में गुरुवार को टाउन पुलिस थाना में तीन नामजद व 10.12 अन्य व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### ऑनलाइन ट्रक बेचने का झांसा देकर 3 करोड़ ठगे

बारां, (दिलीप शाह) : जिले की पुलिस ने ऑनलाइन ट्रक बेचने के नाम पर 3 करोड़ रुपए से अधिक की ठगी करने वाले मास्टरमाइंड चंद्रमोहन वैष्णव को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर 25 हजार रुपए का इनाम घोषित था। पुलिस अधीक्षक राजकुमार चौधरी के अनुसार, मई 2023 में मध्यप्रदेश निवासी पिंटू राठौर ने रिपोर्ट दी थी कि वैष्णव इंफ्राटेक व बिड्स बाजार के नाम से फेसबुक पर ट्रक बेचने का विज्ञापन देकर 4 लाख रुपए की ठगी की गई। चंद्रमोहन अपने साथियों प्रेमनारायण, जगदीश बैरागी, सुरेश व अन्य के साथ मिलकर राजस्थान, मध्यप्रदेश, यूपी, हरियाणा, पंजाब समेत कई राज्यों में इसी तरह लोगों से ठगी करता था।

### स्कूल की जमीन पर कब्जा

अलवर, (सुनील जैन): गुरुवार को अलवर कलेक्टर डॉ. अर्तिका शुक्ला की जनसुनवाई में ग्रामीणों ने अतिक्रमण, पेयजल संकट और छात्रवृत्ति जैसी कई समस्याएं रखीं। सबसे ज्यादा शिकायतें अतिक्रमण और छात्रवृत्ति से जुड़ी रहीं। मसारी गांव से आए ग्रामीणों ने बताया कि गांव की सरकारी टंकी और विद्यालय की जमीन पर स्थानीय लोगों ने कब्जा कर लिया है। करोड़ों रुपए की सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाया जा रहा है, लेकिन शिकायतों के बावजूद प्रशासन कोई कदम नहीं उठा रहा। वहीं, एक बुजुर्ग ने तहसीलदार पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा, गवो सुनता ही नहीं, अब तो उसे पीटना पड़ेगा। इस पर मौजूद अधिकारी सन्न रह गए। बुजुर्ग ने आरोप लगाया कि अधिकारी उनकी बात को बार-बार टाल रहे हैं। मालाखेड़ा निवासी एक युवक ने बताया कि वह दो वर्षों से छात्रवृत्ति के लिए विभिन्न विभागों के चक्कर काट रहा है, लेकिन आज तक कोई समाधान नहीं हुआ।

# डिग्री नई जिम्मेदारी की शुरुआत, बेटियां हर क्षेत्र में आगे : बागड़े

**कृषि विवि का आठवां दीक्षांत समारोह संपन्न**

कोटा, 19 जून (योगेश जोशी): कृषि विश्वविद्यालय का 8वां दीक्षांत समारोह राज्य कृषि प्रबंध संस्थान (सिआम) ऑडिटोरियम में आयोजित हुआ। समारोह की अध्यक्षता कुलाधिपति एवं राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने की। इस अवसर पर 343 विद्यार्थियों को डिग्रियां तथा 14 स्वर्ण पदक प्रदान किए गए। राज्यपाल ने कहा कि दीक्षांत शिक्षा का अंत नहीं



*कोटा : विद्यार्थी को डिग्री प्रदान करते हुए राज्यपाल व कुलगुरु।*

बल्कि जिम्मेदारी की शुरुआत है। डिग्री के साथ समाज और राष्ट्र के विकास में योगदान का संकल्प भी जुड़ा है।

उन्होंने कहा कि छात्राएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं, यह गर्व का विषय है। समारोह में कुल 140 छात्राओं ने डिग्रियां और 9 स्वर्ण पदक अर्जित किए। राज्यपाल ने प्राकृतिक संसाधनों पर आधारित खेती, जैविक कृषि और सहायक व्यवसायों के विकास पर बल दिया। कुलगुरु डॉ. अभय कुमार व्यास ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों की जानकारी दी। दीक्षांत अतिथि डॉ. जेपी शर्मा ने कृषि शिक्षा को नई शिक्षा नीति के अनुरूप उन्नत बनाने की आवश्यकता बताई। कार्यक्रम में विभिन्न पुस्तिकाओं का विमोचन भी किया गया।

### आरटीयू के नव निर्मित प्रवेश द्वार का लोकार्पण



राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय (आरटीयू) के नवनिर्मित मुख्य प्रवेश द्वार का लोकार्पण गुरुवार को राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरिभाऊ बागड़े ने किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्रदान करना नहीं, बल्कि व्यक्ति की बौद्धिक क्षमता बढ़ाना होना चाहिए। तकनीकी शिक्षा से जीवन की जटिलताओं का समाधान संभव है। राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा के साथ खेलों के लिए मैदान भी अनिवार्य हैं, ताकि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हो सके। कुलगुरु प्रो. एसके सिंह ने बताया कि प्रवेश द्वार राजस्थान की वास्तुकला व आधुनिकता का प्रतीक है।

# ईनामी बदमाश समेत 6 वांछित अपराधी काबू

धौलपुर, 19 जून (संजय जगरिया): धौलपुर पुलिस द्वारा अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत कौलारी व सरमथुरा थाना पुलिस ने विभिन्न मामलों में फरार चल रहे 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें पुलिस पार्टी पर फायरिंग करने वाला 10 हजार रुपए का ईनामी बदमाश रविंद्र उर्फ रवि भी शामिल है।

कौलारी थाना प्रभारी हरेंद्र सिंह ने बताया कि रवि वन्यजीव संरक्षण अधिनियम व फॉरेस्ट एक्ट के तहत फरार था। उसे हेड कांस्टेबल जयदेव की सूचना पर दबोचा गया। फरवरी में उसने साथी शैलू के साथ पुलिस पर कट्टे से फायरिंग कर ट्रैक्टर-ट्रॉली नदी में पटकी थी।

इधर, सरमथुरा थाना प्रभारी कृपाल सिंह ने वनकर्मी से मारपीट व राज्यकार्य में बाधा के आरोपी कीर्तन सिंह को भी गिरफ्तार किया।

### मार्बल पट्टियों के नीचे दबकर मजदूर की मौत

करौली, 19 जून (ब्यूरो) : लांगरा थाना क्षेत्र के आरामपुरा गांव में गुरुवार को मार्बल पट्टियों के नीचे दबकर मजदूर कन्हैया माली की मौत हो गई। घटना उस समय हुई जब भवन निर्माण के लिए मंगवाई गई मार्बल पट्टियां ट्रक से उतारी जा रही थीं।

गूलर घटा निवासी कन्हैया माली अपने बेटे राधे और अन्य मजदूरों के साथ मार्बल उतार रहा था, तभी पट्टियां खिसककर उस पर गिर गईं। साथी मजदूरों ने तुरंत उसे बाहर निकाला और लांगरा हॉस्पिटल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

शव को करौली अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। हादसे से मृतक के परिवार में कोहराम मच गया।

# जिंदल अस्पताल में हेल्पर की संदिग्ध हालात में मौत

**पुलिस पर धमकाने का आरोप, मुआवजे की मांग पर अड़े परिजन**

भरतपुर, 19 जून (ब्यूरो) : कोतवाली थाना इलाके के मुखर्जी नगर स्थित जिंदल हॉस्पिटल में हेल्पर का काम करने वाले 44 वर्षीय रोशन सिंह की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर मौत का कारण छुपाने और पुलिस पर धमकाने के आरोप लगाए हैं।



*भरतपुर : अस्पताल के बाहर धरने पर बैठे परिजन।*

रोशन के चचेरे भाई दीपक ने बताया कि 3 दिन पहले रोशन की अस्पताल प्रबंधन से बहस हुई थी और उसे देख लेने की धमकी भी दी गई थी। आज सुबह अस्पताल से फोन आया कि रोशन की तबीयत खराब है। जब परिजन पहुंचे तो काफी देर तक मिलने नहीं दिया और बाद में मौत की सूचना दी गई। अस्पताल प्रशासन ने मौत का कारण कभी करंट लगना, तो कभी तबीयत खराब होना बताया। परिजन मौत के असली कारण और मुआवजे की मांग पर अड़े हैं। वहीं, एसएचओ विनोद मीणा के अनुसार, करंट लगने से हादसा हुआ और समझाइश जारी है। पुलिस की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं।

### पुलिस मुठभेड़ में कुख्यात तस्कर घायल, बेटा मरा

**5 साल से एक्टिव था हार्डकोर तस्कर काड़ा**

भरतपुर, 19 जून (ब्यूरो) : जिले के पहाड़ी थाना क्षेत्र में पुलिस मुठभेड़ के दौरान कुख्यात तस्कर हासिम उर्फ काड़ा घायल हो गया। वह 15 साल से एक्टिव था और 4 साल पहले बेटे आशिक को भी तस्करी में शामिल कर चुका था। हरियाणा की ओर गोवंश ले जाते समय पुलिस से मुठभेड़ में बेटे आशिक की गोली लगने से मौत हो गई। मुठभेड़ में बाप-बेटे समेत चार तस्करों ने पुलिस पर 50 राउंड फायरिंग की। एफएसएल टीम को मौके से गोलियों के खोल व बुलेट बेल्ट मिले। काड़ा के दोनों पैरों में गोली लगी है, वह आईसीयू में भर्ती है। बेटे आशिक का पोस्टमॉर्टम एसडीएम की निगरानी में हुआ, शव परिजनों को सौंपा गया।

# रणथंभौर नेशनल पार्क से 'कनकटी' मुकंदरा टाइगर रिजर्व में की शिफ्ट

सवाई माधोपुर, 19 जून (अभिनव अग्रवाल): रणथंभौर नेशनल पार्क की प्रसिद्ध बाघिन एरोहेड (टी-84) के निधन से पूर्व सुबह ही उसकी बेटी कनकटी (आरबीटी-2507) को कोटा के मुकंदरा टाइगर रिजर्व शिफ्ट किया गया था। शिफ्टिंग के कुछ समय बाद ही एरोहेड ने अंतिम सांस ली। कनकटी को मुकंदरा के दरा क्षेत्र के सॉफ्ट एनक्लोजर में रखा गया है, जहां कुछ दिन निगरानी के बाद उसे जंगल में छोड़ा जाएगा।

**कनकटी ने दो लोगों पर किया था हमला :** कनकटी ने हाल ही में रणथंभौर किले के पास एक 7 साल के बच्चे कार्तिक सुमन और एक रेंजर पर जानलेवा हमला किया था। अप्रैल 2025 में हुए इस हादसे में बच्चा अपनी दादी के साथ मंदिर से लौट रहा था, तभी बाघिन ने हमला कर दिया।



**मुकंदरा में अब 4 बाघ :** अब मुकंदरा टाइगर रिजर्व में कुल चार बाघ हो गए हैं—एक मेल (एमटी-5) और तीन फीमेल (एमटी-6, एम-7, और कनकटी)। एमटी-7 को पहले अभेड़ा से शिफ्ट किया गया था।

# मकान मालिक ने किराएदार के निवास पर लगाया ताला, बिजली कनेक्शन भी काटा

**पीएचईडी से रिटायर कर्मचारी ने दी शिकायत, घरेलू सामान को नुकसान की आशंका**

जोधपुर, 19 जून (ब्यूरो): भगत की कोठी थाना क्षेत्र के कृष्णा नगर में किराए पर रह रहे एक रिटायर्ड सरकारी कर्मचारी ने मकान मालिक पर जबरन ताला लगाने और बिजली कनेक्शन काटने का आरोप लगाया है। पीड़ित प्रदीप कुमार भारद्वाज (69), जो पीएचईडी विभाग से सेवानिवृत्त हैं, ने मकान मालिक डॉ. तेजपाल के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। प्रदीप भारद्वाज ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि वे वर्तमान में कृष्णा नगर, पाली रोड स्थित मकान नंबर ष्ट-170 में किराए पर रहते हैं।



हाल ही में उनकी गैरमौजूदगी में मकान मालिक ने उनकी कार घर से बाहर निकाल दी और मकान पर ताला लगाकर बिजली कनेक्शन भी काट दिया। इसके चलते वह अब घर में प्रवेश नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मकान के अंदर एलईडी टीवी, एसी, सोने-चांदी के आभूषण, विवाह से संबंधित सामान, नगद राशि, फर्नीचर आदि रखा हुआ है, जिसे नुकसान पहुंचने की आशंका है। किराएदार ने मकान मालिक की इस कार्रवाई को अवैध और मनमाना बताया है। फिलहाल पुलिस ने डॉ. तेजपाल के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों से पूछताछ की जा रही है और कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### ट्रैक्टर की टक्कर से युवक की मौत

चूरू, 19 जून (नवरतन प्रजापत) : चूरू के भालेरी थाना क्षेत्र में ट्रैक्टर की टक्कर से से एक युवक की मौत हो गई। वह खेत पर काम कर घर लौट रहा था। परिजनों ने ट्रैक्टर ड्राइवर के खिलाफ तेज गति व लापरवाही से ट्रैक्टर चलाकर हत्या का मामला दर्ज कराया है। जानकारी के अनुसार जोड़ी पट्टा लोहसना के निवासी राकेश मेघवाल बुधवार शाम को खेत से अपने साथी मगाराम मेघवाल के साथ घर लौट रहा था। राकेश सड़क किनारे चल रहा था। इसी दौरान पीछे से आए ट्रैक्टर ड्राइवर धर्मपाल ने राकेश को टक्कर मार दी। हादसे के तुरंत बाद घायल राकेश को भोपालाराम, करणी सिंह और रामेश्वर ने प्रमोद की पिकअप में डीबी अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# आरएनटी मेडिकल कॉलेज में करंट लगने से रेजिडेंट डॉक्टर की मौत

**रेजिडेंट्स की हड़ताल शुरू**

उदयपुर, 19 जून (ब्यूरो): रवीन्द्रनाथ टैगोर (आरएनटी) मेडिकल कॉलेज के पीजी हॉस्टल में बुधवार देर रात एक दर्दनाक हादसे में डॉक्टर की जान चली गई। खेरवाड़ा सीएचसी में कार्यरत डॉ. रवि शर्मा (35) की हॉस्टल परिसर में वाटर कूलर से पानी भरते समय करंट लगने से मौत हो गई।

हादसे के बाद रेजिडेंट डॉक्टर्स ने गहरी नाराजगी जताते हुए गुरुवार को हड़ताल शुरू कर दी। उन्होंने कॉलेज प्रिंसिपल और हॉस्टल वार्डन के इस्तीफे की मांग की है। रेजिडेंट



डॉक्टर्स का आरोप है कि डॉ. रवि की मौत के बाद की गई पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में सच्चाई को छिपाया गया है। न तो करंट लगने का उल्लेख है और न ही मौत का स्पष्ट कारण बताया गया है।

यूनियन के पूर्व सचिव डॉ. जतिन प्रजापति ने कहा कि जब तक जिम्मेदार अधिकारी इस्तीफा नहीं देंगे, तब तक रेजिडेंट्स काम पर नहीं लौटेंगे। डॉ. रवि हाल ही में महाराणा भूपाल सिंह हॉस्पिटल में जॉइनिंग से पहले अपने चचेरे भाई डॉ. प्रशांत के पास हॉस्टल में रुके हुए थे।

बुधवार रात करीब दो बजे वे वाटर कूलर से पानी भर रहे थे, तभी उन्हें जोरदार करंट लगा और वे बेहोश हो गए। आसपास मौजूद रेजिडेंट्स ने तुरंत सीपीआर देकर उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन एमबी हॉस्पिटल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद से मेडिकल कॉलेज में तनाव का माहौल है।

# किसानों का बेमियादी धरना, बांसवाड़ा में जब्त 47 गाड़ियों को छुड़ाने की मांग

**आरोप : पुलिस प्रशासन ने गोरक्षकों के दबाव में जब्त कीं गाड़ियां**



नागौर, 19 जून (ब्यूरो) : नागौरी बछड़ों को ले जा रही 47 गाड़ियों को पुलिस की पकड़ से छुड़ाने के लिए नागौर में किसानों ने धरना शुरू किया है। भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले किसानों ने कलेक्टर को ज्ञापन देकर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। यह किसान पशु प्रदर्शनी स्थल पर धरने पर बैठे हैं। यूनियन के जिलाध्यक्ष अर्जुनराम लोमरोड़ ने बताया कि जब तक मांग पूरी नहीं होती, तब तक धरना जारी रहेगा।

जिलाकलेक्टर अरुण कुमार पुरोहित ने बताया कि बांसवाड़ा जिला कलेक्टर को पूरी प्रक्रिया के बारे में अवगत करवा दिया गया है। जल्द ही वे किसानों से वार्ता कर समाधान करेंगे। यूनियन की ओर से जिला कलेक्टर को दिए ज्ञापन में लिखा है कि 13 अप्रैल को नागौर जिला प्रशासन की अनुमति लेकर नागौर से मध्यप्रदेश ले जाए जा रहे बैल वाहनों को तथाकथित गौरक्षकों के दबाव में बांसवाड़ा पुलिस ने रोक लिया। किसानों के अनुसार सभी वाहन वैध कागजात और पुलिस एस्कॉर्ट के साथ मध्यप्रदेश के लिए रवाना हुए थे।

**कागज सही, गुमराह कर रहे**

बांसवाड़ा पुलिस ने गाड़ियां रोककर चारे.पानी के नाम पर बैल गौशालाओं में उतरवा लिए गए। चार दिन तक गाड़ी मालिकों व चालकों को यह कहकर गुमराह किया गया कि कागजात सही हैं और कोई कार्यवाही नहीं होगी। इसके बाद गौ-तस्करी के आरोप में मुकदमे दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया।

### चार हजार नशीले कैप्सूल बरामद



हनुमानगढ़, 19 जून (बालकृष्ण थरेजा) : टाउन थाना पुलिस ने बस स्टैंड के पास स्थित एक कार्गो कंपनी के ऑफिस के बाहर से बाइक सवार एक युवक को प्रतिबंधित प्रेगाबलिन के चार हजार नशीले कैप्सूल सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार टाउन थाना के एएसआई जसवंत सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने निर्मल सिंह (27) निवासी वार्ड 14, करणीसर, 35 एसएसडब्ल्यू पीएस सदर को गिरफ्तार किया है। अनुसंधान एएसआई सत्यनारायण के सुपुर्द की है। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में एएसआई जसवंत सिंह, हैड कांस्टेबल मुरारीलाल, कांस्टेबल चेतन प्रकाश व रोहताश कुमार शामिल रहे।

# लूटपाट की योजना बनाते दो युवतियों सहित गैंग के छह बदमाश गिरफ्तार

**गंगापुर थाना पुलिस ने दो पिस्टल, तीन बाइक व डंडे किए बरामद, मामला दर्ज कर जांच शुरू**

भीलवाड़ा, 19 जून (मुकेश राठी) : भीलवाड़ा-उदयपुर हाइवे पर पुलिस ने वाहन चालकों के साथ लूटपाट और डकैती की योजना बनाते एक गैंग के छह बदमाशों को दो युवतियों के साथ धर-दबोचा। ऐसे में पुलिस की सतर्कता से वारदात टल गई। पुलिस ने इनके कब्जे से दो पिस्टल, बेस बॉल का डंडा, स्टिक व तीन बाइक भी जब्त की है।

**सूचना पर पहुंची पुलिस :** गंगापुर पुलिस के अनुसार, गुरुवार तड़के साढ़े पांच बजे डीएसटी से सूचना मिली कि भीलवाड़ा-उदयपुर हाइवे पर वाहन चालकों के साथ डकैती की एक गैंग योजना बना रही है। यह गैंग हाइवे पर चौधरी होटल के नजदीक से रावण मंगरी जाने वाले लिंक रोड पर झाड़ियों की ओट में



छिपी है। सूचना पर गंगापुर थाने से एएसआई रज्जाक मोहम्मद मय जाप्ता मौके पर पहुंचे, जहां दो युवतियों सहित छह युवक डकैती की योजना बनाते मिले। पुलिस ने केमूनिया निवासी केसरलाल जाट, कोशिथल निवासी मनमोहन, गंगापुर निवासी नारायण शर्मा, चमनपुरा निवासी कैलाश गुर्जर, पुर थाना इलाके निवासी पायल और चित्तौडगढ़ के निकुंभ थाना इलाका निवासी संगीता को पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने केसरलाल व मनमोहन के पास एक-एक पिस्टल, नारायण से स्टिक व कैलाश से बैस बॉल का डंडा जब्त किया है। इसके अलावा तीन बाइक भी बरामद की है। पुलिस ने इन सभी को गिरफ्तार कर केस दर्ज कर लिया। इसकी जांच एएसआई नारायण लाल कर रहे हैं।

**केसर पर चार थानों में केस दर्ज :** एएसआई नारायण लाल के अनुसार केसरलाल, इस गैंग का मुखिया है। इसके खिलाफ रायपुर, करेड़ा, राजसमंद के आमेट व उदयपुर के सुखेर थाने में भी केस दर्ज हैं।

**युवतियों के जरिए रुकवाते थे वाहन :** पुलिस ने बताया कि यह गैंग हाईवे से गुजरने वाले वाहन चालकों को युवतियों के जरिए रुकवाते थे। बाद उनके साथ लूटपाट करते थे। इस बार वारदात से पहले ही पुलिस ने इन सभी को धर-दबोचा।

# सड़क हादसा : दो ट्रेलर की भिड़ंत में चालक की मौत, दो जने घायल

अजमेर, 19 जून (ब्यूरो) : मांगलियावास बाईपास पर एक होटल के पास 2 ट्रेलर की भिड़ंत में में 3 लोग घायल हो गए। स्टेयरिंग में फंसे एक घायल को जेसीबी से बाहर निकालने के बाद तीनों घायलों को 108 एंबुलेंस से अजमेर के जेएलएन अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां गंभीर घायल एक ड्राइवर की मौत हो गई। मामले में पीड़ित ब्यावर के करणपुरा निवासी सिकंदर मेहरात ने सड़क हादसे का



मुकदमा दर्ज कराया है।

मांगलियावास बाईपास पर एक होटल के निकट बुधवार रात 8.30 बजे ब्यावर के रास निवासी ड्राइवर रोशन काठात अपने ट्रेलर से भारी सीमेंट को अजमेर में खाली करके वापस ब्यावर जा रहा था। इसी दौरान उसका ट्रेलर तेज गति से बेकाबू हो गया।

### एक ट्रेलर पलट कर खाई में गिरा

टाइल से भरा ट्रेलर सड़क किनारे पलटी खा गया, जिससे टाइल्स लदा ट्रेलर बेकाबू होकर सड़क किनारे खाई में उतरकर पलटी खा गया। इससे उसका ड्राइवर किशन जख्मी हो गया। इधर सीमेंट लगे ट्रेलर के टाइल लदे ट्रेलर को टक्कर मारने से उसकी केबिन बुरी तरह पिचक गई। जिससे उसका खलासी परिवादी सिकंदर मेहरातए ट्रेलर का दूसरा ड्राइवर ब्यावर में रास के सोडपुरा निवासी अशोक सिंह रावत गंभीर रूप से घायल हो गए। केबिन के पिचक जाने से अशोक रावत ट्रेलर की केबिन की स्टेयरिंग में फंस गया। हादसे की सूचना पर मांगलियावास थाने से एएसआई रामस्वरूप सोयल, हाईवे पेट्रोलिंग टीम, 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंची।

# ईसरदा बांध जल संग्रहण को तैयार

टोंक, 19 जून (भगवान सहाय शर्मा) : दौसा और सवाईमाधोपुर जिले की पेयजल समस्या दूर करने के लिए लाइफ लाइन बना ईसरदा बांध इसी मानसून सत्र में जल संग्रहण करेगा। बांध का निर्माण कार्य 95 फीसदी हो चुका है। मुख्यमंत्री के निर्देशन में सवाई माधोपुर एवं दौसा जिले में पेयजल आपूर्ति की दृष्टि से महत्वपूर्ण ईसरदा बांध का निर्माण कार्य मिशन मोड पर है।

ईसरदा बांध के पियर्स एवं गेटों का कार्य पूरा गया है। मिट्टी के बांध का आंशिक कार्य ही शेष है। 'वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत गुरुवार को सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय की ओर से मीडिया फील्ड भ्रमण का कार्यक्रम रखा गया। इसमें जिला मुख्यालय के पत्रकारों को निर्माणाधीन ईसरदा बांध का अवलोकन कराया गया। जनसंपर्क अधिकारी अपूर्व शर्मा ने बताया कि इस भ्रमण का उद्देश्य जिले में जल संरचनाओं के कार्यों एवं उससे भविष्य में होने वाले लाभ का प्रत्यक्ष अवलोकन कराना था।

**बांध की जानकारी दी :** ईसरदा बांध परियोजना के अधिशाषी अभियंता विकास गर्ग ने पत्रकारों को बांध के निर्माण कार्य, फिल्टर प्लांट साइट के कार्यों का निरीक्षण कराया। साथ ही प्रगतिरत कार्यों, प्रभावित परिवारों को भूमि आवंटन, पुनर्वास अवार्ड कार्य की पूर्णता के बारे में जानकारी दी।

# विधायक सहित 23 किसान क्रमिक अनशन पर बैठे

**गंगनहर में पूरे 2500 क्यूसेक सिंचाई पानी की मांग, सीएम के नाम जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन**

श्रीगंगानगर, 19 जून (ब्यूरो) : श्रीगंगानगर में गंगनहर में पूरे 2500 क्यूसेक सिंचाई पानी की मांग को लेकर महाराजा गंगासिंह चौक पर किसानों का अनिश्चितकालीन धरना गुरुवार को चौथे दिन भी जारी रहा। धरने का नेतृत्व श्रीकरणपुर विधायक रूपिंदर सिंह कुन्नर कर रहे हैं। गुरुवार को विधायक कुन्नर सहित 23 किसान शाम 6 बजे तक क्रमिक अनशन पर बैठे।

संघर्ष समिति के किसान नेता रविंद्र तरखान ने बताया कि आंदोलन के तहत 20 जून को विधायक सोहन नायक के नेतृत्व में किसान क्रमिक अनशन करेंगे। 21 जून को सांसद कुलदीप इंदौरा किसानों के साथ अनशन पर बैठेंगे। 22 जून को महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए पूर्व विधायक सोना देवी, कमला बिश्नोई, भूपेंद्र कौर दूरना, नमिता सेठी और दुर्गा स्वामी के नेतृत्व में महिलाएं धरनास्थल पर क्रमिक अनशन करेंगी। 23 जून को जिलेभर की सभी अनाज मंडियां बंद रखी जाएंगी। 24 जून को किसान प्रशासन का घेराव करेंगे।

संघर्ष समिति की बैठक में आगे की रणनीति तैयार की गई। किसानों की 15 सदस्यीय संघर्ष समिति ने कलेक्टर डॉ. मंजू को मुख्यमंत्री के नाम 5 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में 2500 क्यूसेक पानी की आपूर्ति, बीकानेर कैनाल की सफाई, पुलिस की संयुक्त गश्त, फिरोजपुर फीडर के टेंडर और फसल बीमा क्लेम के भुगतान की मांग की गई।

**कलेक्टर और एसपी जाएंगे पंजाब**

धरनास्थल पर किसान प्रतिनिधि मंडल की कलेक्टर डॉ. मंजू के साथ बैठक हुई। कलेक्टर ने बताया कि वे और पुलिस अधीक्षक गौरव यादव शक्रवार को पंजाब के फाजिल्का और फिरोजपुर जाकर वहां के जिला कलेक्टर और एसपी के साथ बैठक करेंगे। बीकानेर कैनाल में पानी चोरी को रोकने के लिए पंजाब प्रशासन पर दबाव बनाया जाएगा।

बैठक में सिंचाई विभाग के अधीक्षण अभियंता धीरज चावला ने बताया कि जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने 17 जून को पंजाब के जल संसाधन मंत्री से बातचीत की थी। बाद में 17 जून को पानी की मात्रा 1597 क्यूसेक से बढ़कर 18 जून को 1833 क्यूसेक हो गई।

### चोरों का मिठाई एवं हार्डवेयर की दुकानों में धावा

सीकर, 19 जून (मुकेश पारीक): सीकर के उद्योग नगर इलाके में चोरों ने पिपराली बाईपास क पास दुकानों में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। दुकानों के ऊपर लगे टीनशेड के जरिए चोर दुकानों में घुसे। इसके बाद एक मिठाई की दुकान के गल्ले में रखे हजारों रुपए चुरा लिए। चोर हार्डवेयर की दुकान में भी घुसा। लेकिन यहां लॉक नहीं टूटने के चलते चोरी नहीं कर पाया। चोरों ने श्याम स्वीट्स के ऊपर लगा टीनशेड हटाया। इसके बाद यहां गल्ले में रखे 70 से 80 हजार रुपए चुरा लिए। दुकान मालिक गोविंद के अनुसार वह रात को करीब 9 बजे दुकान बंद करके चले गए थे। सुबह 5ः30 के करीब जब लड़के दुकान खोलने के लिए आए तो उन्हें गल्ला बिखरा हुआ मिला। चोर पास ही स्थित भगवती हार्डवेयर के ऊपर लगे टीनशेड को हटाकर अंदर घुसा।

# कस्टमर के कलेक्शन का पैसा ऑनलाइन गेमिंग में डुबोया

**झूठी वारदात गढ़ कर पुलिस को बेवकूफ बनाने चला था, गिरफ्तार**

झुंझुनूं, 19 जून (अमित भारद्वाज): 32 साल के कलेक्शन एजेंट ने ऑनलाइन गेमिंग की लत के चलते 3 लाख से ज्यादा रकम की लूट की झूठी कहानी रची थी। वह जब भी पैसे लगाता खुद से वादा करता कि इस बात जीत कर सारे कलेक्शन के रुपए चुका दूंगा। इस बार उसने बड़ा गबन किया और ऑनलाइन बेटिंग में हार गया। इसके बाद उसने अपने साथ लूट की कहानी रची। जांच करते हुए पुलिस ने सीसीटीवी खंगाले तो कलेक्शन एजेंट का भेद खुल गया। लूट की जगह पर न तो कोई कार वहां नजर आई न लुटेरे। कलेक्शन एजेंट 2 बार वहां से अकेला ही निकलता नजर आया। मामला झुंझुनूं के सूरजगढ़ थाना इलाका का है।

एसपी देवेन्द्रसिंह बताया कि आरोपी ने 16 जून, की दोपहर संदीप ने सूरजगढ़ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने रपट बाद मामले को खंगाला तो 8 जून को संदीप सीसीटीवी में अकेला आता और जाता नजर आया। जिस पर 19 जून को पुलिस ने सबूत जुटाकर मामले का खुलासा किया। एसपी ने बताया कि आरोपी एजेंट संदीप को गिरफ्तार कर लिया गया है। राशि और बाइक बरामद कर ली गई है।

**फिल्मी स्टाइल में रची थी लूट की कहानी :** एसपी देवेंद्र राजावत ने बताया कि झुंझुनूं जिले के चिड़ावा कस्बे में हिंदुजा लेलैंड फाइनेंस की शाखा में गत सात साल से कलेक्शन एजेंट ने 16 जून को सूरजगढ़ थाने में लूट का मामला दर्ज कराया।

## फिल्म 'ठग लाइफ' के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा-भारत में भावनाएं आहत होने का कोई अंत नहीं

# 'सिर्फ भावनाएं आहत होने के कारण फिल्म पर रोक नहीं लगाई जा सकती'


### ■ कर्नाटक सरकार को फिल्म रिलीज में बाधा डालने वालों पर कार्रवाई के लिए निर्देश

नई दिल्ली, 19 जून (एजेंसी) : उच्चतम न्यायालय ने वीरवार को कर्नाटक सरकार को कमल हासन अभिनीत फिल्म 'ठग लाइफ' के राज्य में प्रदर्शन में बाधा डालने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया और कहा कि फिल्म, 'स्टैंड-अप कॉमेडी' या कविता पाठ को सिर्फ इसलिए नहीं रोका जा सकता कि इससे किसी की भावनाएं आहत हुई हैं।

न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने कहा, "भारत में भावनाएं आहत होने का कोई अंत नहीं है। यदि कोई स्टैंड-अप कॉमेडियन कुछ कहता है, तो भावनाएं आहत हो जाती हैं और तोड़फोड़ व विरोध प्रदर्शन होते हैं। हम कहां जा रहे हैं? क्या इसका मतलब यह है कि विरोध के कारण फिल्म रोक दी जानी चाहिए या स्टैंड-अप कॉमेडी रोक दी जानी चाहिए या कविता पाठ बंद कर दिया जाना चाहिए?"

**सुप्रीम टिप्पणी**

भारत में भावनाएं आहत होने का कोई अंत नहीं है। यदि कोई स्टैंड-अप कॉमेडियन कुछ कहता है, तो भावनाएं आहत हो जाती हैं और तोड़फोड़ व विरोध प्रदर्शन होते हैं। हम कहां जा रहे हैं? क्या इसका मतलब यह है कि फिल्म रोक दी जानी चाहिए या स्टैंड-अप कॉमेडी रोक दी जानी चाहिए या कविता पाठ बंद कर दिया जाना चाहिए? -उच्चतम न्यायालय



इसके बाद शीर्ष अदालत ने कर्नाटक सरकार का यह आश्वासन स्वीकार किया कि वह फिल्म प्रदर्शित करने वाले सिनेमाघरों को पर्याप्त सुरक्षा मुहैया कराएगी। पीठ ने कहा, "राज्य ने हलफनामा दायर कर फिल्म के प्रदर्शन का रास्ता साफ कर दिया है...हमें लगता है कि इस मामले को बंद करना ही न्याय के हित में होगा। हम दिशा-निर्देश जारी करना या जुर्माना लगाना उचित नहीं मानते। हालांकि, हम कर्नाटक राज्य को निर्देश देते हैं कि यदि कोई व्यक्ति या समूह फिल्म के प्रदर्शन में बाधा उत्पन्न करता है या जबरदस्ती या हिंसा करता है, तो राज्य को क्षतिपूर्ति समेत आपराधिक और नागरिक कानून के तहत तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए।"

शीर्ष अदालत ने कर्नाटक फिल्म चैंबर ऑफ कॉमर्स (केएफसीसी) से भी इस बारे में सवाल किया कि उसने दिग्गज अभिनेता कमल हासन से उनकी इस टिप्पणी के लिए माफी मांगने को कहा था कि कन्नड़ का जन्म तमिल से हुआ है।

शीर्ष न्यायालय की पीठ ने पूछा, "हम ऐसा होने की अनुमति नहीं दे सकते। सिर्फ एक राय के कारण क्या एक फिल्म रोक दी जानी चाहिए? एक स्टैंड-अप कॉमेडी रोक दी जानी चाहिए? एक कविता पाठ रोक दिया जाना चाहिए?" शीर्ष अदालत एम महेश रेड्डी द्वारा दायर जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें 'ठग लाइफ' की स्क्रीनिंग की अनुमति देने का निर्देश देने की मांग की गई थी।

### अब तक 30 करोड़ का निर्माता को हो चुका है नुकसान

फिल्म के निर्माताओं में से एक, कमल हासन की राजकमल फिल्म इंटरनेशनल लिमिटेड की ओर से पेश हुए वकील ने कहा कि हालांकि अब तक (कमाई में) 30 करोड़ रुपए का नुकसान हो चुका है, लेकिन अगर राज्य फिल्म की स्क्रीनिंग के लिए सुरक्षा प्रदान करने के लिए सहमत हो जाता है, तो उन्हें कोई समस्या नहीं है।

## शिगूफा AI का



मुनीर चले ट्रम्प को खुश करने... एआई जेनरेटेड यह तस्वीर मयूर विहार से अजय ने भेजी है। यह तस्वीर अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा पाकिस्तान के फील्ड मार्शल जनरल आसिम मुनीर को व्हाइट हाउस में डिनर पर बुलाने पर आधारित है। तस्वीर में दिखाया गया है कि डिनर के बीच ट्रम्प को खुश करने के लिए मुनीर ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की तस्वीर वाला केक परोस रहे हैं। सोशल मीडिया पर यूजर्स मजे ले रहे हैं कि अब शहबाज शरीफ का क्या होगा? अगर आपको भी कोई हंसी-मजाक/व्यंग्यात्मक तस्वीरें दिखती हैं तो हमें वाट्सऐप नम्बर:- 8130561553/ 6284370451 पर भेजें।

## क्विक रीड

### कर्नाटक : कुमारधारा नदी के तट पर दिखा मगरमच्छ

पुत्तूर : दक्षिण कन्नड़ जिले के पुत्तूर में उप्पिनंगडी के निकट कुमारधारा नदी के किनारे एक मगरमच्छ देखा गया, जिससे क्षेत्र के लोगों में दहशत फैल गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि शाम को जैसे ही इस विशाल मगरमच्छ को देखने के लिए, लोगों की भीड़ जमा हुई यह आक्रामक हो गया लेकिन कुछ देर बाद ही नदी के पानी में चला गया। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि मगरमच्छ को सबसे पहले एक स्थानीय निवासी शेख हाजी के घर के पास नदी किनारे आराम करते हुए देखा गया था। बच्चों ने दूर से ही इसे देख कर स्थानीय लोगों को इसकी सूचना दी।

### मुम्बई हवाई अड्डे से 24.96 किलो ड्रग्स जब्त

मुम्बई : मुम्बई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से 24.96 किलो का मादक पदार्थ जब्त किया गया है। मामले में दो यात्रियों सहित 3 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सीमा शुल्क अधिकारियों ने वीरवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह मादक पदार्थ थाईलैंड से तस्करी कर भारत लाया गया था। एक अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार लोगों में वह व्यक्ति भी शामिल है, जो मादक पदार्थ की इस खेप को लेने आया था और हवाई अड्डे के बाहर इंतजार कर रहा था। खुफिया सूचना के आधार पर मुम्बई सीमा शुल्क (तृतीय जोन) के अधिकारियों ने दो यात्रियों को बैंकाक से छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचने पर रोका। तलाशी लेने पर मादक पदार्थ बरामद किया गया।

## ईरान से सुरक्षित भारत लौटने वाले छात्रों ने सुनाई युद्धग्रस्त देश की तबाही की दास्तान

# 'पड़ोस में गिर रहे थे मिसाइल और बम'

नई दिल्ली, 19 जून (नवोदय टाइम्स/एजेंसी) : हमारे पड़ोस में ही आसमान से मिसाइलें गिर रही थीं, ड्रोन से बमबारी हो रही थी। यह कहना था युद्धग्रस्त ईरान से निकाले जाने के बाद वीरवार को वतन लौटे एमबीबीएस छात्र मीर खलीफ का जिनकी लड़खड़ाती आवाज में वहां (ईरान) के भयावह हालात का डर साफ नजर आ रहा था। खलीफ, उन 110 भारतीय छात्रों में से एक हैं जो वीरवार को सुबह-सुबह पहली निकासी उड़ान से राष्ट्रीय राजधानी पहुंचे। ईरान-इजराइल संघर्ष के बीच 'ऑपरेशन सिंधु' के तहत इन छात्रों को भारत लाया गया। जम्मू-कश्मीर के 90 छात्र सहित इन सभी को ईरान के शहरों में विस्फोट और हवाई हमले के मद्देनजर इस सप्ताह की शुरुआत में तेहरान से आर्मेनिया ले जाया गया था। बचाव अभियान में समन्वय भारतीय दूतावास द्वारा किया गया।

खलीफ ने ईरान की भयावह यादों को एक बुरा सपना बताया और उन्हें पहले आर्मेनिया पहुंचाने, फिर वतन वापसी के लिए भारत सरकार को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, "हमने मिसाइलें गिरती देखीं। युद्ध हो रहा था। हमारे पड़ोस में बमबारी हो रही थी। हम बेहद डर गए। मैं दुआ करता हूं कि हमें ऐसे दिन फिर कभी न देखने पड़ें।' खलीफ ने कहा, 'ईरान में अभी भी छात्र फंसे हैं। उन्हें सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है। हमें उम्मीद है कि उन्हें भी जल्द भारत लाया जाएगा।' उन्होंने कहा कि जब भारत सरकार से संपर्क हुआ तब जाकर राहत की सांस ली।





नई दिल्ली : छात्रों का स्वागत करते केंद्रीय मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह। (ऊपर)

नई दिल्ली : एयरपोर्ट पर वतन लौटने पर खुशी जताते छात्र। (बाएं)

### विदेश राज्य मंत्री ने गर्मजोशी से किया स्वागत

विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह छात्रों के आगमन पर दिल्ली हवाई अड्डे पहुंचे। बाद में, सिंह ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, 'ऑपरेशन सिंधु के तहत ईरान से निकाले गए 110 भारतीय नागरिकों के पहले जत्थे का गर्मजोशी से स्वागत किया जो विदेश में अपने नागरिकों की सुरक्षा और हित के लिए भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।' सिंह ने हवाई अड्डे पर भारतीय नागरिकों के आगमन की कुछ तस्वीरें भी साझा कीं। सिंह ने पुष्टि की कि 'ऑपरेशन सिंधु' के तहत निकासी के प्रयास जारी हैं और अधिक विमान वहां फंसे लोगों को निकालने के लिए तैयार हैं।



श्रीनगर : एमबीबीएस की छात्रा सबा रसूल ईरान से सुरक्षित अपने घर लौटने पर अपनी बहन के साथ खुशी जताती हुई।

### तेहरान पूरा तबाह हो गया है, हम लोग डरे हुए थे...

नई दिल्ली: दिल्ली पहुंचे छात्रों में शामिल कश्मीर की छात्रा वर्ता ने कहा, 'हम पहले हैं जिन्हें ईरान से निकाला गया है। स्थिति काफी गंभीर थी। हम डरे हुए थे। हम भारतीय सरकार और भारतीय दूतावास का धन्यवाद करते हैं, जिन्होंने हमें यहां लाने के लिए बहुत तेजी से काम किया।' उन्होंने कहा, 'हमारे पड़ोस में ही हमला हुआ था। जब भारत सरकार से संपर्क हुआ तो हमने राहत की सांस ली।' उन्होंने कहा कि आर्मेनियाई अधिकारियों ने भी काफी मदद की।

एक अन्य भारतीय छात्र अली अकबर ने कहा कि जब वे बस में यात्रा कर रहे थे तभी एक मिसाइल और एक ड्रोन को गिरते देखा। दिल्ली के छात्र ने कहा, 'खबरों में जो स्थिति दिखाई गई है, वह सही है। हालात बेहद खराब हैं। तेहरान पूरा तबाह हो गया है।' कुछ छात्रों के अभिभावक अपने बच्चों के लिए हवाई अड्डे के बाहर उत्सुकता से इंतजार करते दिखे।

### भारत सरकार के शुक्रगुजार हैं...

ईरान में एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहे छात्र 21 वर्षीय माज हैदर के पिता हैदर अली ने छात्रों की घर वापसी सुनिश्चित करने के लिए भारत सरकार को धन्यवाद दिया। अधिकारियों से तेहरान में फंसे और भी छात्रों को निकालने का आग्रह करते हुए उन्होंने कहा, 'हम वाकई बहुत खुश हैं। छात्रों को सुरक्षित वापस घर लाया गया। हम इसके लिए भारत सरकार का शुक्रिया अदा करते हैं। लेकिन हमें दुख है कि अब भी तेहरान में फंसे अन्य छात्रों को नहीं निकाला जा सका है।' समीर आलम के पिता परवेज आलम भी हवाई अड्डे पर अपने बेटे का इंतजार करते देखे गए। बुलंदशहर निवासी परवेज ने कहा, 'उरमाई में पढ़ते हुए उसे (उनके बेटे को) दो साल हो गए हैं। सब ठीक था लेकिन हाल में स्थिति खराब हो गई। हम तनाव में थे लेकिन भारत सरकार ने छात्रों को आर्मेनिया पहुंचाया। हम भारत सरकार के शुक्रगुजार हैं।'

## तेजस्वी यादव ही होंगे सीएम उम्मीदवार: लालू यादव



पटना : बैठक में मंचासीन लालू, राबड़ी और तेजस्वी।

पटना, 19 जून (एजेंसी) : बिहार विधानसभा चुनाव से पहले राष्ट्रीय जनता दल सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने वीरवार को बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि चाहे जितनी भी आलोचना हो विपक्ष के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार उनके बेटे तेजस्वी यादव ही होंगे। उन्होंने कहा कि हर हाल में तेजस्वी ही मुख्यमंत्री होंगे। लालू यादव ने राजद की राज्य परिषद की बैठक में यह घोषणा की। इतना ही नहीं, उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनाने के लिए अभी से एकजुट होने का आह्वान भी किया।

**राजद की राज्य परिषद की बैठक में की घोषणा**

बता दें कि विपक्ष के दलों के गठबंधन I.N.D.I.A. की ओर से बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर अभी तक मुख्यमंत्री के चेहरे की घोषणा नहीं की गई है। राजद ने तेजस्वी यादव को सीएम फेस के तौर पर प्रोजेक्ट किया है। हालांकि, कांग्रेस ने अभी तक इस पर अपनी सहमति नहीं जताई है। सूत्रों का कहना है कि सीट बंटवारे पर सहमति बनने के बाद कांग्रेस तेजस्वी के नाम पर हामी भर सकती है।

# कांग्रेस के कुछ नेताओं से मेरी राय अलग है : थरूर

### ■ राष्ट्रीय नेतृत्व से हैं मतभेद या प्रदेश से, स्पष्ट नहीं किया कांग्रेस सांसद ने

तिरुवनंतपुरम, 19 जून (एजेंसी): कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने वीरवार को कहा कि पार्टी नेतृत्व में कुछ नेताओं से उनके मतभेद हैं, लेकिन नीलांबुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव के मद्देनजर वह इस बारे में बात नहीं करेंगे। थरूर ने कहा कि कांग्रेस के मूल्य और उसके कार्यकर्ता उन्हें बहुत प्रिय हैं।

उन्होंने कहा कि उन्होंने 16 वर्ष तक पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ काम किया है और वह उन्हें करीबी मित्र एवं भाई मानते हैं। थरूर ने कहा, 'हालांकि, कांग्रेस नेतृत्व में कुछ लोगों से मेरी राय अलग है। आप जानते हैं कि मैं किस बारे में बात कर रहा हूं, क्योंकि उनमें से कुछ मुद्दे सार्वजनिक हैं और आपने (मीडिया ने) इस बारे में खबरें दी हैं।' हालांकि, उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि उनके मतभेद राष्ट्रीय नेतृत्व के साथ हैं या प्रदेश नेतृत्व के साथ।



तिरुवनंतपुरम : जानकारी देते शशि थरूर।

### मुनीर ने ट्रम्प को नोबेल देने की बात कही, बदले में लंच मिला

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल मुनीर की अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से मुलाकात और व्हाइट हाउस में लंच पर भी चुटकी ली। थरूर ने कहा, "मैंने बैठक का परिणाम नहीं देखा, लेकिन व्हाइट हाउस के अनुसार जनरल ने राष्ट्रपति को नोबेल शांति पुरस्कार देने की बात कही और इसके बदले उन्हें लंच मिला। उम्मीद है खाना स्वादिष्ट रहा होगा और इसके साथ कुछ 'फूड फॉर थॉट' भी मिला होगा।"

### पार्टी को तय करने दीजिए कि वह मेरे बारे में क्या सोचती है

यह पूछे जाने पर कि क्या शशि थरूर पार्टी छोड़ने जा रहे हैं, उन्होंने कहा कि वह 'कहीं नहीं जा रहे हैं। मैं कांग्रेस पार्टी का सदस्य हूं। पार्टी को तय करने दीजिए कि वह मेरे बारे में क्या सोचती है।' उनसे जब पूछा गया कि वह उपचुनाव के लिए प्रचार अभियान का हिस्सा क्यों नहीं थे, तो थरूर ने कहा कि उन्हें इसके लिए आमंत्रित नहीं किया गया था।'

### 'मैंने गर्व से अपना कर्तव्य निभाया'

शशि थरूर ने प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने के केंद्र के न्योते को स्वीकार करने के अपने फैसले का बचाव करते हुए कहा कि जब वह संसद की विदेश मामलों की समिति के अध्यक्ष बने थे, तब उन्होंने यह स्पष्ट कर दिया था कि उनका ध्यान भारत की विदेश नीति एवं उसके राष्ट्रीय हित पर है, न कि कांग्रेस और भाजपा की विदेश नीति पर। उन्होंने कहा, 'मैंने अपना रुख नहीं बदला है। मेरी सेवाएं केंद्र ने मांगी थीं। वास्तव में, मेरी पार्टी ने ये (सेवाएं) नहीं मांगीं, इसलिए मैंने एक भारतीय नागरिक के रूप में अपना कर्तव्य गर्व से निभाया।'

## कुमारस्वामी के खिलाफ एसआईटी जांच पर रोक

बेंगलुरु, 19 जून (एजेंसी) : कर्नाटक हाईकोर्ट ने वीरवार को केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी को अंतरिम राहत देते हुए रामनगर जिले के केथागनहल्ली गांव में भूमि अतिक्रमण की एसआईटी से जांच पर अस्थाई रोक लगा दी। राज्य सरकार ने जनवरी 2025 में कुमारस्वामी पर अवैध भूमि कब्जे में संलिप्तता के आरोपों की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया था। जांच की वैधता को चुनौती देते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने उच्च न्यायालय का रुख किया था।

न्यायमूर्ति ईएस इंद्रेश ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि एसआईटी गठित किए जाने के सरकारी आदेश के साथ कोई आधिकारिक अधिसूचना नहीं थी। इस चूक को ध्यान में रखते हुए अदालत ने मामले की अगली सुनवाई तक एसआईटी के गठन और कुमारस्वामी को जारी समन पर रोक लगा दी।

# '5 सुनहरी बाग रोड' राहुल गांधी का नया पता

### ■ जन्मदिन पर नए मकान में सामान पहुंचना शुरू

नई दिल्ली, 19 जून (एजेंसी) : लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के जन्मदिन पर वीरवार को उनका सामान '5 सुनहरी बाग रोड' पर पहुंचाना शुरू हो गया, जो उनका नया आवास होगा। सूत्रों ने बताया कि कुछ दिनों तक उनका सामान पहुंचाया जाएगा और संभव है कि 21 जुलाई से शुरू होने वाले संसद के मानसून सत्र से पहले वह इस बंगले में विधिवत रहना शुरू कर दें।

राहुल करीब दो वर्षों से अपनी मां और कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी के '10 जनपथ' स्थित आवास में रह रहे थे। इससे पहले वह लंबे समय तक '12, तुगलक लेन' में रहे। वर्ष 2023 में 'मोदी' उपनाम मानहानि वाले मामले में अदालती फैसले के बाद लोकसभा सदस्यता जाने के कारण उन्होंने यह घर खाली कर दिया था। सुनहरी बाग स्थित आवास में इससे पहले कर्नाटक भाजपा के नेता ए. नारायणस्वामी रहते थे। वह वर्ष 2021 से 2024 तक केंद्र में सामाजिक न्याय राज्य मंत्री रहे।



नई दिल्ली : राहुल गांधी को जन्मदिन की बधाई देते कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता।

### राहुल 55 साल के हुए, पीएम और खरगे ने दी बधाई

राहुल गांधी वीरवार को 55 साल के हो गए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और 'इंडिया' गठबंधन के कई घटक दलों के नेताओं ने उन्हें जन्मदिन की बधाई दी तथा उनके दीर्घायु होने की कामना की। कांग्रेस के कई नेताओं ने 'सामाजिक न्याय की लड़ाई' के लिए राहुल गांधी की सराहना की तो तमिलनाडु के मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष के साथ उनका रिश्ता खून का भले न हो, लेकिन विचार, नजरिए और उद्देश्य का जरूर है। राहुल गांधी का जन्म 19 जून, 1970 को नई दिल्ली में हुआ था। वह अपने जन्मदिन पर कांग्रेस के पूर्व मुख्यालय '24 अकबर रोड' पहुंचे जहां पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।

**अभियान** | प्रदेश में 5 करोड़ से अधिक बुजुर्गों का जारी किया जा चुका है आयुष्मान कार्ड

# बुजुर्गों के 'आयुष्मान' से परिवार में पैठ बनाएगी भाजपा

लखनऊ, 19 जून (योगेन्द्र अवस्थी) : यूपी विधानसभा चुनाव में अभी डेढ़ वर्ष से भी अधिक का समय है लेकिन भाजपा अभी से चुनावी गुणा-गणित करने में जुट गई है। लोकसभा चुनावों में भाजपा को जिन सीटों पर हार मिली थी वहां अभी से बुजुर्गों के जरिए परिवार में पैठ बनाने का प्रयास शुरू कर दिया गया है।



पार्टी की तरफ से स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं को शत प्रतिशत बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनवाने का लक्ष्य दिया गया है ताकि एक भी वोट इधर-उधर न छिटके। पार्टी के कोर वोटरों के परिवार में हर बुजुर्ग का आयुष्मान कार्ड बनवाने का निर्देश दिया गया है। प्रदेश में अब तक करीब 5 करोड़ से अधिक बुजुर्गों का आयुष्मान कार्ड जारी किया जा चुका है। अब शेष लोगों पर फोकस किया जाना है। इसके लिए रणनीति के तहत काम शुरू कर दिया गया है। पार्टी के नेताओं के मुताबिक, अभियान के साथ ही मोदी-योगी सरकार की उपलब्धियां भी गिनाई जाएंगी। मोदी सरकार के 11 साल में हुए विकास कार्यों का रिपोर्ट कार्ड गांव-गांव पहुंचाया जाएगा। इसमें सबसे अहम कार्य होगा बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड जारी करवाना।

अभियान जून के अंत तक पूरा करना होगा। प्रदेश में बूथ स्तर तक यह अभियान चलाया जाएगा। इस बाबत केंद्रीय नेतृत्व की ओर से पूरा कार्यक्रम और निर्देश प्रदेश के नेताओं से लेकर बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को भेज दिया गया है। इस अभियान में 'बदलता भारत, मेरा अनुभव' शीर्षक से डिजिटल प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जाएगा।

### कार्यकर्ताओं को घर-घर दस्तक देने का निर्देश

इस अभियान के तहत जिला, मंडल, सेक्टर और बूथ स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया गया है कि वो केंद्र सरकार के 11 साल के साथ ही प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को घर-घर पहुंचाने के साथ ही परिवार के बुजुर्ग का आयुष्मान कार्ड जारी करवाने में मदद करें।

### परिवार के मुखिया से सीधे जुड़ेगी भाजपा

प्रदेश में जिन बुजुर्गों का आयुष्मान कार्ड नहीं बना है उनके कार्ड जारी करवाने को लेकर भी भाजपा के नेता और कार्यकर्ता घर-घर जाकर लिस्ट तैयार करेंगे। इस दौरान परिवार के साथ भावनात्मक जुड़ाव भी होगा। युवाओं के बीच भी पैठ बनेगी। महिलाओं के साथ संवाद भी होगा। रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा किया जाएगा।

# सीहोर में 'लव जिहाद' 3 आरोपी गिरफ्तार

### ■ हिंदूवादी संगठनों के हस्तक्षेप के बाद दर्ज की गई एफआईआर

सीहोर, 19 जून (एजेंसी) : मध्यप्रदेश के सीहोर जिले में एक युवती के साथ दुष्कर्म के आरोप में पुलिस ने 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि अहमदपुर थाना क्षेत्र के इस मामले में युवती के घर के सामने रहने वाले युवक ने पहले उससे दोस्ती बढ़ाई, फिर उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने रात को 3 लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनमें एक आरोपी मस्जिद से भी जुड़ा है।

पुलिस के अनुसार, ग्राम बरखेड़ा हसन निवासी 19 वर्षीय कॉलेज छात्रा के साथ उसी गांव में रहने वाले जुबेर मंसूरी ने दोस्ती का झांसा देकर उससे बातचीत शुरू कर दी। कुछ समय बाद जुबेर के दबाव बनाने पर छात्रा उसके घर गई जहां आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया। इसी बीच एक बार जुबेर के भाई शोएब ने युवती को जुबेर के साथ आपत्तिजनक हालत में देख लिया, जिसके बाद उसने भी युवती को ब्लैकमेल कर दुष्कर्म किया। आरोप है कि दोनों भाइयों ने लगातार उसका शारीरिक शोषण किया। वर्ष 2024 में आरोपी जुबेर ने उसे अपने घर बुलाया, जहां गांव की मस्जिद से जुड़ा आरिफ भी मौजूद था। उसने छात्रा पर कलमा पढ़ने का दबाव बनाया और उसका निकाह जुबेर से करने का झांसा देते हुए उसका नाम बदलवाने की कोशिश की। इसी बीच कई हिंदूवादी संगठनों को इस मामले की जानकारी लग गई, जिसके बाद हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने परिजन से बात कर पुलिस में शिकायत करने की बात कही। शोषण से तंग छात्रा ने जुबेर, शोएब और आरिफ के खिलाफ केस दर्ज कराया। अनुविभागीय अधिकारी पूजा शर्मा ने यह जानकारी दी।

## बातों-बातों में

शेखर गुरेरा | www.shekhargurera.com




...इस मौके पर अगर 'तुम जीयो हजार साल' साल में दिन हो पचास हजार, वाली कामना मंजूर हो जाती है, मानो तभी बेरोजगारी की समस्या ठीक से हल हो पाएगी!

**कैश मार्केट में एफ.आई.आई. और डी.आई.आई. की स्थिति**

| तिथि | एफ.आई.आई | डी.आई.आई |
|---|---|---|
| 19 जून 2025 प्रोविजनल | 1,008.43 | 365.68 |

सैंसेक्स 81,361.87 (-82.79)

निफ्टी 24,793.25 (-18.80)

**बीएसई टॉप-5 गेनर्स**

| | |
|---|---|
| RBA | 05.22% |
| AEGISLOG | 03.53% |
| TATACONSUM | 02.21% |
| JAIBALAJI | 02.19% |
| MTARTECH | 02.00% |

**बीएसई टॉप-5 लूजर्स**

| | |
|---|---|
| EMIL | 07.67% |
| LLOYDSENPP | 06.83% |
| WELENT | 05.23% |
| CYIENT | 05.12% |
| MINDACORP | 05.09% |

**खेती जिंस**

| | |
|---|---|
| काबली चना | 5700-8500 |
| सरसों का तेल | 2250-2475 |
| सन फ्लावर | 2250-2450 |

**कमोडिटी**

| | |
|---|---|
| क्रूड | $ 74.49 |
| निक्कल | ₹ 1,325.00 |
| नैचुरल गैस | ₹ 346.40 |

**एक्सचेंज दर**

| | Buy | Sell |
|---|---|---|
| $ | 86.74 | 87.45 |
| £ | 116.47 | 117.20 |
| € | 99.51 | 100.17 |
| C$ | 63.24 | 63.61 |
| A$ | 56.08 | 56.66 |

| | दिल्ली | मुंबई | कोलकाता | चेन्नई | चंडीगढ़ | हरियाणा | पंजाब |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पैट्रोल | 94.72 | 104.21 | 105.41 | 100.75 | 94.30 | 95.67 | 98.28 |
| डीजल | 87.62 | 92.15 | 92.02 | 92.34 | 82.45 | 88.50 | 88.09 |

रेट 19 जून

**यूरोपीय बाजार**

| FTSE | DAX | CAC |
|---|---|---|
| 8,791.80 | 23,056.71 | 7,553.45 |
| -0.59% | -1.13% | -1.36% |

**एशियाई बाजार**

| Nikkei | Straits Times | Shanghai |
|---|---|---|
| 38,488.34 | 3,894.18 | 3,362.11 |
| -1.02% | -0.68% | -0.79% |

**सर्राफा बाजार**

सोना 1,02,500 (+200), चांदी 1,10,300 (-2100)

**क्रिप्टोकरंसी**

बिटक्वाइन 1,04,344 (-0.42%) | इथर 2,501 (-0.48%)

**Business Facts...**

नीदरलैंड में हर दिन लोग मक्खन और चॉकलेट स्प्रिंकल्स (जिन्हें हेगेलस्लैग कहा जाता है) से बने लगभग 7,50,000 सैंडविच खाते हैं।

## बिजनैस ब्रीफ

### सीमैंस एनर्जी इंडिया लिमिटेड शेयर बाजार में सूचीबद्ध

नई दिल्ली (प.स.): सीमैंस एनर्जी इंडिया लिमिटेड (एस.ई.आई.एल.) बृहस्पतिवार को घरेलू शेयर बाजारों बी.एस.ई. और एन.एस.ई. पर सूचीबद्ध हो गई। जर्मनी स्थित सीमैंस एजी और इसकी अनुषंगी कंपनियों के पास एस.ई.आई.एल. में 69 प्रतिशत हिस्सेदारी है, जबकि सीमैंस एनर्जी एजी की अनुषंगी कंपनियों के पास छह प्रतिशत हिस्सेदारी है। शेष शेयर खुले बाजार में खरीदने और बेचने के लिए उपलब्ध हैं।

बयान के अनुसार सूचीबद्ध होने के साथ एस.ई.आई.एल. अब अधिक चपलता, पारदर्शिता और मजबूत रणनीतिक के साथ काम करने की स्थिति में है। साथ ही दुनिया के सबसे गतिशील और सबसे तेजी से बढ़ते ऊर्जा बाजारों में से एक का नेतृत्व करने के लिए तैयार है।



### सैंसेक्स 82.79 अंक और टूटा

मुंबई (प.स.): स्थानीय शेयर बाजार में आज लगातार तीसरे दिन गिरावट रही और दोनों मानक सूचकांक नीचे आ गए। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 30 शेयरों पर आधारित बी.एस.ई. सैंसेक्स 82.79 अंक यानी 0.10 प्रतिशत की गिरावट के साथ 81,361.87 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह ऊंचे में 81,583.94 तक गया और नीचे में 81,191.04 अंक तक आया।

50 शेयरों पर आधारित एन.एस.ई. निफ्टी 18.80 अंक यानी 0.08 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 24,793.25 अंक पर बंद हुआ। सैंसेक्स में शामिल कंपनियों में अडानी पोर्ट्स, बजाज फाइनांस, टैक महिंद्रा, इंडसइंड बैंक, नैस्ले और टाटा स्टील प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाइटन, लार्सन एंड टुब्रो, भारती एयरटेल और मारुति के शेयर लाभ में रहे।

### एचडीबी फाइनैंशियल सर्विसेज का 12,500 करोड़ रुपए का आई.पी.ओ. 25 जून को खुलेगा

नई दिल्ली (प.स.): एचडीएफसी बैंक की अनुषंगी कंपनी एचडीबी फाइनैंशियल सर्विसेज का 12,500 करोड़ रुपए का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आई.पी.ओ.) 25 जून को खुलेगा।

एचडीएफसी बैंक ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि आई.पी.ओ. 25 जून को खुलेगा और 27 जून को बंद होगा, जबकि एंकर (बड़े) निवेशक 24 जून को शेयरों के लिए बोली लगा सकेंगे।

एचडीबी फाइनैंशियल सर्विसेज ने आरंभिक सार्वजनिक पेशकश के संबंध में अहमदाबाद में गुजरात, दादरा और नगर हवेली के कंपनी पंजीयक के पास दस्तावेजों का मसौदा दाखिल किया। इसमें कहा गया है कि इस पेशकश में कंपनी के पात्र कर्मचारियों और एचडीएफसी बैंक के पात्र शेयरधारकों के लिए शेयर आरक्षित रखे जाएंगे।

# आसमान छूने लगी हैं सूखे मेवे की कीमत, ईरान से बंद हुई भारत के लिए सप्लाई

## भारत के लिए तेल की सप्लाई कम होने का खतरा



नई दिल्ली, 19 जून (इंट): ईरान और इसराईल के बीच तनाव का आज 7वां दिन है। इसी के साथ भारत के लिए तेल की सप्लाई कम होने का खतरा बढ़ गया है।

ऐसे में आने वाले समय में पैट्रोल-डीजल की कीमत पर असर पड़ने वाला है। भारत अपने कच्चे तेल की जरूरतों का लगभग 80 प्रतिशत कुवैत, कतर, इराक, सऊदी अरब जैसे देशों से आयात करता है। ऐसे में ईरान-इसराईल के बीच जंग के चलते मिडिल ईस्ट से तेल की सप्लाई रुकने का खतरा बढ़ता जा रहा है।

सिर्फ तेल ही नहीं, इस संघर्ष का असर भारत में सप्लाई होने वाले ड्राई फ्रूट्स (सूखे मेवे) पर भी पड़ने वाला है। भारत अफगानिस्तान से किशमिश, अखरोट, बादाम, अंजीर, खुबानी जैसे सूखे मेवे का आयात करता है। भारत ईरान से भी खजूर, मामरा बादाम, पिस्ता जैसे सूखे मेवे मंगाता है।

पहले अफगानिस्तान पाकिस्तान के रास्ते भारत में सूखे मेवे भेजता था, लेकिन हाल के दिनों में पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव के बीच अब अफगानिस्तान ईरान के चाबहार बंदरगाह से भारत में ड्राई फ्रूट्स भिजवाता है। अब ईरान और इसराईल के बीच जंग होने की वजह से सूखे मेवों की आपूर्ति रुक गई है। इससे दिल्ली के थोक बाजारों में सूखे मेवों के दाम 5 से 10 गुना तक बढ़ गए हैं।

दिल्ली किराना कमेटी के महासचिव धीरज भी, सिंधवानी कहते हैं कि ईरान से ड्राई फ्रूट्स की सप्लाई कम हुई है, अगर जल्द यह बहाल न हुई, तो आने वाले महीनों में सूखे मेवों के दाम बढ़ सकते हैं।

### ईरान से ये सारी चीजें भी मंगाता है भारत

सिर्फ ड्राई फ्रूट्स और तेल ही नहीं, भारत ईरान से नमक, सल्फर, मिट्टी, पत्थर, प्लास्टर, चूना और सीमैंट, खनिज ईंधन, प्लास्टिक और उसके बने प्रोडक्ट्स, लोहा और इस्पात, ऑर्गैनिक कैमिकल्स, गोंद, रेजिन और लाह जैसे प्रोडक्ट भी मंगाता है।

### भारत और ईरान के बीच व्यापार

भारत ने मार्च 2025 में ईरान को 130 मिलियन अमरीकी डॉलर के सामान भेजे और 43 मिलियन अमरीकी डॉलर के सामान मंगाए। पिछले साल की इसी अवधि के मुकाबले ईरान के लिए एक्सपोर्ट 88.1 मिलियन अमरीकी डॉलर से बढ़कर 41.5 मिलियन अमरीकी डॉलर हो गया है। यानी कि महज एक साल में कारोबार में 47.1 प्रतिशत का उछाल आया है।

हालांकि, ईरान से आयात 56.2 मिलियन अमरीकी डॉलर से 23.6 फीसदी घटकर 13.3 मिलियन अमरीकी डॉलर हो गया है।

# सकल मुद्रास्फीति में गिरावट अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा संकेत, लेकिन मुख्य महंगाई दर बढ़ रही: क्रिसिल



कोलकाता, 19 जून (प.स.): रेटिंग एजैंसी क्रिसिल लि. ने कहा है कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित सकल मुद्रास्फीति इस साल मई में घटकर 2.8 प्रतिशत पर आ गई। यह अर्थव्यवस्था के लिए एक अच्छा संकेत है।

क्रिसिल ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि खाद्य महंगाई में गिरावट सकल खुदरा मुद्रास्फीति को नीचे ला रही है, लेकिन मुख्य (कोर) मुद्रास्फीति यानी विनिर्माण क्षेत्र की मुद्रास्फीति बढ़ रही है। हालांकि, यह दशकीय रुख से नीचे है और अब लगातार चार महीनों से चार प्रतिशत से ऊपर है।

कोर यानी मुख्य मुद्रास्फीति में खाद्य और ऊर्जा से संबंधित अधिक अस्थिर मूल्य वाली वस्तुओं को शामिल नहीं किया जाता। क्रिसिल ने कहा कि मुख्य मुद्रास्फीति में लगातार वृद्धि सकल मुद्रास्फीति पर दबाव डाल सकती है।

रेटिंग एजैंसी के अनुसार बढ़ती मुख्य मुद्रास्फीति अर्थव्यवस्था में घरेलू मांग की मजबूत होने का संकेत है, लेकिन मुख्य मुद्रास्फीति का गहराई से आकलन करने से पता चलता है कि इसकी हाल में वृद्धि घरेलू कारकों के बजाय वैश्विक आर्थिक अस्थिरता से जुड़ी है।


क्रिसिल ने कहा कि सोने की कीमतें घरेलू के बजाय वैश्विक संकेतों पर प्रतिक्रिया करती हैं। हालांकि, सोने की सकल सी.पी.आई. में हिस्सेदारी छोटी (कुल सूचकांक का 1.1 प्रतिशत) है, लेकिन इसे मुख्य सी.पी.आई. मुद्रास्फीति में शामिल करने से घरेलू मूल्य संकेत बिगड़ते हैं।

भारत के मुख्य मुद्रास्फीति सूचकांक में सोने का भारांश अन्य देशों की तुलना में अधिक है। अन्य प्रमुख केंद्रीय बैंक भी अपने मुख्य मुद्रास्फीति सूचकांक में सोने को शामिल करते हैं, लेकिन इसका भारांश भारत की तुलना में काफी कम है। इससे उनके मुख्य मुद्रास्फीति माप पर इसका प्रभाव सीमित हो जाता है।

क्रिसिल ने रिपोर्ट में कहा कि भारत में सोने का भारांश संभवतः इसलिए अधिक है क्योंकि अन्य देशों की तुलना में खपत में इसकी हिस्सेदारी अधिक है। सोने को बाहर रखने से मुख्य सी.पी.आई. (उपभोक्ता मूल्य सूचकांक) संकेतों की गलत व्याख्या को रोका जा सकता है।

## आर.बी.आई. ने बैंकों, एन.बी.एफ.सी. के लिए परियोजना वित्त संबंधी नए मानक जारी किए

मुंबई, 19 जून (प.स.): भारतीय रिजर्व बैंक (आर.बी.आई.) ने बैंकों, एन.बी.एफ.सी. और अन्य विनियमित संस्थाओं द्वारा बुनियादी ढांचा एवं गैर-बुनियादी ढांचा क्षेत्रों में परियोजनाओं के वित्तपोषण के एक सुसंगत ढांचे के लिए मानदंड जारी किए।



आर.बी.आई. ने कहा कि इन निर्देशों में परियोजना वित्त जोखिमों में दबाव के समाधान के लिए एक सिद्धांत-आधारित व्यवस्था को अपनाना शामिल है, जो तमाम विनियमित इकाइयों (आर.ई.) के लिए है। इसमें बुनियादी ढांचा एवं गैर-बुनियादी ढांचा क्षेत्रों के लिए वाणिज्यिक संचालन शुरू करने की तारीख में क्रमशः 3 साल एवं 2 साल के अधिकतम विस्तार का प्रावधान है। नवीनतम मानदंडों में परियोजनाओं को मोटे तौर पर तीन चरणों- डिजाइन, निर्माण और परिचालन में विभाजित किया गया है।

आर.बी.आई. ने कहा, "निर्माणाधीन परियोजनाओं में जहां ऋणदाताओं का कुल जोखिम 1,500 करोड़ रुपए तक है, किसी भी व्यक्तिगत ऋणदाता का जोखिम कुल जोखिम के 10 प्रतिशत से कम नहीं होना चाहिए।" वहीं, सभी ऋणदाताओं का कुल जोखिम 1,500 करोड़ रुपए से अधिक होने पर परियोजना में व्यक्तिगत ऋणदाता के लिए जोखिम सीमा पांच प्रतिशत या 150 करोड़ रुपए होगी, जो भी अधिक हो। इसके अलावा ऋणदाता यह सुनिश्चित करेगा कि वित्त जुटाने से पहले परियोजना के कार्यान्वयन/निर्माण के लिए सभी लागू अनुमोदन/मंजूरियां प्राप्त कर ली गई हैं।

आर.बी.आई. ने कहा कि ऐसी मंजूरियों की सूची में परियोजना पर लागू होने वाली पर्यावरण मंजूरी, कानूनी मंजूरी, नियामकीय मंजूरी शामिल हैं। कर्ज में दबाव होने की स्थिति में आर.बी.आई. ने कहा कि ऋणदाता को परियोजना के प्रदर्शन एवं तनाव सृजन पर लगातार निगरानी रखनी चाहिए और उससे पहले ही समाधान योजना शुरू करने की अपेक्षा की जानी चाहिए।

आर.बी.आई. ने यह भी कहा कि गैर-अनुपालन पर गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एन.पी.ए.) में डाले गए परियोजना वित्त खाते को वास्तविक डी.सी.सी.ओ. के बाद संतोषजनक प्रदर्शन करने के बाद ही अद्यतन किया जा सकता है।

## भारत ने कर्नाटक से लंदन के लिए ताजा जामुन की पहली निर्यात खेप भेजी

बैंगलुरु, 19 जून (प.स.): वाणिज्य मंत्रालय के तहत आने वाले कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) ने कर्नाटक से लंदन के लिए ताजा जामुन फल की पहली निर्यात खेप को हरी झंडी दिखाई। यह कदम वैश्विक बाजारों में देश के विभिन्न क्षेत्रों से भारत के पारंपरिक फल निर्यात को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

इससे पहले देश से केवल जमे हुए जामुन का निर्यात किया जाता था। एपीडा ने कहा कि जामुन के



फल सीधे किसान उत्पादक संगठन (एफ.पी.ओ.) से प्राप्त किए गए हैं। अनेता ऑर्गैनिक प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के मालिक निर्यातक पार्थ सारथी ने कहा कि निर्यात से फलों के लिए 'अच्छा' मूल्य प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

घरेलू फलों में स्थानीय किसानों को फल के लिए औसतन 50-60 रुपए प्रति किलोग्राम का मूल्य मिलता है, लेकिन इस निर्यात खेप से उन्हें औसतन 110 रुपए प्रति किलोग्राम का मूल्य मिलेगा। इस खेप को बागवानी विभाग के तहत कर्नाटक सरकार द्वारा स्थापित एपीडा और प्लांट क्वारंटीन-अनुमोदित पैकहाउस में पैक किया गया है। एपीडा ने कहा कि कर्नाटक, भारत के जामुन के प्रमुख उत्पादकों में से एक है। यह एक ऐसा फल है जो अपने समृद्ध औषधीय मूल्य और स्वास्थ्य लाभ के लिए जाना जाता है।

## ब्रिटेन में भारतीय स्वामित्व वाली कंपनियों की संख्या 23 प्रतिशत बढ़कर 1,197 हुई

लंदन, 19 जून (प.स.): ब्रिटेन में काम कर रही भारतीय स्वामित्व वाली कंपनियों की संख्या 2025 में सालाना आधार पर 23 प्रतिशत बढ़कर 1,197 हो गई है। किसी एक वर्ष में दर्ज यह सबसे तेज वृद्धि है।

वैश्विक वित्तीय सलाहकार कंपनी ग्रांट थॉर्नटन द्वारा उद्योग निकाय सी.आई.आई. (भारतीय उद्योग परिसंघ) के सहयोग से किए गए विश्लेषण 'इंडिया मीट्स ब्रिटेन ट्रैकर' के अनुसार ब्रिटेन में भारतीय स्वामित्व वाली कंपनियों द्वारा दर्ज किया गया संयुक्त राजस्व 2024 के 68.09 अरब पाऊंड (जी.बी.पी.) से बढ़कर 2025 में 72.14 अरब जी.बी.पी. हो गया।

विश्लेषण के 12वें संस्करण में पाया गया कि अब ब्रिटेन में 1,197 भारतीय स्वामित्व वाली कंपनियां कार्यरत हैं, जो 2024 के आंकड़ों की तुलना में 23 प्रतिशत अधिक है।



'इंडिया मीट्स ब्रिटेन ट्रैकर' को लंदन में 'इंडिया ग्लोबल फोरम (आई.जी.एफ.) यू.के.-इंडिया वीक' के दौरान वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और ब्रिटेन के उनके समकक्ष जोनाथन रेनॉल्ड्स ने बुधवार को पेश किया।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ब्रिटेन और भारत के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफ.टी.ए.) के क्रियान्वयन से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करने तथा दोनों देशों के बीच व्यापार एवं निवेश को बढ़ावा देने के तरीकों का पता लगाने के लिए दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर लंदन में हैं।

### केंद्रीय बैंक ने नीतिगत ब्याज दर को 4.25 प्रतिशत पर स्थिर रखा

ब्रिटेन के केंद्रीय बैंक ने ईरान-इसराईल संघर्ष से अनिश्चितता बढ़ने की आशंका के बीच नीतिगत ब्याज दर को दो साल के निचले स्तर 4.25 प्रतिशत पर बरकरार रखा है। बैंक ऑफ इंगलैंड की मौद्रिक नीति समिति ने बैठक में प्रमुख ब्याज दर को अपरिवर्तित रखने का फैसला किया। समिति के 9 में से 6 सदस्यों ने दर को स्थिर रखने के पक्ष में मत दिया जबकि तीन सदस्य 0.25 प्रतिशत की कटौती के पक्ष में थे।

ब्रिटेन में खुदरा मुद्रास्फीति 3.4 प्रतिशत है जो अब भी केंद्रीय बैंक के दो प्रतिशत के लक्ष्य से अधिक है। ऐसे में नीति-निर्माताओं ने पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने के संभावित असर को देखते हुए नीतिगत दर में कोई बदलाव नहीं करने का फैसला किया।

## सरकार ने कुछ कोलाइडल बहुमूल्य धातुओं के आयात पर अंकुश लगाया

नई दिल्ली, 19 जून (प.स.): सरकार ने देश के भीतर तरल रूप में सोने के अवैध प्रवाह को रोकने के मकसद से कुछ कोलाइडल बहुमूल्य धातुओं पर आयात अंकुश लगा दिया है। कोलाइडल बहुमूल्य धातुएं तरल रूप में फैले सोने या चांदी के नैनो कणों के विलयन होते हैं।

उद्योग विशेषज्ञों का कहना है कि कुछ आयातक थाइलैंड जैसे देशों से आयात के लिए तरल रूप में स्वर्ण कणों का सहारा ले रहे थे।

विदेश व्यापार महानिदेशालय (डी.जी.एफ.टी.) ने एक अधिसूचना में कहा, "सीटीएच 2843 श्रेणी के तहत आने वाली वस्तुओं की आयात नीति को तत्काल प्रभाव से 'मुक्त' से संशोधित कर 'अंकुश' किया जाता है।" इस श्रेणी में आने वाले उत्पादों में कोलाइडल कीमती धातुएं, कीमती धातुओं के अकार्बनिक या कार्बनिक यौगिक शामिल हैं।

डी.जी.एफ.टी. ने एक अलग अधिसूचना में कहा कि वजन के हिसाब से एक प्रतिशत से अधिक सोना-युक्त पैलेडियम, रोडियम और इरीडियम मिश्र धातु के आयात पर पाबंदी लगा दी गई है। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-मई के दौरान सोने का आयात 3.82 प्रतिशत घटकर 5.64 अरब डॉलर रह गया।

## गोल्ड लोन पर आर.बी.आई. के नए नियम से व्यापार मॉडल में बदलाव आएगा: एस. एंड पी.

नई दिल्ली, 19 जून (प.स.): गोल्ड लोन देने के संबंध में भारतीय रिजर्व बैंक (आर.बी.आई.) के नए नियमों से कारोबारी मॉडल में बदलाव आएगा और परिचालन में तेजी, सेवा उत्कृष्टता ऋणदाताओं के बीच मुख्य अंतर बने रहेंगे। एस. एंड पी. ग्लोबल रेटिंग्स ने यह बात कही।

भारतीय रिजर्व बैंक सोने के बदले कर्ज देने के लिए ऋण-मूल्य (एल.टी.वी.) अनुपात 2.5-5 लाख रुपए के बीच ऋण राशि के लिए 80 प्रतिशत और 5 लाख रुपए से अधिक के ऋण के लिए 75 प्रतिशत निर्धारित किया गया है। ऋणदाताओं के पास बदलावों के लिए तैयार होने के लिए 1 अप्रैल, 2026 तक का समय है।

'स्वर्ण-आधारित कर्ज पर भारत के नए नियम प्रतिस्पर्धी परिदृश्य को नया आकार दे सकते हैं' शीर्षक वाली अपनी रिपोर्ट में एस. एंड पी. ने कहा कि स्वर्ण-आधारित ऋणों पर



भारतीय रिजर्व बैंक के नए नियमों से देश के तेजी से बढ़ते ऋण क्षेत्र में व्यापार मॉडल में बदलाव आने की संभावना होगी।

एस. एंड पी. ने कहा, "हमारे विचार में परिचालनगत चुस्ती और सेवा उत्कृष्टता, ऋणदाताओं के बीच मुख्य अंतर बने रहेंगे।" एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स की 'क्रैडिट' विश्लेषक गीता चुघ ने कहा कि गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों की आय और नकदी प्रवाह के आधार पर उधारकर्ताओं की पुनर्भुगतान क्षमताओं का मूल्यांकन करने के लिए जोखिम प्रबंधन नीतियां और प्रक्रियाएं विकसित करने की जरूरत है।

## पृष्ठ एक के शेष

### ईरान से लौटे ...

ने कहा कि और लोगों को निकाला जा रहा है। हम एक और विमान भेजेंगे। तुर्कमेनिस्तान से कुछ और लोगों को निकाल रहे हैं। निकासी अनुरोध के लिए हमारे दूतावासों से 24 घंटे संपर्क किया जा सकता है। हम भारतीय नागरिकों को निकालने के लिए और विमान भेजेंगे।

जम्मू-कश्मीर छात्र संघ ने निकासी अभियान शुरू करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर को धन्यवाद दिया। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने वीरवार को कहा कि ईरान में फंसे मेडिकल के छात्रों का पहला जत्था दिल्ली पहुंच गया है और जम्मू-कश्मीर रोड ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन (जेकेआरटीसी) की डीलक्स बसों से उन्हें केन्द्र शासित प्रदेश लाया जाएगा। ईरान में चार हजार से अधिक भारतीय विद्यार्थी मेडिकल की पढ़ाई करते हैं जिनमें से आधे से अधिक जम्मू-कश्मीर के हैं।

### परिचालन समस्या और ...

लाइट में रुक-रुक कर रोशनी आ रही थी। एहतियाती उपाय के तौर पर, पायलटों ने हैदराबाद लौटने का फैसला किया। विमान सुरक्षित रूप से उतरा और यात्रियों को सामान्य तरीके से विमान से उतारा गया।

**लेह उड़ान में तकनीकी समस्या:** दिल्ली से लेह जाने वाली इंडिगो की उड़ान 6ई2006 परिचालन संबंधी समस्या के कारण दो घंटे से अधिक समय तक आसामान में रहने के बाद राष्ट्रीय राजधानी लौट आई। इंडिगो के प्रवक्ता ने की तकनीकी समस्या के कारण उड़ान मूल स्थान पर लौट आई। यात्रियों को लेह ले जाने के लिए एक वैकल्पिक विमान की व्यवस्था की गई है।

**मंगलूरु-दुबई उड़ान निलंबित :** एअर इंडिया एक्सप्रेस ने परिचालन कारणों का हवाला देते हुए 17 जून से 30 जून तक मंगलुरु अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से दुबई के लिए अपनी दो दैनिक उड़ानों में से एक उड़ान संख्या आईएक्स813 / आईएक्स814 को अस्थायी रूप से रद कर दिया है। उड़ानों में यह कटौती मुख्य रूप से जारी पश्चिम एशिया संकट के कारण इज़राइल, ईरान, इराक और जॉर्डन के ऊपर अनेक इलाकों में हवाई क्षेत्र बंद होने के कारण हुई है।

### मानसून मल्हार...

देशभर में जैसलमेर सबसे गर्म रहा, यहां दिन का पारा 44.6 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं, बीकानेर में भी पारा फिर से 43 डिग्री पर पहुंच गया है। मौसम विभाग की माने तो जल्द ही मानसून इन क्षेत्रों को भी अपनी जद में ले लेगा। मौसम विभाग के अनुसार, पूर्वी राजस्थान के ऊपर बना कम दबाव का क्षेत्र कमजोर होकर परिसंचरण तंत्र के रूप में उत्तर-पूर्वी राजस्थान के ऊपर अवस्थित है। 20 जून को कोटा संभाग व आसपास के जिलों में कहीं-कहीं भारी और अतिभारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।

### उदयपुर : डॉ. किरोड़ी...

में भी पहुंचे और सैंपल लेकर रिकॉर्ड की जांच की। मंत्री ने कहा कि हम खाद फैक्ट्रियों के खिलाफनहीं हैं, बल्कि उन्हें प्रमोट करना चाहते हैं। किशनगढ़ जैसी धोखाधड़ी बर्दाश्त नहीं होगी, जहां केवल रंग बदलकर डीएपी, एसएसपी और एमएपी जैसा खाद दिखाया गया। उन्होंने चेतावनी दी कि जो भी घटिया खाद बनाएगा, उस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

मंत्री ने कहा कि सैंपल की दोबारा जांच करवाई जाएगी और दोषी फैक्ट्रियों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सभी फैक्ट्रियों को चेतावनी दी गई है कि वे अपनी गुणवत्ता सुधारें और किसानों को धोखा देना बंद करें।

### प्रेमी संग...

कुमार ने पहली पत्नी से मनमुटाव के बाद वर्ष 2010 में रीना सिन्धू नाम से दूसरा विवाह किया था। आर्थिक तंगी से जूझ रहा रविंद्र अपना मकान बेचना चाहता था। रीना इसके खिलाफ थी। इसी दौरान रीना के शारीरिक संबंध नगीना (बिजनौर) निवासी पारितोष कुमार से बन गए, जो उसके फिजियोथेरेपी सेंटर में आता था। इससे पहले कि पति मकान बेचे, रीना ने उसे रास्ते से हटाने की योजना बना ली। 31 मई को रीना ने रविंद्र को पारितोष के घर बुलाया।

## स्वच्छ प्रौद्योगिकी अब इस्पात उद्योग के लिए विकल्प नहीं, आवश्यकता है: कुमारस्वामी

नई दिल्ली, 19 जून (प.स.): केंद्रीय मंत्री एच.डी. कुमारस्वामी ने कहा कि हरित इस्पात के उत्पादन के लिए कम कार्बन उत्सर्जन वाली प्रौद्योगिकियों को अपनाना अब एक विकल्प नहीं, बल्कि आवश्यकता है। उन्होंने साथ ही कार्बन उत्सर्जन कम करने की दिशा में कदम उठाने की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया।



इस्पात मंत्री ने यह टिप्पणी इस्पात क्षेत्र में नवाचार एवं उभरती प्रौद्योगिकियों के उपयोग पर ध्यान केंद्रित करने के लिए आयोजित 'बिगमिंट फ्यूचर स्टील कॉन्क्लेव' को संबोधित करते हुए की।

कुमारस्वामी ने कहा, "प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में हमारा इस्पात उद्योग 2030 तक 30 करोड़ टन क्षमता तक पहुंचने के साहसिक लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। हम न केवल विस्तार करने बल्कि 2070 तक शुद्ध शून्य लक्ष्य के अनुरूप स्थिरता लाने को भी प्रतिबद्ध हैं।

सरकार ने दिसंबर 2024 में हरित इस्पात की परिभाषा पेश की थी और उद्योग से आग्रह किया था कि वे तैयार उत्पादों पर प्रति टन कार्बन उत्सर्जन को 2.2 टन के स्तर से नीचे लाने के लिए कदम उठाएं। कुमारस्वामी ने कहा कि वैश्विक स्तर पर कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में इस्पात उद्योग की हिस्सेदारी करीब सात प्रतिशत है। इस्पात के दूसरे सबसे बड़े उत्पादक भारत के पास, वृद्धि को बनाए रखते हुए उत्सर्जन को कम करने में अग्रणी भूमिका निभाने की जिम्मेदारी एवं अवसर दोनों हैं।

मंत्री ने इस मौके पर उत्पादन प्रक्रिया के दौरान उत्सर्जित कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा के आधार पर उत्पादों को 'स्टार रेटिंग% देने के लिए हरित इस्पात का वर्गीकरण खाका भी जारी किया। उन्होंने कहा कि नया खाका इस्पात उत्पादन को कार्बन मुक्त करने के प्रयासों को राह दिखाएगा और मूल्य शृंखला में हरित प्रथाओं को प्रोत्साहित करेगा।

## बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ ने लॉन्च किया फर्टिलिटी सर्कल

जयपुर, 19 जून (ब्यूरो): बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ ने फर्टिलिटी सर्कल (1800 123 1515) लॉन्च किया है। यह भारत की पहली टोल-फ्री और अनरिकॉर्डेड सपोर्ट लाइन फर्टिलिटी काउंसलिंग सेवा है, जो पूरे भारत में अंग्रेज़ी और हिंदी में उपलब्ध है। जल्द ही इसे क्षेत्रीय भाषाओं में भी शुरू करने की योजना है।

चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर अभिषेक अग्रवाल ने कहा कि यह सेवा उन लोगों के लिए है जो प्रेग्नेंसी प्लान कर रहे हैं, इससे संबंधी ट्रीटमेंट पर विचार कर रहे हैं या फर्टिलिटी समस्याओं से संबंधित मन में सवाल लिए हुए हैं। चीफ मार्केटिंग ऑफिसर पारुल त्यागी ने कहा कि फर्टिलिटी सर्कल एक ऐसा स्पेस है जहाँ हर सवाल सुना और समझा जाता है। खासकर तब, जब प्रेग्नेंसी और इंफर्टिलिटी जैसे विषयों पर बात करना आसान नहीं होता।

## राजस्थान में अमेजन के 15 प्रतिशत नए ग्राहक बढ़े, 25 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्ज की



जयपुर, 19 जून (एजेंसी) : राजस्थान में अमेजन. इन ने अपने होम, किचन और आउटडोर कारोबार में साल 2025 में 25 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। राज्य में नए ग्राहको की गिनती भी 15 प्रतिशत बढ़ गई है। यह बढ़ोतरी ग्राहकों के लाइफस्टाइल अपग्रेड करने, कॉमर्शियल खरीदारी बढ़ाने और सुविधाजनक ज़िंदगी के लिए टिकाऊ समाधानों को अपनाने का नतीजा है।

जयपुर में आयोजित कार्यक्रम में अमेज़न इंडिया के होम, किचन और आउटडोर के डायरेक्टर केएन श्रीकांत ने कहा कि इस दौरान स्वस्थ और सुविधाजनक जीवनशैली की ओर बढ़ रहे ग्राहकों की बदौलत स्मार्ट होम, रसोई के साज़ो-सामान, फिटनेस, सुरक्षा, ऑटोमोटिव और बागवानी के उत्पादों की काफी मांग देखने को मिली है।

खास तौर पर जयपुर में रसोई, घर, ऑटोमोटिव और फिटनेस श्रेणियों में मजबूत दोहरे अंकों की वृद्धि के साथ कारोबार आगे बढ़ रहा है। राजस्थान के लोग दोपहिया वाहन खरीदने के लिए भी तेजी से अमेज़न की तरफ आ रहे हैं।

उन्होंने बताया कि अमेज़न.इन अब 300 रुपये से कम कीमत वाले 1.2 करोड़ से ज़्यादा उत्पादों पर कोई रेफ़रल फ़ीस नहीं ले रहा, साथ ही अमेज़न प्राइम मेंबर को 10,000 रुपये के उपकरणों की खरीदारी पर 1,200 रुपये की और रसोई के ज़रूरी सामान के 1,000 रुपये से अधिक के ऑर्डर पर 150 रुपये की छूट दी जा रही है। इस दौरान स्थानीय विक्रेताओं और विज़िटरों को अमेज़न इंडिया के शीर्ष ब्रांडों और उत्पादों का अनुभव करने का मौका मिला। बलवान कृषि के फाउंडर व सीईओ रोहित बजाज और वारी एनर्जीज के रिटेल बिजनेस के हेड-प्रेसिडेंट पंकज वासल ने अमेज़न.इन के साथ अपने सफर की कहानी बताई।

### भारत में इस वर्ष 2000 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश करेगी अमेजन इंडिया

नई दिल्ली, 19 जून (प.स.): ई-कॉमर्स क्षेत्र की दिग्गज कंपनी अमेजन ने अपने अखिल भारतीय परिचालन नैटवर्क का विस्तार करने के लिए 2025 में 2,000 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश करने की घोषणा की। अमेजन ने कहा कि निवेश से नैटवर्क विस्तार एवं उन्नयन में सहायता मिलेगी, जिससे ग्राहकों को अधिक तेजी से और अधिक विश्वसनीय सेवा प्रदान की जा सकेगी। साथ ही प्रौद्योगिकी तथा नवाचार को बढ़ावा मिलेगा और कर्मचारियों व सहयोगियों को बेहतर अनुभव मिलेगा। कंपनी ने 2,000 करोड़ रुपए से अधिक के निवेश की घोषणा करते हुए कहा कि यह नया निवेश परिचालन नैटवर्क बनाने में किए गए निवेश के अतिरिक्त है, जो कंपनी को समूचे भारत में सभी सेवा योग्य क्षेत्रों तक आपूर्ति करने में मदद करेगा।

## [ न्यूज ब्रीफ ]

### ब्रिस्बेन हीट के लिए खेलेंगी रोड्रिग्स

नई दिल्ली, 19 जून (वार्ता) भारतीय टीम की स्टार बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स महिला बिग बैश लीग



(डब्ल्यू.बी.बी.एल.) 2025 में हिट ब्रिस्बेन के लिए खेलेंगी।

डब्ल्यू.बी.बी.एल. के वीरवार को हुए ड्राफ्ट के दौरान रोड्रिग्स को मेलबर्न स्टार्स ने अपनी पहली पसंद के रूप में चुना था, लेकिन ब्रिस्बेन हीट ने उन्हें रिटेन कर अपनी टीम में बनाए रखा।

पिछले वर्ष हीट के लिए खेलते हुए रोड्रिग्स ने 10 पारियों में 33 की औसत और 139 के स्ट्राइक रेट से एक अर्धशतक सहित कुल 267 रन बनाए थे। रोड्रिग्स ने रिटेन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सोशल मीडिया मंच लिखा कि मैं अपने परिवार के साथ वापस जुड़ गई हूं और टीम से जुड़ने के लिए और इंतजार नहीं कर सकती।

यह रोड्रिग्स का चौथा डब्ल्यू.बी.बी.एल. सत्र होगा। इससे पहले वह 2021-22 में रेनगेड्स और 2022-23 में स्टार्स की ओर से खेल चुकी हैं।

### 'एंडरसन-तेंदुलकर' ट्रॉफी का अनावरण



लीड्स : महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर और जेम्स एंडरसन ने वीरवार को भारत और इंग्लैंड के बीच 5 टैस्ट मैचों की शृंखला के पहले मैच से पहले 'एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी' का औपचारिक रूप से अनावरण किया।

### पटौदी विरासत जीवित रखने का पूरा प्रयास करूंगा : तेंदुलकर

नई दिल्ली, 19 जून (प.स.) भारत के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने वीरवार को कहा कि उन्हें जैसे ही पता चला कि भारत और इंग्लैंड के बीच टैस्ट शृंखला के लिए ट्रॉफी का नाम बदला जा रहा है, उन्होंने दिवंगत मंसूर अली खान पटौदी के परिवार से संपर्क किया और उन्हें आश्वस्त किया कि इस शृंखला से पूर्व कप्तान का जुड़ाव खत्म नहीं होगा।

पटौदी ट्रॉफी का नाम बदलकर तेंदुलकर और इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन के नाम पर एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी रखा गया है। यह फैसला इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड और बीसीसीआई ने मिलकर लिया है। तेंदुलकर ने कहा कि जब मुझे पता चला कि इसका नाम मेरे और एंडरसन के नाम पर रखा जा रहा है तो मैंने सबसे पहले पटौदी परिवार को फोन किया।

## interesting Facts

1 करीम बेंजेमा ने 7 मिनट के अंदर 3 गोल कर के अपनी टीम रीयाल मैड्रिड को ला लीगा-2023 (स्पेन की शीर्ष फुटबॉल लीग) में वलाडोलिड को 6-0 से करारी शिकस्त दी थी।

2 डेनियल मेदवेदेव ने मियामी ओपन टैनिस 2023 के फाइनल में इटली के यानिक सिनर को हराकर साल का अपना चौथा ए.टी.पी. खिताब जीता था।



3 चैक गणराज्य की पेत्रा क्वितोवा ने मियामी ओपन 2023 के फाइनल में कजाकस्तान की एलिना रिबाकिना को सीधे सैटों में हराकर अपने करियर का 30वां एकल खिताब जीता था। क्वितोवा ने खिताबी मुकाबले में अपने से 10 साल छोटी रिबाकिना को 7-6(14), 6-2 से मात दी।

**TV पर आज क्या खास**

| | | |
|---|---|---|
| 10:00 क्रिकेट | श्रीलंका बनाम बांग्लादेश | (पहला टैस्ट-चौथा दिन) |
| 15:30 क्रिकेट | भारत बनाम इंग्लैंड | (पहला टैस्ट-पहला दिन) |

### 'एंडरसन-तेंदुलकर' ट्रॉफी के लिए भारत और इंग्लैंड के बीच खेली जाने वाली 5 टैस्ट मैचों की शृंखला का पहला टैस्ट आज

# गिल के नेतृत्व में भारतीय टीम की अग्निपरीक्षा

**32** टैस्ट खेलकर 35.05 की औसत से अभी तक 1893 रन बनाए हैं शुभमन गिल ने।

**2007** में आखिरी बार जीती थी भारतीय टीम ने इंग्लैंड में टैस्ट शृंखला।



अभ्यास सत्र के दौरान कप्तान शुभमन गिल के साथ भारतीय टीम के खिलाड़ी।

लीड्स, 19 जून (प.स.) नया कप्तान, दृढ़ निश्चयी कोच, कुछ पुराने और कुछ नए चेहरे अगले 45 दिनों में एक दिलचस्प कहानी गढ़ने के लिए प्रतिबद्ध होंगे जब भारत शुक्रवार से यहां एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के लिए खेली जाने वाली 5 टैस्ट मैचों की शृंखला के पहले मैच में इंग्लैंड से भिड़ेगा।

भारत अभी तक इंग्लैंड में केवल 3 बार टैस्ट शृंखला जीत पाया है। उसने 1971 में अजीत वाडेकर, 1986 में कपिल देव और 2007 में राहुल द्रविड़ की अगुवाई में यह उपलब्धि हासिल की थी। अब शुभमन गिल इस सूची में अपना नाम लिखवाने के लिए बेताब होंगे।

लेकिन यह इतना आसान नहीं होगा क्योंकि विराट कोहली, रोहित शर्मा और रविचंद्रन अश्विन के संन्यास लेने के कारण भारतीय टीम बदलाव के दौर से गुजर रही है। इससे वह अनुभव के मामले में थोड़ा कमजोर नजर आती है।

25 वर्षीय गिल के लिए यह शृंखला अग्निपरीक्षा से कम नहीं होगी, क्योंकि इंग्लैंड की टीम ने ब्रेंडन मैकुलम की कोचिंग और बेन स्टोक्स की कप्तानी में टैस्ट मैच की बल्लेबाजी की परंपराओं को बदल दिया है। यह देखना दिलचस्प होगा कि भारतीय टीम उनके आक्रामक रवैये का किस तरह से जवाब देती है।

भारत के 37वें टैस्ट कप्तान के रूप में गिल का चयन इस बात पर अधिक आधारित था कि उनसे क्या अपेक्षा की जा सकती है। उनको यहां काफी कुछ साबित करना है।

टैस्ट में 36 शतकों सहित 13,000 से अधिक रन बनाने वाले जो रूट की मौजूदगी में इंग्लैंड की बल्लेबाजी कागजों पर भारत की तुलना में बेहतर नजर आती है। भारतीय टीम में सबसे अनुभवी बल्लेबाज केएल राहुल (58 टैस्ट, 3257 रन) हैं।

लेकिन जसप्रीत बुमराह की अगुवाई वाला भारतीय गेंदबाजी आक्रमण इंग्लैंड की तुलना में मजबूत नजर आता है जिससे दोनों टीमों की स्थिति बराबर लगती है। ऐसा तब है जबकि तेज गेंदबाज बुमराह केवल 3 टैस्ट मैचों के लिए उपलब्ध है। कोहली और रोहित की अनुपस्थिति के बावजूद भारत इंग्लैंड के गेंदबाजों को दबाव में ला सकता है।

जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड के संन्यास लेने तथा कुछ अन्य गेंदबाजों के चोटिल होने के कारण इंग्लैंड का आक्रमण कमजोर नजर आता है। क्रिस वोक्स, ब्रायडन कार्स, जोश टंग और शोएब बशीर तथा कप्तान स्टोक्स का गेंदबाजी आक्रमण विपक्षी टीम में कोई खौफ पैदा नहीं करता।

कोहली और रोहित के जाने के बाद भारतीय टीम के ड्रेसिंग रूम में सबसे प्रभावशाली व्यक्ति मुख्य कोच गौतम गंभीर का अभी तक कोच के रूप में रिकॉर्ड अच्छा नहीं रहा है और वह इसे और खराब नहीं करना चाहेंगे।

इस शृंखला में गंभीर के रणनीतिक कौशल की असली परीक्षा भी होगी। करुण नायर की वापसी तय लगती है, जहां उन्हें पहली स्लिप में तैनात किया गया था, लेकिन एक और बल्लेबाजी स्थान है जिसको लेकर टीम प्रबंधन को काफी विचार विमर्श करना होगा।

क्या गंभीर एक अतिरिक्त बल्लेबाज को खिलाएंगे और प्रतिभाशाली बी साई सुदर्शन को अपना पहला टैस्ट खेलने का मौका देंगे या फिर वह एक अतिरिक्त विशेषज्ञ बल्लेबाज की कमी की भरपाई के लिए नीतीश रेड्डी और शार्दुल ठाकुर जैसे ऑलराउंडर को खिलाएंगे।

### राहुल को करुण नायर के साथ लंबे समय तक खेलने की उम्मीद

सीनियर बल्लेबाज केएल राहुल शुक्रवार से यहां इंग्लैंड के खिलाफ शुरू हो रही 5 मैचों की टैस्ट शृंखला में करुण नायर की भारतीय टैस्ट टीम में वापसी से काफी उत्साहित हैं और उनको उम्मीद है कि वह अपने इस करीबी दोस्त के साथ लंबे समय तक देश की तरफ से खेलेंगे।

नायर और राहुल, दोनों 33 साल के हैं और बचपन से ही एक साथ आयु वर्ग की क्रिकेट खेलते आए हैं और दोनों करीबी दोस्त हैं। राहुल जहां भारतीय टीम का अभिन्न अंग रहे हैं वहीं नायर को टैस्ट क्रिकेट में तिहरा शतक लगाने के बावजूद 8 साल तक टीम से बाहर रखा गया।

राहुल ने कहा कि हमने 11 साल की उम्र में एक साथ क्रिकेट खेलना शुरू किया था और तब से हम इस सफर पर हैं। हम दोनों के जीवन में उतार-चढ़ाव आए। उसे मौका मिला, उसने तिहरा शतक बनाया और इसके बाद कई कारणों से उसे मुश्किल समय का सामना करना पड़ा।

### मौसम और पिच का मिजाज

असामान्य रूप से गर्म लीड्स। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस हो सकता है। और हैडिंग्ले की 8 मिमी घास से भरी 22 गज की पिच इंग्लैंड के लिए बहुत भाग्यशाली नहीं रही है। ऐसे में जो भी टीम अच्छी बल्लेबाजी करेगी उसकी जीत की संभावना बढ़ जाएगी।

### टीमें इस प्रकार



**भारत:** शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (उपकप्तान और विकेटकीपर), यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, नीतीश रेड्डी, रवींद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा।

**इंगलैंड (अंतिम एकादश):** जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रूक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ (विकेट कीपर), क्रिस वोक्स, ब्रायडन कार्स, जोश टंग और शोएब बशीर।

### गिल के लिए टैस्ट टीम की कमान संभालना आसान नहीं होगा : शास्त्री

दुबई, 19 जून (प.स.) भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री का मानना है कि भारत के नए टैस्ट कप्तान शुभमन गिल के लिए इंग्लैंड में टैस्ट टीम की कमान संभालना आसान नहीं होगा और उसे सफलता के लिए संयम से काम लेना होगा। विराट कोहली, रोहित शर्मा और आर अश्विन के संन्यास के बाद भारतीय क्रिकेट बदलाव के दौर से गुजर रहा है। ऐसे समय में बीसीसीआई ने गिल को भारतीय टैस्ट टीम की कमान सौंपी है। भारतीय टीम शुक्रवार से इंगलैंड के खिलाफ 5 टैस्ट मैचों की शृंखला का पहला मैच खेलेगी।



### अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में धूम मचाने के लिए तैयार गिल : कर्स्टन

नई दिल्ली, 19 जून (प.स.) भारत के पूर्व मुख्य कोच गैरी कर्स्टन ने भारतीय टीम के नए टैस्ट कप्तान शुभमन गिल का समर्थन करते हुए कहा है कि वह शुक्रवार से लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ शुरू हो रही 5 मैचों की शृंखला से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में धूम मचाने के लिए तैयार हैं। गिल की कप्तानी वाली आईपीएल टीम गुजरात टाइटंस के मेंटोर रहे कर्स्टन का मानना है कि 25 वर्षीय गिल में अच्छे नेतृत्वकर्ता बनने के सभी गुण मौजूद हैं।



कर्स्टन ने कहा कि मुझे लगता है कि शुभमन एक बेहतरीन कप्तान साबित होंगे।

### कोहली, रोहित या अश्विन के नहीं होने से भारत की चुनौती आसान होगी : स्टोक्स

लीड्स, इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने वीरवार को कहा कि उन्हें नहीं लगता कि विराट कोहली, रोहित शर्मा और आर अश्विन की गैर मौजूदगी से भारतीय टीम कमजोर नहीं हुई है क्योंकि उसके पास इस कमी को पूरा करने के लिये प्रतिभा का भंडार है।

बदलाव के दौर से गुजर रही भारतीय टीम शुक्रवार को यहां शुरू हो रहे पहले टैस्ट के साथ ही इंग्लैंड के खिलाफ 5 टैस्ट मैचों की शृंखला का आगाज करेगी।



कोहली, रोहित और अश्विन के संन्यास के बाद यह शुभमन गिल की कप्तानी में भारतीय टीम का पहला मुकाबला होगा।

स्टोक्स ने पहले टैस्ट की पूर्व संध्या पर प्रैस कांफ्रेंस में कहा कि काफी कुछ कहा जा रहा है कि विराट नहीं है, रोहित नहीं है और अश्विन नहीं है लेकिन इसके यह मायने नहीं है कि भारत के खिलाफ यह पहले से आसान मुकाबला होगा।

भारतीय क्रिकेट के पास प्रतिभा का भंडार है। विराट, रोहित और अश्विन ने देश के लिए शानदार प्रदर्शन किया है लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि उनकी जगह लेने वाले खिलाड़ियों के सामने बल्लेबाजी या गेंदबाजी करना आसान होगा।

### चोटिल मैथ्यूज की होगी सर्जरी



एंटीगुआ, 19 जून (वार्ता) वैस्टइंडीज महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हैले मैथ्यूज कंधे की चोट की सर्जरी करवाने के लिए कुछ समय के लिए मैदान से बाहर रहेंगी। मैथ्यूज को इंगलैंड दौरे के पहले एकदिवसीय मैच के दौरान कंधे में चोट लगी थी, जिसके कारण वह सीरीज के बाकी मैच नहीं खेल पाई थीं। कैरिबियाई 27 वर्षीय मैथ्यूज दक्षिण अफ्रीका के साथ घरेलू एकदिवसीय सीरीज के लिए वापस लौटीं। हालांकि वह आगामी महिला एकदिवसीय विश्वकप में वैस्टइंडीज की टीम हिस्सा नहीं होंगी। मैथ्यूज सर्जरी कराकर 2026 तक पूरी तरह से फिट होना चाहती हैं।

### सैमसोनोवा ने 2 मैच प्वाइंट बचाकर पेगुला को हराया

बर्लिन, 19 जून (ए.पी.) लियुडमिला सैमसोनोवा ने 2 मैच प्वाइंट बचाकर बुधवार को यहां तीसरी रैंकिंग की जेसिका पेगुला को 6-7 (8), 7-5, 7-6 (5) से हराकर बर्लिन ओपन टैनिस टूर्नामैंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

विश्व में 20वीं रैंकिंग की खिलाड़ी सैमसोनोवा ने इस ग्रास कोर्ट टूर्नामैंट में 3 घंटे 21 मिनट तक चले मैच में गत विजेता के खिलाफ 18 ऐस लगाए। इससे पहले मंगलवार को नाओमी ओसाका को 3 सैटों में हराने वाली सैमसोनोवा ने पेगुला के खिलाफ निर्णायक सैट में 5-4 के स्कोर पर अपनी सर्विस पर 2 मैच प्वाइंट बचाए।

शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका का क्वालीफायर रेबेका मासरोवा के खिलाफ मैच बीच में स्थगित कर दिया गया क्योंकि कोर्ट फिसलन भरा हो गया था। सबालेंका ने पहला सैट 6-2 से जीता था जिसके बाद खेल रोक दिया गया।

इससे पहले ओन्स जाबेउर ने दूसरे दौर में चौथी वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी को 6-1, 6-3 से हराया था। पाओलिनी पिछले साल विंबलडन में उपविजेता रही थीं। जाबेउर 2022 और 2023 में विंबलडन फाइनलिस्ट हैं।

### भारतीय जूनियर तीरंदाज एशिया कप की 5 स्पर्धाओं के फाइनल में

सिंगापुर, 19 जून (प.स.) भारतीय जूनियर तीरंदाजों ने अपना दबदबा कायम रखते हुए वीरवार को यहां एशिया कप के दूसरे चरण में 5 स्पर्धाओं के फाइनल में प्रवेश किया। दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय पुरुष रिकर्व टीम ने एकतरफा सैमीफाइनल में 5वीं वरीयता प्राप्त बंगलादेश को 5-1 से हराकर फाइनल में जगह बनाई, जहां उसका सामना तीसरी वरीयता प्राप्त जापान से होगा।



विष्णु चौधरी।

विष्णु चौधरी, पारस हुड्डा और जुएल सरकार की तिकड़ी ने शुरू से ही दबदबा बनाते हुए पहला सैट 55-48 से जीता। दूसरा सैट 55-55 से बराबर रहा, लेकिन भारतीय टीम ने अच्छी वापसी की और तीसरे सैट में सिर्फ एक अंक गंवाकर 59-56 से सैट और मैच अपने नाम कर दिया। रिकर्व मिश्रित टीम स्पर्धा में वैष्णवी पवार और विष्णु चौधरी ने सिंगापुर की तवीषा एर्न लिन येओ और यु लोंग लो को 5-3 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

भारतीय जोड़ी ने पहला सैट 37-35 से जीता और दूसरा सैट 37-37 से बराबर किया लेकिन तीसरा सैट 36-38 से हार गई जिससे स्कोर 3-3 से बराबर हो गया। पवार और चौधरी ने धैर्य बनाए रखा और अंतिम सैट में 38-34 से जीत दर्ज करके मैच अपने नाम कर लिया।

भारत ने कम्पाउंड पुरुष टीम स्पर्धा के फाइनल में पहुंचने से एक और पदक पक्का किया। कुशल दलाल, गणेश थिरुमुरु और मिहिर अपार की शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय टीम ने सैमीफाइनल में 5वीं वरीयता प्राप्त ऑस्ट्रेलिया को हराया। इसका फैसला शूट-ऑफ (30-29) से हुआ। दोनों टीमें 4 सैटों के बाद 232 अंकों पर बराबर थीं।

### पहला टैस्ट-तीसरा दिन : बंगलादेश के 495 रन के जवाब में श्रीलंका के 4 विकेट पर 368 रन

## पथुम निसांका दोहरे शतक से चूके



187 रनों की शतकीय पारी खेली पथुम निसांका ने श्रीलंका के लिए।

श्रीलंका, 19 जून (वार्ता) पथुम निसांका (187) की शतकीय और दिनेश चांदीमल (53) की अर्धशतकीय पारियों के दम पर श्रीलंका ने पहले टैस्ट मैच के तीसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय 4 विकेट पर 368 रन का स्कोर खड़ा कर बंगलादेश को करारा जवाब दिया।

आज यहां सुबह के सत्र में बंगलादेश को 495 रन के स्कोर पर समेटने के बाद बल्लेबाजी करने उतरी पथुम निसांका और लहिरू उदारा की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 47 रन जोड़े।

22वें ओवर में लहिरू उदारा (29) तैजुल इस्लाम ने अपनी ही गेंद पर कैच आउट कर बंगलादेश को पहली सफलता दिलाई। इसे बाद बल्लेबाजी करने आये दिनेश चांदीमल ने पथुम निसांका के साथ दूसरे विकेट लिए 157 रन जोड़े। 51वें ओवर में नईम हसन ने दिनेश चांदीमल (54) को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया।

एंजलो मैथ्यूज (39) तीसरे विकेट के रूप में आउट हुए। हसन महमूद ने दोहरे शतक की ओर बढ़ रहे पथुम निसांका को बोल्ड कर बंगलादेश को बड़ी सफलता दिलाई। पथुम निसांका ने अपनी 187 रनों की पारी में 256 गेंदों का सामना किया। उन्होंने अपनी पारी में 23 चौके और एक छक्का लगाया।

यह दिन का खेल समाप्त होने के समय श्रीलंका के लिए बड़ा झटका रहा। दिन का खेल समाप्त होने के समय श्रीलंका ने 93वें ओवर में 4 विकेट पर 368 रन बना लिए हैं। वह अभी भी बंगलादेश के पहली पारी में बनाए गये स्कोर से 127 रन पीछे है।

कामिंडु मेंडिस (नाबाद 37) और कप्तान धनंजय डीसिल्वा (नाबाद 17) क्रीज पर मौजूद है। बंगलादेश की ओर से तैजुल इस्लाम, नईम हसन, हसन महमूद और मोमिनुल हक ने 1-1 बल्लेबाज को आउट किया।

### जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लेंगे 640 मुक्केबाज

नई दिल्ली, 19 जून (प.स.) देशभर से 640 मुक्केबाज वीरवार से रोहतक में शुरू हो रही छठी जूनियर (अंडर-17) लड़के और लड़कियों की राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में भाग लेंगे। जूनियर लड़के और लड़कियों की प्रतियोगिताओं में 44-46 किलोग्राम से लेकर 80 किलोग्राम से अधिक तक कुल 13 वजन वर्ग होंगे।



सेना खेल नियंत्रण बोर्ड लड़कों के वर्ग में, जबकि हरियाणा लड़कियों के वर्ग में गत विजेता के रूप में उतरेगा।

भारतीय मुक्केबाजी महासंघ की अंतरिम समिति के अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा कि जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप युवा मुक्केबाजों के लिए राष्ट्रीय चयनकर्ताओं और कोचों के सामने अपने कौशल का प्रदर्शन करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है।

यह महासंघ को भविष्य की प्रतिभा की पहचान करने और उनको तैयार करने में मदद करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।


### एलीने, जोसेफ पर आचार संहिता उल्लंघन पर लगा जुर्माना

दुबई, 19 जून (वार्ता) वैस्टइंडीज की महिला क्रिकेटर आलियाह एलीने और कियाना जोसेफ पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय मैच में अंपायर के फैसले से असहमति जताने पर जुर्माना लगाया गया है। मैच के दौरान दोनों खिलाड़ियों को आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.8 का उल्लंघन का दोषी पाया गया है। यह ''अंतर्राष्ट्रीय मैच के दौरान अंपायर के फैसले पर असहमति जताने' से संबंधित है।

इसके लिए एलीने पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया और उनके अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया। उन्होंने मैदानी अंपायर द्वारा आउट दिए जाने पर मैदान से बाहर जाने में देरी की।

### पुरुष जूनियर विश्व कप की मेजबानी के लिए हॉकी इंडिया और तमिलनाडु सरकार के बीच समझौता

चेन्नई, 19 जून (प.स.) हॉकी इंडिया ने इस साल 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक चेन्नई और मदुरै में एफआईएच पुरुष जूनियर विश्व कप की सह मेजबानी के लिए वीरवार को तमिलनाडु सरकार के साथ एक समझौते पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।



टूर्नामैंट की घोषणा कार्यक्रम के दौरान यहां आधिकारिक 'लोगो' का भी अनावरण किया गया। इस चरण में पहली बार दुनिया भर से 24 टीमें भाग लेंगी जिससे यह अब तक का सबसे प्रतिस्पर्धी चरण होगा। तमिलनाडु के उप मुख्यमंत्री थिरु उदयनिधि स्टालिन ने कहा कि यह केवल हमारे राज्य के लिए ही नहीं बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का पल है।

इस तरह के प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामैंट की मेजबानी करना सभी स्तरों पर खेल का समर्थन करने और खेल का विकास करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा कि एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप तमिलनाडु 2025 अंतर्राष्ट्रीय हॉकी कैलेंडर में एक महत्वपूर्ण टूर्नामैंट है जिससे भविष्य के स्टार निकलते हैं। हम इस चरण के लिए तमिलनाडु सरकार के साथ साझेदारी करके बेहद खुश हैं।

### पैरिस डायमंड लीग: चोपड़ा की नजरें सत्र के पहले बड़े खिताब पर

पैरिस, 19 जून (प.स.) 90 मीटर की बाधा पार कर चुके 2 बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा की नजरें सत्र के पहले बड़े खिताब पर होंगी जब वह शुक्रवार को यहां सितारों से भरी पैरिस डायमंड लीग में भारत की चुनौती पेश करेंगे।



डायमंड लीग के दूसरे चरण में भालाफेंक स्पर्धा में चोपड़ा के साथ जर्मनी के जूलियन वेबर, 2 बार के विश्व चैंपियन ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स भी 8 दावेदारों में होंगे। इनमें से 5 खिलाड़ी 90 मीटर का आंकड़ा छू चुके हैं।

वेबर ने 16 मई को दोहा डायमंड लीग में चोपड़ा को हराया था जिसमें चोपड़ा ने 90 मीटर से ऊपर का थ्रो फैंका था। वेबर ने आखिरी थ्रो 91.06 मीटर का फैंककर पहला स्थान हासिल किया। चोपड़ा 90.23 मीटर के थ्रो के साथ दूसरे स्थान पर रहे। 31 वर्ष के वेबर ने 23 मई को पोलैंड में जानुज कुसोसिंकी मेमोरियल स्पर्धा में भी चोपड़ा को हराया था।

### फुटबॉल क्लब कप : अल हिलाल ने रीयाल मैड्रिड को बराबरी पर रोका

अमरीका, 19 जून (ए.पी.) स्टार फारवर्ड किलियन एमबाप्पे बीमार होने के कारण नहीं खेल पाए जिससे रियाल मैड्रिड क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामैंट में अपेक्षित शुरुआत नहीं कर पाया और उसे सऊदी अरब के क्लब अल हिलाल के खिलाफ अपना पहला मैच 1-1 से ड्रॉ खेलना पड़ा।



रीयाल मैड्रिड के कोच जाबी अलोंसो ने हार्ड रॉक स्टेडियम में अल हिलाल के खिलाफ मैच से पहले कहा कि एमबाप्पे को बुखार है। वह अच्छा महसूस नहीं कर रहा है। उम्मीद है कि वह अगले मैच में वापसी करेगा।

रियाल मैड्रिड के पास मैच के आखिरी समय में जीत हासिल करने का सुनहरा मौका था जब उसे वीडियो समीक्षा प्रणाली के जरिए इंजरी टाइम में पैनल्टी किक मिली थी लेकिन फेडरिको वाल्वरडे उसे गोल में नहीं बदल पाए।

इस तरह से 15 बार के यूरोपीय चैंपियन के कोच के रूप में अपने पहले मैच में अलोंसो जीत से शुरुआत नहीं कर पाए। इससे पहले गोंजालो गार्सिया ने 34वें मिनट में रियाल मैड्रिड के लिए गोल किया। इसके 7 मिनट बाद रूबेन नेवेस ने पैनल्टी किक पर अल हिलाल के लिए बराबरी का गोल किया।

प्रतियोगिता के वाशिंगटन में खेले गए एक अन्य मैच में रैंडल कोलो मुआनी और फ्रांसिस्को कोन्सीसाओ के 2-2 गोल की मदद से युवेंटस ने अल ऐन को 5-0 से हराया।

इटली के क्लब युवेंटस के लिए कोलो मुआनी ने 11वें मिनट में पहला गोल किया। इसके 10 मिनट बाद कोन्सीसाओ ने पैनल्टी बॉक्स के अंदर गेंद को ड्रिबल किया और स्कोर 2-0 कर दिया।


### दिव्या ने ब्लिट्ज टीम चैंपियनशिप के सैमीफाइनल में यिफान को हराया

लंदन, 19 जून (निकलेश जैन) : भारतीय शतरंज खिलाड़ी दिव्या देशमुख ने फिडे विश्व रैपिड और ब्लिट्ज टीम चैंपियनशिप 2025 के सेमीफाइनल में दुनिया की नंबर वन होउ यिफान को हरा कर शतरंज जगत में सबको चौंका दिया है। नागपुर निवासी 19 वर्षीय प्रतिभाशाली खिलाड़ी दिव्या ने दृढ़ इच्छाशक्ति और अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए अंतिम गेम में 74 चालों में जीत दर्ज की।

डब्ल्यूआर शतरंज टीम का प्रतिनिधित्व करने वाली यिफान ने राउंड-रॉबिन सेमीफाइनल मुकाबले के पहले चरण में दिव्या को हराया था, लेकिन दिव्या ने दूसरे चरण में जोरदार वापसी की। सफेद मोहरों से खेलते हुए उन्होंने शुरुआती लाभ का फायदा उठाया।

### सितंबर में संन्यास लूंगी : पेत्रा

लंदन, 19 जून (ए.पी.) 2 बार की विंबलडन चैंपियन पेत्रा क्वितोवा ने सोशल मीडिया पर घोषणा की कि उनकी योजना कुछ महीनों के अंदर संन्यास लेने की है।



चैक गणराज्य की इस खिलाड़ी को 30 जून से शुरू होने वाले विंबलडन के लिए बुधवार को वाइल्ड कार्ड दिया गया था। क्वितोवा ने कहा कि मैं एक बार फिर विम्बलडन चैंपियनशिप खेलने के लिए रोमांचित हूं जहां मेरे करियर की खुशगवार यादें हैं।

### साई ने टैनिस खिलाड़ियों से राष्ट्रीय टीम में खेलने को प्राथमिकता देने को कहा

नई दिल्ली, 19 जून (प.स.) भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के नए आदेश के अनुसार विभिन्न योजनाओं के जरिए वित्तीय मदद हासिल करने वाले देश के टैनिस खिलाड़ियों को राष्ट्रीय टीम में खेलने को प्राथमिकता देनी चाहिए और बिना किसी 'वैध स्पष्टीकरण' के खेलने से इनकार करने पर उनसे धनराशि वसूल की जाएगी।

खिलाड़ियों को प्राप्त धनराशि के लिए जवाबदेह बनाते हुए साई ने अपने आदेश में 'टारगेट एशियन गेम्स ग्रुप' (टीएजीजी) के अंतर्गत मदद के लिए चुने गए खिलाड़ियों को लिखित में देने को कहा है जिसमें वह स्वीकार करें कि वित्तीय सहायता प्राप्त करना देश के खेल उत्कृष्टता में योगदान देने की जिम्मेदारी है।

एक सूत्र के अनुसार यह मामला तब चर्चा में आया जब टीएजीजी में शामिल करने के लिए खिलाड़ियों के नामों पर चर्चा की गई। साई ने अपने आदेश में टॉप्स, एन.एस.एफ. और टीएजीजी योजनाओं के अंतर्गत मदद हासिल करने वाले खिलाड़ियों से बिली जीन किंग कप, डेविस कप, एशियाई खेल और ओलंपिक जैसे प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामैंट में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए उनकी उपलब्धता और इच्छा की पुष्टि करने को कहा है।

# mUMbai 00ds

## 12 साल पूरे होने पर फिल्म 'रांझणा' की स्पैशल स्क्रीनिंग में कृति, कनिका और धनुष हुए स्पॉट

## राम कपूर और मोना सिंह ने 'मिस्त्री' की प्रोमोशन की, 27 को होगी रिलीज



मोना सिंह



राम कपूर

अभिनेत्री मोना सिंह और अभिनेता राम कपूर अपनी वैब सीरीज 'मिस्त्री' की प्रोमोशन करते हुए नजर आए। यह वैब सीरीज जियो हॉटस्टार पर 27 जून को रिलीज होगी। वैब सीरीज में राम कपूर और मोना सिंह के अलावा शिखा तलसानिया और क्षितीश दाते भी हैं। यह टीम मिलकर एक अनोखी दुनिया रचती है, जहां हर केस पिछले से ज्यादा पेचीदा होता है और हर मोड़ पर कहानी नई करवट लेती है। वैब सीरीज 'मिस्त्री' असल में पॉपुलर अमेरिकी सीरीज 'मॉन्क' का इंडियन वर्जन है। गत दिन वैब सीरीज का ट्रेलर लॉन्च हुआ, जिसे काफी पसंद किया जा रहा है।



कनिका ढिल्लों



धनुष



कृति सैनन

**मुम्बई** में फिल्म 'रांझणा' की स्पैशल स्क्रीनिंग रखी गई। आनंद एल. राय के निर्देशन में बनी फिल्म 'रांझणा' को 12 साल हो गए हैं। स्पैशल स्क्रीनिंग में अभिनेत्री कृति सेनन और तमिल स्टार धनुष के अलावा अभिनेत्री कनिका ढिल्लों भी नजर आईं। इवैंट में निर्देशक आनंद एल. राय भी स्पॉट हुए। कृति सेनन जल्द धनुष के साथ फिल्म 'तेरे इश्क' में नजर आएंगी। यह फिल्म रांझणा की ही अगली कड़ी है। फिल्म 28 नवम्बर को दुनियाभर में हिंदी और तमिल में रिलीज होने वाली है। (वीरेंद्र चावला)

## लॉन्च इवैंट में दिखीं सई, राशा, आकांक्षा और नताशा



सई मांजरेकर राशा थडानी आकांक्षा शर्मा जूही गोदांबे

**मुम्बई** में लग्जरी ब्रांड के लॉन्च इवैंट में निर्माता-निर्देशक करण जौहर से लेकर बॉलीवुड इंडस्ट्री के कई सितारे पहुंचे। अभिनेत्री सई मांजरेकर, राशा थडानी, आकांक्षा शर्मा, नताशा स्तांकोविक और फैशन इंफ्लुएंसर व एंटरप्रेन्योर जूही गोदांबे स्पॉट हुईं। अभिनेत्री सई मांजरेकर तेलुगु भाषा की एक्शन ड्रामा फिल्म 'अर्जुन सन ऑफ वैजयंती' में नजर आई थीं। प्रदीप चिलुकुरी द्वारा निर्देशित और एन.टी.आर. आर्ट्स और अशोका क्रिएशन्स द्वारा निर्मित फिल्म में सई मांजरेकर, सोहेल खान, बबलू पृथ्वीराज, श्रीकांत और आर. सरथकुमार के साथ नंदामुरी कल्याण राम और विजयशांति हैं। यह 1990 की फिल्म कर्तव्यम का आध्यात्मिक सीक्वल है।



***अंकिता लोखंडे*** *ने लेटैस्ट ग्लैमरस फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टा पर पोस्ट की हैं। इसमें वह शॉर्ट ड्रैस में बीच के किनारे रेत पर सैक्सी पोज दे रही हैं। डीप नैक ड्रैस में क्लीवेज और टोन्ड लैग्स को वह फ्लॉन्ट कर रही हैं। कैप्शन में लिखा है, "आज रात इस हॉटनैस के लिए तैयार नहीं थी, यह आग की तरह है।"*



***अहाना कुमरा*** *सोशल मीडिया पर बोल्ड फोटो फैंस के लिए पोस्ट करती हैं। उन्होंने लेटैस्ट पोस्ट में फॉर्मल लुक की तस्वीरें शेयर की हैं। इसमें कोट के नीचे शॉर्ट पैंट पहनी है और अपनी टोन्ड लैग्स को फ्लॉन्ट कर रही हैं। पिंक लिपस्टिक और बन हेयर स्टाइल से उन्होंने हॉट लुक को कंप्लीट किया।*

## बांद्रा में करिश्मा-अनुषा, सोहा, मौनी एयरपोर्ट पर आईं नजर



करिश्मा तन्ना अनुषा दांडेकर मौनी रॉय सोहा अली खान

*बांद्रा में रेस्तरां के बाहर अभिनेत्री करिश्मा तन्ना और अनुषा दांडेकर स्पॉट हुईं। अभिनेत्री सोहा अली खान को भी बांद्रा में जिम के बाहर देखा गया। वहीं, अभिनेत्री मौनी रॉय एयरपोर्ट पर नजर आईं।*



नताशा स्तांकोविक

## साधु की मौज



*गुवाहाटी में पारम्परिक वाद्य यंत्र बजाता साधु।*

## हैप्पी बर्थ-डे



*बेंगलुरु में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के जन्मदिन पर समर्थकों द्वारा 30,000 नोटबुक्स व अन्य सामग्रियों से बनाई गई उनकी तस्वीर।*

## हंसगुल्ले



**पप्पू** (बॉस से), "सर, छुट्टी चाहिए, मेरे पिता जी गुजर गए हैं।"

बॉस, "ठीक है जाओ।" कुछ दिन बाद पप्पू (बॉस से), "सर, छुट्टी चाहिए, मेरी मम्मी गुजर गई हैं।" बॉस, "ठीक है जाओ।"

कुछ दिनों के बाद पप्पू बॉस से फिर बोला, "सर, फिर से छुट्टी चाहिए, मेरे पिता जी गुजर गए।"

बॉस (हैरान होकर), "यार, तुम 6 महीने में 4 बार छुट्टी ले चुके हो, कितने मां-बाप हैं तुम्हारे?"

पप्पू बोला, "क्या बताऊं सर, जब मेरे पिता जी मरते हैं तो मां दूसरी शादी कर लेती है और जब मां मरती है तो पिता दूसरी शादी कर लेता है।"



**लड़के** वाले (लड़की वालों से), "क्या कोर्स किया हुआ है आपकी लड़की ने?"

लड़की वाले, "जी, हमारी लड़की 'प्रोग्रामर है', प्रोग्राम बनाती है।"

लड़के वाले (खुश होकर), "अच्छा, कैसा प्रोग्राम?"

लड़की वाले, "जी, शापिंग का, मूवी का, मॉल जाने का।"

## जीवन का पाठ

### ज्ञानामृत

संत तुकाराम अपने आश्रम में बैठे हुए थे। तभी उनका एक शिष्य जो स्वभाव से थोड़ा क्रोधी था, उनके समक्ष आया और बोला, गुरुजी, आप कैसे अपना व्यवहार इतना मधुर बनाए रहते हैं। न आप किसी पर क्रोध करते हैं और न ही किसी को कुछ भला-बुरा कहते हैं? कृपया अपने इस अच्छे व्यवहार का रहस्य बताइए?

संत बोले-मुझे अपने रहस्य के बारे में तो नहीं पता, पर मैं तुम्हारा रहस्य जानता हूं। शिष्य ने आश्चर्य से पूछा, "मेरा रहस्य! वह क्या है गुरु जी?" संत तुकाराम दुखी होते हुए बोले, "तुम अगले सप्ताह मरने वाले हो।"

शिष्य उदास हो गया और गुरु का आशीर्वाद लेकर वहां से चला गया। उस समय से शिष्य का स्वभाव बिल्कुल बदल-सा गया। वह हर किसी से प्रेम से मिलता और कभी किसी पर क्रोध न करता, अपना ज्यादातर समय ध्यान और पूजा में लगाता। देखते-देखते संत की भविष्यवाणी को एक सप्ताह पूरा होने को आया।

शिष्य ने सोचा चलो आखिरी बार गुरु के दर्शन कर आशीर्वाद ले लेते हैं। वह उनके समक्ष पहुंचा और बोला, "गुरु जी, मेरा समय पूरा होने वाला है, कृपया मुझे आशीर्वाद दीजिए।"

संत तुकाराम ने प्रश्न किया, "अच्छा यह बताओ कि पिछले 7 दिन कैसे बीते? क्या तुम पहले की तरह ही लोगों से नाराज हुए?"

शिष्य बोला, "बिल्कुल नहीं। मेरे पास जीने के लिए सिर्फ 7 दिन थे, मैं इसे बेकार की बातों में कैसे गंवा सकता था? मैं तो सबसे प्रेम से मिला और जिन लोगों का कभी दिल दुखाया था उनसे क्षमा भी मांगी।"

संत तुकाराम मुस्कुराए और बोले, "बस यही तो मेरे अच्छे व्यवहार का रहस्य है। मैं जानता हूं कि मैं कभी भी मर सकता हूं इसलिए मैं हर किसी से प्रेमपूर्ण व्यवहार करता हूं।" शिष्य समझ गया कि संत तुकाराम ने उसे जीवन का यह पाठ पढ़ाने के लिए मृत्यु का भय दिखाया था।

## जोड़ी कमाल की



*लंदन में फर्श पर लेटी पत्नी के पैरों पर बैठे ब्रिटिश गायक पीटर आंद्रे।*

**एक्स ट्रैंड्स** सूर्या45, राहुल गांधी, साना, लारा, हॉस्पिटल, ईरानvsइसराईल, व्हाइट हाऊस आदि ट्रैंड्स चले।







पहला कार्टून इसराईल-ईरान और यूक्रेन-रूस के बीच चल रहे युद्ध को लेकर तैयार किया गया है। दूसरा कार्टून एन.सी.ई.आर.टी. की नई किताब में गरीबी का संदर्भ हटाने से संबंधित है।

**सत्य बोलने के लिए तैयारी नहीं करनी पड़ती, सच हमेशा दिल से निकलता है।**

## योग दिवस की तैयारी



*अमृतसर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पहले रिहर्सल करते युवक-युवतियां।*

## दिलकश



*न्यूयार्क में दिलकश अंदाज में पोज देती अमरीकी अभिनेत्री साइरस।*

## आस्था



*कामरूप में 'बैखो उत्सव' के दौरान अंगारों के ऊपर से गुजरते पुजारी।*

## लचीला बदन



*दक्षिण कोरिया में शो के दौरान करतब दिखाती सर्कस की कलाकार।*

# भारत-पाक के दो नेताओं ने सैन्य संघर्ष रोकने का लिया था निर्णय : ट्रम्प

## पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर की दोपहर के भोजन पर मेजबानी करने के बाद की टिप्पणी

■ कुछ हफ्तों में पहली बार दोनों देशों में संघर्ष रोकने का श्रेय खुद नहीं लिया

न्यूयॉर्क/इस्लामाबाद, 19 जून (एजेंसी): अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के दो बहुत समझदार नेताओं ने एक ऐसे युद्ध को रोकने का निर्णय लिया। जो परमाणु युद्ध में बदल सकता था। पिछले कुछ हफ्तों में यह पहली बार है जब ट्रम्प ने दोनों पड़ोसी देशों के बीच संघर्ष रोकने का श्रेय खुद नहीं लिया है। ट्रम्प ने बुधवार को व्हाइट हाउस में पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर की दोपहर के भोजन पर मेजबानी करने के बाद ओवल कार्यालय में मीडिया से बातचीत में ये टिप्पणियां कीं।




ट्रम्प द्वारा बुधवार को की गई यह टिप्पणी उनके उन दावों से अलग नजर आती है, जिसमें अमरीकी राष्ट्रपति ने कई बार भारत-पाकिस्तान युद्धविराम समझौते में मध्यस्थता करने का दावा किया था। अमरीकी राष्ट्रपति ने कहा कि वह मुनीर से मुलाकात कर सम्मानित महसूस कर रहे हैं। ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने ईरान-इजराइल संघर्ष से उत्पन्न स्थिति पर पाकिस्तानी सेना के प्रमुख के साथ चर्चा की। ऐसी अटकलें हैं कि वाशिंगटन तेहरान पर हमला करने की स्थिति में पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों का इस्तेमाल करने पर विचार कर रहा है।

अमरीकी राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भी जमकर प्रशंसा की तथा मंगलवार रात को भारतीय नेता के साथ टेलीफोन पर हुई बातचीत का भी जिक्र किया। इस बीच, पाकिस्तान की सेना ने एक बयान में कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प ने दीर्घकालिक रणनीतिक अभिसरण और साझा हितों के आधार पर पाकिस्तान के साथ 'पारस्परिक रूप से लाभकारी' व्यापार साझेदारी बनाने में गहरी रुचि व्यक्त की है।

### ट्रम्प के साथ मुनीर का भोज कूटनीति के लिए झटका : कांग्रेस



नई दिल्ली : कांग्रेस ने वीरवार को दावा किया कि अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर को दोपहर के भोज पर बुलाया जाना और तारीफ किया जाना भारतीय कूटनीति के लिए बड़ा झटका है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'फील्ड मार्शल आसिम मुनीर न तो किसी देश का राष्ट्राध्यक्ष है, न ही किसी सरकार का प्रमुख। वह पाकिस्तान का सेना प्रमुख है। इसके बावजूद उसे राष्ट्रपति ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में लंच पर आमंत्रित किया और उसकी जमकर तारीफ की।' उन्होंने कहा, 'आसिम मुनीर वही व्यक्ति है, जिसके भड़काऊ और आपत्तिजनक बयानों की पृष्ठभूमि में 22 अप्रैल को पहलगाम में बर्बर आतंकी हमला हुआ और इसे उसी सैन्य तंत्र ने अंजाम दिया, जिसका प्रमुख वह स्वयं है।' रमेश ने कहा कि यह भारतीय कूटनीति (झप्पी कूटनीति के लिए भी) के लिए एक बड़ा झटका है।

इस्लामाबाद में पाकिस्तानी सेना ने वीरवार को कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प के साथ विदेश मंत्री सीनेटर मार्को रुबियो और पश्चिम एशिया मामलों के लिए अमरीका के विशेष प्रतिनिधि स्टीव विटकॉफ भी थे। सेना ने एक बयान में बताया कि मुनीर के साथ पाकिस्तान के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार लेफ्टिनेंट जनरल आसिम मलिक भी थे जो खुफिया एजेंसी आईएसआई के प्रमुख भी हैं। बैठक पहले एक घंटे के लिए तय हुई थी लेकिन यह दो घंटे से अधिक समय तक चली। इसमें कहा गया है कि दोनों के बीच चर्चा में व्यापार, आर्थिक विकास, खान और खनिज, कृत्रिम मेधा (एआई), ऊर्जा, क्रिप्टोकरेंसी और उभरती प्रौद्योगिकियों सहित कई क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग का विस्तार करने के अवसरों पर चर्चा हुई। मुनीर ने ट्रम्प को पारस्परिक रूप से सुविधाजनक तारीख पर पाकिस्तान आने का निमंत्रण भी दिया।

## पंजाब केसरी INTERVIEW मूवी डिटेक्टिव शेरदिल

# नैगेटिव किरदार निभाना एक अलग माइंडसैट में जाने जैसा अनुभव है : बोमन ईरानी

फिल्मों में सस्पेंस-थ्रिल और डिटेक्टिव जॉनर दर्शकों की पहली पसंद बनता जा रहा है। जी5 ऐसी ही एक फिल्म 'डिटेक्टिव शेरदिल' लेकर आ रहा है। यह एक रोमांचक मिस्ट्री फिल्म है, जिसमें दिलजीत दोसांझ मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म में वह एक बेहद दिलचस्प और अलग किस्म के जासूस की भूमिका में नजर आते हैं। रवि छाबड़िया द्वारा निर्देशित इस फिल्म में दिलजीत के साथ बोमन ईरानी, रत्ना पाठक शाह, चंकी पांडे, बनिता संधू और सुमित व्यास अहम भूमिकाओं में हैं। डिटेक्टिव शेरदिल 20 जून को जी 5 पर स्ट्रीम की जाएगी। बनिता संधू और बोमन ईरानी ने पंजाब केसरी/ नवोदय टाइम्स/ जगबाणी/हिंद समाचार से खास बातचीत की और दिलचस्प बातें शेयर कीं...



बोमन ईरानी

**Q आपने निगेटिव रोल भी किए हैं। ऐसे किरदार निभाने का अनुभव कैसा रहा ?**

-मैं खुद को लकी मानता हूं कि मुझे जिंदगी के उस हिस्से को एक्सप्लोर करने का मौका मिलता है, जहां इंसान का एक डार्क और कॉम्प्लैक्स रूप सामने आता है। एक एक्टर के तौर पर हमें हर किरदार के लिए अपना पूरा अप्रोच बदलना पड़ता है। चाहे वो पॉजीटिव हो या निगेटिव। ऐसा किरदार निभाना एक अलग ही माइंडसैट में जाने जैसा होता है। निगेटिव रोल चैलेंजिंग होते हैं, लेकिन वो मुझे एक एक्टर के तौर पर ग्रो करते हैं और सच कहूं तो मुझे वह करने में मजा आता है।

**Q क्या डिटेक्टिव जॉनर में आपकी दिलचस्पी रही है? एक दर्शक के तौर पर इस तरह की फिल्मों से क्या उम्मीद करते हैं ?**

-जी हां, मुझे डिटेक्टिव और 'हू-डन-इट' जॉनर बहुत पसंद है। ये मेरे फेवरेट जॉनर में से एक है। एक दर्शक के तौर पर भी, मैं उन्हीं फिल्मों की तरफ आकर्षित होता हूं जहां सस्पेंस हो, ट्विस्ट हो और जहां मैं खुद भी केस सुलझाने की कोशिश करूं। ऐसी फिल्मों की खास बात ये होती है कि जब आप सोचते हो कि मुझे पता है किसने किया और फिर भी कहानी आपको चौंका देती है, वही इस जॉनर का असली मजा है। लेखक के पास हमेशा एक एडवांटेज होता है, क्योंकि वो जानता है कि कहानी कहां जा रही है। लेकिन दर्शक उस सफर का हिस्सा होते हैं, वो लाइव उस सस्पेंस को महसूस करते हैं और वही अनुभव उन्हें बांधे रखता है। इसीलिए ऐसी कहानियां हमेशा लोगों को आकर्षित करती हैं।

**Q आपने इस फिल्म को कैसे चुना ? इस प्रोजैक्ट के लिए हां क्यों कहा ?**

-डायरैक्टर ने मुझे एक मैसेज भेजा और मैं उन्हें पहले से जानता नहीं था लेकिन उनका मैसेज बहुत ही शालीन, ईमानदार और अच्छे शब्दों में लिखा गया था। मुझे वैसे भी ऐसे मैसेज जल्दी आकर्षित करते हैं जो अच्छे शब्दों में पिरोए गए हों और जिनमें भाव हो। फिर एक जूम मीटिंग हुई और उन्होंने मुझे फिल्म के बारे में बताया और मुझे उनका एटीट्यूड बहुत पसंद आया, वो सच्चे और साफ इंसान लगे। मुझे एक्टर के तौर पर सबसे पहले उस डायरैक्टर से जुड़ाव महसूस होना चाहिए क्योंकि उसी के साथ मुझे सबसे क्लोजली काम करना है और मुझे वो कनैक्शन मिला। दूसरी बात ये कि मैंने उनसे पहले भी बात की, मुझे ये जॉनर बहुत पसंद है और तीसरी बात ये सबसे जरूरी बात थी उनसे कहा कि मैं स्क्रिप्ट आपके साथ बैठकर पढ़ना चाहता हूं। जूम कॉल पर हो हम स्क्रिप्ट पढ़ें स्क्रॉल कर-कर के पढ़ने लगे और वैसे, मैं स्क्रिप्ट पढ़ते वक्त थोड़ा इरिटेटिंग हो सकता हूं। लेकिन डायरैक्टर के पास हर सवाल का जवाब था और ये मेरे लिए बहुत बड़ी बात थी।

**Q इस प्रोजैक्ट में बतौर कास्ट मैंबर आपका अनुभव कैसा रहा ? खासकर जब कहानी का अंत आपको पता हो ?**

-जब स्क्रिप्ट इतनी मजबूत हो और आप जान चुके हों कि मर्डर किसने किया है या जो भी ट्विस्ट है फिर भी आप उसे बाहर जाहिर नहीं कर सकते। ऐसी फिल्में सिर्फ इस बात पर टिकी नहीं होतीं कि कातिल कौन है। असल में फिल्म का असली जोर उस इंसानी अनुभव पर होता है जैसे लालच, ईगो, गुस्सा, धोखा, दोस्ती, वफादारी ये सभी इमोशन्स कहानी को गहराई देते हैं और वही वो चीजें हैं जिनसे आप दर्शकों को जोड़ते हो। चलो केस सॉल्व करते हैं ये बस एक जरिया है, एक बहाना है इंसानों की जटिलताओं को दिखाने का। अगर सिर्फ केस सॉल्व करना ही मकसद हो तो फिर लोग किताब भी पढ़ सकते हैं। लेकिन फिल्म इसलिए बनती है, ताकि लोग इन किरदारों को महसूस कर सकें। ताकि वो उस पिता से खुद को जोड़ सकें, उस दोस्त की वफादारी में अपना अक्स देख सकें। इसलिए मेरे लिए ये प्रोजैक्ट बहुत खास रहा है।

### डिटेक्टिव जॉनर का हिस्सा बनकर बेहद एक्साइटेड हूं : बनिता संधू



बनिता संधू

**Q टीजर रिलीज हो चुका है लोग बात कर रहे हैं, इंतजार कर रहे हैं। अभी एक्साइटमेंट लैवल क्या है ?**

-मैं डिटेक्टिव जॉनर का हिस्सा बनकर बहुत उत्साहित हूं लेकिन साथ ही मैं हर फिल्म की रिलीज के टाइम पर एक चीज करने की कोशिश करती हूं। मैं खुद से ज्यादा उम्मीदें नहीं रखती क्योंकि मुझे ऐसा लगता है कि अगर मैंने ज्यादा उम्मीदें रखीं और चीजें वैसी नहीं हुईं तो शायद मुझे निराशा हो तो मैं खुद को एक लिमिट में रखने की कोशिश करती हूं। यह मेरे लिए एक तरह से कंट्रोल करने वाली बात है लेकिन हां, एक्साइटमेंट जरूर है खासकर जब लोग बात कर रहे हैं, टीजर पसंद कर रहे हैं तो दिल में वो हलचल तो चल रही है।

**Q आप इस फिल्म का हिस्सा कैसे बनीं ?**

-हमारे प्रोड्यूसर्स हिमांशु और अली ने मुझसे इस फिल्म के बारे में बात की जो बुडापेस्ट में शूट हो रही थी। मैंने कास्ट देखी और फिर स्क्रिप्ट पढ़ी और जैसे ही मुझे पता चला कि शूटिंग बुडापेस्ट में है तो मैंने कहा बस और कुछ मत कहो। मैं आ रही हूं। मैंने एक ऑडिशन दिया और उसके बाद उन्होंने भी कहा, तुम आ जाओ, बस बुडापेस्ट पहुंचो और उसके बाद शूटिंग शुरू हो गई।


**Q अपने किरदार के बारे में बताइए ?**

-मेरे किरदार का नाम शांति है जो मूक बधिर है लेकिन वह बहुत होशियार है। वो अपने पापा की फेवरेट है। अपने परिवार के बहुत करीब है तो जब आप फिल्म देखेंगी तो उसके किरदार के बारे में आपको और जानने को मिलेगा।

**Q आपने एक डेफ और म्यूट कैरेक्टर को परफॉर्म किया है, जोकि एक चैलेंजिंग रोल होता है। इस प्रोसैस को लेकर आपका अनुभव कैसा रहा ?**

-ये रोल वाकई में चैलेंजिंग था। डेफ और म्यूट कैरेक्टर को निभाना आसान नहीं होता। इस किरदार के लिए हमारे साथ जो कोच थे, वो थे सीताराम जी। मुझे लगता है कि मैं बहुत अच्छे हाथों में थी। सीताराम जी ने पूरे प्रोसैस में हाथ थामे रखा। मैं ये नहीं कहूंगी कि उन्होंने सब आसान कर दिया, लेकिन उन्होंने पूरी तरह से गाइड किया हर कदम पर। इस रोल के लिए काफी तैयारी की। अच्छी-खासी प्रेप वर्क किया गया ताकि हम इसे सही ढंग से निभा सकें।

# भारत व क्रोएशिया रक्षा सहयोग योजना तैयार करने पर सहमत



जगरेब: पीएम मोदी का स्वागत करते क्रोएशिया के पीएम आंद्रेज प्लेंकोविक।

जगरेब, 19 जून (एजेंसी) : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने क्रोएशिया के प्रधानमंत्री आंद्रेज प्लेंकोविक के साथ वार्ता की जिसके बाद दोनों देशों ने 'रक्षा सहयोग योजना' तैयार करने पर सहमति जताई और व्यापार, नवीकरणीय ऊर्जा तथा सेमीकंडक्टर समेत कई अहम क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने का संकल्प लिया।

मोदी ने बुधवार को मीडिया में दिए अपने बयान में कहा कि उन्होंने और प्लेंकोविक ने इस पर सहमति जताई कि आतंकवाद मानवता का दुश्मन है और वह लोकतंत्र में विश्वास रखने वाली ताकतों के लिए दुश्मन के समान है। मोदी अपनी तीन देशों की यात्रा के अंतिम चरण में कनाडा से बुधवार सुबह जगरेब पहुंचे। वार्ता में दोनों प्रधानमंत्रियों ने भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) समेत क्षेत्रीय संपर्क मजबूत करने की महत्ता पर भी सहमति जताई। विदेश मंत्रालय ने कहा कि क्रोएशिया मध्य और दक्षिण-पूर्वी यूरोप में भारत के प्रवेश द्वार के रूप में काम कर सकता है।

# राष्ट्रपति मुर्मू देहरादून पहुंचीं राज्यपाल-सीएम ने किया स्वागत



देहरादून, 19 जून (नवोदय टाइम्स) : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू वीरवार को यहां तीन दिवसीय देहरादून प्रवास पर पहुंचीं। इस दौरान वह विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगी। राष्ट्रपति के यहां पहुंचने पर जौलीग्रांट एयरपोर्ट में राज्यपाल गुरमीत सिंह तथा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर राज्यसभा सदस्य एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, पूर्व केंद्रीय मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक, राज्यसभा सदस्य नरेश बंसल, कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, धन सिंह रावत, मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन आदि मौजूद रहे।

# राहुल की दुविधा: अनुशासन या डैमेज कंट्रोल

ऑफ द रिकॉर्ड

राहुल गांधी ने कभी भी आंतरिक असहमति के प्रति अपनी नफरत नहीं छिपाई है जो अवज्ञा की सीमा पर है। उन्होंने कुछ कांग्रेस नेताओं पर पार्टी को अंदर से नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया है और निजी बैठकों व सार्वजनिक भाषणों दोनों में संकेत दिया है कि पार्टी में महत्वपूर्ण क्षणों में कांग्रेस को कमजोर करने वाले कुछ लोग हैं। फिर भी शशि थरूर जैसे शख्स स्वतंत्र रूप से काम करना जारी रखते हैं, अक्सर पार्टी लाइन से हटकर रुख अपनाते रहे हैं। यह सहिष्णुता क्यों ?

इसकी सच्चाई कांग्रेस के असहज विकास में निहित है। कभी हाईकमान के हुक्मों से संचालित होने वाली पार्टी, आज लुप्त होती सत्ता और खंडित वफादारी से जूझ रही है। थरूर और उनके जैसे अन्य लोग ऐसे नेताओं में से हैं जिन्हें कांग्रेस आसानी से खारिज नहीं कर सकती- शहरी, स्पष्टवादी, मीडिया-प्रेमी और अपने प्रभाव वाले क्षेत्रों में चुनावी रूप से प्रासंगिक। थरूर की असहमति को पारंपरिक अर्थों में विद्रोह के रूप में नहीं देखा जाता है- इसे ब्रांडिंग के रूप में देखा जाता है। उनका व्यक्तित्व राहुल के करीबी लोगों के लिए सिरदर्द तो है लेकिन कांग्रेस को उन अभिजात्य हलकों में अपनी उपस्थिति बनाए रखने में मदद करता है जहां वह अपनी जमीन खो चुकी है।

इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि राहुल अपनी छवि के अनुसार पार्टी का पुनर्निर्माण कर रहे हैं। यह एक लंबा खेल है। अब असहमति जताने वालों को हटाने से आंतरिक अराजकता की सुर्खियां बनने का जोखिम है, जिससे भाजपा की कांग्रेस के बिखरने की कहानी को बल मिलेगा। असहमति को बर्दाश्त न करने के आरोप से घिरे एक नेता के लिए दमन से लाभ की बजाय नुकसान ही होगा। बैंच स्ट्रैंथ और चुनावी स्थिरता की कमी से जूझ रही पार्टी में अलग-थलग लोगों को बर्दाश्त करना कमजोरी की बजाय अस्तित्व से जुड़ा मामला ज्यादा हो सकता है। कई वरिष्ठों का कहना है कि उन्हें निश्चित रूप से पार्टी में 'विभीषणों' के बारे में बात करना और गड़बड़ियों के लिए सहयोगियों को दोष देना बंद कर देना चाहिए।

# ईरान के अराक भारी जल रिएक्टर के आसपास के क्षेत्र को खाली करें लोग : इजराइली सेना

■ 'एक्स' पर पोस्ट कर जारी की गई चेतावनी

दुबई, 19 जून (एजेंसी): इजराइल की सेना ने वीरवार को लोगों से ईरान के अराक भारी जल रिएक्टर के आसपास के क्षेत्र को खाली करने को कहा। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट कर यह चेतावनी जारी की गई। इजराइल की सेना ने अराक रिएक्टर को खाली करने की सोशल मीडिया के जरिए चेतावनी देते हुए उपग्रह से ली गई तस्वीर साझा की जिसमें रिएक्टर को लाल घेरे में दर्शाया गया।

अराक स्थित भारी जल रिएक्टर तेहरान से 250 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में है। परमाणु रिएक्टर को ठंडा करने के लिए भारी जल रिएक्टर का इस्तेमाल किया जाता है लेकिन यह प्लूटोनियम भी बनाता है जिसका संभावित रूप से परमाणु हथियारों में उपयोग किया जा सकता है। संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्था अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी इजराइल से ईरान के परमाणु केंद्रों पर हमला न करने का आग्रह कर रही है। ऐसा बताया जाता है कि एजेंसी के निरीक्षकों ने 14 मई को आखिरी बार अराक का दौरा किया था।



रमात गन (इजराइल) : ईरानी हमले में क्षतिग्रस्त हुई इमारत।

### ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को कभी बंद नहीं किया : विश्लेषक

नई दिल्ली : वैश्विक तेल एवं गैस परिवहन के लगभग पांचवें हिस्से और भारत की एक-तिहाई से अधिक ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने वाला रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य कभी बंद नहीं हुआ है और ईरान ने सिर्फ कूटनीतिक दबाव के लिए इसे बंद करने की धमकी दी है। विश्लेषकों का कहना है कि पेट्रोलियम उत्पादों की अच्छी आपूर्ति है और मौजूदा ईरान-इजराइल संघर्ष के बावजूद वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य के समक्ष कोई खतरा नहीं है। होर्मुज जलडमरूमध्य ईरान, ओमान और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच स्थित है और यह सऊदी अरब, ईरान, इराक, कुवैत एवं यूएई से तेल निर्यात का मुख्य मार्ग है। कतर से आने वाले कई तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) जहाज भी इसी मार्ग से गुजरते हैं। यस सिक्योरिटीज में संस्थागत इक्विटी शोध के रणनीतिकार हितेश जैन ने कहा कि ईरान इस जलडमरूमध्य को बंद करने की धमकियों का इस्तेमाल केवल एक कूटनीतिक दबाव के तौर पर करता है, क्योंकि इसे बंद करने की रणनीतिक एवं आर्थिक लागत खुद ईरान पर ही अधिक भारी पड़ेगी।

### इजराइल में अपने दूतावास से राजनयिकों को निकाल रहा अमरीका

ट्रम्प ने संघर्ष में सीधे शामिल होने की संभावना को लेकर दी है चेतावनी

वाशिंगटन : अमरीका के विदेश विभाग ने इजराइल में अमरीकी दूतावास से गैर-जरूरी राजनयिकों और उनके परिवारों को निकालना शुरू कर दिया है, क्योंकि इजराइल और ईरान के बीच संघर्ष बढ़ता जा रहा है और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने संघर्ष में सीधे शामिल होने की संभावना को लेकर चेतावनी दी है। एक सरकारी विमान ने कई राजनयिकों और उनके परिवार के सदस्यों को निकाला।

दो अमरीकी अधिकारियों ने अपना नाम जाहिर नहीं होने की शर्त पर यह जानकारी दी। इस बात का कोई संकेत नहीं है कि कितने राजनयिक और परिवार के सदस्य उड़ान से रवाना हुए या कितने जॉर्डन या मिस्र के लिए भूमि मार्ग से रवाना हुए।

### ईरान की कई आयुधों वाली मिसाइल से पैदा हुई नई चुनौती : इजराइल

बीरशेबा : इजराइली सेना ने वीरवार को कहा कि ईरान ने अपने हमले में कई आयुधों वाली मिसाइल का इस्तेमाल किया, जिससे इजराइल की सुरक्षा के लिए नई चुनौती पैदा हो गई है। कई आयुधों वाली मिसाइल इजराइल की 'आयरन डोम' जैसी हवाई रक्षा प्रणालियों के लिए अधिक कठिन चुनौती पेश कर सकती है। इसका तत्काल कोई स्वतंत्र विश्लेषण नहीं किया जा सका है।

### दुर्घटनाग्रस्त ड्रीमलाइनर की आखिरी गहन जांच जून 2023 में हुई थी : एअर इंडिया

मुम्बई, 19 जून (एजेंसी) एअर इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक कैंपबेल विल्सन ने वीरवार को कहा कि दुर्घटनाग्रस्त बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर आखिरी बार गहन जांच जून-2023 में की गई थी और अगली जांच दिसम्बर-2025 में होनी थी। इसके दाहिने इंजन की इसी साल मार्च में मरम्मत की गई थी और बाएं इंजन की जांच इसी साल अप्रैल में की गई थी।

दाहिने इंजन की मरम्मत इसी साल मार्च में और बाएं इंजन की जांच अप्रैल में हुई

विल्सन ने कहा कि विमान और इंजन दोनों की नियमित रूप से जांच की गई थी, जिनमें उड़ान से पहले कोई समस्या नहीं दिखी थी।

अच्छी तरह से रखरखाव किया गया था तथा इस विमान की आखिरी बार गहन जांच जून-2023 में की गई थी और अगली जांच दिसम्बर 2025 में होनी थी। यात्रियों को दिए एक संदेश में, एअर इंडिया प्रमुख ने यह भी कहा कि अगले कुछ सप्ताह के लिए कंपनी के बड़े विमानों के बेड़े के परिचालन में 15 प्रतिशत की कटौती एक अस्थायी कदम है। विमान का रखरखाव अच्छी तरह से किया गया था।

# स्विस बैंकों में एक साल में तीन गुना बढ़ा भारतीयों का धन

■ 37,600 करोड़ रुपए होने की जानकारी दी केंद्रीय स्विस बैंक ने




नई दिल्ली/ज्यूरिख, 19 जुलाई (एजेंसी) : स्विट्जरलैंड के बैंकों में जमा भारतीयों का धन 2024 में 3 गुना बढ़कर 3.5 अरब स्विस फ्रैंक (37,600 करोड़ रुपए) हो गया। स्विट्जरलैंड के केंद्रीय बैंक के सालाना आंकड़ों के अनुसार भारतीयों के ग्राहक खातों में जमा धन 11% बढ़ा और यह 34.6 करोड़ स्विस फ्रैंक (3,675 करोड़ रुपए) रहा। यह कुल धन का 10वां हिस्सा है।

इससे पहले, 2023 में भारतीय व्यक्तियों और फर्मों द्वारा स्विस बैंकों में जमा धन में 70% की गिरावट आई थी और यह 1.04 अरब स्विस फ्रैंक पर आ गया था। ये स्विस नेशनल बैंक (एसएनबी) को बैंकों से मिले आंकड़े हैं। एसएनबी ने 2023 के अंत में स्विस बैंकों की 'कुल देनदारियों' या भारतीय ग्राहकों के 'बकाया राशि' के रूप में कुल राशि 354.55 करोड़ स्विस फ्रैंक आंकी है। इसमें ग्राहक जमा में 34.6 करोड़ स्विस फ्रैंक (2023 के अंत में 31 करोड़ स्विस फ्रैंक से अधिक), अन्य बैंकों में रखे गए 3.02 अरब स्विस फ्रैंक (42.7 करोड़ स्विस फ्रैंक से अधिक), न्यासों के माध्यम से 4.1 करोड़ स्विस फ्रैंक (एक करोड़ स्विस फ्रैंक से अधिक) तथा बॉन्ड, प्रतिभूतियों और अन्य वित्तीय उत्पादों के रूप में 13.5 करोड़ स्विस फ्रैंक की राशि शामिल हैं।

बैंक फॉर इंटरनेशनल सेटलमेंट (बीआईएस) के 'स्थानीय बैंकिंग आंकड़ों' ने 2024 में ऐसे कोष में 6 प्रतिशत की वृद्धि दिखाई और यह 7.48 करोड़ अमरीकी डॉलर (650 करोड़ रुपए) रही। स्विट्जरलैंड-भारत में कर मामलों में सूचनाओं का स्वचलित आदान-प्रदान 2018 से लागू है। 2018 से स्विस वित्तीय संस्थानों में खाते रखने वाले सभी भारतीय निवासियों की विस्तृत वित्तीय जानकारी पहली बार सितंबर 2019 में दी गई थी।

### ब्रिटेन शीर्ष, अमरीका दूसरे स्थान पर

स्विस बैंकों में विदेशी ग्राहकों की रखी राशि के मामले में ब्रिटेन 222 अरब स्विस फ्रैंक के साथ शीर्ष पर है। उसके बाद दूसरे स्थान पर अमरीका (89 अरब स्विस फ्रैंक) और तीसरे स्थान पर वेस्टइंडीज (68 अरब स्विस फ्रैंक) है। इन तीनों के बाद शीर्ष 10 में जर्मनी, फ्रांस, हांगकांग, लक्जमबर्ग, सिंगापुर, ग्वेर्नसे और संयुक्त अरब अमीरात हैं। भारत इस मामले में 48वें स्थान पर है, जबकि 2023 में 67वें स्थान पर था।

खतरा | कनाडा की खुफिया एजेंसी की रिपोर्ट में दी गई जानकारी

# खालिस्तानी भारत में हिंसा के लिए कर रहे कनाडा का इस्तेमाल

कहा, खालिस्तानियों का हिंसक गतिविधियों में भाग लेना कनाडा की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा

नई दिल्ली, 19 जून (एजेंसी) : कनाडा की एक खुफिया एजेंसी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि अस्सी के दशक के मध्य से कनाडा में राजनीतिक रूप से प्रेरित हिंसक चरमपंथ का खतरा खालिस्तानी चरमपंथियों के माध्यम से प्रकट हुआ है, जो भारत के पंजाब प्रांत के भीतर खालिस्तान नामक एक स्वतंत्र राष्ट्र के गठन के वास्ते हिंसक साधनों का उपयोग करना चाहते हैं।

एजेंसी की रिपोर्ट में कहा गया है कि खालिस्तानी चरमपंथियों का एक छोटा समूह कनाडा का इस्तेमाल धन जुटाने और मुख्य रूप से भारत में हिंसा की योजना बनाने के लिए अड्डे के तौर पर कर रहा है। कनाडाई सुरक्षा खुफिया सेवा की 2024 की रिपोर्ट बुधवार को जारी की गई। इससे एक दिन पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनके कनाडाई समकक्ष मार्क कार्नी ने द्विपक्षीय संबंधों को फिर से सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित किया। दोनों देशों के बीच उस वक्त राजनयिक संबंध अब तक के सबसे निचले स्तर तक पहुंच गए थे, जब एक खालिस्तानी अलगाववादी की हत्या को लेकर विवाद पैदा हो गया था। रिपोर्ट में कहा गया कि कनाडा के खालिस्तानी चरमपंथियों का हिंसक गतिविधियों में बदस्तूर भाग लेना कनाडा की राष्ट्रीय सुरक्षा और इसके हितों के लिए खतरा बना हुआ है। इसमें कनाडा में विदेशी हस्तक्षेप के तौर पर भारत की गतिविधियों की भी आलोचना की गई है।

### 'कनाडा के लिए सबसे बड़ा खुफिया खतरा चीन'

इस रिपोर्ट में भारत संबंधी खंड के तहत आरोप लगाया गया है, 'भारतीय अधिकारी, जिनमें उनके कनाडा स्थित प्रॉक्सी एजेंट शामिल हैं, कई तरह की गतिविधियों में शामिल हैं, जो कनाडाई समुदायों और राजनेताओं को प्रभावित करने का प्रयास करते हैं।' इसमें दावा किया गया है कि जब ये गतिविधियां भ्रामक, गुप्त या धमकी देने वाली होती हैं, तो उन्हें विदेशी हस्तक्षेप माना जाता है। भारत पूर्व में भी कनाडाई अधिकारियों द्वारा लगाए जाने वाले इस तरह के आरोपों को खारिज करता रहा है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि कनाडा के लिए सबसे बड़ा खुफिया खतरा चीन है। रिपोर्ट में इसके अलावा पाकिस्तान, रूस और ईरान का भी नाम लिया गया है।



साहस के बगैर आप कोई अच्छा काम नहीं कर सकते।
—इंदिरा गांधी

## कच्चे आम की खट्टी-मीठी लौंजी

रैसिपी


**आम** का मौसम आते ही तरह -तरह के अचार बनाए जाते हैं। रेहड़ियों पर इस समय खूब अच्छे आम भी मिल रहे हैं, जिन्हें देखकर अचार बनाने का मन करने लगता है। कच्चे आम की खट्टी-मीठी लौंजी भी खाने में बहुत स्वादिष्ट लगती है। यह खाने के स्वाद को बढ़ा देती है।

**सामग्री**

4 कच्चे आम छोटे आकार के, 1 चम्मच पंचफोरन, 1/4 छोटा चम्मच काला नमक, 1/4 छोटा चम्मच सादा नमक, 3 बड़ा चम्मच गुड़, 3 बड़ा चम्मच चीनी, 1 चम्मच देगी लाल मिर्च पाऊडर, 1/3 छोटा चम्मच सूखा धनिया पाऊडर, 1/4 छोटा चम्मच गरम मसाला (ऑप्शनल), 1-2 चुटकी हींग, 2 चम्मच कुकिंग ऑयल।

**कुकिंग निर्देश**

सर्वप्रथम कच्चे आम को अच्छी तरह से धो और छील कर छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें। अब कड़ाई में तेल गर्म करें। उसमें हींग डालें, फिर सौंफ, कलौंजी, जीरा, सरसों और मेथी दाना (इसे ही पंचफोरन कहते हैं) डालकर तड़काएं। अब इसमें कच्चे आम डालकर चलाएं। आम को 1-2 मिनट तक भूनें इसके बाद काला नमक और सादा नमक डालकर पकाएं। अब लाल मिर्च पाऊडर, धनिया पाऊडर मिलाएं और 1-2 मिनट तक चलाएं। फिर आम के नरम होने पर गुड़ और चीनी दोनों डालें।



इसे तब तक चलाते रहे जब तक कि गुड़ और चीनी अच्छे से घुल न जाएं। इस समय गरम मसाला (ऑप्शनल) मिलाएं और आंच धीमी कर दें तथा लौंजी को गाढ़ा होने तक पकाएं। हमारी कच्चे आम की खट्टी-मीठी लौंजी तैयार है।

**नोट**- गरम मसाला डालना ऑप्शनल है, आप अच्छे कलर के लिए हल्दी पाऊडर भी डाल सकती हैं।

## चेहरे को सुंदर बनाएगा 'गुलाब जल'

ब्यूटी

गुलाब जल और त्वचा से जुड़े इसके लाभों के बारे में पता नहीं कितनी किताबें छप चुकी हैं और कितने लेख लिखे जा चुके हैं। यह सुगंधित जल सदियों से अपने शीतलता और सुखदायक गुणों के लिए जाना जाता है। गुलाब जल की सबसे बड़ी खूबी यह है कि यह सभी प्रकार की त्वचा के लिए उपयुक्त है और इसलिए इसे हर कोई इस्तेमाल कर सकता है।



एंटीऑक्सीडैंट, विटामिन ए और सी से भरपूर होने के अलावा, गुलाब जल में एंटी-इंफ्लेमेटरी, एंटी-माइक्रोबियल और हाइड्रेटिंग गुण होते हैं। यह त्वचा के पी.एच. लैवल को संतुलित बनाए रखने के साथ त्वचा को टोन्ड करता है। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडैंट कोशिकाओं को पुनर्जीवित करके त्वचा को तरोताजा दिखाता है।

गुलाब जल त्वचा को तुरंत तरोताजा दिखाने के साथ उसमें नमी भरने और आंखों के नीचे आई सूजन को कम करने में मददगार साबित होता है।

इस भागती-दौड़ती दिनचर्या में हमें त्वचा में सही मात्रा में नमी भरने का समय ही नहीं मिल पाता और त्वचा डिहाइड्रेशन का शिकार हो जाती है। नतीजा यह होता है कि झुर्रियां, रैडनैस आदि त्वचा से जुड़ी कई समस्याएं हमें घेर लेती हैं और हम उम्र से पहले ही उम्रदराज नजर आने लगते हैं।

इसलिए जरूरी है कि त्वचा को अंदर और बाहर से हाइड्रेट रखें। इसके लिए आपको रोजाना पानी पीने की सलाह दी जाती है, साथ ही आप हाइड्रेटिंग स्प्रे का सहारा भी ले सकती हैं, जो रूखे मौसम में आपकी त्वचा के रक्षक का काम करते हैं।

इस स्प्रे के रूप में आप गुलाब जल को चुन सकती हैं। यह त्वचा में नमी भरने का काम बखूबी करता है।

गुलाब जल के स्प्रे के बाद त्वचा तुरंत सुकून और तरोताजा महसूस करती है। आप इसे सीधे तौर पर भी अपने चेहरे पर स्प्रे कर सकती हैं या त्वचा में अतिरिक्त नमी भरने के लिए आप अपने फेस मास्क, क्रीम या लोशन में इसे मिला सकती हैं।

गुलाब जल त्वचा में चमक भरने के साथ नमी बढ़ाने का काम करता है। अपनी मॉइस्चराइजिंग क्रीम में थोड़ी मात्रा में गुलाब जल मिलाएं और इसे अपने चेहरे पर लगाएं। मॉइस्चराइजर आसानी से त्वचा में अवशोषित हो जाएगा और उसे अंदर से हाइड्रेट करेगा।

संबंध

## शादी से पहले... इन आदतों पर ध्यान दें

शादीशुदा जिंदगी इतनी आसान नहीं होती। ऐसे में शादी से पहले ही आपके लिए अपने पार्टनर के बारे में जान लेना सही रहता है। जब आप उसकी अच्छी और बुरी आदतों के बारे में जान लेती हैं तो शादी निभाना आसान हो जाता है। शादी के बाद ऐसा भी हो सकता है कि आपके लिए ये आदतें रिलेशनशिप के लिए बुरी साबित हों। अगर ब्वॉयफ्रैंड से शादी करने के बारे में सोच रही हैं तो इन बातों को ध्यान में रखें। अगर आपके पार्टनर में आपको पसंद न आने वाली आदतें हैं तो आपकी शादीशुदा जिंदगी भी खराब हो सकती है।



**ओवर पोजेसिव :** अगर पार्टनर आपको लेकर ओवर पोजेसिव है तो सावधान रहना चाहिए। उसकी यह आदत रिलेशनशिप के लिए टॉक्सिक बन सकती है। इससे आपकी मैंटल हैल्थ पर भी बुरा असर पड़ता है।

**नीचा दिखाना :** अगर आपका पार्टनर आपको बार-बार नीचा दिखाता है तो आप उनसे शादी करने का फैसला बिल्कुल न लें। अगर आप ऐसे इंसान से शादी करती हैं तो आपकी जिंदगी में खुशी बिल्कुल नहीं रह जाती है। शादीशुदा जिंदगी को खुशहाल बनाने के लिए आपको बहुत सोचना समझना पड़ता है।

**विक्टिम कार्ड :** अगर आपका पार्टनर विक्टिम कार्ड खेल रहा है और वह कभी अपनी गलती नहीं मानता है तो ऐसे में शादी करने से बचना चाहिए। आपके पार्टनर को हमेशा आपकी बात माननी चाहिए, आपके अच्छे-बुरे के बारे में सोचना चाहिए। जिस बात से आपको परेशानी होती है वह बार-बार दोहराता है तो समझ लीजिए की वह आपसे प्यार नहीं करता।

**तुलना करना :** अगर पार्टनर किसी दूसरे से आपकी तुलना करता है तो शादी से तुरंत मना कर देना चाहिए। पार्टनर की यह आदत आपकी शादीशुदा जिंदगी को पूरी तरह से खराब कर सकती है।

फैशन

# बच्चियों के लिए 'क्यूट' और 'स्किन-फ्रैंडली' ड्रैसेज

गर्मियों के मौसम में बच्चों के कपड़े चुनना कोई आसान काम नहीं है, खासकर बेबी गर्ल्स के। इस मौसम में अपनी बच्चियों को ऐसे कपड़े पहनाइए जो आरामदायक, स्किन-फ्रैंडली और क्यूट हों। सही ड्रैस न सिर्फ उन्हें ठंडक देगी, बल्कि उनकी मुस्कान और स्टाइल को भी दोगुना कर देगी। चलिए आज हम आपको देते हैं छोटी बच्चियों के लिए बैस्ट समर ड्रैस आइडियाज।





**स्लीवलैस ड्रैस**

गर्मियों में पसीना रोकने के लिए स्लीवलैस (बिना बाजू) ड्रैसेज बहुत आरामदायक होती हैं। इन्हें पहनने से बच्ची को ठंडक महसूस होती है और लुक भी प्यारी लगती है। इसमें डिजाइनों की भी आपको भरमार मिल जाएगी।

**इन बातों का भी रखें ध्यान**

डार्क कलर से बचें, हल्के रंग जैसे पीच, बेबी पिंक, स्काई ब्ल्यू, यैलो चुनें। बहुत ज्यादा लेयरिंग या भारी एंब्रॉयडरी से बचें। बच्ची की स्किन को हवा मिलती रहे, इस बात का भी ध्यान रखें।

**कॉटन जम्पसूट**

यह वन-पीस ड्रैस बहुत कम्फर्टेबल होती है। इसके बटन या जिप्स से पहनना आसान होता है और स्टाइल भी मॉडर्न लगता है। इसमें पेस्टल या नैचुरल कलर ज्यादा अच्छे लगते हैं।



**कॉटन फ्रॉक**

100 प्रतिशत कॉटन यानी सूती कपड़े की फ्रॉक गर्मियों के लिए सबसे बैस्ट रहती है। ये हल्की, नरम और स्किन-फ्रैंडली होती हैं। फूलों के प्रिंट, पोल्का डॉट्स या एनिमल प्रिंट्स वाली फ्रॉक में लड़कियां बहुत क्यूट लगती हैं। सूती कपड़े की खासियत है कि यह बच्चों की त्वचा को किसी तरह से नुकसान नहीं पहुंचाता है।





**फ्लोरल कुर्ता और लैगिंग्स सैट**

यह पारंपरिक लेकिन ठंडक देने वाला ऑप्शन है। हल्के फैब्रिक वाला कुर्ता और स्ट्रेचेबल लैगिंग गर्मियों के लिए शानदार जोड़ी है।

**रफल फ्रॉक या लेयर ड्रैस**

रफल्स वाली फ्रॉक स्टाइलिश और ट्रैंडी होती हैं, इसे बर्थडे पार्टी, पिकनिक या किसी गैट-टुगैदर में पहनाया जा सकता है। इसमें हल्के पेस्टल कलर या फ्रूट प्रिंट्स बेहद पसंद किए जाते हैं।



**डंगरी और टी-शर्ट सैट**

सॉफ्ट डेनिम या कॉटन की डंगरी एक टी-शर्ट के साथ बहुत स्मार्ट लगती है, जो चलने-फिरने में आरामदायक और खेलने के लिए एकदम सही रहती है।



## गुस्से पर काबू पाएं, सुधर जाएगी जिन्दगी

लाइफस्टाइल

**वर्तमान** समय में हर घर से युवाओं की क्रोधित आवाज सुनाई पड़ जाती है। कहीं-कहीं से तो यह कुछ ज्यादा ही सुनाई देती है। गुस्से में कही गई बातें अक्सर रिश्तों में कड़वाहट घोल देती हैं।

कुछ लोग छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा कर बैठते हैं और बाद में पछताते हैं। गुस्सा जहां रिश्तों को खत्म करने का काम करता है, वहीं गुस्से से आपके शरीर को भी नुकसान होता है। ऐसे में जरूरी है कि आप अपने क्रोध पर काबू रखें।

जहां आपको क्रोधित होने की आवश्यकता हो, केवल वहीं अपना गुस्सा प्रकट करें अन्यथा गुस्सैल आदत से बचना ही आपके हित में होगा।

यहां कुछ ऐसे आसान टिप्स बताने जा रहे हैं जिन्हें अपनाकर आप अपने गुस्से को वश में कर सकते हैं।

**अपनी ऊर्जा को सही दिशा में लगाएं**

गुस्से को कंट्रोल करने के लिए उस एनर्जी को किसी क्रिएटिव या फिजिकल एक्टिविटी में लगाएं। एक्सरसाइज, डांस या किसी अन्य हॉबी को समय देने से न केवल आपका गुस्सा शांत होगा बल्कि आपको काफी सकारात्मक भी महसूस होगा।

**चुप रहने का करें प्रयास**

जब भी गुस्सा आए, तुरंत रिएक्ट करने की बजाय चुप रहने की कोशिश करें।

आप चाहें तो 1 से 10 तक उल्टी गिनती गिनें या अपने दिमाग को किसी और काम में व्यस्त कर लें। गुस्से में कोई भी ऐसा कदम न उठाएं कि आपको बाद में पछताना पड़े।



बेहतर होगा कि आप गुस्से की स्थिति में थोड़ा समय लें और खुद को शांत करें।

**संगीत को अपनाएं**

शांत और सुकून भरा संगीत सुनना आपके गुस्से को शांत करने में मदद कर सकता है। धीमे और हल्के संगीत से आप अपने मूड को मिनटों में बदल सकते हैं।

ध्यान रखें कि लाऊड म्यूजिक से बचें क्योंकि यह गुस्से को कम करने की बजाय बढ़ा सकता है।

**योग को दिनचर्या में शामिल करें**

मैडिटेशन (ध्यान) और योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। नियमित मैडिटेशन आपके दिमाग को शांत और स्थिर बनाता है। इससे आप मुश्किल परिस्थितियों को बेहतर तरीके से संभाल पाएंगे। मैडिटेशन न केवल गुस्से को कम करता है बल्कि आपकी सोचने-समझने की क्षमता को भी मजबूत बनाता है। गुस्से को शांत करने के लिए बालासन, सर्वांगासन, उष्ट्रासन और शवासन जैसे योगासन बहुत उपयोगी हैं। ये मन को शांत करने, शरीर को आराम देने और गुस्से को कम करने में मदद करते हैं।

**भावनाओं को कागज पर लिखें**

अगर गुस्सा शांत नहीं हो रहा है, तो अपनी भावनाओं को लिखने की आदत डालें। एक डायरी में लिखें कि आपको गुस्सा क्यों आया और आप इसे कैसे संभाल सकते थे। इससे न केवल आप खुद को बेहतर तरीके से समझ पाएंगे, बल्कि गुस्से के कारणों का विश्लेषण भी कर पाएंगे।

## भोजन का 'स्वाद' बढ़ाएं

किचन टिप्स

**खाने** का स्वाद अच्छा हो, यह भला कौन नहीं चाहता है। आप यदि खाने को छोटी-छोटी चीजों से स्वादिष्ट बनाना चाहती हैं, तो इन टिप्स को जानें।



**भिंडी का स्वाद बढ़ाएंगी ये चीजें :** भिंडी का स्वाद बढ़ाने के लिए उसमें सत्तू का आटा, नींबू, नमक, जीरा पाऊडर डालकर मिक्स करें। इससे भिंडी एक-दूसरे से चिपकेगी भी नहीं और स्वाद भी अच्छा लगेगा।

**परांठे में डालें आलू**

परांठे बनाते वक्त आटे में थोड़ा उबला हुआ आलू मसलकर डाल दें, इससे नॉर्मल परांठा भी कुरकुरा और टेस्टी बनेगा। इसके अलावा आप तेल और घी के बजाय मक्खन लगाकर सेंक लें।

**सब्जी के लिए ग्रेवी में डालें सत्तू पाऊडर**

किसी भी सब्जी के लिए ग्रेवी बना रही हैं, तो उसमें सत्तू के आटे को पानी में घोल कर मिलाएं। इससे ग्रेवी गाढ़ी भी होगी और स्वाद भी अच्छा आएगा।

# 'समर स्किन केयर'

**चिलचिलाती गर्मी में त्वचा की हालत कुछ ज्यादा ही खराब हो जाती है और पसीने एवं टैनिंग से अच्छी खासी रंगत कहीं खो गई सी प्रतीत होने लगती है। परंतु यदि आप अपनी त्वचा का सही तरीके से ख्याल रखें तो समर में भी यह खिली खिली सी रह सकती है।**

**टिप्स**

- अपनी स्किन के हिसाब से ही अपने लिए सनस्क्रीन का चयन करें।
- स्किन में नमी बरकरार रखने के लिए गर्मियों में भी मॉयश्चराइजर जरूर इस्तेमाल करें।
- लिप बाम लगाना न भूलें।
- ऑयल फ्री मेकअप प्रोडक्ट ही इस्तेमाल करें।
- शाम को चेहरे पर एलोवेरा जैल लगाएं।
- ठंडे पानी से नहाएं, इससे पसीना कम आएगा।
- चेहरे से पसीना पोंछने के लिए सॉफ्ट टॉवल या टिश्यू पेपर इस्तेमाल करें।
- यदि पसीना बहुत आता है, तो नहाने के पानी में नींबू की कुछ बूंदें डालें और फिर उससे नहाएं, इससे सारा दिन शरीर से खुशबू आती रहेगी।
- गर्मी के मौसम में ज्यादा से ज्यादा पानी पीएं।
- रात में सोते समय टोनर जरूर लगाएं।
- दिन में कम से कम दो बार फेस वॉश करें।
- यदि बहुत जरूरी न हो, दोपहर के समय घर से बाहर न निकलें।

**फेस पैक लगाएं**

समर में चेहरे की खूबसूरती को मेंटेन रखने के लिए नियमित रूप से फेस पैक इस्तेमाल करें।

**मैंगो फेस पैक**

आम का पल्प निकाल कर उसमें कोल्ड क्रीम और थोड़ा सा ठंडा दूध मिला कर पेस्ट बनाएं और इसे चेहरे पर लगाएं तथा 15 मिनट के बाद चेहरा धो लें।

**वाटरमैलन फेस पैक**

तरबूज के गूदे में दही मिला कर चेहरे पर लगाएं, 15-20 मिनट के बाद ठंडे पानी से चेहरा धो लें।

**लैमन फेस पैक**

शहद और नींबू के रस को मिला कर पेस्ट तैयार करें, इसे चेहरे पर लगाएं तथा 30 मिनट के बाद चेहरा धो लें।

**खीरा फेस पैक**

खीरे को पीस कर उसमें पिसी हुई शक्कर और दही मिला कर चेहरे पर लगाएं तथा 30 मिनट के बाद चेहरा धो लें।

**टैनिंग करें दूर**

समर की सबसे बड़ी समस्या टैनिंग से भी आप घर बैठे छुटकारा पा सकती हैं।

**लैमन**

टैनिंग वाले हिस्से पर नींबू का रस लगाएं और 30 मिनट के बाद पानी से धो लें।

**दही**

दही को अच्छे से फेंटें और फिर इसमें नींबू का रस मिला कर टैनिंग वाली जगह पर लगाएं तथा 30 मिनट के बाद चेहरा धो लें।

**टमाटर**

टमाटर को पीस कर उसका रस निकाल लें, फिर इसमें थोड़ा सा नींबू का रस मिला कर लगाएं, आधे घंटे के बाद चेहरा धो लें।

ऐसा नियमित रूप से करने पर जल्द ही टैनिंग दूर हो जाती है और स्किन में निखार आता है।

**बॉडी स्क्रब से निखारें स्किन**

गर्मी के मौसम में बॉडी को स्क्रबिंग की ज्यादा जरूरत होती है।

**शूगर ऑलिव ऑयल स्क्रब**

आधा कप शक्कर में थोड़ा सा ऑलिव ऑयल मिलाएं और इसे बॉडी पर लगा कर स्क्रब करें। आपको स्क्रबिंग नहाने से पहले करनी है।

**कॉफी स्क्रब**

कॉफी और शक्कर को मिला कर पीस लें, फिर इसमें थोड़ा सा ऑलिव ऑयल और विटामिन ई के 2-3 कैप्सूल मिला कर स्क्रब तैयार कर लें और इसे इस्तेमाल करें।

**ओटमील-बनाना स्क्रब**

केले को मैश कर के उसमें ओटमील और शहद मिला कर स्क्रब तैयार कर सकती हैं।



# ऑफिस में 'एथनिक लुक'

कामकाजी महिलाओं की सबसे बड़ी परेशानी यह रहती है कि वे ऑफिस में क्या पहनें कि हर दिन स्मार्ट एवं इंप्रैसिव नजर आएं। हमेशा जींस, ट्राऊजर्स या स्कर्ट भी नहीं पहनी जा सकती। बहुत-सी महिलाओं को वैस्टर्न ड्रैस पहनना बिल्कुल पसंद नहीं होता, तो ऐसे में आप ऑफिस में एथनिक वियर्स को स्मार्ट तरीके से पहन कर भी स्मार्ट दिख सकती हैं। यही नहीं, आप रोजाना भी एथनिक लुक में ऑफिस जा सकती हैं, बस आपको इसके लिए छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखना होगा।

### प्लाजो एवं सिगरेट पैंट्स भी दिखेंगी कूल

यदि आप सलवार पहन कर बोर हो चुकी हैं तो मॉडर्न लुक देने वाले प्लाजो या सिगरेट पैंट भी पहन सकती हैं। ये दोनों लंबे कुर्तों के साथ अच्छे दिखते हैं। एंब्रॉयड्री वाले या स्ट्रेट कुर्तों, दोनों के साथ प्लाजो खूब जमता है।

### जींस पहनें कुर्ते के साथ

यदि आपके ऑफिस में फॉर्मल ड्रैस कोड नहीं फॉलो किया जाता, तो आप कुर्ते के साथ जींस का कांबिनेशन भी अपना सकती हैं।

**टिप्स** ■ जींस के साथ शॉर्ट कुर्ते काफी स्मार्ट लुक देते हैं।

### साड़ी में पाएं खूबसूरत लुक

ज्यादातर महिलाएं वर्क प्लेस के लिए वैस्टर्न लुक प्रैफर करती हैं, परंतु यदि साड़ी को भी करीने से पहना जाए तो यह काफी स्मार्ट और एलीगैंट लुक देती है। कॉटन, जॉर्जेट, शिफॉन और क्रेप साड़ियां ऑफिस लुक के लिए खूबसूरत दिखती हैं।

**टिप्स** ■ यदि आपका पेट निकला हुआ है तो प्लीट्स को थोड़ा फैला लें, इससे आपका पेट हैवी नहीं दिखेगा।

### जूतियों का भी हो क्लैक्शन

रंग-बिरंगी फैंसी जूतियां आपकी ट्रैडीशनल लुक में चार चांद लगा देती हैं। कोल्हापुरी चप्पलें भी काफी स्मार्ट लुक देती हैं। यदि आप अपनी ड्रैसेज के कलर के हिसाब से जूतियों का क्लैक्शन रखेंगी तो अपनी लुक को काफी आकर्षक बना पाएंगी।

### अनारकली सूट न हो हैवी

यदि आप अपनी लुक को थोड़ी डिफरैंट दिखाना चाहती हैं, तो ऑफिस के हिसाब से अनारकली पैटर्न वाले कुर्ते भी पहन सकती हैं। बस इस बात का ध्यान रखें कि उनमें हैवी वर्क न हो, क्योंकि ऑफिस में सिंपल अनारकली सूट ही आपको एलीगैंट लुक देगा।

**टिप्स** ■ यदि आप ओवरवेट हैं तो अनारकली सूट पहनते समय इस बात का ध्यान रखें कि इसमें बहुत ज्यादा प्लीट्स न हों, नहीं तो आपकी लुक और ज्यादा हैवी नजर आएगी।

### कुर्ते के साथ सलवार भी हो खास

सलवार हर लिहाज से आरामदायक होती है, परंतु इसमें भी आप अपनी पसंद के हिसाब से पैटर्न अपना सकती हैं। एंब्रॉयड्री या वर्क वाले कुर्तों के साथ सिंपल सलवार ही अच्छी लगती है।

**टिप्स** ■ यदि आप पतली हैं तो पटियाला सलवार भी पहन सकती हैं क्योंकि इससे आपकी पर्सनैलिटी और भी इंप्रैसिव दिखेगी।

■ आप चाहें तो सलवार की जगह कुर्ते के साथ स्लिट पैंट्स पहन सकती हैं।



### कुर्तों को बनाएं अपने वार्डरोब का हिस्सा

यदि आपको लगता है कि कुर्ता पहनने से आपको 'बहन जी' लुक मिलती है और दूसरे लोग आपको नोटिस नहीं करते, तो कुर्ते पहनने का स्टाइल बदल दें। अपने वार्डरोब में ऑफिस के लिए प्लेन, प्रिंटेड, लांग, फिटेड या लूज हर तरह के कुर्ते शामिल करें। ये आपको कूल लुक देंगे। आपको बस इन्हें परफैक्ट कांबिनेशन के साथ पहनना आना चाहिए।

**टिप्स** ■ यदि आप अपनी लुक को थोड़ी फॉर्मल रखना चाहती हैं तो एंब्रॉयड्री वाला कुर्ता अच्छा लगेगा।

■ सिंपल स्ट्रेट कट वाले कुर्ते भी काफी इंप्रैसिव लगते हैं, आप इन्हें लैगिंग्स, प्लाजो या सलवार के साथ भी पहन सकती हैं।

# फेशियल के लिए घर पर बनाएं 'पील ऑफ मास्क'

**यदि** आप भी उन महिलाओं में से एक हैं, जो अपनी खूबसूरती के प्रति बेहद सजग रहती हैं, तो आपको कैमिकल फेशियल पील ऑफ के बारे में जरूर पता होगा। यह पील ऑफ फेशियल की तरह ही होता है तथा इससे चेहरे के दाग-धब्बों, झाइयों और मुंहासों को ठीक कर दिया जाता है।

इसमें भी कोई संदेह नहीं कि कैमिकल होने के कारण इनके भी कुछ साइड इफैक्ट्स होते हैं।

यदि आप पील ऑफ कराना चाहती हैं और इसके साइड इफैक्ट्स से भी बचना चाहती हैं तो आपको होम मेड पील ऑफ ट्राई करना चाहिए। इन्हें बनाना भी आसान है तथा इनके रिजल्ट भी अच्छे मिलते हैं।

**मेलिक एसिड कैमिकल फेशियल पील**

मेलिक एसिड अल्फा हाइड्रोक्सी एसिड होता है, यह फलों और सब्जियों में पाया जाता है।

यह स्किन के टैक्सचर को इंप्रूव और रिंकल्स को खत्म करता है। यह मेलेनिन के प्रोडक्शन को कम करके चेहरे से पिगमैंटेशन को भी कम करता है। घर पर आप इसे सेब से बना सकती हैं।



**ऐसे बनाएं**

इसे बनाने के लिए 1 छोटा सेब, 2 बड़े चम्मच कच्चा दूध एवं 1 छोटा चम्मच शहद ले लें। अब सेब को छील कर काट लें और मिक्सर में ग्राइंड करके स्मूद पेस्ट बना लें तथा इस पेस्ट में दूध और शहद डाल कर मिक्स कर लें। अब इस पेस्ट की थिक लेयर चेहरे पर लगाएं और 30 मिनट तक लगा रहने दें, बाद में इसे धो लें।

**ग्लाइको एसिड कैमिकल फेशियल पील ऑफ**

ग्लाइको एसिड त्वचा को री टैक्स्चराइज्ड तथा डैड स्किन सर्फेस सैल्स को डिजॉल्व करता है। यह स्किन की इंप्योरिटीज और डलनैस को भी दूर करके चेहरे को ब्राइट बनाता है।

ग्लाइको एसिड का सबसे अच्छा सोर्स गन्ना होता है, इसलिए आप आसानी से घर पर ही यह पील ऑफ बना सकती हैं।

**ऐसे बनाएं**

इसे बनाने के लिए 2 बड़े चम्मच फाइन ब्राऊन शूगर, 1 छोटा चम्मच शहद एवं 1 छोटा चम्मच रोज वाटर लें। अब सारी सामग्री को एक साथ मिला कर अच्छे से मिक्स कर लें। इसे लगाने से पहले चेहरे को साफ कर लें, फिर इसे चेहरे पर लगा कर 20 से 30 मिनट के लिए छोड़ दें। जब यह सूख जाए, तो इसे गीली उंगलियों से चेहरे पर रब करते हुए निकालें और फिर चेहरे को पानी से साफ कर लें।

# रिश्तों की नींव है भरोसा

**आज** रिश्तों में प्यार कम और शक ज्यादा नजर आता है, इसलिए रिश्ते में दूरियां आने लगती हैं और संबंध बहुत आसानी से टूट जाते हैं। यदि आप अपने रिश्तों में ईमानदार नहीं हो सकते तो फिर कोई रिश्ता बनाएं ही न। रिश्तों में धोखा देकर आप उन लोगों को दुख पहुंचाते हैं, जो आपसे प्यार करते हैं। हर व्यक्ति में कुछ न कुछ कमियां होती हैं, कुछ कमियां आपके पार्टनर में हैं, तो उसी तरह की कोई दूसरी कमी आप में भी हो सकती है। ऐसे में एक-दूसरे की कमियों को समझकर, उनसे सामंजस्य बैठाकर ही रिश्तों को चलाया जाता है, बजाय अपने साथी के अभाव को किसी दूसरे में पूरा करके।

पति-पत्नी का रिश्ता ही ऐसा है कि उसमें विश्वासघात के लिए जरा भी गुंजाइश नहीं होती। एक मजबूत रिश्ता अपने आप नहीं बनता, उसे मजबूत बनाना पड़ता है। अगर आपके भी रिश्ते में दरार पड़ रही है या वह टूटने की कगार पर है, तो आपको अपने बिखरते रिश्ते को जोड़ने के लिए करनी होंगी कुछ कोशिशें:

- अपने पार्टनर पर भरोसा रखें। बिना किसी ठोस सबूत के उस पर कभी शक न करें। शक रिश्तों में ऐसी दरार लाता है जो कभी नहीं भरती।
- छोटी-छोटी बातों को ज्यादा तूल न दें। अपने पार्टनर का सम्मान करें और उसे समझने की कोशिश करें, तभी आप समस्याएं आसानी से सांझी कर पाएंगी।
- किसी भी रिश्ते की नींव होती है बातचीत। कभी भी आपस में बातचीत करना बंद न करें।
- यदि आप दोनों वर्किंग हैं तो अपने पार्टनर का वर्क-स्टाइल समझें, जिससे बेवजह विवाद से बच सकते हैं।
- पार्टनर को सबसे ज्यादा समय देने की कोशिश करें।
- दांपत्य में किसी को भी जरूरत से ज्यादा दखलंदाजी की छूट कभी न दें।
- अपने दांपत्य की निजी बातें रिश्तेदारों और दोस्तों पर उजागर न करें। ऐसी दोस्ती, जिससे आपके दांपत्य पर आंच आए, बिना सोचे तोड़ दें क्योंकि सच्चा दोस्त आपके दांपत्य में बिखराव नहीं चाहेगा।

# खुश रहने के लिए हंसना जरूरी

**हमेशा** खुश रहना और अपने आसपास के लोगों को भी प्रसन्न रखना एक कला है। जिंदगी को बेहतर और खुशहाल बनाने के लिए हंसना बेहद जरूरी है। हंसी वह जादुई पिटारा है, जिसके खुलते ही सब गम काफूर हो जाते हैं। हंसी-मजाक रिश्तों पर जम रही काई को हटा देता है। हंसी रिश्तों के लिए टॉनिक का काम करती है।

हंसना सबसे अच्छी औषधि मानी जाती है। शोधकर्त्ताओं ने भी दावा किया है कि एक दिन में मात्र 30 मिनट तक ठहाके लगाने से आप तंदुरुस्त रह सकती हैं। ऐसा भी जरूरी नहीं है कि ये ठहाके एक साथ लगाए जाएं। लेकिन नियमित अंतराल पर हंसना भी एक बड़ी दवा का काम कर सकता है। इसके लिए लाफ्टर क्लब भी ज्वाइन कर सकते हैं।



# बच्चे और तनाव

**अक्सर बच्चे भी स्ट्रैस में चले जाते हैं, परंतु अभिभावकों को आसानी से इस बात का पता ही नहीं चल पाता कि उनका बच्चा स्ट्रैस में भी हो सकता है। बच्चा यदि स्ट्रैस अर्थात तनाव में हो तो उसके व्यवहार के साथ ही उसमें शारीरिक और भावनात्मक बदलाव भी नजर आने लगते हैं, जिन्हें समझना बेहद जरूरी है, तभी उसे स्ट्रैस से बाहर निकाला जा सकता है।**

### व्यवहार में आ जाते हैं बदलाव

यदि बच्चा तनाव में है तो सबसे पहला असर उसके व्यवहार में नजर आएगा- हर बात पर उसका मूड खराब हो जाना, छोटी-छोटी बातों पर चिढ़ जाना या कभी अचानक से गुमसुम हो जाना, कई बार बिना बात के घंटों रोना या फिर उदास रहना। यदि आपको अपने बच्चों में ये बदलाव नजर आएं तो इन्हें अनदेखा न करें।

### बिस्तर गीला करते हैं

छोटे बच्चे अक्सर नींद में बिस्तर गीला कर देते हैं, परंतु 3-4 साल की उम्र तक बच्चे इस पर काबू पा लेते हैं। बढ़ती उम्र में इसका कारण भावनात्मक भी हो सकता है। माता-पिता की अटैंशन न मिलने के कारण भी बच्चा तनाव महसूस करता है और नींद में अक्सर बिस्तर गीला कर देता है।

### पसंदीदा चीजों से दूर हो जाते हैं

यदि आपका बच्चा अपने पसंदीदा खिलौने, फेवरिट कॉर्टून्स, पसंदीदा डिश या फिर जिनके बिना वह पूरे दिन नहीं रह सकता, उनसे दूरी बनाने लगे, तो हो सकता है कि वह किसी न किसी प्रकार के स्ट्रैस में है।

### स्कूल से बच्चे की शिकायतें आना

कभी-कभार स्कूल से बच्चे की शिकायत आना बेहद नॉर्मल बात है क्योंकि बच्चे स्कूल में मस्ती करते रहते हैं, परंतु शिकायतों का यह सिलसिला यदि अचानक से बढ़ जाए तो समझ लें कि कुछ गड़बड़ है। स्ट्रैस बच्चों को मानसिक रूप से भी प्रभावित करता है तथा बच्चा स्कूल में कंसैन्ट्रेट नहीं कर पाता और न ही दोस्तों के साथ ठीक से घुल-मिल पाता है।



### नाखून चबाना

बच्चे जब जरूरत से ज्यादा सोचते हैं या परेशान होते हैं तो अनजाने में अपने नाखून चबाने लगते हैं।

### खाने एवं सोने की आदतों में बदलाव

जब बच्चा तनाव महसूस करता है तो उसकी खाने और सोने की आदतों में बदलाव आ जाता है। कई बार तनावग्रस्त बच्चे बहुत ज्यादा खाने या सोने लगते हैं, जबकि कई बार ऐसा भी होता है कि बच्चे खाना छोड़ देते हैं और उनकी नींद भी कम हो जाती है।

### हर बात में शिकायत

स्ट्रैस कई बार बच्चों को इतना चिड़चिड़ा बना देता है कि वे हर छोटी बात में ही शिकायत करने लगते हैं। हालांकि कारण पहचान कर बच्चों को स्ट्रैस से बाहर लाना आसान हो जाता है, परंतु यदि उन पर ध्यान न दिया जाए तो वे डिप्रैशन के शिकार भी हो जाते हैं और ऐसी स्थिति में उन्हें डॉक्टर के पास अवश्य ले जाना चाहिए, ताकि बच्चे उस स्थिति से बाहर आ सकें।

# यूं बुनें प्यार के धागे...

**जब** प्यार किसी से होता है तो सच में सब कुछ खूबसूरत नजर आने लगता है लेकिन इन स्थितियों के बीच कई बार कुछ विसंगतियां भी हमें प्रभावित करती हैं क्योंकि आज के दौर में बदलती जीवन शैली और पति-पत्नी दोनों के ही प्रोफैशनल होने के कारण यह समस्या और भी बढ़ने लगी है। ऐसे में कुछ यूं बुनें प्यार के धागे।



## ऑफिस और घर में करें अंतर

काम के बाद अपने साथी पर ध्यान देने के लिए आपको आपका ऑफिशियल जीवन आफिस में ही छोड़ना चाहिए तथा अपने काम के दबाव और बोझ को घर में प्रवेश करने से पहले ही भूलना चाहिए। यह कहना बहुत आसान है, परन्तु लागू करना कठिन, फिर भी आप अपना आफिस का काम पुन: प्रारम्भ करने से पहले अपने साथी के साथ कम से कम दो घंटे बिताने की कोशिश कर सकते हैं।

## साथी को दें महत्व

करियर तथा व्यक्तिगत जीवन में संतुलन के लिए सर्वप्रथम आपको अपने काम तथा साथी के बीच अंतर रखना होगा। ये दोनों उत्तरी तथा दक्षिणी ध्रुव की तरह हैं, अत: आपके लिए यह जानना आवश्यक है कि आप किस तरह घर पर साथी को संभाल सकते तथा ऑफिस में अपने काम के द्वारा अपने बॉस को प्रभावित कर सकते हैं।

## न हिचकें मदद मांगने से

शादीशुदा जोड़ियां, काम तथा शादीशुदा जीवन में संतुलन के लिए एक-दूसरे की मदद मांग सकती हैं। कभी यदि आपका साथी घर पर है और ऊब रहा है तो आप अपने साथी से अपने किसी प्रोजैक्ट के लिए या प्रैजैंटेशन (प्रस्तुतिकरण) के लिए मदद मांग सकते हैं।

## कुछ अलग करने का करें प्रयास

बहुत ज्यादा काम के दबाव के कारण कई बार आपको ऑफिस का काम घर में रहते हुए भी करना पड़ता है। इसलिए अपने साथी का पूर्ण समर्थन प्राप्त करने के लिए उसे अच्छे से समझा दें। पर काम करते हुए भी उसमें छोटे-छोटे ब्रेक लेकर तथा सिर्फ एक किस देकर अपने साथी को अचंभित कर सकते हैं या उसे परेशान कर सकते हैं। करियर तथा शादीशुदा या व्यक्तिगत जीवन में संतुलन के लिए यह एक आसान उपाय है।

## सहयोगी बनें

हर पति चाहता है कि उसकी बीवी समझदार हो और हर समस्या को समझे, खासतौर पर जब उसका पति किसी संकट में हो। इसलिए आपको भी उनके करियर और जिंदगी के किसी भी मुश्किल पड़ाव में आने वाली समस्या को समझना और उनका फुल सपोर्ट करना होगा। अगर उन्हें किसी बात पर तरक्की मिली है तो उनका सम्मान बढ़ाएं और उनकी तारीफ करें। हां, अगर आप उनकी किसी बात से सहमत नहीं हैं तो उन्हें सम्मान के साथ समझा दें।

## न दिखाएं गुस्सा

कोई भी पति हमेशा गुस्सा रहने वाली या फिर हर बात पर झगड़ने वाली पत्नी को पसंद नहीं करेगा। अगर आपको कोई बात पसंद नहीं आती या फिर आप अपने काम में किसी दूसरे साथी का साथ नहीं चाहतीं तो उसे प्यार से भी कहा जा सकता है। हर बात पर झिड़कने से रिश्ते में दूरियां ही आएंगी और आप दोनों के संबंध बिगड़ते चले जाएंगे। अगर आपके पति को आपकी इस बुरी आदत की आदत हो गई तब तो ठीक है, वरना कल क्या होगा, आप खुद ही समझ सकती हैं।

## स्पेस है जरूरी

आपको इस बात को अच्छी तरह से समझना होगा कि आपके पति की आपसे हट कर भी दूसरी लाइफ है।

उनके भी दोस्त, परिवार और ऑफिस में कार्य करने वाले ढेर सारे कुलीग हैं, जो अब उनकी जिंदगी का हिस्सा बन चुके हैं और हमेशा रहेंगे।

इसके अलावा उनके भी कुछ शौक होंगे, जो वह पूरा करना चाहते होंगे, इसलिए हमेशा अपने पति से यह उम्मीद करना कि हर वक्त वह आपके आगे-पीछे घूमेंगे, तो यह गलत बात है। उन्हीं की नहीं, आपकी भी जिंदगी में कुछ चीजें महत्वपूर्ण हैं इसलिए आप भी अपना समय लें।

## अंदाज भी बदलें

पुरुषों को भी सरप्राइज बहुत पसंद होते हैं। यह कुछ भी हो सकता है, चाहे तो आप उनकी आने वाली सरप्राइज बर्थडे पार्टी प्लान कर सकती हैं या फिर रात में उनका मूड टर्न ऑन करने के लिए कुछ सैक्सी-सा सरप्राइज दे सकती हैं।

आप कुछ भी कर सकती हैं, हमेशा सरप्राइज सिम्पल-सा ही रखें। चाहें तो हफ्ते में एक दिन उनके मन पसंद का कोई मील तैयार करें और उनके चेहरे पर स्माइल देखें।

# हैल्दी फ्यूचर के लिए...

**आमतौर** पर बच्चों की आदत होती है कि घर में जो भी पड़ा हो, वे खा लेते हैं। इसलिए पैरेंट्स की जिम्मेदारी बनती है कि वे घर में जंक फूड, जैसे नूडल्स, चिप्स, चॉकलेट्स, स्वीट्स, कोला ड्रिंक्स इत्यादि न रखें। बच्चों में शुरू से ही अच्छे खान-पान की आदत डालें ताकि उनका फ्यूचर हैल्दी रहे।

बच्चों को बढ़िया प्रोटीन युक्त खाना दें, जैसे फिश, पनीर, दालें, दूध इत्यादि।

फ्रोज़न फ्रूट्स और कोला जैसे ड्रिंक्स की बजाय मीठा दही, लस्सी, मिल्क शेक, जूस और फ्रैश फ्रूट दें।

जब भी संभव हो, डीप फ्राइंग की जगह खाने को स्टीम, बेक, ग्रिल या रोस्ट करें।

बच्चों को खुश करने के लिए तोहफे के तौर पर मिठाइयां या चॉकलेट कभी न दें।

फास्ट फूड और अन्य लो न्यूट्रिशन स्नैक्स को तरजीह न दें, परंतु इन्हें पूरी तरह बैन भी न करें। महीने में एक-दो बार बच्चों को फास्ट फूड खाने की इजाज़त ज़रूर दें, नहीं तो वे आपसे छुप कर जंक फूड खाएंगे।



# खुशनुमा जिंदगी के नियम

* नाखुशी का सबसे बड़ा कारण है पैसे की चिंता करना, परंतु कितना भी पैसा हो, वह तब तक आपको खुश नहीं बना सकता, जब तक कि आप इसके बारे में अपनी सोच नहीं बदल लेते।
* आपको अभी भी बहुत-सी चीजों की इच्छा है, इसका यह अर्थ नहीं है कि आप अपने जीवन में पहले से भरपूर मात्रा में उपलब्ध मूल्यवान चीजों के प्रति कृतज्ञता ही न व्यक्त कर सकें।
* मानसिक गरीबी आपका ध्यान उन चीजों पर केंद्रित कर देती है जो आपके पास नहीं होतीं, जबकि हो सकता है कि आपके पास अपनी जरूरत की सभी चीजें पहले से ही हों।
* जब आप कामनाओं तथा जरूरत में अंतर समझ लेते हैं, तो अंतत: आप महसूस कर पाते हैं कि वास्तव में आपका जीवन कितना अमीर है।



# ईश्वर का ही रूप हैं माता-पिता


**एक** बार जब भगवान शिव के दोनों पुत्रों कार्तिकेय और गणेश जी में सर्वश्रेष्ठता को लेकर झगड़ा हो गया तो वे दोनों अपनी समस्या को लेकर पिता के पास गए। भगवान शिव ने उनसे कहा, ''दोनों में से जो पूरे ब्रह्मांड का चक्कर लगाकर मेरे पास पहले आएगा, वही सर्वश्रेष्ठ होगा।''

> ''संतान होने से माता-पिता की जिम्मेदारियां बढ़ जाती हैं। जब तक मनुष्य में यह सामर्थ्य न हो कि वह उसका भली प्रकार पालन-पोषण और शिक्षण आदि कर सके, तब तक उसकी संतान से देश, जाति और निज का कुछ भी कल्याण नहीं हो सकता।''
> —मुंशी प्रेमचंद

इतना सुनते ही कार्तिकेय मोर पर सवार होकर ब्रह्मांड का चक्कर लगाने निकल पड़े लेकिन गणेश जी ने भगवान शिव और माता पार्वती जी के चारों तरफ चक्कर लगाकर नतमस्तक होते हुए कहा, ''मेरे लिए तो सारा ब्रह्मांड मेरे माता-पिता में ही समाहित है।''

जितना आसान है माता-पिता बनना, उतना ही मुश्किल है संतान की परवरिश करना क्योंकि बच्चों को कब, कौन-सी बात बुरी लग जाए, कहा नहीं जा सकता। अत: संतान के बचपन से लेकर किशोरावस्था तक पालन का हर कदम उन्हें बड़ा सोच-समझ कर उठाना पड़ता है। प्रत्येक माता-पिता अपने बच्चों को अपनी छत्र-छाया में नैतिक ज्ञान से लेकर शैक्षिक ज्ञान का प्रथम पाठ स्वयं सिखाते हैं ताकि बच्चे आगे चलकर समाज में एक सफल इंसान के साथ अच्छे नागरिक बन सकें। संतान की परवरिश में उन्हें कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है, किन्तु जब वे उसे पल-पल बढ़ता देखते हैं तो उस सुकून के आगे वे अपना हर दुख और तकलीफ भूल जाते हैं।

जब संतान जन्म लेती है तो सर्वप्रथम उन्हें माता-पिता की बांहें सुरक्षित होने का एहसास कराती हैं। उनका पल-पल का साथ हमें जमाने से लड़ने की ताकत तो देता ही है, साथ में उनके उचित मार्गदर्शन में आसमान की ऊंचाइयों को भी छू लेते हैं। हमारे जीवन में वे दो ऐसे महत्वपूर्ण व्यक्ति हैं, जिनके बलिदानों का कर्ज सारी उम्र नहीं चुकाया जा सकता। ऐसे माता-पिता को धन्यवाद देने और उनके प्रति अपना प्रेम प्रदर्शित करने के लिए किसी खास दिन या अवसर की जरूरत नहीं पड़ती।



हम अपने बचपन में उन्हें कितना तंग करते हैं लेकिन वे फिर भी पूरे धैर्य से हमारी हर छोटी-बड़ी बात को बड़े ध्यान से सुनते हैं। उनकी ऐसी प्रतिक्रियाओं से उनका हमारे प्रति प्यार हमें भीतर तक संतुष्टि प्रदान कर जाता है। पढ़ाई के दिनों में किसी विषय या परीक्षा में कम अंक आने पर जब हमारा मनोबल कमजोर पड़ता है तो माता-पिता का प्रोत्साहन ही हमें आगे बढ़ने को प्रेरित करता है। वे हमारी उम्मीदों में जीवन के रंग भरने के साथ-साथ हमें अपनी पसंद का कार्य करने की भी पूर्ण स्वतंत्रता देते हैं।

घर या बाहर की महत्वपूर्ण बातों में हमारा निर्णय और विचार प्रकट करने की शक्ति को बढ़ावा देकर हममें आत्मविश्वासी बनने का उत्साह जगाते हैं। हमारी गलती पर पड़ी डांट में अभद्र भाषा का वे कभी इस्तेमाल नहीं करते और हमारी कमियों, बुराइयों बारे इस तरह समझाते हैं कि हम आत्मग्लानि और हीनभावना से ग्रस्त न हों।

वे पढ़ाई के साथ-साथ हमारे अंदर छुपी अन्य प्रतिभाओं का विस्तार करने के लिए भी हमें पूरा सहयोग देते हैं।

हम क्या बनना चाहते हैं, इसका निर्णय हम पर छोड़ वे करियर सिलैक्शन में मार्गदर्शक के रूप में अपना कर्त्तव्य निभाते हैं और हर मदद को तैयार रहते हैं। अपनी अधूरी इच्छाओं को हम पर लादने का किसी तरह का दबाव नहीं डालते व अपनी निजी जिंदगी की नोक-झोंक या मनमुटाव का जरा-सा भी असर वे हमारी जिंदगी पर नहीं पड़ने देते। हम सभी भाई-बहनों को एक समान शिक्षा व आगे बढ़ने के लिए बिना किसी भेदभाव के पूरा साथ देते हैं।

चाहे वे आफिस के काम के बाद भी कितने ही थके क्यों न हों, संतान के लिए समय निकाल कर उसे गोद में उठाना नहीं भूलते।

वे बच्चों के दोस्तों को हमेशा सम्मान देते हैं और बच्चों के दोस्तों के प्रति अमीरी-गरीबी या धर्म-जाति के भेदभाव को कभी भी पनपने नहीं देते।

ऐसे महान होते हैं माता-पिता, जो संतान को उम्र के साथ-साथ आत्मनिर्भर तथा निडर होना सिखाते हैं, ताकि उनकी संतान भविष्य में अपने पैरों पर खड़ी होकर निर्णय लेने में सक्षम हो सके। इसलिए वे उसे सीमाओं में बांधकर कंफ्यूज नहीं करते बल्कि अच्छे संस्कारों की शिक्षा से उसे पूर्ण बनाते हैं।

अपने बच्चों के प्रति नि:स्वार्थ प्रेम और सेवा भावना का हम कभी भी मोल नहीं चुका सकते। भगवान के प्रतिरूप माता-पिता जैसा रिश्ता हमें कहीं नहीं मिल सकता।

हर रिश्ता आप से अपना साथ छोड़ सकता है लेकिन मां-बाप का रिश्ता ही केवल ऐसा है, जो अपनी संतान के प्रति पूर्ण समर्पित रहता है।

सैलिब्रिटी बावर्ची

# संडे का लंच आम दिनों जैसा : अदिति राव हैदरी

**'हैदराबादी** गर्ल' अदिति राव हैदरी ने अपने अभिनय करियर की शुरूआत दक्षिण भारतीय फिल्मों से की थी लेकिन इसी दरम्यान उन्होंने हिंदी फिल्मों की ओर रुख किया और 'दिल्ली-6', 'ये साली जिंदगी', 'रॉकस्टार' तथा 'लंदन, पैरिस, न्यूयॉर्क' में शानदार अभिनय के माध्यम से दर्शकों तथा समीक्षकों से समान रूप से प्रशंसा प्राप्त की।

हमने दमदार अभिनय प्रतिभा और खूबसूरत फिगर की मलिका अदिति से उनके खान-पान के संबंध में बातचीत की।

उन्होंने बताया कि सुबह सबसे पहले वह पानी पीती हैं। उनके लंच में रोटी, दाल तथा सब्जी शामिल होती है। शूटिंग के दौरान उनके लंच में एक कटोरी सब्जी या इडली मौजूद रहती है। उन्हें चावल बहुत पसंद हैं, फिर भी अधिकतर वह चपातियां ही खाती हैं।



उनके भोजन में दही अवश्य होता है। उन्हें हैदराबादी खट्टे दाल-चावल, रोटी, आलू और खट्टा-मीठा कद्दू बहुत पसंद है। अपने स्वास्थ्य को ठीक रखने के लिए वह बादाम, अंकुरित बीज और एलोवेरा का जूस अवश्य लेती हैं। वह जंक फूड से परहेज करती हैं। उनका संडे का लंच आम दिनों जैसा ही होता है।

ईवनिंग स्नैक्स के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि इसमें वह सोया मिल्क, मूंगफली के दाने या एक रोटी और दाल-सब्जी को अधिमान देती हैं। उनके डिनर में सूप तथा कुछ सब्जियां अवश्य शामिल होती हैं।

मिष्ठान में उन्हें ब्लूबेरी चीजकेक, मॉल्टन चॉकलेट, हॉट चॉकलेट इत्यादि पसंद हैं। हैदराबादी आम, स्ट्रॉबेरी, ड्रैगन फ्रूट और कीवी उनके पसंदीदा फल हैं। नींबू-पानी का सेवन उन्हें अत्यधिक पसंद है।

पाक कला निपुणता के बारे में पूछे जाने पर अदिति ने बताया कि वह हैदराबादी बिरयानी जैसे बहुत-से व्यंजन बना सकती हैं। वह अपनी मां को अपना फेवरिट कुक मानती हैं क्योंकि वह बहुत कम समय में किसी भी चीज से बेहद स्वादिष्ट और हैल्दी डिश तैयार कर सकती हैं।

खिचड़ी, चावल, आलू, पापड़, अचार या दही-चावल उनका कंफर्ट फूड हैं। उन्हें मक्खन बहुत पसंद है लेकिन इसका सेवन वह बहुत कम करती हैं। रोमांटिक मील के बारे में उन्होंने बताया कि यह यदि समुद्र के किनारे हो तो बात ही क्या।

# विवाहित पुरुषों के साथ संबंध

**पुरुषों** द्वारा नारी को सताया जाना, उसके साथ ज्यादती करना व कहीं पुरुष द्वारा नारी को गुलाम बना कर रखना, बराबरी के अधिकारों से वंचित करना, यही मुद्दा होता है, जब भी कभी औरतों का कोई संगठन अपनी बैठक करता है। क्या हमने कभी सोचा है कि पुरुष ऐसा क्यों करता है? शायद कहीं मां व पत्नी की लापरवाही भी इसका कारण हो सकती है।



अक्सर पुरुषों की शिकायत यही होती है कि बच्चे होने के बाद औरत के लिए पति की कद्र कम हो जाती है। वैसे तो यह ख्याल ही गलत है क्योंकि यदि पति दिल है तो बच्चे धड़कन, दोनों की अपनी-अपनी अहमियत है। मन की शांति या प्यार की तलाश में वह बाहर न भटके क्योंकि एक बार का भटका पति लौटने में बहुत समय लगा देता है।

पुरुष ज्यादतियां करता है, इसमें कोई दो राय नहीं, परंतु औरत भी इस पहलू से कुछ कम नहीं है। पुरुष शारीरिक कष्ट पहुंचाता है और नारी मानसिक चोट करती है। आज जिस विषय को आपके साथ सांझा करने जा रहे हैं, वह है शादीशुदा पुरुषों के साथ संबंध। यह एक ऐसा विषय है जो समुद्र की तरह फैलता ही जा रहा है, जिसमें बदकिस्मती के साथ कई घर डूबते व कई बचाव के लिए हाथ-पैर मारते दिखाई दे रहे हैं।

शायद कुछ घर ऐसे भी हैं, जो डूब कर धरातल के साथ जा लगे हैं। इस गुनाह में पुरुष व महिला बराबर के शरीक हैं। यह कहना तो ठीक है, परंतु भुक्तभोगी औरत ही होती है। पुरुष को वह जलालत, वह संताप नहीं भोगना पड़ता, जो मानसिक अत्याचार की शिकार औरत भोगती है। आज कल अक्सर देखने में आता है कि फलां की बीवी फलां के साथ तथा फलां का पति फलां की औरत के साथ अफेयर में है।

ज्यादातर केसों में पति का संबंध या तो भाभी के साथ, किसी दोस्त की पत्नी के साथ, काम करती विधवा या तलाकशुदा औरत के साथ होता है। पहले दिली हमदर्दी व फिर सिलसिला लंबी मुलाकातों से बढ़ता-बढ़ता अवैध संबंधों का रूप धारण कर लेता है।

पुरुष अपनी घर-गृहस्थी से मुंह मोड़ कर दूसरी औरत के साथ संबंध स्थापित करने में समय नहीं लगाता, जिसके परिणाम स्वरूप उसकी अपनी पत्नी कहीं आने-जाने से कतराती है, रिश्तेदारी में बेइज्जती महसूस करती है कि लोग क्या कहेंगे? बच्चों के स्वाभिमान को चोट पहुंचती है सो अलग। उनमें हीनभावना घर कर जाती है। यदि कहीं लापरवाही होती है तो पत्नी को इस ओर अधिक सचेत रहना चाहिए। पति को भरपूर मान-सम्मान देना चाहिए।



अमीर पुरुष आराम से दो घरों का खर्चा बर्दाश्त कर लेता है। उसका दिन कामकाम में व रात रंगीनियों में दूसरी जगह बीतती है। वह अपने बीवी-बच्चों को छोड़ श्रीमती फलां तक ही सीमित रह जाता है। उसके लिए घर की पहचान वंश चलाने व समाज में पहचान दिलाने तक ही सीमित रह जाती है। दूसरी ओर जो पत्नी पतिव्रता होती है, खानदान की लाज, अपना चरित्र और बच्चों को घोंसले में समेट कर बैठी है, उसके पल्ले भूख और लाचारी के सिवाय कुछ नहीं रहता।

मैं एक आश्रम में जाती हूं, जहां लगभग सब औरतों की एक ही कहानी है। किसी का पति दूसरी औरत करके बैठ गया है और किसी पुरुष ने सारी उम्र पत्नी को रखैल बना कर रखा। पत्नी को जवानी में सताया व बुढ़ापे में रुलाया और उसे सिर्फ रातें रंगीन करने के लिए परेशान किया।

इसका सदमा उनको इतना लगा कि घर की चारदीवारी से निकल कर उन्हें आश्रम का सहारा लेना पड़ा। बाकी बची जिंदगी गुजारने के लिए दर-दर की ठोकरें खाने के लिए मजबूर होना पड़ा।

भारतीय नारी की मनोभावना भी कितनी पीड़ादायक है, जो पति की नफरत सहना या ठोकर खाना अधिक बेहतर समझती है क्योंकि पति अपना है व अपनों की नफरत सहना बहुत मुश्किल लगता है। लोग तो पराए हैं, यदि बुरा कहेंगे तो भी बुरा नहीं लगता।

पुरुष एक समय पर दो औरतों को बेवकूफ बनाता है। अधिकतर मामलों में हवस के अतिरिक्त नारी के साथ कोई अन्य सांझ नहीं होती। जज्बातों की कद्र, हमदर्दी, ये सब मन को भरमाने की कहानियां हैं। जो अपनी बीवी का नहीं हुआ, बच्चों का नहीं हुआ, क्या वह किसी दूसरी औरत का सच्चा हमदर्द बनेगा? समय गुजारने के लिए तो ख्याल अच्छा है, परंतु ख्यालों के आधार पर जिंदगी तो नहीं जी जा सकती।

इसलिए ऐसे मामलों को सुलझाने हेतु मदद करने के लिए किसी फरिश्ते ने आसमान से नहीं उतरना। इसके लिए हमें खुद तवज्जो देनी पड़ेगी। कम से कम किसी शादीशुदा पुरुष के साथ संबंध बढ़ाना या बनाने से गुरेज करना ही नारी के हित में है।

यदि मां को घर में पता है कि उसके पुत्र का संबंध किसी लड़की के साथ है तो उसका विवाह वहीं करने में मदद करनी चाहिए क्योंकि पहला प्यार भुलाना बहुत मुश्किल होता है और ऐसे में यदि तालमेल न बैठे तो दो घर उजड़ते हैं। यदि लड़का किसी महिला के चक्कर में हो तो यह सोच कर विवाह की जल्दी न करें कि शादी के बाद बीवी के मोह जाल में सुधर जाएगा। विवाह होना सुधरने की गारंटी नहीं है।

पहले उस औरत की दिक्कत को समझ कर उसका हल करके फिर ही पुत्र के विवाह के बारे में सोचना चाहिए। पुत्र के विवाह की जल्दी पिता की बजाय मां को अधिक होती है, खास कर नालायक या बिगड़े हुए पुत्र को लेकर। मां का गलत फैसला या जल्दबादी में उठाया कदम उम्र भर रुलाने का सबब बन सकता है। इसलिए नारी का यह मसला, जो दूसरी नारी संबंधित है, उसे स्वयं ही निपटाना चाहिए।

औरत को ही औरत का दर्द समझना चाहिए क्योंकि शादीशुदा पुरुष के साथ संबंध बनाने के बाद उसकी पत्नी के आंसू तबाही ला सकते हैं। उसका रातों का दर्द व लाचारी किसी न किसी दिन दूसरी औरत को अपनी ही नजर में गिर जाने के लिए मजबूर कर देगी व अपनी नजर में गिर कर जीना बहुत पीड़ादायक होता है।

## सुना आपने?

# सेहत के लिए खतरनाक हैं 'प्रोसैस्ड फूड'

**एक्सपर्ट्स** का कहना है कि प्रोसैस्ड फूड का सेवन मानसिक स्वास्थ्य पर भी बुरा असर डालता है। डॉ. गीतिका चोपड़ा ने हैल्दी डाइट के महत्व पर जोर दिया है। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में, प्रोसैस्ड और अल्ट्रा प्रोसैस्ड फूड का सेवन तेजी से बढ़ रहा है। हालांकि यह फूड हमारे स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरे पैदा कर रहा है।



यू.एस. बेस्ड डॉक्टर रॉबर्ट डीबीएस ने एक वीडियो में प्रोसैस्ड फूड को 'फेक फूड' करार दिया है। उन्होंने दो महीने पुराने बर्गर और पिज्जा के नमूने दिखाए, जो बिना सड़े-गले थे।

उनका कहना है कि यह फूड प्रिजर्वेटिव्स से भरे होते हैं, जो हमारे स्वास्थ्य के लिए खतरनाक हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि जो फूड खुद से डिकम्पोज नहीं हो पा रहा है, वह हमारे शरीर में कैसे पचेगा?

**असामयिक मौत का खतरा :** दुनिया के 8 देशों में हुई एक रिसर्च के अनुसार, प्रोसैस्ड और अल्ट्रा प्रोसैस्ड फूड से असामयिक मौत का खतरा बढ़ जाता है। कोलंबिया, चिली, मैक्सिको, ब्राजील, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, ब्रिटेन और अमरीका में 2.4 करोड़ लोगों पर यह शोध किया गया। निष्कर्ष में पाया गया कि इन फूड्स का सेवन करने वाले देशों में असामयिक मौत का आंकड़ा अधिक है।

**क्या कहते हैं एक्सपर्ट्स :** डॉ.राजीव रंजन, डॉ. गौरव जैन, डॉ. स्नेहा शर्मा और डॉ. गीतिका चोपड़ा ने इस विषय पर अपने विचार सांझे किए हैं। डॉ. राजीव रंजन ने बताया कि बच्चों में ओबैसिटी और फैटी लिवर जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। डॉ. गौरव जैन ने गट हैल्थ पर प्रोसैस्ड फूड के नकारात्मक प्रभावों को समझाया। डॉ. स्नेहा शर्मा ने बताया कि प्रोसैस्ड फूड का सेवन मानसिक स्वास्थ्य पर भी बुरा असर डालता है।

# कोविड के नए सब-वेरिएंट 'निम्बस' की भारत में दस्तक

**कोविड**-19 का एक नया सब-वेरिएंट निम्बस दुनियाभर में तेजी से फैल रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इसे 'वेरिएंट अंडर मॉनिटरिंग' की कैटेगरी में रखा है। इस वेरिएंट की सबसे खास बात इसका एक दर्दनाक लक्षण है, जिसे 'रेजर ब्लेड थ्रोट' कहा जा रहा है। आइए, इस वेरिएंट के बारे में विस्तार से जानते हैं।

**निम्बस वेरिएंट क्या है?**

निम्बस ओमिक्रॉन परिवार का एक सब-वेरिएंट है। यह जनवरी 2025 में पहली बार सामने आया। यह एशिया में भारत, हांगकांग और सिंगापुर में प्रमुख रूप से फैल रहा है। अमरीका, यूरोप, कनाडा और ब्रिटेन सहित 22 देशों में यह वेरिएंट मिल चुका है।

डब्ल्यू.एच.ओ. के अनुसार, यह वैश्विक स्तर पर 10.7 प्रतिशत कोविड मामलों के लिए जिम्मेदार है। एक प्री-प्रिंट अध्ययन के अनुसार, निम्बस मानव कोशिकाओं से अधिक कुशलता से जुड़ सकता है। इस वजह से यह दूसरे वेरिएंट्स की तुलना में ज्यादा आसानी से फैल सकता है। अभी तक यह ज्यादा गंभीर बीमारी का कारण नहीं बना।



**'रेजर ब्लेड थ्रोट' है प्रमुख लक्षण**

निम्बस वेरिएंट का सबसे चर्चित लक्षण है 'रेजर ब्लेड थ्रोट'। इस स्थिति में संक्रमित व्यक्ति को गले में तेज खराश होती है। इसे अनुभव करने वाले मरीजों का कहना है कि यह कांच के टुकड़े निगलने या 'रेजर ब्लेड से गला कटने' जैसा है। यह दर्द इतना गंभीर हो सकता है कि बोलना, खाना या पानी पीना मुश्किल हो जाता है। अन्य लक्षणों में बुखार, थकान, मांसपेशियों में दर्द, हल्की खांसी, नाक बहना और कभी-कभी दस्त या मतली शामिल हैं।

**कितना है प्रसार का जोखिम?**

कोविड के लिए ये लक्षण नए नहीं हैं, लेकिन ये इतने गंभीर हैं कि इन्होंने डॉक्टरों का ध्यान आकर्षित किया है। निम्बस की उच्च संक्रामकता का कारण इसकी इम्यून इवेजन क्षमता है। इसकी वजह से यह पहले के संक्रमण या टीकों से बनी इम्युनिटी को भेदने की क्षमता रखता है।

# डिप्रैशन की दवाएं अब कैंसर से लड़ने में भी कारगर

**कैलिफोर्निया** यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने एक रिसर्च में पाया कि डिप्रैशन के इलाज में इस्तेमाल होने वाली आम दवाएं (SSRIs) कैंसर से लड़ने में भी मददगार हो सकती हैं। ये दवाएं लंबे समय से उपयोग में लाई जा रही हैं और अब इनका इस्तेमाल ट्यूमर को खत्म करने के लिए भी किया जा सकता है।

**टी-सैल्स को मिलती है नई ताकत**

शोध की प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. लिली यांग ने बताया कि SSRIs का असर न केवल मैंटल हैल्थ पर होता है, बल्कि ये शरीर के इम्यून सिस्टम यानी टी-सैल्स को भी मजबूत बनाती हैं। टी-सैल्स शरीर की प्राकृतिक रक्षा प्रणाली का हिस्सा हैं, जो कैंसर कोशिकाओं की पहचान कर उन्हें खत्म करते हैं। उन्होंने बताया, SSRIs से टी-सैल्स को ट्यूमर के कठिन वातावरण में भी बेहतर काम करने में मदद मिलती है। ये दवाएं टी-सैल्स को ज्यादा सेरोटोनिन सिग्नल्स देती हैं, जिससे वे और अधिक सक्रिय हो जाते हैं।



**चूहों पर किया गया सफल परीक्षण :** इस शोध में SSRIs को मलेनोमा, स्तन कैंसर, प्रोस्टेट, कोलन और ब्लैडर कैंसर जैसे विभिन्न प्रकार के ट्यूमर मॉडल पर परखा गया। नतीजे चौंकाने वाले रहे। SSRIs के प्रभाव से ट्यूमर आकार में 50 प्रतिशत तक घट गए।

**ड्रग रिपर्पजिंग से सस्ता और तेज इलाज संभव**

चूंकि SSRIs पहले से ही FDA (फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन) द्वारा अप्रूव दवाएं हैं, इन्हें कैंसर के इलाज में इस्तेमाल करने के लिए अलग से नया क्लिनिकल ट्रायल डिजाइन करना आसान होगा।

डॉ. यांग ने बताया, एक नई कैंसर दवा को बाजार तक लाने में औसतन 1.5 बिलियन डॉलर खर्च होता है, जबकि किसी मौजूदा दवा को नए उपयोग के लिए रीपर्पज करने में लगभग 300 मिलियन डॉलर का खर्च आता है। यह तरीका अधिक व्यावहारिक और कारगर हो सकता है।

**इम्यूनोथैरेपी के साथ मिलकर और ज्यादा असरदार**

अभी तक इम्यूनोथैरेपी केवल 25 प्रतिशत मरीजों में प्रभावी होती है लेकिन SSRIs के साथ मिलाकर इसका असर कहीं ज्यादा बढ़ गया। शोध में पाया गया कि जिन चूहों को SSRIs और इम्यूनोथैरेपी दोनों दी गईं, उनके ट्यूमर लगभग खत्म हो गए। कुछ मामलों में पूरी तरह गायब भी हो गए।

# 'लू' लगने पर क्या करें




**गर्मी** का मौसम अपने चरम की ओर बढ़ रहा है और देश में हीटवेव शुरू हो चुकी है। इस मौसम में लू लगने की समस्या बहुत आम होती है। लू लगने को हीट-स्ट्रोक और सन-स्ट्रोक के नाम से भी जाना जाता है। देश में कई स्थानों से लू लगने की वजह से मौतें होने की खबरें भी आने लगी हैं।

हीटवेव तापमान की वह स्थिति है जिसके बढ़ने पर ये मानव शरीर के लिए घातक हो जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार भारत में हीटवेव मार्च से जून तक होती है और कुछ स्थितियों में जुलाई तक भी बढ़ जाती है। इन महीनों में बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, महाराष्ट्र, पश्चिम मध्य प्रदेश, गुजरात और चंडीगढ़ तथा दिल्ली में भीषण गर्मी प्रभावित करती है।

## लू लगने के लक्षण

लू लगने के बाद क्या होता है, आप कैसे पहचान सकते हैं कि आपको या परिवार के किसी सदस्य को लू लग गई है? एक बार पता चलने के बाद इसका उपचार कैसे करना चाहिए, जैसे कई सवाल एक साथ मस्तिष्क में आते हैं क्योंकि लू लगना भले ही एक मौसमी समस्या हो लेकिन यदि इसका समय पर उपचार न किया जाए तो जान के लिए खतरा हो जाता है। लू लगने के प्रमुख लक्षण हैं :

✱लू लगने के बाद शरीर अपना तापमान नियंत्रित नहीं कर पाता है तापमान लगातार बढ़ता चला जाता है।

✱शरीर का ताप बढ़ने के बाद भी पसीना बिल्कुल नहीं आ रहा होता।

✱लगातार जी-मिचलाता है और उल्टी भी हो सकती है।

✱त्वचा पर लाल निशान, रैशेज या चकत्ते दिख सकते हैं।

✱दिल की धड़कनें तेज रहती हैं।

✱सिर में दर्द बना रहता है।

✱मानसिक स्थिति बिगड़ने लगती है, कुछ भी सोचने-समझने की शक्ति नहीं रहती।



✱कुछ सोचने की कोशिश करो तो चीजें याद नहीं आतीं।

✱बुखार बढ़ता चला जाता है।

✱त्वचा बेहद रूखी लेकिन बहुत नर्म महसूस होती है।

## क्यों होती है लू लगने की समस्या?

लू लगने की समस्या की एक नहीं, कई वजहें हैं और ज्यादातर कारण आपके लाइफस्टाइल से जुड़े हुए हैं। जैसे...

✱ठंडे मौसम से या कहिए कि ए.सी. रूम से अचानक तेज धूप और गर्मी में आ जाना।

✱गर्म हवाओं और धूप में अधिक समय बिताना।

✱तेज गर्मी के मौसम में भी अधिक एक्सरसाइज करना।

✱शरीर की आवश्यकता से कम पानी पीना।

✱गर्मी के मौसम में ठंडी तासीर वाली चीजों का सेवन न करना या कम करना- जैसे, दही, खीरा, तरबूज इत्यादि।

✱सही कपड़ों का चुनाव न करना। ऐसे कपड़े पहनने से बचें, जिनमें से हवा गुजर न पाती हो। सूती कपड़े पहनना सबसे सही है।

✱एल्कोहल का अधिक सेवन करना भी गर्मी के मौसम में भारी पड़ता है और लू लगने की वजह बनता है क्योंकि इससे शरीर की तापमान को नियंत्रित करने की क्षमता कमजोर होती है।

## लू से बचाव के उपाय

✱तेज धूप और गर्म हवाओं में निकलने से बचें। दोपहर में 12 से 3 बजे तक बाहर जाने से आप हीटवेव की चपेट में आ सकते हैं। जब सूरज की किरणें एकदम तेज हों तो ऐसी स्थिति में आपको बाहर जाने से बचना है। तेज धूप में बाहर कोई भी भारी गतिविधि न करें।

बच्चों को दोपहर के समय बाहर खेलने से रोकें। कोई भी काम तेज धूप में न करें। कोशिश करें कि आप काम सुबह या शाम को करें। तेज धूप में किसी भी तरह की एक्सरसाइज भी न करें।

✱यदि किसी कारण तेज गर्मी में घर से बाहर निकलना पड़े, तो नींबू पानी या इलैक्ट्रॉल अथवा ढेर सारा पानी पीकर ही निकलें।

✱शरीर में तरल की मात्रा पूरी करने के लिए सिर्फ ताजे पानी पर निर्भर न रहें, बल्कि ठंडा दूध और नारियल पानी जैसे देसी पेय जरूर पिएं।

✱सोडा, कोल्ड ड्रिंक, कॉफी और चाय से जितना हो सके दूर रहें। ये शरीर में पानी की मात्रा को कम करने का काम करते हैं, जिससे लू लगने की आशंका बढ़ जाती है।

✱धूप में निकलने से पहले सूती और पूरी बाजू के कपड़े पहनें।

✱धूप से बचाव के लिए छाते का इस्तेमाल करें। सिर को तौलिए से ढकें या टोपी पहनें।

✱नाक और मुंह के हिस्से को मास्क से कवर रखें या फिर रूमाल बांधकर रखें।

✱गमछा, तौलिया या सूती स्कार्फ से अपने कान जरूर कवर करके रखें। कान ढके रहने पर शरीर का तापमान नियंत्रित रखने में मदद मिलती है।

✱पानी की बोतल साथ लेकर चलें और प्यास को बर्दाश्त न करें।

✱कभी भी भूखे पेट धूप में या गर्म हवाओं में न जाएं।

✱ज्यादा प्रोटीन वाले खाद्य पदार्थों के साथ ही आपको बासी भोजन खाने से भी परहेज करना है। कई लोग रात का खाना सुबह खाते हैं और दिन का खाना रात में खाते हैं। ऐसी चीजों से आपको बचना है क्योंकि ऐसे खाद्य पदार्थ आपके इम्यून सिस्टम को कमजोर कर सकते हैं।

✱आप जब भी कहीं जाएं या ट्रैवल करें तो अपने साथ पानी की बोतल जरूर रखें, ताकि आप नियमित अंतराल में पानी पीते रहें, जिससे आपको हीटवेव प्रभावित न कर सके।

## लू लगने पर क्या करें?

कई बचाव और प्रयासों के बाद भी यदि आप लू की चपेट में आ जाते हैं तो इस स्थिति में आपका शरीर इसके बुरे प्रभावों से लड़ने में सक्षम होता है क्योंकि जो लोग सही डाईट लेते हैं और लू लगने के कारणों से पूरी तरह बचने का प्रयास करते हैं, उनका शरीर आंतरिक रूप से काफी मजबूत होता जाता है लेकिन फिर भी आपको लू लग जाए तो सबसे पहले ये काम करें...

✱सबसे पहले ठंडे स्थान पर लेट जाएं लेकिन ए.सी. को बहुत तेज न करें। शरीर को पंखे से हवा लगने दें।

✱गीले कपड़े से शरीर को हल्के हाथों से पोंछें।

✱सांस सामान्य करने का प्रयास करें और ताजा पानी पिएं। इलैक्ट्रॉल घोल, नींबू-पानी पीना सबसे अधिक लाभकारी होता है।


✱फिर थोड़ी देर के लिए गीला तौलिया सिर पर रखें ताकि मस्तिष्क शांत हो सके।

✱शरीर का तापमान नियंत्रित होने पर ताजे पानी से स्नान करें।

✱उल्टी-पेटदर्द और लूज मोशन होने की स्थिति में डॉक्टर से तुरंत सम्पर्क करें।

✱यदि बुखार हो जाए तब भी अपने मन से दवाएं न लें और डॉक्टर से सुझाव लेकर ही दवाओं का सेवन करें।

## लू लगने पर यूं बचाएं जान




# गर्मी के मौसम में बढ़ जाती है 'फूड प्वॉइजनिंग की आशंका'

**खाना** हमारे शरीर के विकास के लिए कितना जरूरी है, इस बारे में हम सभी अच्छे से जानते हैं, लेकिन कई बार आहार हमारे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक भी बन जाता है। खाने की वजह से कई शारीरिक समस्याएं हो जाती हैं, जिनमें फूड प्वॉइजनिंग सबसे आम और सबसे गंभीर समस्या है।

गर्मी के मौसम में यह समस्या और विकराल हो जाती है। खाने-पीने में थोड़ी-सी लापरवाही इस समस्या को और ज्यादा बढ़ा सकती है।

सभी इस बारे में जानते हैं कि फूड प्वॉइजनिंग एक गंभीर समस्या है, लेकिन इसके बारे में लोगों को बहुत कम जानकारी है।


आप निम्नलिखित जानकारी को ध्यान रख कर फूड प्वॉइजनिंग के खतरे को कम कर सकते हैं।

**फूड प्वॉइजनिंग के प्रमुख कारण**

फूड प्वॉइजनिंग पेट से संबंधित एक संक्रमण है, जो कि स्टैफिलोकोकस नामक बैक्टीरिया, वायरस या अन्य जीवाणुओं के चलते हो सकता है। यह बैक्टीरिया, वायरस या अन्य जीवाणु हमारे खाने के साथ पेट में चले जाते हैं, जिसकी वजह से फूड प्वॉइजनिंग जैसी गंभीर समस्या का सामना करना पड़ता है।

खाने के अलावा गंदा पानी पीने या गंदगी के नजदीक सड़क पर खड़े किसी रेहड़ी वाले से दूषित खाना या कोई ड्रिंक लेने की वजह से भी फूड प्वॉइजनिंग की समस्या हो जाती है, जिसकी वजह से लगातार उल्टियां आने जैसी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

फूड प्वॉइजनिंग ई. कोलाई या एस्चेरिचिया कोलाई जीवाणु से भी हो सकती है। यह जीवाणु हमेशा मनुष्यों और जानवरों के पाचन तंत्र में रहता है। पाचन तंत्र में पहले से मौजूद ई. कोलाई जीवाणु मनुष्यों के लिए हानिकारक नहीं होता, लेकिन जब यह जीवाणु बाहर से शरीर में प्रवेश करता है तब यह हानिकारक होता है।



यह जीवाणु इतना हानिकारक हो सकता है कि इससे मनुष्य की जान तक भी जा सकती है। मनुष्य के अंदर ई. कोलाई जीवाणु अधिकतर पशु या मानव मल के संपर्क में आने से होता है। यह आमतौर पर तब होता है जब दूषित पानी या भोजन का सेवन किया जाता है।

खुले खाने पर बैठी मक्खियां ई. कोलाई जीवाणु को सबसे ज्यादा फैलाती हैं, जिससे फूड प्वॉइजनिंग जैसी गंभीर समस्या हो सकती है। इसके अलावा साल्मोनेला संक्रमण एक सामान्य जीवाणु रोग है, जो कि पाचन तंत्र की आंतों के मार्ग को प्रभावित करता है।

छोटे बच्चों, वरिष्ठ नागरिकों और कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोग साल्मोनेला बैक्टीरिया के लिए अतिसंवेदनशील होते हैं।

लिस्टेरिया मोनो साइटोजेन्स बैक्टीरिया है, जो कि तेजी से फूड प्वॉइजनिंग का कारण बनता है। इस जीवाणु से संक्रमण होने पर रोगी को बुखार, मांसपेशियों में दर्द और कई लोगों में दस्त की समस्या हो सकती है। लिस्टेरिया संक्रमण गर्भवती महिलाओं, बच्चों, वृद्धों और कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वालों के लिए गंभीर हो सकता है।

ट्राइकिनोसिस एक राऊंडवर्म जीवाणु है, जो कि दूसरे के शरीर में प्रजनन करता है। यह जीवाणु आमतौर पर मांस खाने वाले जानवरों में पाया जाता है। जो लोग सूअर का मांस ज्यादा खाते हैं, उन्हें इस जीवाणु से ज्यादा खतरा होता है।

फूड प्वॉइजनिंग पैरासाइट यानि परजीवी की वजह से भी हो सकता है, हालांकि, यह काफी दुर्लभ है। यह मुख्य तौर पर दूषित पानी और दूषित भोजन के जरिए हमारे पाचन तंत्र में दाखिल होता है और फिर उससे फूड प्वॉइजनिंग जैसी गंभीर समस्या शुरू हो जाती है।

अगर फल और सब्जियों को ठीक से न धोया जाए तो फूड प्वॉइजनिंग के होने की आशंका ज्यादा बनी रहती है।

**सावधानियां**

फूड प्वॉइजनिंग से बचने के लिए निम्नलिखित सावधानियां बरतनी जरूरी हैं :

✱गर्मी के मौसम में खासकर बाहर का खाना एवं ड्रिंक्स आदि न लें तो फूड प्वॉइजनिंग से काफी हद तक बचा जा सकता है।

✱घर में भी खाना बनाने एवं पकाने के लिए इस्तेमाल होने वाले बर्तनों को अच्छी तरह से धोएं। हो सकता है कि आप द्वारा धो कर रखे गए बर्तनों पर से कोई भी जीव- कॉकरोच या छिपकली आदि गुजर गए हों। ऐसे भी फूड प्वॉइजनिंग का खतरा बना रहता है।

✱खाना पकाने एवं खाने से पहले हाथों को अच्छी तरह से साबुन के साथ धोना चाहिए।

✱फल-सब्जियां खाने एवं पकाने से पहले गर्म पानी में अच्छी तरह से धो लें।

✱साफ एवं शुद्ध पानी ही पिएं। अगर घर में फिल्टर की व्यवस्था नहीं है तो पानी को उबालकर ठंडा करके ही पिएं।


✱जिन व्यक्तियों का पाचन तंत्र कमजोर होता है, उन्हें भी अक्सर फूड प्वॉइजनिंग की समस्या हो सकती है जो आमतौर पर अपने आप ठीक हो जाती है।

✱फूड प्वॉइजनिंग के दौरान शरीर में पानी की कमी हो जाती है, इसी कमी को दूर करने के लिए समय-समय पर ओ.आर.एस. लेना चाहिए।

✱फूड प्वॉइजनिंग होने पर रोगी को तेल, मसालों और ज्यादा मिर्च से दूर ही रहना चाहिए। रोगी ऐसे में दलिया, खिचड़ी, रोटी और सादी सब्जी को अपने आहार में शामिल कर सकते हैं।

✱अगर आप फूड प्वॉइजनिंग से जूझ रहे हैं तो आपको अपने आहार में दही या छाछ को शामिल करना चाहिए। इससे पेट को ठंडक पहुंचती है और शरीर में पानी की कमी दूर होती है।

## फूड प्वॉइजनिंग के लक्षण




# हर्निया से हो जाएं सावधान



**पेट** और जांघों के बीच वाले हिस्से में या नाभि के आसपास ऊतकों का उभार हर्निया हो सकता है। हर्निया अत्यधिक खतरनाक हो सकते हैं। इनका जल्द से जल्द इलाज होना जरूरी है।

नाभि के आसपास के क्षेत्र में या पेट और जांघों के बीच के भाग में हर्निया होना बहुत आम है। हर्निया तब होता है, जब पेट की दीवार या अन्य मांसपेशियों की दीवारों की मांसपेशियों में एक छेद होता है और खुल जाता है।

पेट की चीजें इस छेद से बाहर धकेली जाती हैं, विशेषकर तब, जब पेट के खाली हिस्से पर कुछ उठाते समय, खांसते समय या कुछ खास करते समय पेट के छेद पर दबाव बढ़ता है।

समय बीतने पर यह छेद बड़ा होता जाता है और पेट की चीजों के बाहर धकेले जाने की संभावना बढ़ती जाती है। यदि छेद में से आंतड़ियों का एक हिस्सा धकेला जाता है तो यह इतना ऐंठा जाता है कि यह पेट की चीजों के प्रवाह में रुकावट पैदा करता है।

यह ऐंठन आंतड़ी को रक्त प्रवाह भी रोक सकती है, जिससे गैंगरीन (आंतड़ी के एक हिस्से का खत्म होना) हो सकती है।

ऐसी स्थिति बहुत घातक है और यह आपात सर्जीकल ट्रीटमैंट का संकेत है।

जब भी उभार सामने आए तो निर्धारित करना महत्वपूर्ण है कि क्या उभार के अंदर की चीजों को वापस अंदर धकेला जा सकता है?

जब तक ऐसा हो सकता है तो तुरंत कोई खतरा नहीं होता, परन्तु हर्निया के बड़ा होने से पहले डाक्टर से परामर्श कर लेना बढ़िया रहता है। यदि उभार बना रहे और नर्म तथा दर्दनाक हो तो मैडीकल सहायता अत्यावश्यक हो जाती है।